CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

महाकविश्रीजयदेवप्रणीतं

श्रीगीतगोविन्दम्

संस्कृत-हिन्दी-व्याख्याद्वयोपेतम्

कुलपतेः प्रो. अशोककुमारकालियामहोदयस्य प्रस्तावनया विभूषितम्



सम्पादकः

प्रो० विद्यानिवासमिश्रः

सम्पूर्णानन्द-संस्कृत-विश्वविद्यालयः

वाराणसी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

५.१

सम्पूर्णानन्द-संस्कृत-विश्वविद्यालयः
श्रुतम् मे गोपाय

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सम्पूर्णानन्द-संस्कृत-विश्वविद्यालयः

श्रुतम् मे गोपाय

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

GAṄGĀNĀTHAJHĀ-GRANTHAMĀLĀ

[Vol. 26]

ŚRĪ GĪTAGOVINDAṂ

OF

MAHĀKAVI ŚRĪ JAYADEVA

WITH THE COMMENTARIES

'ŚRĪ GĪTAGOVINDAVYĀKHYĀNAṂ'

BY

ŚRĪ PRABODHĀNANDA SARASVATĪ

HINDĪ COMMENTARY BY

PROF. VIDYA NIWAS MISHRA

FOREWORD BY

PROF. ASHOK KUMAR KALIA

VICE-CHANCELLOR

EDITED BY

PROF. VIDYA NIWAS MISHRA

EX-VICE-CHANCELLOR

Mahātmā Gāndhī Kāśīvidyapīṭha

and

Sampurnanand Sanskrit University, Varanasi

VARANASI

2005

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Research Publication Supervisor—
Director, Research Institute
Sampurnanand Sanskrit University
Varanasi.

ISBN : 81-7270-172-1

❒

Published by—
Dr. Harish Chandra Mani Tripathi
Director, Publication Institute
Sampurnanand Sanskrit University
Varanasi-221 002

❒

Available at—
Sales Department,
Sampurnanand Sanskrit University
Varanasi-221 002

❒

First Edition : 500 Copies
Price : Rs. 320.00

❒

Printed at—
Tara Printing Works
Kamachha, Varanasi-221 010

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गङ्गानाथझा-ग्रन्थमाला
[२६]

महाकविश्रीजयदेवप्रणीतं

श्रीगीतगोविन्दम्

श्रीप्रबोधानन्दसरस्वतीकृतया
श्रीगीतगोविन्दव्याख्यानाख्यटीकया

प्रो. विद्यानिवासमिश्रकृत-हिन्दीव्याख्यया

कुलपतेः प्रो. अशोककुमारकालियामहोदयस्य प्रस्तावनया च विभूषितम्

सम्पादकः
प्रो. विद्यानिवासमिश्रः
कुलपतिचरः
महात्मागान्धीकाशीविद्यापीठस्य
सम्पूर्णानन्द-संस्कृत-विश्वविद्यालयस्य च
वाराणसी

वाराणस्याम्

२०६२ तमे वैक्रमाब्दे   १९२७ तमे शकाब्दे   २००५ तमे खैस्ताब्दे

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ISBN : 81-7270-172-1

अनुसन्धान-प्रकाशन-पर्यवेक्षकः –
निदेशकः, अनुसन्धान-संस्थानस्य
सम्पूर्णानन्द-संस्कृत-विश्वविद्यालये
वाराणसी।

❐

प्रकाशकः –
डॉ. हरिश्चन्द्रमणित्रिपाठी
निदेशकः, प्रकाशन-संस्थानस्य
सम्पूर्णानन्द-संस्कृत-विश्वविद्यालये
वाराणसी-२२१ ००२

❐

प्राप्ति-स्थानम् –
विक्रय-विभागः,
सम्पूर्णानन्द-संस्कृत-विश्वविद्यालयस्य
वाराणसी-२२१ ००२

❐

प्रथमं संस्करणम् : ५०० प्रतिरूपाणि
मूल्यम् : ३२०.०० रूप्यकाणि

❐

मुद्रकः –
तारा प्रिंटिंग वर्क्स
कमच्छा, वाराणसी-२२१ ०१०

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रस्तावना

संस्कृत-साहित्य में महाकवि श्रीजयदेव का 'गीतगोविन्द' अजर, अमर तथा अद्वितीय नाट्यकाव्य है। इसमें कवि ने प्रेम-भक्ति की जो स्रोतस्विनी की निर्मल धारा प्रवाहित की है, उसका एक-एक बिन्दु प्रेमियों, भक्तों तथा सहृदयों के हृदयों को उद्वेलित, विस्मित और आनन्दित कर देता है।

बारह सर्ग वाले इस काव्य के एक सर्ग में कम-से कम एक, अधिक से अधिक चार अष्टपदियाँ हैं। प्रत्येक अष्टपदी के आदि और अन्त में कथायोजक सूत्र के रूप में अथवा आशीर्वचन के रूप में श्लोक हैं। अष्टपदियाँ गेय तथा अभिनेय हैं। महाकवि जयदेव का 'गीतगोविन्द' सरस-मधुर कविता की पराकाष्ठा का निदर्शन है। भक्ति तथा सरस कविता का एकत्र समावेश जैसा गीतगोविन्द में हुआ है, वह अन्यत्र दुर्लभ है। स्वयं श्रीजयदेव ने ही कहा है–

यदि हरिस्मरणे सरसं मनो यदि विलासकलासु कुतूहलम्।
मधुरकोमलकान्तपदावलिं शृणु तदा जयदेवसरस्वतीम्।।
(गी.गो. १.३)

पण्डित श्री विद्यानिवास मिश्र जी ने सरस-मधुर काव्य 'गीतगोविन्द' की सरस, मधुर और ललित व्याख्या प्रस्तुत कर सौवर्णिक सुगन्ध बिखेर दी है। भारतवर्ष के हर प्रान्त और भाषा में इस मधुर काव्य की अनेक प्रकार की टीकाएँ उपलब्ध होती हैं। किसी ने उसके अलङ्कार, रस एवं छन्द के सिद्धान्तों के अनुसार व्याख्या की, तो किसी ने इसे वैष्णव-सम्प्रदाय का ग्रन्थ माना, तो कुछ ने इसे रहस्यवाद का ग्रन्थ स्वीकार किया। किन्तु पण्डित मिश्र जी ने 'गीतगोविन्द' की जो व्याख्या प्रस्तुत की है, वह अद्भुत, सरस, ललित और मनोहर है।

पण्डित जी ने जिस सूक्ष्मता से गीतगोविन्द का विवेचन प्रस्तुत किया है, वह अत्यन्त विलक्षण है।

'गीतगोविन्द' के प्रत्येक सर्ग में कृष्ण के एक विशेष नाम का उल्लेख हुआ है, जैसे प्रथम सर्ग में सामोददामोदर। पण्डित श्री विद्यानिवास मिश्र जी ने बहुत गम्भीरता एवं वैदुष्य से सर्गों के नामों का विश्लेषण किया है। वे बहुत तर्कसंगत बारीकी से बताते हैं कि दामोदर का अर्थ है– जिसका उदर रस्सी से बँधा हुआ हो, जो भयभीत हो। एक ओर वह सामोद है; क्योंकि वसन्त रस-नृत्य, गन्ध का

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

संचार उन्हें चारों ओर से घेरे हुए है, दूसरी ओर वह आतंकित है, रासेश्वरी की अनुपस्थिति से। सामोददामोदर में एक साथ दो व्यञ्जनाएँ हैं। पण्डित जी इसी प्रकार हर नामों की व्यञ्जनाएँ प्रत्यक्ष करते हैं, यह एक बड़ी उपलब्धि है।

पण्डित श्री विद्यानिवास मिश्र जी के शब्द 'गीतगोविन्द' के सार को जिस ढंग से पहचानते हैं, वह जयदेव के काव्य की अनुभूति और स्वयं पण्डित जी की गहरी चेतना का द्योतक है। गीतगोविन्द की सरस, मधुर, ललित व्याख्या प्रस्तुत करने के लिए पण्डित श्री मिश्र जी को शतशः नमन करते हुए उनके प्रति हार्दिक श्रद्धाञ्जलि अर्पित करता हूँ।

प्रकाशन-संस्थान द्वारा 'गीतगोविन्द' की श्री प्रबोधानन्द सरस्वती विरचित संस्कृत-व्याख्या प्रथम बार बंगला-लिपि से संस्कृत-भाषा में लिप्यन्तरण करके प्रकाशित हो रही है। पण्डित श्री विद्यानिवास मिश्र जी द्वारा मधुर एवं प्रभावशाली भाषा में निबद्ध हिन्दी-व्याख्या भी लोकोत्तर है, जिससे सत् चित् का आनन्द में और आनन्द का सत् चित् में विलयन हो रहा है एवं सत्यं शिवं सुन्दरं की फलश्रुति चरितार्थ हो रही है। इसके लिये संस्थान के निदेशक डॉ. हरिश्चन्द्र मणि त्रिपाठी अपने सहयोगियों के साथ बधाई एवं धन्यवाद के पात्र हैं। उन्हें शतशः आशीर्वाद प्रदान करते हुए आनन्दित हो रहा हूँ।

इस ग्रन्थरत्न के मुद्रक तारा प्रिंटिंग वर्क्स के सञ्चालक श्री रविप्रकाश पण्ड्या को भी भूरि-भूरि आशीर्वाद एवं धन्यवाद से विभूषित करता हूँ, उन्होंने सहज, सुन्दर, आकर्षक मुद्रण कर अति कल्याण किया है।

अन्त में जयदेव की कृति को देवाधिदेव महादेव के पादारविन्द में समर्पित करते हुए जयदेव का संकीर्तन करता हूँ।

वाराणसी
मकर-संक्रान्ति,
२०६२ वैक्रमाब्द
(१४-१-२००६ खैष्टाब्द)

(प्रो. अशोक कुमार कालिया)
कुलपति
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रकाशकीय

प्रेम-भक्ति-शिरोमणि श्रीजयदेव कवि की कविता का अमृत पान करके तृप्त, चकित, घूर्णित तथा मोहित कौन नहीं होता एवं कौन ऐसा विद्वान् है, जो श्रीजयदेव की काव्यमाधुरी का पान कर मधुपवत् मधुभक्त न होता हो? जयदेव कवि का यह स्वाभिमान है कि अंगूर तथा इक्षुरस की मिठास उनकी कविता के आगे नीरस है। वे स्वयं अपने काव्य की प्रशंसा में लिखते हैं–

साध्वी माध्वी चिन्ता न भवति भवतः शर्करे कर्कशासि
द्राक्षे द्रक्ष्यन्ति के त्वाममृत मृतमसि क्षीर-नीरं रसस्ते।
माकन्द[१]! क्रन्द कान्ताधरधरणितलं गच्छ यच्छन्ति भावं
यावच्छृङ्गारसारस्वतमिह जयदेवस्य विष्वग्वचांसि।।

(गी.गो. १२.४)

'गीतगोविन्द' आनन्द की सभी सामग्री देता है, जहाँ कोई रसिक, भक्त, प्रेमी मित्र न हो, वहाँ यह सब कुछ बनकर साथ रहता है। जहाँ गीतगोविन्द है, वहीं वैष्णवगोष्ठी है, वहीं रसिक-समाज है, वहीं वृन्दावनधाम है, वहीं प्रेमरसपूरित मानसरोवर है, वहीं भवसागर है, वहीं गोलोक है तथा वहीं प्रत्यक्ष ब्रह्मानन्द-स्वादसहोदर परमानन्द है।

महाकवि जयदेव का प्रसिद्ध ग्रन्थ 'गीतगोविन्द' बारह सर्गों मे विभक्त है, जिसमें पूर्व में श्लोक तथा फिर गीत की अष्टपदियाँ हैं, जिनमें परस्पर विरह, दूती, मान, गुणकथन तथा नायक का अनुनय के साथ मिलन वर्णित है।

'गीतगोविन्द' पर भारत के प्रत्येक प्रान्तों एवं भाषाओं में सरस, मधुर व्याख्याएँ लिखी गयी हैं। यहाँ श्री प्रबोधानन्द सरस्वती विरचित संस्कृत-व्याख्या प्रस्तुत की जा रही है, जो सरस एवं सरल रीति से भाव का स्फोरण तो करती ही है, उनके आध्यात्मिक रहस्यों को भी उजागर करती है।

विभिन्न प्रकार की व्याख्याओं और टीकाओं की परिपाटी के उपरान्त पण्डित श्री विद्यानिवास मिश्र जी की हिन्दी-व्याख्या अद्‌भुत, मनोहारी, ललित, संवेदनापूर्ण है। पण्डित मिश्र जी जहाँ एक ओर सर्ग के नामों की सार्थकता सिद्ध करते हैं, वहीं

---

१. मीठा फल।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ऋतु के कालक्रम की ग्रन्थि को भी खोलते हैं। 'गीतगोविन्द' का प्रारम्भ होता है वर्षा के मंगल से और विरमित होता है, वासन्ती रसवृष्टि से। बहुत सूक्ष्मता से वे कहते हैं कि काव्य का प्रयोजन ही है राधा का कृष्ण को रँगना और कृष्ण का राधा को। यह निर्णय करना कठिन हो जाता है कि किसका रंग ज्यादा गहरा है। पण्डित जी कहते हैं कि यह काव्य दो प्राणियों की प्रेमगाथा नहीं, अपितु यह राधा के कृष्णमय होने का और कृष्ण के राधामय होने का गीत है।

इस प्रकार 'गीतगोविन्द' की रचना जैसी मधुर, कोमल तथा ललित है, वैसी ही पण्डित श्री विद्यानिवास मिश्र जी की व्याख्या भी अद्भुत, मधुर, लालित्यमयी सशक्त भाषा में प्रस्फुटित हुई है। उसे प्रकाशित करते हुए अत्यन्त आनन्द की अनुभूति हो रही है। सम्प्रति परमश्रद्धेय गुरुदेव पण्डित श्री विद्यानिवास मिश्र जी के चरणकमलों में श्रद्धा-सुमनाञ्जलि समर्पित करते हुए हृदय आनन्दविभोर हो रहा है।

इस ज्ञानयज्ञ के पुरोधा मनीषी कुलपति प्रो. अशोक कुमार कालिया जी के सत्प्रयास, सत्प्रेरणा, सद्भाव का ही फल है कि इस प्रकार के ग्रन्थों के प्रकाशन से विश्वविद्यालय की यशःकीर्ति बढ़ रही है, अतः उनके चरणों में कोटिशः नमन करते हुए हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ।

इस ग्रन्थ का सहज, शुद्ध मुद्रण करने के लिए तारा प्रिंटिंग वर्क्स के सञ्चालक श्री रविप्रकाश पण्ड्या को हृदय से आशीर्वाद देता हूँ एवं मुद्रण के माध्यम से संस्कृत-सेवा के लिये उनका आभार मानता हूँ।

अन्त में इस ग्रन्थपुष्पोपहार को माता अन्नपूर्णा एवं भूतभावन परमपावन काशीपति श्रीविश्वनाथ को समर्पित करते हुए राधा-माधव की कीर्ति, जयदेव की कृति को व्याख्यायित करने के लिये मनस्वी मानधन को शत-शत प्रणाम करता हूँ।

विद्वद्विधेय

वाराणसी
पौष-शुक्ल एकादशी
२०६२ वैक्रमाब्द
(१४-१-२००६ खैष्टाब्द)

(डॉ. हरिश्चन्द्र मणि त्रिपाठी)
निदेशक, प्रकाशन-संस्थान
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

विषयानुक्रमणिका

विषयाः		पृष्ठाङ्काः
१. भूमिका		१-२६
२. प्रथमः सर्गः	सामोददामोदरः	१-७०
३. द्वितीयः सर्गः	अक्लेशकेशवः	७१-९९
४. तृतीयः सर्गः	मुग्धमधुसूदनः	१००-११३
५. चतुर्थः सर्गः	स्निग्धमधुसूदनः	११४-१३०
६. पञ्चमः सर्गः	साकाङ्क्षपुण्डरीकाक्षः	१३१-१४९
७. षष्ठः सर्गः	धन्यवैकुण्ठः	१५०-१५७
८. सप्तमः सर्गः	नागरनारायणः	१५८-१८६
९. अष्टमः सर्गः	विलक्ष्यलक्ष्मीपतिः	१८७-१९६
१०. नवमः सर्गः	मन्दमुकुन्दः	१९७-२०२
११. दशमः सर्गः	मुग्धमाधवः	२०३-२१५
१२. एकादशः सर्गः	सानन्दगोविन्दः	२१६-२३८
१३. द्वादशः सर्गः	सुप्रीतपीताम्बरः	२३९-२५८
१४. परिशिष्टम्	१. गीतगोविन्द : नया युगारम्भ	२५९-३०४
	२. संक्षिप्त-ग्रन्थानुक्रमणिका	३०५-३०६
	३. श्लोकपादानुक्रमणिका	३०७-३११

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भूमिका

'गीतगोविन्द' पर जितना भी लिखा जाय, कम है; क्योंकि 'गीतगोविन्द' ग्रन्थ मात्र नहीं है। यह काव्य-परम्परा है, नृत्य-शैलियों और गीति-शैलियों, रंग-लिपि और सरगम-लिपि और चित्र-शैलियों का मूर्त आधार है। शास्त्रीय और लोक दोनों प्रकार के नाट्य-प्रबन्धों की अभ्यास-पुस्तिका है, वैष्णव भक्ति की बार-बार अनुभावित प्राण-साधना है। यह भारत में संस्कृति-यात्रा का एक महत्त्वपूर्ण मानचित्र है। इस पुस्तक के परिशिष्ट में इस सम्बन्ध में एक विशद परिचय मेरे शिष्य नर्मदा प्रसाद उपाध्याय ने दिया है। मैं उनके इस मत से सहमत नहीं हूँ कि श्री जयदेव का जन्म बंगाल में हुआ था। मैं श्री जगन्नाथ मंदिर की परम्परा और उड़ीसा में जयदेव की पदावली की प्रस्तुति की लम्बी परम्परा के आधार पर यही मानता हूँ कि वे उड़ीसा में ही पैदा हुए थे।

मैं उस विस्तार में न जाकर कुछ विशेष मुद्दों की चर्चा करूँगा। एक तो यह कि यह रचना नाट्य-प्रबन्ध है और नाट्य-प्रबन्ध से भी अधिक लीला-प्रबन्ध है; क्योंकि नाट्य-प्रबन्ध में तो प्रेक्षक और अभिनेता के बीच दूरी बनी रहती है, लीला-प्रबन्ध में प्रेक्षक भी लीला-प्रबन्ध के अंग बन जाते हैं, उसमें समाविष्ट हो जाते हैं। नाटक में बराबर बना रहता है कि अभिनेता अभिनेता है, अभिनय नहीं है, लीला-प्रबन्ध में जो भी अभिनय करता है वह तद्रूप हो जाता है, उसमें कुछ क्षण के लिए दिव्य भाव आ जाता है, यदि वह सही तरीके से लीला कर रहा होता है। चित्रकार इसीलिए लीला-प्रबन्ध के क्षण को डूबकर अंकित करते रहे हैं। संगीतकार लीला-पदों के गायन के लिए नए-नए प्रयोग समाहित होकर करते रहते हैं। गीतगोविन्द को किनारे कर दें तो भारतीय प्रयोगधर्मी कला और चित्रकला के आधे से अधिक रचना-संसार से हम वंचित हो जायेंगे। इसलिए यद्यपि इसमें इन्द्रियों से अनुभाव्य रूप है, माधुर्य है और संगीत है, लय है, गति है, परन्तु यह समष्टिरूप है, ऐन्द्रिय नहीं है। निरीह ऐन्द्रिय सृष्टि की इतनी व्यापकता, इतनी गहराई, इतनी नई-नई आविष्कृति की समता सम्भव नहीं थी। इसे हम विस्तार में आगे बतालायेंगे। इस पुस्तक का उद्देश्य ही है कि प्रबोधानन्द की टीका के द्वारा इस ग्रन्थ के इस पक्ष की ओर विशेष ध्यान आकृष्ट किया जाय। प्रबोधानन्द जी चैतन्य महाप्रभु के शिष्य थे और वे ठेठ अद्वैती से महाप्रभु के प्रभाव में रसचरित, भावुक भक्ति-साधक हो

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गए, चैतन्य सम्प्रदाय में दीक्षित हो गए। उनकी टीका कई दशकों पूर्व बंगलिपि में छपी थी। उसे देवनागरी लिपि में करके प्रकाशित करने का उद्देश्य यही है कि लोग इस भ्रम में न रहें कि यह संसारी दृष्टि से शृंगारी रचना है। यह शृंगार है; लेकिन एक विचित्र प्रकार का उज्ज्वल शृंगार है, जो विषयों को और विषयों से आसक्ति को जाने कहाँ बहा ले जाता है। मणिपुरी नृत्य-परम्परा में राधा-माधव-मिलन की पदावली प्रस्तुत करने का अधिकार बहुत परिपक्व शिष्याओं को ही गुरु देते हैं, जो निरन्तर राधा-कृष्ण को प्रस्तुत करते हुए उसी भूमिका में पहुँच चुकी हों, जिस भूमिका में अभ्यास के बाद योगी पहुँच जाता है। चित्रावलियों में भी हम यह बात पाते हैं कि वहाँ मानव की आकृति प्रकृति के सौन्दर्य में आवेष्टित है। अर्थात् उसमें प्रस्तुत होने वाले राधा-माधव और सखियाँ दिव्यलोक में अवस्थित हैं। यह तो हम लोगों के ऊपर प्यूरिटन मसीही शिक्षा का प्रभाव है कि हम इसे ऐन्द्रिय संसार की रचना मानते हैं। ध्यान से यदि पढ़ें तो ऐन्द्रिय व्यापार केवल स्मृति में है, प्रत्यक्ष केवल तरह-तरह की आकुलता का होता है। यह आकुलता भिन्न-भिन्न प्रकार के संसारी भावों की अभिव्यञ्जना के रूप में सामने आती है—ईर्ष्या, उत्कंठा, हर्ष, लज्जा, जाने कितने परिगणित कितने अपरिगणित संचारी भावों के रूप में पदावली के प्रारम्भ और अन्त में नेपथ्य से जो लीला होने वाली है, हो रही है, उसका समाहार सूचित मात्र करते हैं, वह अभिनेय अंश नहीं होता, वह केवल सूत्रधार की भूमिका में रहने वाले व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत प्रबन्ध-सूत्र हैं।

प्रबोधानन्द जी की टीका इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है कि वे अद्वैत मत में दीक्षित थे, उनका चित्त पहले से ही पूर्ण सत् में रूपान्तरित हो चुका था और वे जब राधा-माधव की लीला के रहस्य को खोलने में उद्यत होते हैं तो विषयों के संसार से बहुत दूर जा चुके होते हैं। चैतन्य महाप्रभु के रंग में रंगकर वे उस मादन भाव में पहुँच जाते हैं, जहाँ विषय हो जाता है या यों कहें कि विषय और विषयी में भेद नहीं रह जाता। जहाँ आसक्ति महाभाव में रूपान्तरित हो जाती है। जैसे राधा विरह की तीव्रता में माधव को सर्वत्र देखती हैं और स्वयं अपने में माधव को प्रतिष्ठित पाती हैं, पुनः माधव बनकर ही राधा के लिए विरहातुर हो जाती हैं, अपने चित्त के दो भाग करके भी वह व्याकुल ही बनी रहती हैं। उसी तरह प्रबोधानन्द अपने पाठक से यह अपेक्षा रखते हैं कि वह इस लीला के रस में केवल केलि-कला में कुतूहल रखने के कारण आकृष्ट न हों, न वह इसे हरि-स्मरण का साधन भर मानें। वह दोनों स्थितियों से ऊपर उठकर प्रत्यक्ष लीला की वर्तमानता को निर्वैषयिक स्तर पर अनुभव करने वाले हों। जयदेव की कृति लोक-प्रचलित गीतिशैलियों की अलौकिक

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भूमिका प्रस्तुत करने वाली कृति है और वे रससिद्ध संत के रूप में हमारी साधक-परम्परा में प्रतिष्ठित हैं। उनका स्मरण चंडीदास, गोविन्ददास, विद्यापति, सूरदास प्रभृति भक्त कवियों ने तो किया ही है, श्रीगुरुग्रन्थ-साहब में भी उनका स्मरण है, बाद के रीतिकालीन कवियों के छन्दों पर उनकी छाप है। गोस्वामी तुलसीदास के रामचरितमानस का रामलीला के रूप में जो रूपायन शुरू हुआ, उसमें दो अंश है—कथावाचक कथासूत्र जोड़ते हैं और फिर लीला संवाद के रूप में शुरू होती है। कहीं संवाद के रूप में, कहीं साक्षात् प्रस्तुति के रूप में। इस पर भी जयदेव का स्पष्ट प्रभाव दिखता है। जयदेव के गीतगोविन्द का प्रभाव सबसे अधिक सहलिया सम्प्रदाय के बाउलों पर पड़ा है, जो जयदेव को अपनी गुरु-परम्परा में बीच का स्थान देते हैं। बहुत-से लोकनाट्य रूप जयदेव के गीत-गोविन्द से प्रभावित हैं। लोकमानस में गीतगोविन्द नाटक नहीं है, वह श्री राधा-कृष्ण के अलौकिक सम्बन्ध का गायन होने के नाते एक जंगम मंदिर है।

इसीलिए जयदेव पर टीका पर टीका लिखी गई—कुछ टीकाओं के नाम दिए गए हैं। इनमें सबसे प्रचलित है रामाकुम्भ की टीका 'रसिकप्रिया', जो विशेष रूप से नाट्यसंकेत के कारण नृत्याचार्यों के लिए पाठ्य-पुस्तक जैसी है। इनमें से कुछ टीकाएँ तो बंगलिपि में प्रकाशित हैं, कुछ पाण्डुलिपि के रूप में हैं—

अनूपसिंहकृत टीका	अनूपसिंह
अर्थरत्नावली	गंगा कृष्णदत्त
गीतगोविन्द-तिलकोत्तमा	हृदयाभरण
गीतगोविन्द-प्रबोध	रामकवि
गीतगोविन्द-माधुरी	रंगनाथ
गीतगोविन्द-व्याख्यान	प्रबोधानन्द
तत्त्वदीपिका	रामराय
दीपिका	गोपाल
पदद्योतिका	नारायण
पद-भावार्थचन्द्रिका	श्रीकांत मिश्र
पदातिनयमंजरी	वासुदेव
प्रकाशकौमुदी	कविराज चंडीदास
प्रथमाष्टपदीविवृति	विट्ठल दीक्षित

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

बालबोधिनी	पुजारी गोस्वामी
भावविभावनी	उदयनाचार्य
रंगमाला	कमलाकर
रसकदम्बकल्लोलिनी	भागवतदास
रसमंजरी	शंकर मिश्र
रसिकप्रिया	रामाकुम्भ
वचनमालिका	शशिरेखा, कृष्णचन्द्र
श्रुतिरंजनी	विश्वेश्वरचन्द्र
श्रुतिसाररंजनी	तिरुमलराज
संजीवनी	वनमाली भट्ट
सन्देहभेदिका	कुमार खान
सर्वांगसुन्दरी	नारायणदास
सानन्दगोविन्द	रूपदेव पंडित
सारदीपिका	जगद्धर
साहित्यरंगमाला	शेषकमलाकर
साहित्यरंगाकर	शेषरत्नाकर
सुबोधा	भरतसेन मलिक

इस टीका की विशेषता यह है कि यह बड़े प्रांजल काव्यात्मक गद्य में गीतगोविन्द के रस का अवगाहन करती है। स्थान-स्थान पर गीतगोविन्द के आभ्यन्तर अर्थ को बिना अधिक दार्शनिक हुए उन्मीलित करती है। उनकी ग्रन्थ-सूची पढ़ने से भी यह प्रमाणित होता है कि वे चैतन्य महाप्रभु के सम्पर्क में आने के बाद वृन्दावन-रस में ही डूबे रहे। ग्रन्थ-सूची इस प्रकार है—

श्रीवृंदावनमहिमामृत
श्रीचैतन्य-चन्द्रामृत
श्रीराधारससुधानिधि
श्रीआश्चर्यरासप्रबन्ध
श्रीसंगीतमाधव
श्रीश्रुतिस्तुतिव्याख्या
श्रीकामबीज-कामगायत्री-व्याख्यान
श्रीगीतगोविन्द-व्याख्यान
श्रीगौरसुधाकर-चित्राष्टक

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अद्वैत-वेदान्ती के रूप में इनका नाम प्रकाशानन्द था। प्रकाशानन्द के रूप में इनका ग्रन्थ है—विवेकशतक।

इस टीका का अनुवाद तो नहीं प्रस्तुत है, पर इसी के समानान्तर हिन्दी में अर्थ-प्रकाशन की धृष्टता मैंने की है, जो इस टीका के साथ ही दी जा रही है। संक्षेप में मैंने गीतगोविन्द में अपनी कल्पना क्या है, इसे ही सामने रखा है और इसकी काव्य-योजना भी दी है।

गीतगोविन्द का मङ्गल-विधान

महाकवि जयदेव की अमर कृति 'गीतगोविन्द' की सरलता की ओर इधर लोगों का ध्यान जाने लगा है। पहले-जैसी उपेक्षा अब कम दिखाई पड़ती है। लगभग एक शताब्दी तक गीतगोविन्द को घोर शृंगारी काव्य मानकर हेय दृष्टि से देखा गया। एकाएक एक स्वस्थ मोड़ आया है और महाकवि जयदेव की रससृष्टि का महत्त्व आँका जाने लगा है। शुरुआत प्रयोगधर्मी कलारूपों में गीतगोविन्द की व्याप्तता की पहचान से हुई है, संगीत और नृत्य, चित्रकला (शास्त्रीय और लोक) और शिल्प में गीतगोविन्द की वर्णित लीला किस तरह नयी सम्भावनाओं का निरन्तर सर्जन करती रही और किस प्रकार उनके माध्यम से भारतीय जनमानस अपने चित्त का संस्कार एक अद्भुत द्रुति के व्यापार के द्वारा करता रहा, इसकी मीमांसा विगत दशक में अनेक कलामर्मज्ञों ने की है और यह कहा जाने लगा है कि महाकवि जयदेव के द्वारा राधामाधव के तीन वासन्ती दिनों की सृष्टि, भारतीय साहित्य के इतिहास में अपूर्व घटना है। ऐसा नहीं है कि इसके पूर्व राधामाधव नहीं थे, राधामाधव की केलि का रस वर्णित नहीं हुआ था; न ऐसा ही है कि रागाकुलता और भगवद्भक्ति को एक बिन्दु में—श्यामबिन्दु में पहले समाहित नहीं किया गया था। बस, इतना ही है कि जयदेव के पहले किसी भी कवि ने श्यामबिन्दु को अपने में समाहित नहीं देखा था, गौर छवि के चारों ओर नाच-नाचकर वृत्त बनते नहीं देखा था। यही गीतगोविन्द की अपूर्वता है। गोतगोविन्द में प्रत्येक गीत गोविन्द है, गोचर रूप-सम्भार के लिए, गोचर प्राण-पुकार के लिए, गोचर निःश्वास-सुरभि के लिए, विश्वमोहन की बेचैन तलाश है। गीतगोविन्द का मंगलश्लोक बड़ी सूक्ष्मता के साथ यह व्यंजित करता है कि सच्चिदानन्दघन श्रीकृष्ण अपनी व्यापकता से घबरा गये हैं, सारा आकाश रसवर्ती घनश्याममय है, नीचे जमीन तमाल की घनी छाया से श्याम हो गयी है, बीच के अन्तराल को श्यामा रात्रि भर रही है। श्याम अपनी ही इस विश्वम्भर श्यामलता से भयभीत हो गये हैं—कहाँ जाँय, उन्हें राह नहीं सूझती; क्योंकि सभी राहें गन्तव्य बन गयी हैं, मंजिल

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

बन गयी हैं। नन्द को चिन्ता होती है, चैतन्य के सुख-भाव को चिन्ता होती है—श्याम घर कैसे पहुँचें, अपने उस स्वभाव को कैसे पायें—जिसके ऊपर श्यामता न्यौछावर हो जाये! वे राधा से कहते हैं—इसे घर पर पहुँचाओ! इसका घर मुक्त आकाश के नीचे है, यमुनाकूल के बलहे निकुंजों में है, सघन तमाल की छाया में है, इसका घर अध्व अर्थात् पथ में है, इसका घर व्रजन में है, व्रज में है। इस सघन श्यामभाव को साध्य न रहने दो, इसे साधक बनाओ! इसे गन्तव्य न रहने दो, इसे पथ बनाओ; इसे अनन्त रस-समुद्र न रहने दो, इसे उद्वेलित तट का ध्वंसी ज्वार बनाओ। इसे रस न रहने दो, इसे रास बनाओ—

मेघैर्मेदुरमम्बरं वनभुवः श्यामास्तमालद्रुमै-
र्नक्तं भीरुरयं त्वमेव तदिमं राधे गृहं प्रापय।
इत्थं नन्दनिदेशतश्चलितयोः प्रत्यध्वकुञ्जद्रुमं
राधामाधवयोर्जयन्ति यमुनाकूले रहःकेलयः।।

जयदेव से चार सौ वर्ष पूर्व भट्टनारायण अपने वेणीसंहार के मंगल-श्लोक में गीतगोविन्द की भूमिका तैयार कर चुके थे—

कालिन्द्याः पुलिनेषु केलिकुपितामुत्सृज्य रासे रसं
गच्छन्तीमनुगच्छतोऽश्रुकलुषां कंसद्विषो राधिकाम्।
तत्पादप्रतिमानिवेशितपदस्योद्भूतरोमोद्गते-
रक्षुण्णोऽनुनयः प्रसन्नदयितादृष्टस्य पुष्णातु वः।।

रास में एकाएक राधिका नाराज हो गयीं और यमुना के बलुहे तट पर रास छोड़कर चल पड़ीं, रोती-बिलखती हुई। श्रीकृष्ण उनके पीछे-पीछे चले, राधिका के पैरों की छाप निहारते चले, उन्हीं पद-चिह्नों पर जब वे पैर रखते तो उन्हें रोमांच हो जाता। मनाते रहे और एकाएक प्रियतमा ने मुड़कर देखा, और श्रीकृष्ण निहाल हो गये।

ध्यान से देखने पर भट्टनारायण के मंगल से जयदेव के मंगल में एक वैशिष्ट्य है—भट्टनारायण के मंगल में श्रीकृष्ण का निहाल होना मुख्य रहता है, परन्तु जयदेव के मंगल में राधा-माधव दोनों एक होकर रस बनते हैं। गीतगोविन्द की अपूर्वता इसी बात में है कि वह श्रीकृष्ण को अकेले नहीं रहने देता, राधा का साहचर्य देता है—ऐसा साहचर्य देता है, जो ईर्ष्या, मान, उत्कंठा, विरह में भी कभी साथ नहीं छोड़ता। कुछ और गहराई में जाकर कहा जा सकता है कि साहचर्य के साथ-साथ साहचर्य की एक ऐसी बेचैनी भी देता

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

है, जो मिलन में भी साथ नहीं छोड़ती। श्रीकृष्ण एक साथ ही विप्रयोगात्मक, सम्प्रयोगात्मक शृंगार हो जाते हैं, एक ही शरीर में वे नट हैं, अर्थात् जिसका अभिनय कर रहे हैं—वे नहीं हैं, और वर हैं, अपने लिए निर्धारित प्रियतम पति हैं! गीतगोविन्द की प्रत्येक अष्टपदी में संयोग-वियोग एक-दूसरे में ओत-प्रोत हैं—संयोग कभी स्मृति के रूप में, कभी आकांक्षा के रूप में, कभी दंश के रूप में, बराबर वियोग को तीव्रतर बनाता है; और वियोग अपनी तीव्रता में ध्यान-लय से संयोग उपस्थित करता है—ऐसा संयोग, जिसमें विश्व तन्मय हो जाता है, यहाँ तक कि स्वयं राधिका अपने को मधुरिपु समझकर श्रीकृष्ण की चेष्टाएँ करने लगती हैं। श्रीकृष्ण रास में विहार करते-करते एकाएक रास में केन्द्रबिन्दु का अभाव अनुभव करते हैं और उन्मन हो जाते हैं। एक दिन एक रात तो सन्देशों के आदान-प्रदान में बीत जाती है, श्रीकृष्ण जहाँ प्रतीक्षा करते हैं, वहाँ राधा नहीं पहुँच पातीं और श्रीराधा के निकुंज में श्रीकृष्ण नहीं पहुँच पाते। राधा अपने को वंचित, ठगी हुई मानकर और विह्वल होती हैं। अन्त में श्रीकृष्ण राधा को मनाने आते हैं, राधा झिड़क देती हैं—जाओ, मुझसे झूठी बातें न करो! श्रीकृष्ण चले जाते हैं। अब राधा से रहा नहीं जाता और वे स्वयं प्रतीक्षातुर होकर प्रतीक्षातुर से मिलने चल पड़ती हैं; और जब पाती हैं कि वे एकरस हो गये हैं, उनकी बेचैनी भी इस उत्कर्ष पर पहुँच गयी है कि वे राधामय हो चुके हैं, तो उनसे मिलती हैं। राधामय श्रीकृष्ण की छवि जयदेव ने इन उपमानों से उकेरी है—

राधावदनविलोकनविकसितविविधविकारविभङ्गम्।
जलनिधिमिव विधुमण्डलदर्शनतरलिततुङ्गतरङ्गम्।।

हरिमेकरसं चिरमभिलषितविलासम्।
सा ददर्श गुरुहर्षवशंवदवदनमनङ्गनिवासम्।।

स्फुटतरफेनकदम्बकरम्बितमिव यमुनाजलपूरम्।
नीलनलिनमिव पीतपरागपटलभरवलयितमूलम्।।

स्फुटकमलोदरखेलितखञ्जनयुगमिव मुदिततडागम्।
शशिकिरणच्छुरितोदरजलधरसुन्दरसकुसुमकेशम्।।

तिमिरोदितविधुमण्डलनिर्गतमलयजतिलकनिवेशम्।।

पहली उपमा है, राधा के चन्द्रवदन को देखने की अकुलाहट के ज्वार में आये हुए उच्छलित तरंगवाले समुद्र की, समुद्र चन्द्रमा की पूर्णता प्राप्त करने के लिए अपनी नीलता मथकर केवल उज्ज्वलता धारण करता है; क्योंकि पाने

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

की अभिलाषा सार्थक है तो होने की ही अभिलाषा में। दूसरी उपमा है, यमुना के जलप्रवाह से, हरि ने राधामय होने के लिए मोतियों के हार पहने हैं, लगता है, श्वेत फेनों के कदम्ब के फूलों से यमुना पट गयी है। तीसरी उपमा है पीताम्बर की, लगता है, नीलकमल ऐसा खिल आया है कि उसका पीतपराग उड़-उड़कर पूरी तरह उसे आवेष्टित कर चुका है, उसकी आकांक्षा उसकी आपूर्ति बन गयी है। चौथी उपमा है आँखों की, शरद् ऋतु के सरोवर-जैसा समदर्शी श्यामल शरीर, उसमें खिला हुआ कमल जैसा मुख, उसमें चंचल-चटुल खंजन के जोड़े-जैसी दो आँखे, जिनमें श्वेत रंग काले रंग को उभार रहा है। पाँचवीं है, श्वेत कुसुमों से गुंथे घुंघराले मेघ-सरीखे केशों की चन्द्रमा से आँखमिचौनी से और छठीं उपमा है, मलयज चन्दन के तिलक की उस चन्द्रमा से जो तिमिर भेदकर निकलता है। ये सभी उपमाएँ श्रीकृष्ण की कृष्णता के ऊपर राधा की गोराई को प्रतिष्ठापित करती हैं। तभी तो श्रीकृष्ण एकरस हैं, राधा की तरह ही विक्षुब्ध हैं, उत्कंठित हैं! ऐसे एकरस प्रियतम के आगे मान विगलित हो जाता है, राधा का आग्रह नहीं रहता कि प्रिय मेरे निकुंज में आयें—वे स्वयं श्याम के राधामय निकुंज में प्रवेश करती हैं, श्याममय होकर। पर मिलन सब गड़बड़ कर देता है; प्रात:काल जब दर्पण में राधा अपनी छवि देखती है तो पाती है कि राधामय में डूबकर मैं श्याममय नहीं रही; और अन्तिम अष्टपदी में निवेदन करती है कि यदुनन्दन, मुझे वैसा ही अपने हाथों रच दो, जैसे मैं आयी थी। तुम मेरे वक्ष:स्थल पर कस्तूरी के लेप बन जाओ, तुम्हारे ही चुम्बन से काजल फैला, तुम्हीं अपने हाथों अपने को काजल बनाकर मेरी आँखें आँज दो—वे चमक उठें। तुम मेरे मस्तक कर कस्तूरी के तिलक बन जाओ, और तुम्हारे हाथों शिथिलित कबरी में अपने मोर-मुकुट सदृश इन्द्रधनुषी रंग के फूल सजा दो। प्रिय, मुझे फिर से श्यामा बना दो, राधा बनकर मुझसे रहा नहीं जायेगा।

इस अष्टपदी में दो कड़ियाँ विशेष मर्मस्पर्शी हैं—

अलिकुलगञ्जनसञ्जनकं रतिनायकसायकमोचने।
त्वदधरचुम्बनलम्बितकज्जलमुज्ज्वलय प्रियलोचने।।

और—

मृगमदरसवलितं ललितं कुरु तिलकमलिकरजनीकरे।
विहितकलङ्ककलं कमलानन विश्रमितश्रमसीकरे।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तुमने जो मेरी आँखों का काजल फैला दिया है, उन आँखों की ज्योति तुम्हीं हो, उन आँखों के संदृष्ट तुम्हीं हो; इसीलिए तो तुम जब काजल बनकर इनमें अँजोगे तो वसन्त का गुणगान करने-वाले भौरों की भीड़ लजा जायेगी, काम के हाथ से धनुष छूटकर गिर जायेगा। तुम उत्सर्ग की उत्कंठा बनकर, उज्ज्वल श्रृंगार बनकर वसन्त ऋतु के ऊपर छा जाओ। राधा की चम्पई छवि की मोहक दृष्टि के सम्मोहन मन्त्र बन जाओ। और अब यह प्यार छिपाये नहीं छिपता; अब आँखों में ही नहीं, मेरे भाल पर, मेरे भाग्य में श्रीकृष्ण का रंग अंकित हो जाये—श्रीकृष्ण कस्तूरी के रस से बने तिलक हो जायें, मेरे अष्टमी के चन्द्रमा जैसे भाल के कलंक की कला बन जायें। यह रहःकेलि, यह गोपन प्यार, विश्वमोहन को मोहते-मोहते थककर उनसे मोहित का खुला स्वीकार बन जाये। राधा एक चित्त नहीं है, वह उन्मथित चित्त मात्र है; वह एक ही एक के लिए उत्कंठा नहीं है। वह सर्व के लिए सर्व की उत्कंठा की ही एक विचित्र संज्ञा है, पहचान है। राधा शब्द में दो भाव निहित हैं—एक भाव है आराधना का, अनन्यता का; दूसरा भाव है पकाये जाने का, सिझाये जाने का, राँधे जाने का। गीतगोविन्द का प्रारम्भ तो होता है राधा के पथप्रदर्शक भाव से। आराधिका बनकर राधिका श्रीकृष्ण को उनकी लीला का प्रयोजन दिखलाती हैं, तुम्हारा यह अव्यक्त-अगोचर प्रसार तभी सार्थक है, जब व्यक्ति के गह्वर को भरने के लिए आकुल हो, जब वह बूँद बनकर बिखरने के लिए आतुर हो; और अन्त होता है राधिका के श्याम रंग में ऊपर से नीचे तक सराबोर होने में, पका कर रँगे जाने में।

गीतगोविन्द में एक और विलक्षणता है, श्रीमद्भागवत में एक शब्द आया है शरत्काव्य। वह सचमुच शरत्काव्य है, तृप्ति का काव्य है। उसमें गोपियों का उद्दाम-निर्बन्ध प्रेम मन्मथमन्मथ श्रीकृष्ण को उन्मथित करने में समर्थ नहीं होता। हाँ, वे इस उद्दाम प्रेम के द्वारा श्रीकृष्ण भाव को अवश्य प्राप्त करती हैं। गीतगोविन्द में दो ऋतुएँ हैं, स्मृति के रूप में या आकांक्षा के रूप में वर्षा, उद्दाम प्यार की ऋतु और प्रत्यक्ष अनुभव के रूप में वसन्त, उत्कंठा की ऋतु। जो नहीं है, वह होने की उत्कंठा ही तो वसन्त है। पेड़ है, पेड़ की डाली है—पर ये फूल होना चाहते हैं, पल्लव होना चाहते हैं, पेड़ या डाली बने रहने को तैयार नहीं हैं। वर्षा के मंगल से काव्य प्रारम्भ होता है और दामोदर—रस्सी में बँधे श्रीकृष्ण का दम खुल जाता है। पहले सर्ग का नाम 'सामोद-दामोदर' है। अनन्तता भी एक बन्धन है, इसलिए उचित ही है; निस्सीमता भी एक विवशता है, श्रीकृष्ण उससे मुक्त कर दिये जाते हैं। जब सब कुछ घनश्याममय हो जाता है तो श्याम तरल-उज्ज्वल रसबिन्दु बनने के लिए आकुल

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हो जाते हैं। उनकी रसवृष्टि की आकुलता जब पूरी तरह झहरा लेती है, जब तमाल-निपात हो जाता है, तब निपात होकर चम्पई रसबिन्दुओं से भर उठता है। वर्षा की उद्दामता ही वसन्त की उत्कंठा को जन्म देती है। समष्टि-चित्त का विक्षोभ ही व्यष्टि-चित्त को नयी आकांक्षा से भरता है, उससे सब कुछ रखवा लेता है, उसे एकदम निष्किंचन-नि:स्व बना देता है, निरुपाय और असहाय बना देता है। पहले ऐसा भाव भरता है कि तुम वंचित हो, तुम्हें किसी ने ठग लिया है, धोखा देकर तुम्हें कहीं का नहीं रखा है; फिर एक-से-एक नये पल्लव, नयी कलियाँ, नये फूल उगाता है। मैं ही विक्षुब्ध नहीं हूँ, वे भी मेरे लिए सविकार हैं; मैं आँच में पककर यदि दूध से दही हुई जा रही हूँ, तो वे भी नवनीत के पिण्ड से पिघलकर आहूत होने के लिए घृत बनते जा रहे हैं—

सखि हे, केशिमथनमुदारम्!
रमय मया सह मदनमनोरथभावितया सविकारम्!

गीतगोविन्द एक चिर अभिलाषा का, सनातन आकुलता का काव्य है। यह मोक्ष का भी मोक्ष है। कृष्ण का अर्थ होता है—आकर्षक—खींचनेवाला। वह अर्थ पीछे छूट जाता है, श्रीकृष्ण खिंचते चले जाते हैं, जुतते चले जाते हैं, और खिंचते-खिंचते वे शाश्वत भाव न रहकर रस के नूतन से नूतनतर वृत्त बन जाते हैं। इसी अर्थ में गीतगोविन्द पावस और वसन्त की भूमिकाओं की हेराफेरी का काव्य है। काव्य के मन में पावसरूपी कृष्ण और काव्य की देह में वसन्तरूपी राधा छायी हुई हैं। पावस को वसन्त होना पड़ता है, वसन्त को पावस। दोनों मिलकर वन और वन के निकुंज होना चाहते हैं, पुलिन और पुलिन के सङ्केत होना चाहते हैं, ठूँठ से ठूँठ हृदय की प्रसुप्त आकांक्षा के अंकुर होना चाहते हैं, सूखी-से-सूखी और तपी-से-तपी बालू के कण में रस भरने की चाह होना चाहते हैं। गीतगोविन्द घर का, आँगन का, प्रासाद का, हर्म्य का, रत्नजटित गवाक्षों का काव्य नहीं है। जो लोग इसे अपनी कामुकता से जोड़ते हैं, वे इसकी जमीन नहीं देखते। वह जमीन है यमुनापुलिन, सूर्य की बेटी का बलुहा तट। उस जमीन के ऊपर जो आसमान है, वह है उत्तरायण के सूर्यमधु का छत्ता। इस काव्य में ऐन्द्रियता नहीं है—यह बात कोई कोरा भक्त कहे तो कहे, मैं ऐन्द्रियता का खंडन नहीं करूँगा; पर ऐन्द्रियता इस काव्य का प्रत्यायक गुण नहीं है, वह केवल उपसर्ग है, जो लौकिक-साधारण प्रेम-व्यापार के विशेष से जोड़कर अलौकिक-असाधारण प्यार की गहराई को आकार देता है। इस ग्रन्थ के प्रत्यय दो हैं, एक है वियोग में संयोग का आधान, जो श्रीकृष्ण को लाता है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

'दृश्यसे पुरतो गतागतमेव मे विदधासि'—मेरे सामने तुम आ रही हो, जा रही हो, परन्तु **'किं पुरेव ससम्भ्रमं परिरम्भणं न ददासि'**—पर यहाँ है, पहले-जैसी घबड़ाकर तुम गले क्यों नहीं लग रही हो?

राधा को भी ध्यानलय के बल से दुष्प्राप्य श्रीकृष्ण प्राप्त हो जाते हैं। वह उन्हें पाकर भी बिलखती है, हँसती है, उदास होती है, छनछना उठती है और मन के सब ताप धो देती है—

ध्यानलयेन पुरः परिकल्प्य भवन्तमतीवदुरापम्।
विलपति हसति विषीदति रोदिति चञ्चति मुञ्चति तापम्।

दूसरा प्रत्यय है, नाम के द्वारा एकाकारता प्राप्त करने का उपाय। राधा के भी **'हरिरिति हरिरिति जपति सकामम्। विरहविहितमरणेव निकामम्'।।** विरह में जीना सम्भव नहीं है, इसलिए मरने का राधारूप में अस्तित्वहीन होने का निश्चय करके हरि-हरि जपती रहती है—श्रीकृष्ण भी—

वसति विपिनविताने त्यजति निजधाम।
लुण्ठति धरणिशयने बहु विलपति तव नाम।।

अपना घर छोड़कर, वैकुंठधाम छोड़कर, सूर्य की ऊर्ध्वरश्मियों का देश गोलोक छोड़कर जंगल में जमीन पर लोट रहे हैं, वन-वन तुम्हारे नाम (राधा-राधा) की करुण पुकार लगाते रहते हैं।

ये दोनों प्रत्यय ही गीतगोविन्द की ऐन्द्रियता को ऐसी भूमि तक पहुँचा देते हैं, जहाँ इन्द्रिय इन्द्रिय नहीं रह जाती, विषय विषय नहीं रह जाते, विषय-सुख सुख नहीं रह जाता—कोई भी सुख सुख नहीं रह जाता, इन्द्रिय विषय बन जाती है—दूसरे शब्दों में आदमी का उपभोक्ता भाव उपभुक्त हो जाता है और विषय इन्द्रिय बन जाते हैं। वन, नदी, मेघ, चन्द्र—ये सभी प्राकृत विषय; हार, तिलक, अंजन—ये सभी वैकृत विषय प्राणवान् होकर, प्राण-पीड़ित होकर इन्द्रिय हो जाते हैं। हर प्रकार का समागम-सुख दुरन्त दुःख बन जाता है, और विरह का दुरन्त दुःख असीम-अपरिमित सुख बन जाता है। सही बात तो यह है कि सुख-दुःख दोनों ही केलिरस बन जाते हैं, क्रीड़ा बन जाते हैं, और क्रीड़ा राधा-कृष्ण-भाव बन जाती है। दूसरे शब्दों में, वसन्त की उत्कंठा और वर्षा का उन्माद, दोनों एक हो जाते हैं; घनश्याम वसन्त बन जाते हैं और राधा घनश्याम की रसवृष्टि।

यही इस वासन्ती रसवृष्टि के काव्य की सनातन सार्थकता है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गीतगोविन्द की काव्य-योजना

जयदेव के गीतगोविन्द के बारे में कुछ बातें मान ली गई हैं, गीतगोविन्द का महत्त्व नृत्य-प्रबन्ध के रूप में है, नृत्य-गुरुओं को इसके द्वारा व्यंजित करणों से चारियों, मुद्राओं से ही मतलब है, या फिर इसका महत्त्व लोकबाह्य भावोन्मादी वैष्णवों के लिए है, जिनको सभी जगह राधाकृष्ण ही का प्यार दिखता है, उन्हें यथार्थ जगत् का कड़वा संघर्ष कभी दिखता ही नहीं था। फिर इसका महत्त्व उन सामन्ती वृत्ति के रसिकों के लिए है, जो इसकी शृंगारिकता में पलायन का एक सुलभ उपाय पाते हैं, कुछ हद तक राजपूत कला की चित्रकला के मर्मज्ञों के लिए है, उन्हें गीतगोविन्द के पाठ से चित्र के ब्यौरे मिलने की आवश्यकता पड़ती है। अर्थात् गीतगोविन्द सामान्य व्यक्ति के आस्वाद का विषय नहीं है। यह समकालीन यथार्थ की दृष्टि से तो और भी नहीं। इस स्थिति में शुद्ध साहित्य की दृष्टि से गीतगोविन्द पर बात शुरू करना बड़े जोखिम का काम हो जाना है, पर जब सब कुछ बिकाऊ हो रहा हो, देश, संस्कृति, कला और आदमी, तब जोखिम उठाकर भी बिकाऊपन को रोकने वाले भाव की बात करनी ही पड़ेगी। गीतगोविन्द ने जिस प्यार का उन्माद उद्वेलन ध्वनिलहरियों में रूपांकित किया है, वही बिकाऊपन को रोकने में समर्थ है, वही निरर्थकता के आनन्द को सार्थक अस्तित्व की सिहरन में परिवर्तित करने में समर्थ है, वही जीवन को विशाल अस्तित्व की संगीतमय उपस्थिति से रसमय बनाने में समर्थ है।

जयदेव ने भारतीय संस्कृति में एक नये युग की अवधारणा की, इसे मैं राधा-युग कहता हूँ, इसका अर्थ यह नहीं कि राधा जयदेव के पहले नहीं थी, राधाकृष्ण की उपासना नहीं थी। राधा नाम नक्षत्र नाम के रूप में अथर्ववेद में मिलता है। विशाखा और अनुराधा दो नक्षत्र एक ही परिपार्श्व में हैं, चन्द्र वैशाखी पूर्णिमा के दिन विशाखा में या कभी-कभी अनुराधा में आता है। सूर्य अगहन में विशाखा और अनुराधा में आता है। प्राचीनकाल में भारत में वर्षारम्भ अगहन से होता था, श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण ने महीनों में अपने को मार्गशीर्ष घोषित किया, 'मासानां मार्गशीर्षोऽहम्'। मार्गशीर्ष और वैशाख दोनों फसलों के कटने और अनाज के घर आने के महीने हैं। दोनों ही उत्सवों और मंगलकार्यों के महीने हैं। तैत्तिरीय ब्राह्मण में विशाखा, अनुराधा नक्षत्र को इन्द्र और अग्नि कहा गया है, अग्निचयन में इन नक्षत्रों के नाम की ईंटें चिनी जाती हैं। वैदिक वाङ्मय में ही वसन्त के दो महीनों चैत्र और वैशाख के नाम मधु और माधव दिए गए हैं, महाभारत में विष्णु का एक नाम नक्षत्री दिया गया

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

है, माधव नाम तो उनका प्रसिद्ध ही है। वैदिक वाङ्मय में ही अपालासूक्त में इन्द्र के लिए अपाला के उन्मद प्यार का वर्णन है। पुराणों में इन्द्र का गौरव विष्णु में और विष्णु का गौरव श्रीकृष्ण की रहस्य विद्या साधना के द्वारा श्रीकृष्ण में समाहित हो जाता है, उनमें मनस्तत्त्व चन्द्रमा और चाक्षुष तत्त्व सूर्य भी समाहित हो जाते हैं। इन सबको जोड़कर हमारे कवि राधा और श्रीकृष्ण का एक विश्वव्यापी आकार खड़ा कर सके हैं।

इस विशाल ब्रह्माण्ड में ही परस्पर आकर्षण का एक निरन्तर चक्र चल रहा है, इस आकर्षण का विचित्र स्वभाव है, बड़े तीव्र वेग से अपनी ओर हर दूसरा खींचा जाता है, खींचने की सममात्रा होने पर दोनों खींचने वालों में या खिंचने वालों में एक सामंजस्य स्थापित हो जाता है, उसे दोनों का दोनों में विलयन भी कह सकते हैं, दोनों में एक का ही प्राधान्य भी कह सकते हैं, दोनों में एक साथ दो-दो तत्त्वों का समुदय या समागम भी कह सकते हैं। पिण्ड के भीतर यही प्यार बन जाता है, एक चित्त में दूसरा चित्त अध्यारोप और कभी-कभी तो अध्यवसाय बन जाता है, कभी तो राधा श्रीकृष्ण का वेश धारण करके श्रीकृष्ण बन जाती हैं, कभी श्रीकृष्ण श्रीराधा के शृंगार करके श्रीराधा बन जाते हैं, कभी और गहरे उतरकर श्रीराधा राधा के विग्रह में रहते हुए चित्त से श्रीकृष्ण बन जाती हैं और राधा के विरह में व्याकुल हो जाती हैं, कभी श्रीकृष्ण राधा के चित्त से एकाकार होकर व्यक्त मन की दृष्टि से समष्टि मन के लिए आकुल हो उठते हैं, यह अपने से विरह, अपने लिए दूसरी भूमिका से उद्वेलन जब होता है, तभी सृष्टि की सोद्देश्यता दिखाई पड़ती है। साहित्य इसी सार्थकता को कुछ जानी-पहचानी और कुछ अनजानी अनपहचान-सी भाषा देता है, जिससे साधारण जन भी ऐसे उद्वेलन में सहभागी हो सकें। साहित्य न भक्त बनाता है, न साधक, न ज्ञानी, वह बस एक सोये हुए चित्त-व्यापार को उन्मथित कर देता है। उस उन्मथन से पहले विष निकलता है जरूर, वह विष भी शिव के लिए है, कुछ और तीव्र उन्मथन के लिए तैयार हों तो अमृत मिलता है, न मरने का भाव।

जयदेव के पहले भी भारतीय साहित्य ने इस उद्वेलन को अंकित किया, उनके चार शताब्दी पहले के वेणीसंहार के नान्दी-श्लोक में जयदेव के गीत-गोविन्द का कथानक आ चुका है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कालिन्द्याः पुलिनेषु केलिकुपितामुत्सृज्य रासे रसं
गच्छन्तीमनुगच्छतोऽश्रुकलुषां कंसद्विषो राधिकाम्।
तत्पादप्रतिमानिवेशितपदस्योद्भूतरोमोद्गते-
रक्षुण्णोऽनुनयः प्रसन्नदयितादृष्टस्य पुष्णातु वः।।

कालिन्दी के बलुहे तट पर रास हो रहा था, बस राधा ने समझा मेरी तरफ जितना ध्यान श्रीकृष्ण का होना चाहिए था नहीं है, नाराज हो गई, रास में उन्हें रस न रहा, चल पड़ीं। श्रीकृष्ण कैसे वहाँ रहते, वे भी पीछे-पीछे चले, राधा की आँखें अंसुवाई हुई, राह पर पैर ठीक तरह से पड़ नहीं रहे हैं, श्रीकृष्ण गीली बालू में राधा के पैरों के छाप निहारते चलते हैं, उसी छाप पर अपने पैर रखते हैं तो उन्हें रोमांच हो जाता है, और बिल्कुल अबोध बनकर अनुनय करने लगते हैं, राधा की तरल आँखें पीछे मुड़ती हैं और श्रीकृष्ण का यह रूप देखकर और तरल हो जाती हैं। मन की सब कलक बह जाती है, यह प्रसादमयी प्रीति पोषक बने समस्त सामाजिक की।

वेणीसंहार से भी पहले ध्वन्यालोक में कई उद्धरण मिलते हैं। एक उद्धरण बड़ा मनोरम है, श्रीकृष्ण द्वारका चले गए, पहले की उन्हें सुधि आती है, उद्धव से कहते हैं, मित्र अपनी सखी की क्या बात करूँ, कैसी होगी, मैं तो उन लताओं की बात सोचकर ही अत्यन्त कष्ट का अनुभव कर रहा हूँ कि वे कैसे मुरझा गई होंगी, जब उन्हें लगा होगा कि हमें अब केलिशय्या पर बिछने के लिए तोड़ा नहीं जा रहा—

तेषां गोपवधूविलाससुहृदां राधारहःसाक्षिणां
क्षेमं भद्र कलिन्दशैलतनयातीरे लतावेश्मनाम्।
विच्छिन्ने स्मरतल्पकल्पनमृदुच्छेदोपयोगेऽधुना
ते जाने जरठीभवन्ति विगलन्नीलत्विषः पल्लवाः।।

ध्वन्यालोक की टीका में उदाहरण के रूप में अभिनवगुप्त ने एक ऐसा छन्द दिया है, जिसमें राधा के विरह-क्रन्दन से जल के भीतर रहने वाले प्राणी तक करुण कूजन करने लगते हैं, राधा के जीवन का अवलम्ब वे बेंत की लताएँ रह गई हैं जिन्हें श्रीकृष्ण ने झकझोरा था, मानों सङ्केत देने के लिए, आओ यहाँ आओ।

याते द्वारवतीं मधुरिपौ तद्दत्तझम्पानतां
कालिन्दीतटरूढवञ्जुललतामालिङ्ग्य सोत्कण्ठया।
तद्गीतं गुरुवाष्पगद्गदगलत्तारस्वरं राधया
येनान्तर्जलचारिभिर्जलचरैरप्युत्कमुत्कूणितम्।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्राकृत गाथाओं में राधा के गौरव की बात और पहले आ चुकी थी। जयदेव के पहले ही राधाकृष्ण की उपासना प्रचलित हो चुकी थी। ९वीं शताब्दी के बंगाल के पहाड़पुर मन्दिर में श्रीराधाकृष्ण की मूर्ति मिलती है, जिससे प्रमाणित होता है कि जयदेव के पहले प्रेमाभक्ति का प्रस्फुटन और श्रीकृष्ण के रास का रूपायन भी प्रचलित हो चुका था। जयदेव ने गीतगोविन्द में उस प्रेमाभक्ति का आलम्बन उलट दिया। पहले श्रीकृष्ण आलम्बन थे, अब आलम्बन हो गई राधा, ऐसी राधा जो श्रीकृष्णभाव में तरह-तरह से उद्वेलित है, कभी नाराज होकर, कभी मिलने के लिए आकुल होकर, कभी बाट जोहती हुई, कभी अपने मन में ही कृष्ण को अन्य के साथ आसक्त देखकर खीझती हुई, कभी मनाने पर और कठोर बनती हुई, कभी स्वयं अभिसार के लिए चलती हुई और कभी श्यामरस में सराबोर होकर श्याम के हाथों श्यामा बनने के लिए तरसती हुई।

गीतगोविन्द का पहला श्लोक ही यह संकेत दे देता है कि मदनमोहन, मन्मथमन्मथ श्रीकृष्ण अब अवलम्बित हो गए हैं, राधा के, इतना उन्होंने विश्व को श्याममय देखा कि उन्हें लगा कि इस श्याम पारावर में मैं कहाँ हूँ, यह कोई सुझाए, मेरा घर किधर है, यह दिखाए और कौन दिखाएगा, श्यामता के भीतर की अकुलाहट की कौंधती विद्युत् रेखा राधा के बिना। आकाश काले-कजरारे बादलों से काला भँवर, काली कालिन्दी के किनारे के तमाल की घनी छाया से पृथ्वी एकदम श्यामल, काली रात घहराई हुई, श्याम डर गए हैं, नन्द कहते हैं, राधे, तुम्हीं इसे घर पहुँचा सकती हो, इसको अपना स्वरूप खींचना ही नहीं है, खिंचना भी है, भरना ही नहीं है, खाली होकर विशालता से विराटता से ब्रह्मता से खाली होकर लघुता से, वामनता से, जीवन्तता से भरा जाना भी है। इसका घर है राह, अपने आप रचना, लतामण्डप, सहज छाया और सहज ओट, खुला हुआ दुराव या छिपा हुआ खुलापन। देर न करो राधे, रात और गाढ़ी हो रही है, श्याम को ले जाओ। इस आदेश के पालन के लिए दोनों चल पड़ते हैं और रास्ते का हर कुंज स्वरूपविमर्श की केलि से भींग उठता है। ऐसी रसवृष्टि से भीगने आओ। पाठकों, श्रोताओं, प्रेक्षकों पर पहले वसन्त से गुजरो, नए ताप से गुजरो, भींगना इतनी आसानी से नहीं होता।

मेघैर्मेदुरमम्बरं वनभुवः श्यामास्तमालद्रुमै-
नक्तं भीरुरयं त्वमेव तदिमं राधे गृहं प्रापय।
इत्थं नन्दनिदेशतश्चलितयोः प्रत्यध्वकुञ्जद्रुमं
राधामाधवयोर्जयन्ति यमुनाकूले रहःकेलयः।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हाँ एक बात है, तुम्हारे भीतर तैयारी है कि नहीं, मन सरस है हरि की सुधि में, चैत आता है तो 'बिसरल सुधि उपरावे' सूखे घाव हरा कर देता है, बिसरे हुए दर्द ऊपर ला देता है, सोयी उत्कंठा जगा देता है, गाँव-गाँव फोड़कर नये पल्लव उकसा देता है, तैयार सत्यानाशी प्यार के राग में बजनेवाले हरि की विह्वल स्मृति के लिए और फिर तुम्हें कुतूहल है केलिकला के वितान में, द्विपक्षी विकास में, एक-एक कला बढ़ते-बढ़ते पूर्ण हो, एक-एक कला घटते-घटते सम्पूर्ण हो, अर्थात् आहुति पूरी हो जाय, कुतूहल देह में नहीं, गेह में नहीं, देह के ऐन्द्रिय व्यापार बन जाने में, एक-एक अंग के ईर्ष्या, उत्कंठा, प्रतीक्षा, वंचना, कोप, अनुनय, प्रसाद और आह्लाद बन जाने में, ऐन्द्रिय व्यापार के भी वसन्तव्यापी यमुना-पुलिनव्यापी जड़-चेतनमात्र का उद्वेलन बन जाने में, है ऐसा कुतूहल, मित्र तैयार हो ऐसे कुतूहल को वहन करने के लिए, यह जान लो कहीं वह कुतूहल तुमको आविष्ट न कर ले और फिर तुम तमाशाई न रहकर तमाशा बन जाओ। सोच-समझकर हाँ कहना। आओ तब इस गीतगोविन्द के लीला-प्रवचन के बारह सोपानों पर चढ़ती हुई सनातन विह्वलता का ज्वार देखो, पुलिन डूबता जा रहा है, कुंज डूबते जा रहे हैं, तरी पर तरी डूबती जा रही है, बस रस-सिन्धु है, उच्छल, उत्तरंग, उन्मत्त और उद्दाम।

जयदेव ने वसन्तरास से बात शुरू करने के पहले दशावतार-लीला गाई। श्रीकृष्ण की माया के इन आयामों को जाने विना उनसे पार कैसे पाया जा सकेगा, बड़े छली और बड़े सच्चे, बड़े शान्त और बड़े क्रोधी, विशाल और वामन, करुण और निर्मम, मछली की तरह अधीर और कछुए की तरह धीर, परशु लेकर भयंकर आखेट करने वाले और हल लेकर धरती को उर्वर बनाने वाले। ऐसे जगदीश को नचाना है, घुमाना है, झुकाना है और बनाना है राधिका का सर्वविध मण्डन। दशावतार-लीला गीतगोविन्द की आधारपीठिका है—

प्रलयपयोधिजले धृतवानसि वेदं
विहितवहित्रचरित्रमखेदं
केशव धृतमीनशरीर जय जगदीश हरे।।
क्षितिरतिविपुलतरे तव तिष्ठति पृष्ठे
धरणिधरणकिणचक्रगरिष्ठे
केशव धृतकच्छपरूप जय जगदीश हरे।।
वसति दशनशिखरे धरणी तव लग्ना
शशिनि कलङ्ककलेव निमग्ना
केशव धृतशूकररूप जय जगदीश हरे।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तव करकमलवरे नखमद्भुतश्रृङ्गं
दलितहिरण्यकशिपुतनुभृङ्गं
केशव धृतनरहरिरूप जय जगदीश हरे।।
छलयसि विक्रमणे बलिमद्भुतवामन
पदनखनीरजनितजनपावन
केशव धृतवामनरूप जय जगदीश हरे।।
क्षत्रियरुधिरमये जगदपगतपापं
शुभयसि पयसि शमितभवतापं
केशव धृतभृगुपतिरूप जय जगदीश हरे।।
वितरसि दिक्षु रणे दिक्पतिकमनीयं
दशमुखमौलिबलिं रमणीयं
केशव धृतरामशरीर जय जगदीश हरे।।
वहसि वपुषि विशदे वसनं जलदाभं
हलहतिभीतिमिलितयमुनाभं
केशव धृतहलधररूप जय जगदीश हरे।।
निन्दसि यज्ञविधेरहह श्रुतिजातं
सदयहृदयदर्शितपशुघातं
केशव धृतबुद्धशरीर जय जगदीश हरे।।
म्लेच्छनिवहनिधने कलयसि करवालं
धूमकेतुमिव किमपि करालं
केशव धृतकल्किशरीर जय जगदीश हरे।।

इसके बाद वसन्तरास। शरद रास हो चुका है, शरद रास तो उद्दाम वर्षा की सम्पन्नता था, नदियों का पूरी तरह उमड़कर थिराना था, अलग-अलग आकांक्षाओं का विराट आकांक्षा के साथ ओत-प्रोत होकर उज्ज्वलता का मण्डल बन जाता था, विरह की तीव्रता में श्रीकृष्णलीला से एकाकार होकर देह का श्रीकृष्णवृत्ति में परिवर्तन था, इन अलग-अलग वृत्तियों का राधाकृष्ण में समर्पण था। यह वासन्ती रास नया है। हरि तो सदा हरण करते हैं, पर वसन्त में कुछ विशेष हरते हैं। इसलिए 'विहरति हरिरिह सरसवसन्ते नृत्यति युवतिजने समं सखि विरहिजनस्य दुरन्ते'। वसन्त वैसे ही उत्पाती, उसमें हरि रास करने आए,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

उन्माद और बढ़ गया, हवा उन्मत्त हो गई, भौंरे उन्मत्त हो गए, कोयल उन्मत्त हो गई, जिनके प्रिय पास नहीं, उनका मदन मनोरथ उन्मत्त हो गया, उन्मद सौरभ-वाला बकुल उन्मद भौंरों की भीर से कसमसा उठा, मृगमद की गन्ध जबर्दस्ती छीन कर तमाल अपने घने श्यामल पत्रजाल को तान कर एकदम छोटे-छोटे फूलों की उन्मद से रसवर्षी बन गया, सेमल के नये फूल नरहरि के उन्मत्त नख बन गए, कितने युवा हृदयों का विदारण करेंगे। ऐसे में हरि ने रास रचा, देखा नहीं कि रास में राधिका तो है नहीं, पर रास शुरू हो गया, मुग्ध गोपवधुओं ने एक श्रीकृष्ण को आत्मसात् कर लिया। मधु में माधव मिल गए, ऐसे अबोध कि ऐसे असाधारण को हृदय में अधिष्ठित करके भी साधारण प्रणयी हो गए। राधा तो इस रास के लिए तैयारी करके आई थी, वासन्ती कुसुमों के परिधान पहने आई थी, पर रात में श्रीकृष्ण के साथ नाचना है, इस प्रतीक्षा में पहले ही विह्वल हो गई, आई तो रास थिरक उठा था, सखी ने (शायद विशाखा ही हो) कहा—श्रीकृष्ण तो आ गए, रास शुरू हो गया, कैसे सहोगी सखि?

शरद का रास रात्रि का रास था, वसन्त का रास दिनदहाड़े का रास है। वंशी ने नहीं बुलाया, हवा ने बुलाया, गन्ध ने बुलाया, पिक ने बुलाया, अपने ही नक्षत्र ने बुलाया, चलो तो मैं वहाँ चला, पीछे-पीछे आओ। किसी को किसी की सुधि नहीं, नाच भर की सुधि है, नाच में क्या नाचना है, बस इतना मालूम है। श्रीकृष्ण मुग्ध, गोपवधुएँ मुग्ध, राधा भी मुग्ध, बिदककर चली गई। श्रीकृष्ण ने नाच में किसी मोड़ पर दूर राधा को जाते देखा, रास-रस फीका पड़ गया, नचाने वाली तो चली गई, रासेश्वरी नहीं तो रास कैसा। हाय रे वसन्त, तुम संयोग में भी वियोग पैदा करते हो? राधा को लगा रास मेरा परिहास कर रहा है, 'रासे हरिमिह विहितविलासं स्मरति मनो मम कृतपरिहासम्', सखी से कहती है, श्रीकृष्ण को देखा, उनका अधरामृत पीकर वंशी थिरक रही है, उनके होंठ फरक रहे हैं, आँखों की कोर चंचल है, सिर घूम रहा है, कानों में लगा कुण्डल थिरक रहा है, काले केश लहरा रहे हैं, उस पर लगे मोर के पंख नाच रहे हैं, लगता है अनगिनत इन्द्रधनुष एक साथ लक्ष्यवेध के लिए चढ़ गए हों और बादलों के दल घुमड़ पड़े हों। क्या करूँ सखि, मेरी बड़ी हँसी हुई, पर इस रासविलासी कृष्ण के सिवा कुछ स्मरण करने को भी तो नहीं है। मुझे लगता है कि बड़े कदम्ब के पेड़ के नीचे प्रीति-तरंगित आँखों के इशारे से श्रीकृष्ण बुला रहे हैं, भीतर के कलही चित्त का सब कलुष शमित कर रहे हैं, उस एक तरह दृष्टिपात से। सखी, वे मुझे रास में रमा रहे हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

क्या करूँ, मैं ही वामा नहीं मन भी मेरा वाम है, मैं कहती हूँ श्रीकृष्ण से दूर चलो, ऐसा छली, ऐसा चंचल, नहीं जाते इसके रास में, और वह उधर ही जाना चाहता है। बार-बार वह एकान्त निकुंज में जाता है, मैं चकित होकर हर तरफ देख रही हूँ, कोई है तो नहीं और वह छिपा हुआ हँस रहा है। मैं प्रेमावेश से जाने कैसी हो रही हूँ और वह निश्चिन्त भाव से मेरी प्रथम समागम की लज्जा दूर कर रहा है। सखी, उसी बीते हुए क्षण में मुझे ले चलो, जब मुझसे वह सुख सहा नहीं जा रहा था, तनुलता निस्सह हो गई थी, मैं अर्पित हो गयी थी, वह मुदित हो रहा था। वसन्त मुझे चैन से रहने नहीं देगा, उसी के पास ले चलो।

उधर श्रीकृष्ण रास छोड़कर उस एकान्त कुंज में चले गए, जहाँ राधा से पहली भेंट हुई थी और पछताने लगे, क्यों नहीं मैंने उसे रोक लिया, मैंने क्यों नहीं उसे आदरपूर्वक बुलाया, क्यों मैं मनमोहनपन के सङ्कोच में पड़ा रहा, मेरी हँसी हो जाएगी। क्या होगा यह रूपसम्पत्ति लेकर, क्या होगा इतने लोगों का आकर्षण-केन्द्र बनकर, इन सबका जो उद्देश्य है, वही जब पास नहीं है, क्या कहेगी वह, क्या करेगी इस प्रकार अलग होकर।

अब इस जीवन में क्या रखा है और अब घर में क्या रखा है।

किं करिष्यति किं वदिष्यति सा चिरं विरहेण।
किं धनेन जनेन किं मम जीवितेन गृहेण।
हरि-हरि हतादरतया गता सा कुपितेव।।

माधव राधिका के विना, लगता है पहली बार ऐसे व्याकुल हुए हैं। यह प्रमादी वसन्त क्या-क्या प्रमाद करता है, मनुष्य की देह में भी कैशोर का वसन्त आता है। तो ऐसे ही प्रमाद करता है, ऐसे ही नाराज करता है, ऐसे ही खिझाता है, ऐसे ही सिझाता है अनुताप में और ऐसे ही तड़पाता है। वह सनातन किशोरी न हो तो माधव का ऐसा उन्मथन हो, माधव का मधु सम्पूर्ण विश्व को वितरित न हो।

माधव कुंज में बैठे-बैठे बिसूर रहे हैं, प्राणों की अधिदेवता राधा को। रात हो आई। इतने में राधा की सखी विशाखा राधा का विरह-निवेदन लेकर पहुँचती है। कहाँ-कहाँ श्रीकृष्ण प्रेमाकुल होकर भटक रहे हैं, जाने कैसे राधा प्रसन्न होंगी? सखी उन्हें ठिकाना देती है, राधा विरह में तुम्हारी भावना करते-करते तुममें लीन-सी हो गई है, उसे न चन्द्र की शीतल किरणें सुहाती हैं, न मलयसमीर, मलयसमीर तो मलयाचल के चन्दन-द्रुमों में लिपटे भुजंगों की विषैली फुफकार

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

लगती है। काम के शराघात के भय से मानों भावना के द्वारा तुममें छिपने का यत्न कर रही है। निरन्तर जो मदन शराघात किए जा रहा है, उससे बचने के लिए हृदय के ऊपर कमल के दलों का वर्म धारण कर रही है। फिर सोचती है कुसुम के इन बाणों की शय्या ही क्यों न बना ले, तुम्हें पाने के लिए यह एक तप हो जाए। प्रतिक्षण बिलखती कहती हैं, माधव मैं तुम्हारे चरणों में पड़ी हूँ, तुम विमुख रहते हो तो सुधानिधि चन्द्रमा भी शरीर में दाह ही पैदा करता है। राधा ध्यान के लययोग के द्वारा तुम्हें सामने पाने की परिकल्पना करके पा लेती हैं, कितने भी दुष्प्राप्य क्यों न हो योगियों के लिए, पर पाकर भी कभी विलाप करने लगती है, क्यों भुलाया, कभी उन्मत्त होकर हँस पड़ती है, अब मिले हो, कभी विषाद में भर जाती है, क्यों तुम्हारे ऊपर कुपित हुई, फिर रोने लगती है मैं पागल हूँ, तुम कुछ वैसा न मानना, फिर स्पर्श पाते ही छनछना उठती है, क्यों उपेक्षा की और अन्त में गरम उसाँसों के द्वारा भीतर का सारा ताप बाहर निकाल देती है।

घर वन हो गया है, सखियाँ जाल का घेरा हो गई हैं, शरीर का ताप गरम साँसों से मिलकर दावानल हो गया है। कमल की नाल उखाड़ लें तो जैसे कमल के ऊपर के जलकण चारों ओर बिखर जाते हैं, वैसे ही उसकी आँखें बरस रही हैं और लगता है कि उन आँखों का मूल अस्तित्व नहीं रहा। जैसे सन्ध्या बालचन्द्र को चिपकाये रहती है, वैसे ही गालों पर हाथ रखे रहती है, कहीं अश्रु प्रवाह से विचलित न हो जाए। बस हरि-हरि यही जपती रहती है कि श्वास इस नाम के साथ एकाकार हो जाए और इसी में सदा के लिए विलीन हो जाए।

पश्चिम और पश्चिम की छुई-मुई शुचिवादिता से प्रभावित भारत के विद्वान् गीतगोविन्द की ऐन्द्रियता और मांसलता की बात बहुत करते हैं, क्या यह ऐन्द्रियता है? क्या इन पंक्तियों में देहबुद्धि है? क्या संयोग शृंगार इस वासन्ती उद्वेग में उद्दीपन मात्र नहीं है, क्या विप्रलम्भ की विविध सम्भावनाओं के द्वारा प्रेम का तरह-तरह से उद्वेलन ही उस काव्य का मुख्य लक्ष्य नहीं प्रतीत होता।

अस्तु, श्रीकृष्ण को लगता है, बात अभी बिगड़ी नहीं है, इसी निकुंज में फिर राधा आ जाएगी, तब उसे लगेगा कि प्रियतम आकुल हैं मेरे लिए। यहीं दूसरा प्रमाद होता है। कुंज को श्रीकृष्ण महत्त्व देते हैं, राधिका के पूर्व मिलन स्थान को राधिका से अधिक महत्त्व देते हैं और स्वयं राधा के पास नहीं जाते। सखी राधा से श्रीकृष्ण की विह्वलता का वर्णन करती है और अभिसार के लिए अनुरोध करती है—विलम्ब न करो सखि, वनमाली वन के निभृत

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

एकान्त में तुम्हारी प्रतीक्षा कर रहे हैं, वंशी में तुम्हारा ही नाम टेर रहे हैं, तुम्हारी ओर से हवा इधर चलती है और धूलि उठकर अंगों में लगती है, तो उस धूलि को जीवनमूरि मानते हैं, तुम्हारी क्षण-क्षण बाट जोह रहे हैं, पत्ता खड़कता है, पक्षी पंख फड़फड़ाते हैं, उन्हें लगता है, तुम आ रही हो और कुसुमों की सेज बिछाने लगते हैं। प्यारी, देर न करो, हरि बड़े अभिमानी हैं, रात भी बीती जा रही है, चलो प्रिय की इच्छा पूरी करो। नील वसन पहन लो, नूपुर उतार दो, नूपुर बड़ा अधीर है, बड़ा मुखर है, श्याम तम में श्याममय होकर चलो। कैसा वेश बनाया है श्रीकृष्ण ने कि मदन का मन भी उस वेश से ही हर जाए। कामनाएँ भी वेश देखकर कामना न रह जाएँ, ऐसे मिलन की तैयारी करो, जिसमें कामविरहित प्रेम उच्छ्वसित हो उठे और भूमिकाएँ बदल जायें, प्रेयसी प्रिय हो जाए।

अभिसार के लिए राधा चलने को तैयार होती है, पर चल नहीं पाती, सखी से कहती है—गोविन्द को ही बुला लाओ, मैं अभिसारिका नहीं बन पा रही, वासकसज्जा के रूप में यहीं प्रतीक्षा करती हूँ। सखी गोविन्द से कहती है, तुम गोपाल गोचारणविशारद तुम्हीं चलो, तुम्हें तो कुछ सुधि अभी है, राधा तो बस अपने आप में खो गई है, हर तरफ आपको देखती है, उसे लगता है प्यारे मेरे अधर-मधु का पान कर रहे हैं। कुछ पग चलती है, गिर पड़ती है, केवल तुम्हारे अनुभावन के कारण तुम्हारी रतिकला के सहारे, जिसकी उद्भावना करती रहती है, उसी से वह जी रही है। वह इतनी खो गई है कि शृंगार करना चाहिए राधा का, श्रीकृष्ण का शृंगार किए हुए है और सोच रही है कि राधा आ रही है। फिर उसे लगता है कि मैं राधा हूँ, श्रीकृष्ण को आना चाहिए था, नहीं आए। अकुलाकर अन्धकार को ही श्याम मानकर उसे अंक में भरने चलती है। लगता है तुम्हारी लीला में इतनी आसक्त होने पर इस प्राणसंकट वाली अकुलाहट में रात नहीं बिता पाएगी। सखी की बात सुनते हैं और श्रीकृष्ण भी चल नहीं पाते। राधा विलाप करने लगी। चन्द्रमा ऊपर चढ़ आया, हरि नहीं आए। मैं सखी की बातों में ठगी गई, कहाँ जाऊँ, यह रूप, यह यौवन विफल हो गया। लगता है हरि को दूसरी पुण्यशीला प्रेमपाश में बाँधे हुए है। जाने क्या-क्या केलिकलाप नहीं कर रही होगी। मेरी तरह अभागिन थोड़े ही है कि किसलय-शय्या पर भी चल रही हो, मदनबाणों से बींधी जा रही हो, हँसी का पात्र बन रही हो। एक मन:कल्पित ईर्ष्या में राधा दहक उठती है और संगम का एक कल्पित चित्र और अधिक उद्वेलित कर देता है। जयदेव ने यह नहीं कहा कि श्रीकृष्ण कहीं अन्यत्र रम रहे हैं, बस

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अनकहे कह दिया कि ईर्ष्याकल्पित वास्तविकता है। पर राधा और कृष्ण मिल नहीं रहे हैं, रात बीती जा रही है, पूरी तैयारी और इतनी प्रतीक्षा, अभिमान मिलने नहीं दे रहा है। राधा श्रीकृष्ण की तन्मयता के अभिमान में पड़ी रहती है, श्रीकृष्ण राधा के प्यार के पूर्वक्षण के साथ तन्मयता के अभिमान में पड़े रहते हैं, राधा अपनी व्यष्टि-सत्ता खोना नहीं चाहती, श्रीकृष्ण अपनी समष्टि सत्ता खोना नहीं चाहते। वसन्त के और नये प्यार के, और आध्यात्मिक अनुभव के शिखर के ये ही तमाशे हैं, 'मिलि न सकत मिलिबे अकुलावत'। मिलना नहीं होता है, केवल अकुलाना ही होता है मिलनै के लिए। उत्सर्ग के अन्तिम क्षण में बाधा और तीव्रतर हो जाती है। राधा को लगता है, मैं अपने आप से वंचित हूँ, मेरा स्व ही मेरे खिलाफ साजिश कर रहा है।

पहला दिन और पहली रात ऐसे ही बीत गई, श्रीकृष्ण को लगा, बहुत हो गया, चलें, राधा के चरणों में पड़ें, बड़ा क्लेश दिया मैंने। आये, पर राधा प्रभात की आभा में दीप्त बिगड़ गई, धूर्त कहीं के, रात भर दूसरी के साथ बिता कर सुबह घाव पर नमक छिड़कने यहाँ आये हो, तुम्हारी आँखें रतजगा का प्रमाण दे रही हैं, साथ-साथ किसी अपूर्व तृप्ति का अलस भाव भी जतला रही हैं, जाओ उसी के पास जो तुम्हारी थकान हरती है। तुम्हारे लाल ओंठ काजल-लगी आँखों के चूमने से काले हो रहे हैं, ठीक तुम्हारे शरीर और स्वभाव के अनुरूप। तुम्हारे हृदय किसी के चरणकमलों के आलते से अभिषिक्त हैं, जैसे वह नये प्यार के अँखुओं का किसलय-परिवार हो। तुम्हारा शरीर जैसा काला है वैसा ही तुम्हारा मन भी, नहीं तो अपनी इतनी समर्पिता को इस तरह धोखा देते। तुम्हें भीतर से कुछ लगता नहीं, बचपन में जिसने दूध पिलाने वाली को मार डाला हो, उससे और क्या आशा करें।

राधा को लगता है, खण्ड-खण्ड हो गई है। श्रीकृष्ण ऐसा करेंगे, कल्पना नहीं थी। विराट् को तोड़ना है कैसे कल्पना की जाए। पर सही बात तो यह है कि विराट् अधिक तोड़ता है। श्रीकृष्ण सारे जीवन तोड़ते ही तो रहे, कितने नाते कितने रिश्ते तोड़े, मुस्कराकर कहते हैं, जिस पर अनुग्रह करता हूँ, उसी को तोड़ता हूँ, जिसे चाहता हूँ उसे पहले अकिंचन बनाता हूँ। पर राधा अकिंचन नहीं है, अकिंचन बनाने वाले की सब कुछ है। वह खण्डित होकर भी टूटेगी नहीं, वह विराट् के आगे झुकेगी नहीं, वह विराट् पर छा जाएगी। सखी मनाती है, नहीं मानती। श्रीकृष्ण मनाते हैं, बड़ी मीठी बातें करते हैं, मैं तोड़ने वाला वंचक, पर तुम तो चारुशील वाली हो, मान जाओ, जो दण्ड देना चाहो, दण्ड दो, जिस-जिस अंग को तुम दण्ड के योग्य समझती हो, दण्ड दो, तुम्हीं मेरी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

शोभा हो, शृंगार हो, तुम्हीं मेरा जीवन, तुम्हीं मेरे संसाररूपी समुद्र का रत्न, तुम पुनः अनुकूल बनो। लाओ, अपने पदपल्लव मेरे सिर पर रखो, यह काम का गरल उतार देगा, मेरे सिर पर मुकुटमणि बनकर विराजेगा, जो मैं जल रहा हूँ विरह के ताप से, उस ताप को यह शोभित कर देगा शीतल स्पर्श से।

जयदेव ने इस अष्टपदी में विराट् को झुकाकर प्यार की एक अद्वितीय भूमिका स्थापित की है। विराट् सदा उपजीव्य है लघु का, समष्टि सदा प्रणत है व्यष्टि के आगे, श्रीकृष्ण के लिये राधा शक्ति मात्र नहीं, स्वरूप की पहचान है। इसी कारण जब दिन ढलने पर (सारा दिन तो अनुनय-विनय में ही चला जाता है) सखी के उकसाने पर स्वभाव की सहज भोली राधिका अभिसार के लिए उसी निभृत कुंज की ओर चलती है, तो उच्छलित हैं उसके पदविन्यास। वह अंधकार को अपने प्रेमरूपी हेम की कसौटी बनाती हुई चलती है, स्वाधीनपतिका बनकर चलती है, लो अब तो यह मेरे अधीन हो गए, जैसे चाहूँ इन्हें नचाऊँ, अब मैं मनमाना रास रचाऊँ। वह इस उल्लसित भाव से जब श्रीकृष्ण के पास जाती है तो उन्हें लगता है देर हो गई, राधा-देह पहुँचे, इसके पहले राधाभाव श्रीकृष्ण के अंग-अंग में अवतीर्ण हो गया है, राधा के लिए अभिलाषा राधा बनकर हुलस रही है। नीले समुद्र में पूर्ण चन्द्रमा को देखकर जैसे उज्ज्वल फेनिल लहरों का पुंज बन जाता है, अगाध समुद्रता जाने कहाँ चली जाती है। यमुना के ऊपर फेनिल लहरें जैसे शोभित होती हैं, वैसे ही श्रीकृष्ण के नील वक्षस्थल पर हार झिलमिला रहा है। पीताम्बर ऐसा लग रहा है कि जैसे विकसित नीलकमल चारों ओर अपने ही पीत पराग की धूलि से लिपट गया हो, श्यामल शरीर सोने का कुण्डल वदनकमल से मिलने के लिए ऐसा आतुर है जैसे सूर्य हो, काले केशों में श्वेत कुसुम ऐसे गुँथे हुए हैं जैसे बादलों के बीच-बीच में चन्द्रमा की किरणें झाँक रही हों, चन्दन का तिलक ऐसे लग रहा है जैसे चन्द्रमा अन्धकार में एकाएक उदित हो आया हो। गौर राधा श्रीकृष्ण पर छा गई है, राधा तो श्रीकृष्ण से मिल चुकी, अब मिलन होना है तो श्याम बनी राधा का राधामय कृष्ण से मिलन होगा। मणिपुर में अन्तिम दो अष्टपदियाँ गाने का अभिनय करने का अधिकार बड़ी मुश्किल से किसी को मिलता है, कहाँ पात्रता होगी ऐसे मिलन का पूर्व क्षण और उत्तर क्षण अपने भीतर करने की। ओछा-सा मनुष्य देह का भाजन, वह भी जाने कितनी कलौंस से भरा यह उज्ज्वल रस-सिन्धु कहाँ से भरेगा। राधा की बड़ी आँखें श्रीकृष्ण की यह शोभा निहारती रहीं, जैसे कान तक पहुँच जाने के

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आयास में एकदम श्लथविश्लथ हो गईं और आनन्दाश्रु बहने लगा, मानो अतिश्रम से स्वेद बह चला हो। श्रीकृष्ण के दर्शन ऐसे थे जैसे हजार दर्पणों में अपना दर्शन हो, इतना अपने को देखना भर देता है प्रत्येक नाड़ी को आनन्द के प्रवाह से और तब शरीर अवश हो जाता है। इस अष्टपदी का वितान बड़ा विलम्बित है।

हरि ने राधा की दृष्टि किसलयशय्या पर सतृष्ण पड़ी देखी तो उन्होंने आह्वान किया एक क्षण के लिए, तुम अनुगत नारायण के अनुसार व्यवहार करो, जैसे नूपुरों पर कृपा करती हो वैसे ही मुझे भी अधिकार दो कि कर-कमलों से चरणों की सेवा करूँ। इसके अनन्तर राधा नारायण हो गई, श्रीकृष्ण हो गए राधा, उस मिलन को क्या किसी भी मिलन के क्षण को साक्षात् जयदेव ने नहीं गाया, या तो स्मृतिरूप में या कल्पनारूप में या स्पृहारूप में ही मिलन अष्टपदी में आया। कथायोजक श्लोकों में कुछ अतीत की घटना जैसा मिलन उपवर्णित हुआ, पर अष्टपदी में मिलन या तो पहले है या बाद में कल्पना में या अभिलाषा में।

मिलन हुआ भी तो दो परस्पर रूपान्तरित भूमिकाओं का मिलन हुआ, रात क्षीण हो गई, सुबह होते ही राधा को लगा कि नारायण भाव झेला नहीं जाएगा, राधा बनकर लौटना है। पर ऐसी राधा जो श्यामरस में बोरी जाकर श्यामा हो गई हो, वह श्यामा श्याम के हाथों में बनना चाहती है, कस्तूरी का तिलक लगाना चाहती है, श्याम के हाथों कस्तूरी का लेप लगाना चाहती है हृदय पर श्याम के हाथों, श्याम के द्वारा पुछा कज्जल श्याम के हाथों और चटकीला कराना चाहती है, वेणी के ढीली पड़ने से केशों मे से कुसुम खिसक गए हैं, श्याम के हाथों से अपने केशों में ऐसे कुसुम गुँथवाना चाहती है कि मयूरपिच्छ बन जायें। श्रीकृष्ण ही उसे अपने हाथों से हार पहनायें, मेखला पहनायें, नूपुर पहनायें, नीली फरिया की फहरान ठीक करें, श्रीकृष्ण भर जायें तो राधा उत्कंठा-भरी राधा वापस मिले, मिलन में वह तो न जाने कहाँ बिला-तिला गई थी।

गीतगोविन्द गोविन्द द्वारा राधा के श्यामाकरण में पूर्ण हो जाता है, श्याम-श्याम की एक-दूसरे में आपूरित होने की निरन्तर आकांक्षा ही जयदेव की केन्द्रीय ग्रहण भाव-रचना है।

मैंने बहुत ही सपाट ढंग से इस लीला प्रबन्ध की कहानी सुना दी। पण्डित नहीं हूँ, इसलिए मैंने कोई आलोचना अपनी ओर से नहीं जोड़ी, दार्शनिक

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नहीं हूँ, मैंने सच्चिदानन्द और उनकी ह्लादिनी शक्ति के बीच भेदभाव की तत्त्वमीमांसा नहीं की, भक्त नहीं हूँ मैंने भक्तिरस की दृष्टि से संचारियों के संगुम्फन का मर्म नहीं समझाया, न विरह-लीला का लोकोत्तर रहस्य समझाया और नृत्य संगीत की जानकारी नहीं कि प्रस्तुति में आए हुए तरह-तरह के मोड़ समझाता, कलाविद् नहीं कि रंगों का घुलन मनुष्य और सृष्टि का ओतप्रोत भाव देश या काल के विभाजन की कलायुक्तियों के द्वारा निरूपित करता। साहित्य का सामान्य पाठक हूँ, कला का सामान्य प्रेक्षक हूँ। बस मैं चाहता हूँ, शब्द और संगीत का अनबूझ श्रोता अपनी आँखों से इन लीलाओं को निरखें, देखें, कैसे देह का सौन्दर्य, देह की चेष्टा, देह की अपेक्षा से सब जब किसी गहरे भाव को लेकर सामने आते हैं तो देह रहते हुए भी देह से मुक्ति मिल जाती है। देखें, वर्षा का मंगल रचकर वसन्त जैसे रूप अनमने और पात-पात सुखाने वाले को कैसे अद्‌भुत रसवृष्टि का रास बना दिया जा सकता है, पिण्ड की रागात्मिका वृत्ति को कैसे इतनी भंगिमाओं में नचाते हुए ब्रह्माण्ड के अधीश्वर की सनातन विवशता का प्रेरक बनाया जा सकता है। ध्यान लगाकर सुनें, रास के पदक्षेपों और संगीत के स्वरों से बालू कैसे स्पन्दित होकर बजती है।

मुझे लगता है, जो यह रास पूरा नहीं हुआ, जो यह मिलन अभिलाषा में ही समाप्त हुआ, वह कुल सवा दो दिन में ही (जितने समय में चन्द्र एक राशि का भोग पूरा कर लेता है), किशोर मनोभावों के इतने चढ़ाव-उतार हो गए कि पूरी सृष्टि उससे उद्वेलित हो गई, यह सब अचानक नहीं हुआ। युगों से इसकी तैयारी हो रही थी और शायद अब भी तैयारी पूरी नहीं हुई, श्रीकृष्ण के चपल मनोहारी रूप को नचाने का संकल्प बड़ा पुराना है। हेमचन्द्र ने अपभ्रंश दोहे का एक टुकड़ा उद्‌धृत किया है—

हरि नच्चाविउ, अंगइ विम्हइ पाडिउ लोउ।

किसने आँगन में हरि को नचा दिया, लोगों को विस्मय में डाल दिया, सिवाय राधा की हल्की-सी झलक ने। युगों-युगों के कवियों का वह संकल्प पूरा किया है जयदेव ने। मैंने प्रारम्भ में एक प्रति की थी, जयदेव ने राधा नहीं रची, जयदेव ने राधा-युग रचा, यह युग राधा-युग संस्कृति का वह अध्याय है, जिसमें साहचर्य बराबर की सहभागिता माँगता है, जिसमें ब्रह्म कूटस्थ नहीं रहने पाते, जिसमें जीव के भीतर का चैतन्य केन्द्र बन जाता है, जिसमें बच्चों का एक घरौंदा बन जाता है पूरा ब्रह्माण्ड, एक छोटा-सा रेत का कण बन जाता है अनन्त ऊर्जा का स्रोत, एक अपरिपक्व मानुष संवेदना हो जाती है

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सृष्टि की सार्थकता, वृन्दावन के यमुना-तट के एक कोने में उमड़ जाता है अथाह रससिन्धु और ईर्ष्याभरी उत्कट अभिलाषा हो जाती है विशुद्ध चैतन्य के लिए अतिरिक्त प्रभामण्डल टूटना, खण्डित होना, उन्मथित होना, पगलाना, खीझना, रूठना, मनाये न मानना, पिघलना, सजना, मिलना, खाली हो जाना, भरने की चाह करना ये सब घटित होते हैं, तो मनुष्य के अस्तित्व का प्रमाण मिलता है; क्योंकि यह सब मिलकर ही यह साध सधती है कि विशाल लघु हो जाएँ, बूँदें एक क्षण को ही सही समुद्र से उछलकर ऊपर हो जाएँ।

जयदेव का काव्य यह साध पूरी नहीं करता, साध को केवल चेताये रहता है, आत्मीयता के विस्तार की आकांक्षा छूने न पाये, इसीलिए तो हरि यहीं विहार कर रहे हैं, इस समय भी विहार कर रहे हैं, जब पलाश दहक रहा है, कोयल कुहक रही है, तमाल श्यामलता छोड़कर राधामय हो रहा है, राधामय होकर निरन्तर मरन्दवर्षा कर रहा है, तमाल के इस परिवर्तन को श्यामलता सह नहीं पा रही है और भौंरों की भीर बनकर उसे आच्छादित कर रही है, विद्यापति के शब्दों में तिल-तिल नूतन हो रहा है, दिन दहाड़े डाका पड़ रहा है, कोई मित्र अपना मित्र नहीं रह जाएगा, सब पराये हो जाएँगे, शायद अपनापन छीनने वाले पराए की भी परता, परात्परता छिन जाएगी। अपनी साँसों में देखिए, मलय पवन सिहर रहा है या नहीं, अपने भीतर के गहन अन्तरतम में सुनिए भौंरे गुनगुना रहे हैं या नहीं, कोयल कुहक रही है या नहीं और एक उन्मुक्त भाव नाच रहा है या नहीं, विश्वास मानिए यह तमाम जंजालों के बीच अनेक प्रतिरोधों के बावजूद जो अनुभव होता है, वही हरि है, वही हरि का रास है, वही राधा का वैचित्य है, सनातन दुरन्त विरह है, वही जीव की सबसे बड़ी निधि है। सुनिए वह पुकार—

ललितलवङ्गलतापरिशीलन-कोमलमलयसमीरे
मधुकरनिकरकरम्बितकोकिल-कूजत्कुञ्जकुटीरे।
विहरति हरिरिह सरसवसन्ते
नृत्यति युवतिजनेन समं सखि विरहिजनस्य दुरन्ते।।

●

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्रीश्रीगीतगोविन्दम्

श्रीश्रीप्रबोधानन्दसरस्वतीकृतया
श्रीश्रीगीतगोविन्दव्याख्यानाख्यटीकया समेतम्

।।अथ प्रथमः सर्गः।।

सामोद-दामोदरः

मेघैर्मेदुरमम्बरं वनभुवः श्यामास्तमालद्रुमै-
र्नक्तं भीरुरयं त्वमेव तदिमं राधे गृहं प्रापय।
इत्थं नन्दनिदेशतश्चलितयोः प्रत्यध्वकुञ्जद्रुमं
राधामाधवयोर्जयन्ति यमुनाकूले रहःकेलयः।।१।।

शशधरमधुरमधुरमूर्त्तिश्रीवृन्दावनेश्वरीस्तनकुड्मलमकरीविरचनाकलितकर-कमलदलानन्दकन्दलितमकरध्वजादेशचलितयोः श्रीमत्कालिन्दीतटसम्बन्धि-माधवीव्रततिस्फुटत्कुसुमकदम्बसौगन्ध्यलुब्धसच्चञ्चरीकपटलीध्वनिकलमाधुरी-मुग्धस्वरगुणगणे विविधनिकुञ्जमञ्ज्वध्वद्रुमघनवनेऽवलम्बिनीं कन्दर्पकोटि-लीलारसजलधिमग्नहृदयश्रीवृन्दावनकिशोरीकिशोरचक्रचूडामण्यो राधामोहनयोः समस्ततज्जनहृत्पङ्केरुहानन्दसंवर्धिनीं विहारमाधुरीं तत्कृपयैव वर्णयितुं श्रीजयदेवनामा कविरिष्टदेवतास्मरणलक्षणं मङ्गलमाचरति—मेघैरिति। तच्चायोग्योऽप्ययं जनस्तदनुगतत्वेनैव व्याचष्टे—

जयदेव का गीतगोविन्द बासन्तीरास का काव्य है और मंगल-वर्षा का। यह अपने-आप में कोई कम विडम्बना नहीं है। पर यह इस काव्य के लिए आवश्यक है। यह साधारण प्रबन्धकाव्य नहीं है। इसमें सब-कुछ अटपटा है, सब-कुछ अद्वितीय है। इसका मंगल उसी अद्वितीयता का संकेत देता है। मंगल के रूप में पहला एक श्लोक ग्रन्थ के प्रतिपाद्य श्रीराधा और श्रीकृष्ण को इस रूप में प्रस्तुत करता है कि श्रीकृष्ण नायक नहीं हैं, श्रीकृष्ण ले जानेवाले नहीं हैं। श्रीराधा ही श्रीकृष्ण को उनके घर ले जानेवाली हैं। समय भी कैसा है, जिसमें सब कुछ श्याम हो गया है। आकाश में घने बादल, आकाश एकदम घना काला हो गया है और स्थिति जमीन पर भी वैसी ही है। तमाल के घने पत्रजाल से पृथ्वी ऐसी ढँकी हुई है कि वह और भी घनी काली हो गयी है। यही काफी नहीं समझा गया है। रात

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मेघैरित्यादि। जयन्ति सर्वोत्कर्षेण वर्त्तन्ते, प्राकृताप्राकृतेभ्यो लीलास्वरूपयोरतिरेकात्; उक्तञ्च (भा. १।३।२८)– 'कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्' इति। कास्ताः–रहःकेलयः सुरतक्रीडाः, 'रहो गुह्ये रते' इति। रहःकेलय एकान्तक्रीडा इति वा, सजातीयविजातीयेभ्योऽपि एकान्तत्वेन राधया सह केलीनामुत्कर्षो निरूपितः, उक्तञ्च (भा. १०।३०।२८)– 'यन्नो विहाय गोविन्दः प्रीतो यामनयद्रहः'। इति। अथवा केलयः सुरतक्रीडाः, प्रकरणवशात्। कस्मिन् सति? रह एकान्ते सति, एकान्तार्थे रहोऽव्ययमिति। सखीभिरपि किञ्चिद्व्यवधाने स्थितत्वात्; वक्ष्यति च (गो. ७७) 'याते गेहाद्बहिरवहितालीपरिजने' इति। जयन्तीत्यनेन नमस्करणीयत्वमुक्तम्, तेन नमस्क्रियया काव्यामुखं द्योतितम्। 'आशिषि लिङ्लोटौ' (पा. ३।३।१७३) इति लोडर्थे लङ्विधानात्। आशीश्च– भवतीदमाशीर्वादस्वरूपं मङ्गलं भक्तप्रेम्णैव सङ्गच्छते, परमकल्याणरूपत्वात्। केलय इत्यनेन कथालक्षणं वस्त्वपि निर्दिष्टम्। एवं महाकविना त्रिविधमपि काव्यमुखं समुन्मीलितं भवति। तथा च जयन्तीत्यनेन वर्त्तमाननिर्देशात् केलीनां नित्यत्वं प्रतिपादितम्; केलय इत्यनेन बहुवचनेनानन्तत्वञ्च दर्शितम्, कवेश्च लीलोपासनया परमैकान्तिकत्वञ्च स्फुटमेव। तासां स्थानं दर्शयति- क्व यमुनाकूले यमुनायाः कूलं तत्र; प्रत्यध्वकुञ्जद्रुमम् अध्वानश्च कुञ्जाश्च

आती है। श्यामता के ऐसे विपुल विस्तार में श्याम खो गये कि उन्हें अपनी ही श्यामता से भय होने लगा। मैं अपने को अपनी श्यामता में कहाँ ढूँढूँ? कहाँ पाऊँ? नन्द ने इसे समझा। और कौन उपयुक्त पात्र है, जो उन्हें उनके स्वरूप का विमर्श कराये, उसी को उन्होंने आदेश दिया। वह पात्र श्रीराधा हैं। घने मेघों के बीच में बिजली जब कड़कती है तो बादल भी साफ-साफ दिखता है। श्रीराधा इस सभी श्यामता को ओढ़कर उसे नीलवसन बनाकर जब आगे-आगे चलती हैं, तो श्रीकृष्ण के सामने राहें खुल जाती हैं और उन्हें दिखने लगता है कि हमारा मार्ग इधर है, हमारा मार्ग ऊपर आकाश में नहीं है। इस साधारण मानवलोक पर है। मानव-उद्वेलन के प्रतिक्षण की उत्सुकता में है, वर्षा को वसन्त में परिवर्तित करने में है, प्रत्येक झुरमुट में, यमुना की बालू में रस की सम्भावना का विस्तार करने में है। रस की सम्भावना एक ऐसे मानवचित्त में ही सम्भव होती है, जो चित्त रस की आकांक्षा से इतना परिप्लुत हो गया हो, इतना उमंगित हो गया हो कि चित्त नाम का पदार्थ उस ताप में, उस आकांक्षा के ताप में गलकर वही रूप ले चुका हो, अर्थात् चित्त स्वयं परात्पर प्रकाश की धारा का रूप ले रहा है। एक प्रकार से श्रीराधा केवल नीलवसन ही नहीं पहनतीं, ऊपर से ही केवल श्यामता धारण नहीं करतीं, भीतर

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

द्रुमाश्च अध्वकुञ्जद्रुमास्तान् प्रति, 'लक्षणेनाभिप्रती' (पा० २।१।१४) इति समासः। अध्वनि अध्वनि कुञ्जे कुञ्जे द्रुमे द्रुमे इत्यर्थः। अनेन महाविलासित्वं कथितम्, तदुक्तं 'चापल्यसीम' इति कर्णामृते (७४); तथा चाध्वादिषु केलयः, यथा (भा. १०।३०।२७,३१-३४)–

'कस्याः पदानि चैतानि याताया नन्दसूनुना।
अंस-न्यस्त-प्रकोष्ठायाः करेणोः करिणा यथा।।
न लक्ष्यन्ते पदान्यत्र तस्य नूनं तृणाङ्कुरैः।
खिद्यत्सुजाताङ्घ्रितलामुन्निन्ये प्रेयसीं प्रियः।।
इमान्यधिकमग्नानि पदानि वहतो वधूम्।
गोप्यः पश्यत कृष्णस्य भाराक्रान्तस्य कामिनः।।
अत्रावरोपिता कान्ता पुष्पहेतोर्महात्मना।
अत्र प्रसूनावचयः प्रियार्थे प्रेयसा कृतः।।
प्रपदाक्रमणे एते पश्यता सकले पदे।
केशप्रसाधनस्त्वत्र कामिन्याः कामिना कृतम्।।
तानि चूडयता कान्तामुपविष्ट इह ध्रुवम्'।।

भी श्यामता का ही अनन्त प्रसार भरती हैं। दूसरे शब्दों में राधा सम्पूर्ण श्यामता को अपने भीतर-बाहर समेट लेती हैं। इस कारण वे श्याम को अपने में ले लेती हैं, अपने में भर लेती हैं और अपने में भरकर उन्हें रस के विस्तार रास में ले जाती हैं। वर्षा से वसन्त की यह छलांग समझ में नहीं आती, एकदम उसी प्रकार जैसे घनी रात से दिन के प्रकाश पर एकाएक अवतरण भी समझ में नहीं आता और अन्त में तमाल का घना पत्रजाल फिर से इतनी जल्दी सब पतझड़ में झड़ जाता है। उसमें केवल शाखाएँ रह जाती हैं और शाखाओं के ऊपर झीने-झीने पीले-पीले फूल खिल जाते हैं। श्याम तमाल स्वर्ण तमाल बन जाता है और स्वर्ण तमाल से मकरन्द का द्रव ऐसे झरने लगता है, जैसे उस वृक्ष की उत्कण्ठा, श्याम से स्वर्ण होने की उत्कण्ठा ही झर रही हो। मैंने तमाल का वृक्ष वर्षों अपने दरवाजे पर देखा है, उसको काटने से बचाया है। आज के घोर उपयोगितावादी जमाने में लोग ऐसे पेड़ अपने पास नहीं रखना चाहते; क्योंकि ऐसे पेड़ की डालें नीचे जमीन तक आ जाती हैं और अपने आप एक नहीं अनेक कुंज अपनी छाया में रच देती हैं। पत्तियाँ एक-दूसरे से ऐसी सटी होती हैं और इतनी घनी हरी होती हैं कि उस छाया में

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इति श्रीभागवते; यथा वा (विदग्ध. ६।३२, ७।४३)–

प्रियसखि परिरम्भानाभिमुख्यानुबन्धा-
दसदृशविनिवेशान्नर्मलौल्योर्जितानि।
इयमविषममन्दन्यासतो जल्पगोष्ठीं
पदततिरिह राधाकृष्णयोरातनोति।।

मनोहारी हारस्खलितमणिभिस्तारतरलैः,
परिम्लायन्माल्यो मिलितपुरटालङ्कृतिकणः।
अयं कुञ्जस्तल्पीकृतकुसुमपुञ्जप्रणयवान्,
समन्तादुत्तुङ्गं पिशुनयति रङ्गं मुरभिदः।।इति।

यमुनाकूल इत्यनेन सम्भोगश्रमहरणाय शिशिरसमीरपद्माद्यवचय-जलकेलीनामित्यादिसम्पत्तिर्दर्शिता। कयोः? राधामाधवयोः, 'राध-साध-संसिद्धौ' इति राध्यते साध्यते संसिद्धिं प्राप्यते सौन्दर्यादिगुणैस्तादृशनायक-शिरोमणेराकाङ्क्षितमनयेति सा राधा। अथवा–राध्यते साध्यते वशीक्रियते स्वासाधारणानुरागमाधुर्यकौशलेनाशेषनायकचूडामणिरनयेति राधा। तथा चोक्तम् (भा. १०।३०।२८)– 'अनया राधितो नूनं भगवान् हरिरीश्वरः' इति श्रीभागवते। अनेन नाम्नैवाशेषनायकगुणाः कथिताः। मां श्रियं शोभां वैकुण्ठेश्वरीं वा धुनोति निजसौन्दर्यगुणैः कम्पयति स्वप्रवणां करोतीति

कुछ भी नहीं दिखता। वर्षा भी वहाँ नहीं पहुँच पाती। जो भी वर्षा होती है, पत्तियों में ही टँगी रह जाती है, जैसे पेड़ अपने ही ऊपर सारी वर्षा ले लेता है। वही पेड़ पतझड़ में निरा वृक्ष हो जाता है, एक भी पत्ती नहीं रह जाती। काली डालें, एकदम काली डालें और भयावह लगती हैं, जैसे कोई काली रेखाओं का एक चित्र सामने खड़ा हो, आशंकाओं पर आशंकाएँ पैदा कर रहा हो। एकाएक नाटकीय परिवर्तन है। एक-एक शाखा में हर रोम जैसे पुलकित हो जाता है और यह पुलक मृगगन्धवाली कली बन जाती है। इस गन्ध की उपमा सही ही जयदेव ने मृग के मद से, कस्तूरी से दी है। कस्तूरी मृग की भीतरी गन्ध है और मृग के वयस्क होने का प्रमाण है। जब मृग वयस्क हो जाता है तो एकाएक लगता है कि एक गन्ध आ रही है। वह इस गन्ध की तलाश में भटकने लगता है और बाहर तो गन्ध नहीं है, गन्ध तो उसके भीतर है और अपने भीतर को वह नहीं देखता, भटकता है। कुछ ऐसी ही गन्ध तमाल की कलियों की होती है और जब असंख्य अनगिनत कलियाँ एक साथ खिल उठती हैं, तब समीप आप जायें, तो ऐसा लगता है कि

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

माधवः। धूञ्-कम्पने पचाद्यच्। यथाह लीलाशुकः—'यत्पादकल्पतरु-पल्लवशेखरेषु लीलास्वयंवररसं लभते जयश्रीः' (कर्णामृते-१) इति लीलया शृङ्गाररसविक्रमेण जयश्रीः सर्वातिशायिनी शोभेति। अथवा जयस्य श्रीविष्णोः प्रसिद्धा महिषी, जयं भर्त्तुर्वक्षसि नित्यमेव स्थितिलक्षणं सौभाग्योत्कर्षं तद्युक्तेति वा; उक्तञ्च (भा. १०।२९।३७)—'श्रीर्यत्पदाम्बुजरजश्चकमे तुलस्या लब्ध्वापि वक्षसि पदम्' इति, (भा. १०।१६।३६) 'यद्वाञ्छया श्रीर्ललनाचरत्तपो विहाय कामान् सुचिरं धृतव्रता' इति। अथवा मायाः सौन्दर्यादिगुणसम्पत्तेर्धवस्पतिर्माधवः 'धवस्पतिः प्रियो भर्त्ता' इत्यभिधानात्। मधौ मधुवंशे भवो माधव इति वा। अथवा मधौ मधुररसे भवो माधवः, वक्ष्यति च (गो० १२) 'शृङ्गारः सखि! मूर्त्तिमानिव' इति। मधौ वसन्ते भवो माधवः स्मर इति वा; 'तत्र भवः' (पा० ४।३।५३) इति सूत्रेणाण्। 'ओर्गुणः' (पा० ६।४।१४६) इति गुणः। तथा चोक्तं (भा. १०।३२।२) 'साक्षान्मन्मथमन्मथः,' (भा. १०।४३।१७) 'स्त्रीणां स्मरो मूर्त्तिमान्' इति च। एभिर्व्याख्यानैर्नायकस्य गुणाः कथिताः। राधा च माधवश्च राधामाधवौ तयोः। तथा लक्ष्म्या काम्यमानोऽपि श्रीराधायामासक्तो बभूवेति तस्याः परमोत्कर्षो निरूपितः। तेन चातिगुरुगुणगणगौरवेण कामकेलिषु नायिकायाश्च प्राधान्यात्तस्याः पूर्वनिपातः। 'अल्पाच्तरम्' (पा० २।२।३४) इति वा। आस्तिककामुकोऽयं नायकश्च, तदुक्तम्—

'श्यामां परस्त्रियं प्राप्य चुम्बनालिङ्गनादिभिः।
नवाँश्च जनयेद्भावान् स स्यादास्तिककामुकः'।। इति।

कहीं जैसे सुगन्ध एकदम पागल हो गयी हो। जयदेव ने तीसरी अष्टपदी में सही कहा है कि कस्तूरी की गन्ध को भी इस तमाल ने वश में कर लिया है। कस्तूरी की गन्ध इसके आगे कुछ नहीं है, कस्तूरी का मद कुछ नहीं है। असली मद तो इस काले श्याम के रस में तन्मय हो जाने में हैं। यही मृगमद, यही कस्तूरी, इस काव्य के आरम्भ में है और यही कस्तूरी-मृगमद श्रीराधा के ललाट पर तिलक बनकर इस काव्य के अन्त में हैं। ये दो बिम्ब कस्तूरी और तमाल और इनके रूपान्तरण में है। कस्तूरी का रूपान्तरण तिलक में और तमाल का रूपान्तरण पत्रिल से पुष्पिल होने में है। उसी प्रकार एक दूसरा रूपान्तरण इस काव्य में घटित होता है, वह रूपान्तरण श्रीराधा का श्रीकृष्णमय होने का रूपान्तरण और श्रीकृष्णमय हो करके श्रीकृष्ण को वश में करके श्रीकृष्णमय होने का है।

इस पहले मंगल-श्लोक के कई अर्थ किये गये हैं। उनमें एक अर्थ तो यह किया गया है कि नन्द का अर्थ है आनन्द या आनन्द का पूर्ण रूप और यह मंगल

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

केचित्तु श्रिया विना भगवत्क्रीडासम्भवादिति गोपीषु लक्ष्मीत्वमापादयति, तत्तु रुक्मिणीकृष्णजन्मनीति, तस्याः पृथङ्निर्देशात्, (भा. १०।४७।६०) 'नायं श्रियोऽङ्ग३ नितान्तरतेः प्रसादः' इति निषेधाच्च न सङ्गच्छते। किञ्च (गोपालता. उत्तर. ५७) 'मूलप्रकृति रुक्मिणी' इत्युपनिषद्वचनाद् रुक्मिण्याः पूर्णत्वमवगम्यते, ततोऽपि गोपीनां भावाधिक्यश्रवणात् तन्नाशङ्कनीयमिति। तद्यथा (भा. १०।८२।३९)– 'तद्भावमापुरपि नित्ययुजां दुरापम्' इति नित्ययुजां पातिव्रत्यविधानेन नित्ययुक्तानां महिषीणामित्यर्थः। अन्यच्च–यद्यपि नित्याद्वितीयवल्लभौ राधामोहनौ तथाप्यनेन परकीयत्वाभासेन शृङ्गाररसस्य परा प्रतिष्ठा ध्वनिता। तदुक्तम् (उ० १।२०)–

'बहु वार्यते यतः खलु, यत्र प्रच्छन्नकामुकत्वञ्च।
या च मिथो दुर्लभता, सा मन्मथस्य परमा रतिः'।।

इति भरतः। (शृङ्गारतिलके–२।३०) 'वामता दुर्लभत्वञ्च स्त्रीणां या च निवारणा। तदेव पञ्चबाणस्य मन्ये परममायुधम्'।। इति रुद्रः। शृङ्गारतिलके च (१।६१)–

'अनन्यशरणा स्वीया धनहार्यापराङ्गना।
अस्यास्तु केवलं प्रेम तेनैषा रागिणी मता'।। इति।

किंलक्षणयो राधामाधवयोः? इत्थं वक्ष्यमाणप्रकारेण नन्दनिदेश-तश्चलितयोः लोकानुसारतस्तु रूढ्या नन्दनिदेशत इति कदाचिच्छ्रीराधया श्रीकृष्णः सम्बन्धयोगेन असङ्कोप-व्यवहाराद्वस्तुतः सङ्गमतृष्णयैव स्वव्रजे

परात्पर ब्रह्म को, सच्चिदानन्द परात्पर ब्रह्म को केवल आनन्द होने के लिए, सत्-चित् कुछ न रहकर केवल आनन्द होने के लिए निमन्त्रण है और वह निमन्त्रण सीधे उनको नहीं है; क्योंकि वे तो आत्ममुग्ध हैं, अपने में खोये हुए हैं, अपने में ही डूबे हुए हैं या यूँ कहें कि अपने से अपने में उलझे हुए हैं, अपने से निरन्तर भाग रहे हैं। उन्हें अपने भीतर बाहर का विस्तार दिखता है परन्तु भीतर उनमें सिमट करके कहीं-न-कहीं हैं, यह नहीं दिखता। श्रीराधा शिवतत्त्व हैं, जो उनके विस्तार की आन्तरिक अभिव्यक्ति हैं, जो उनकी परम सत्ता की, उनके ब्रह्म होने की सार्थकता हैं। अब हम विचार करें कि श्रीकृष्ण को ब्रह्म मान करके लिखा गया एक दूसरा काव्य भी है और पहले मंगल में श्रीकृष्ण का नाम न लेते हुए भी परम सत्य का ध्यान किया गया है। ऐसे परम सत्य का ध्यान किया गया है, जो स्वयं अजन्मा है, पर उन्हीं से सृष्टि, स्थिति और प्रलय क्रियाएँ होती हैं। वे न हों तो सृष्टि, स्थिति, प्रलय न हो। उन्हीं से कुछ होता है, उन्हीं में कुछ रहता है, उन्हीं में फिर सब कुछ

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गोदोहार्थमानीतः। तस्मिन्नेव समये तन्निकटे स्वव्रजे श्रीव्रजेश्वरस्यागमनं जातम्। तत्र प्राणकोटिप्रियं पुत्रं मेघागमञ्च दृष्ट्वा प्रणयकोपोक्त्याह–हे वत्से! राधे यतस्त्वयायमानीतस्तस्मात्त्वमेवेमं गृहं व्रजं प्रापयेति वचनोपक्रमेणैव तन्निदेशतः स्वाभीष्टसिद्धेऽविलम्बेनैव कदाचित् क्रीडाप्रतिबन्धकं कञ्चन जनं प्रस्थापनाय दास्यतीति चलितयोः। मेघैरित्यादि। कालदेशसम्पत्तयोद्दीपिताः केलयो यमुनायाः कूलेऽध्वजकुञ्जद्रुमं प्रति जयन्तीति। मेघादीनां श्रीव्रजेश्वरदृष्ट्यैव भयानकहेतुत्वम्, तयोः रसिकशिरोभूषणभूतयोस्तु शृङ्गारहेतुत्वमेव चिन्त्यम्। तथा च प्रसिद्धिः–श्रीवृषभानोर्गवां कृष्णवत्सलानां दोहनं श्रीकृष्णः करोति, भगवत्प्रियाणां श्रीव्रजेश्वरस्य गवां श्रीदामादिना क्रियत इति। केचिच्च नन्दनिनाम्नी काचित् सखी, तस्या देशतो वचनादिति व्याकुर्वन्ति,..... ग्रन्थे प्रसिद्धनामकल्पनया न स्वीकारः; ग्रन्थानुसारी त्वयमर्थः–नन्दयतीति नन्दः 'नन्दि-ग्रहि-पचादिभ्यो ल्युणिन्यचः' (पा० ३।१।१३४) इति बहुलोक्तेरच् इति नन्दश्चासौ निदेशश्च आनन्दकारि-निदेशः, स्वाभीष्टक्रीडायां प्रेरणात् कस्याश्चिद्राधायाः प्रियसहचर्या भाषणं नर्मोक्तिस्तस्मात्। सख्या रसपोषकत्वात्; तल्लक्षणं यथा (उ० ७।७०, ८।९७-९९)–

> 'स्वात्मनोऽप्यधिकं प्रेम कुर्वाणाऽन्योन्यमच्छलम्।
> विश्रम्भिणी वयोवेषादिभिस्तुल्या सखी मता।।

सिमट जाता है। वही ऐसे हैं, जो सबको संचालित करते हुए स्वतन्त्र हैं, सभी विषयों को अभिव्यक्त करते हुए उनसे असम्पृक्त हैं। वे ही आत्म-कवि ब्रह्मा को, आदिस्रष्टा को आत्मस्रष्टा के भीतर हृदय-संवाद के द्वारा ब्रह्म का अर्थ अभिव्यक्त करते हैं। वेदों को आविर्भूत करते हैं। वे ही प्रकाशात्मक ज्ञान के प्रसार करनेवाले हैं। दूसरी ओर सत्य का ऐसा प्रकाश करनेवाले हैं, जिस प्रकाश के द्वारा ऐसा कुछ करते हैं, जिसमें झूठ भी सच दिखने लगता है। मृगजल भी, मृग को भटकानेवाली जेठ की जलराशि, पानी का लहराता हुआ सचमुच का जल दिखने लगता है और उस ओर एक बार और दौड़ पड़ने की इच्छा जागृत हो जाती है। संसार में एक और ललक पैदा हो जाती है। ऐसा है यह सच, जो झूठ को सच इसलिए नहीं बनाता कि वह कहीं सच ही न हो जाए, इसलिए बनाता है कि उस झूठ को सही सच बनने का व्यसन लग जाए। इस संसार में रहते हुए, इस संसार के सम्बन्धों में आत्मीयता का जो तत्त्व है, उस आत्मीयता को अधिक तत्त्व के रूप में जानने का उदग्र संकल्प जाग उठे। इस संसार का राग, इस संसार की आसक्ति, महाराग और महासक्ति में परिवर्तित हो जाए। यह कितना विचित्र है कि वही झूठ ऐसे समेटता है जैसे सूर्य

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मिथः प्रेमगुणोत्कीर्त्तिस्तयोरासक्तिकारिता।
अभिसारो द्वयोरेव सख्याः कृष्णे समर्पणम्।।
नर्माश्वासननेपथ्यं हृदयोद्घाटपाटवम्।
छिद्रसंवृतिरेतस्याः पत्यादेः परिवञ्चना।।
शिक्षा सङ्गमनं काले सेवनं व्यजनादिभिः।
तयोर्द्वयोरुपालम्भः सन्देशप्रेषणं तथा।।
नायिका प्राणसंरक्षा-प्रयत्नाद्याः सखीक्रियाः'।।

इति चलितयोः, तमेव प्रकारमाह—हे सखि राधे! तत्तस्माद्धेतोरिमं त्वन्मुखचन्द्रनिहितक्षणचकोरं त्वमेव गृहं प्रापय, क्रीडानिकुञ्जं प्रापयेत्यर्थः। अखिलभोग्यास्पदत्वेन गृहमित्युक्तम्; तेन च सम्भोगसम्पत्त्या एवं सुखयेति गूढाभिप्रायः। त्वमेवेत्यन्ययोगो निराकृतः। अथवा गृहं प्रापयेति सामान्य-नारीव्यावृत्त्या गृहिणी निर्वर्त्य सम्भोगादिकर्मणि समुदिता भवेत्यर्थः। अत्र गृहशब्देन ताटस्थ्याद् गृहिण्युच्यते, गृहशब्दच्छलेन तामेव पुरस्कृत्य वनविहारदर्शनात्; प्राप्नोतिरुदयार्थे वर्त्तते, 'प्रलाभोदययुक्तिषु' इति चूडामणिः। एवकारोऽन्ययोगव्यावृत्त्यर्थः। त्वयैवायं गृहिणीमान् स्यादिति

की किरणें कोहरे को समेटती हैं। वही यह कुहक, मायाजाल पैदा करता है और वही उसे समेट देता है। ऐसे परात्पर सत्य का ध्यान श्रीमद्भागवत में किया गया है, महाभारत में भी इसी प्रकार की एक वन्दना श्रीकृष्ण की की गयी है, जिसमें उन्हें सत्यात्म के रूप में देखा गया है और कहा गया है कि धर्म और अर्थ के व्यवहार के द्वारा, धर्म और अर्थ से प्रेरित सांसारिक कर्तव्यों के द्वारा वह परम सत्य धर्मों के धर्म से अमृत के स्रोतरूपी धर्म से एक सेतु बनाता है, भिन्न-भिन्न सत्ताओं को जोड़नेवाला सेतु। यह सेतु बाहर जाने के लिए तो है और लौटने के लिए जब आते हैं तो यह सेतु तिरोहित हो जाता है। इस सेतु से उस पार जा सकते हैं, इस सेतु से इस पार लौट नहीं सकते। इस पार की गतिविधि को बड़ी ललक से, बड़ी मोहासक्ति से देख जरूर सकते हैं, लेकिन तब ल़ौटना नहीं होता है। बड़े-बड़े परमहंस इस सेतु के ऊपर चढ़कर उस पार चले जाते हैं। वे जब देखते हैं कि परली पार ऐसा कुछ हो रहा है, जिसमें मनुष्य की उत्कण्ठा के, साधारण जीव की उत्कण्ठा के पाश में स्वयं वह परम सत्य ही ऐसा बँध गया है और ऐसा बँधे-बँधे वह नाच रहा है। उस नाच में शामिल होने का मन करता है, लेकिन शामिल होने का सौभाग्य नहीं। देवता इसीलिए श्रीमद्भागवत में तरसते हैं, क्या पुण्य इन्होंने किया है कि उन्हें भारत-भूमि में जन्म मिला और इस मनुष्य के रूप में अवतार लेनेवाले भगवान्

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सख्या गूढपरिहसितमिति कुम्भकर्णोक्तेः। तस्मादिति किम्? यतोऽयं तवाधीनो जनो भीरुर्मदनवेपितः एभिर्भावैर्हेतुभिः स्मर-शर-हतीः सोढुमसमर्थः। अत्र नक्तं भीरुरिमं गृहं प्रापयेत्यत्रेदमोऽन्वादेशे 'द्वितीया टौस्स्वेनः' (पा॰ २।४।३४) इति सूत्रेण ऐनादेशः कथं न भवतीति न वाच्यम्, अन्वादेशविषयत्वाभावात्। एकक्रियाविशिष्टेन कथितस्य पुनः क्रियान्तरविशिष्टत्वेन कथनमन्वादेशः; इह तु नक्तं भीरुरित्यनेन भीरुत्व-विशिष्टतया निर्दिष्टे माधवस्वरूपे न पुनः क्रियावैशिष्ट्यं प्रतिपाद्यते, ततः क्रियान्तरविशिष्टत्वाभावान्नेहान्वादेशः, तानेव भावानाह–अम्बरमाकाशं मेघैर्मेदुरं सान्द्रं स्निग्धं वर्त्तते, अपरञ्च तमालद्रुमैर्वनभुवः श्यामा वर्त्तन्ते, नक्तं रात्रिकालः। एवं देशकालवस्तुलक्षणादिभावाः सूचिताः। तथावद्भावानां श्यामात्वेन शृङ्गाररसतादात्म्याच्छृङ्गाररसरूपत्वं ध्वनितम्। उक्तञ्च (नाट्यसूत्रे-५।४२)– श्यामो भवति शृङ्गार इति। किञ्च वनभुवः श्यामा इति नायिकासाहचर्यं, तमालद्रुमैर्मेघैश्च नायकस्येति। तथा चोक्तं (भा. १०।२१।१६)–

'प्रेमप्रवृद्ध उदितः कुसुमावलिभिः।
सख्युर्व्यधात् स्ववपुषाम्बुद आतपत्रम्'।। इति।

के साथ लीला में सम्मिलित होने का अवसर मिला। उस प्रकार की सेवा करने की तो हमारे मन में ललक ही रह जाती है। हमें तो ऐसी सेवा का अवसर नहीं है। यह मनुष्य के चित्त के द्वारा सम्भव है। मनुष्य का चित्त मनुष्य के शरीर से असम्पृक्त नहीं होता; क्योंकि उसी शरीर में उस चित्त के सारे विकार, चाहे तामसिक हों, चाहे राजस हों, चाहे सात्त्विक हों, व्यक्त होते हैं। शरीर के अलावा कोई दूसरा प्रमाण चित्त के उद्वेलन का है नहीं। वह शरीर देवता को दुर्लभ है, वह शरीर विदेह को दुर्लभ है। श्रीमद्भागवत में इस मंगल की पुष्टि में एक दूसरे श्लोक में यह भी कहा गया है कि गोपियाँ अपनी उस उन्मादी हँसी से श्रीकृष्ण को विचलित करने में समर्थ नहीं होती हैं। उन गोपियों के उस हास से आकांक्षा के देवता काम के हाथ से धनुष छूट जाता है। वह उनको क्या मोहित करे, वह स्वयं मोहित हो जाता है। पर श्रीकृष्ण हैं कि रंचमात्र भी विचलित नहीं होते। सागर में तो तरङ्गें उठती हैं पर वे ऐसे अनुद्वेलित सागर हैं, जिसमें एक छोटा-सा बुलबुला भी नहीं उठता। जयदेव ने उन्हीं श्रीकृष्ण को ढाई दिनों में उद्वेग का रस-सिन्धु बना दिया है। इस प्रकार जब श्रीमद्भागवत और गीतगोविन्द, दोनों के मंगलश्लोकों की तुलना के द्वारा निष्कर्ष पर पहुँचना चाहते हैं, तो यह लगता है कि श्रीकृष्ण-काव्य का मंगल श्रीकृष्ण-रस में सबको सराबोर करता है, उनके लिए आकांक्षा जगाता है, जबकि गीतगोविन्द का

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अत्र काव्ये शृङ्गारप्राधान्यात्तस्य मेघाद्यास्त्रयोऽप्युद्दीपनविभावाः, राधाद्याश्चालम्बनविभावाः, भीरुरित्यनुभावः, हर्षावेगशङ्कौत्सुक्यव्रीडाचपलतादयो व्यभिचारिण उक्ता भवन्ति। एवं कारणकार्यसहकारिभिरिति स्थायिभावः सकलरसराट्प्रपञ्चः संयोगाख्योऽभिलाषेर्ष्यासूयालक्षणो विप्रलम्भाख्यश्च शृङ्गारः साङ्गोपाङ्गः समुन्मीलितो भवति। तदुक्तम् (काव्यप्र० ४।२७-२८)–

'कारणान्यथ कार्याणि सहकारीणि यानि च।
रत्यादेः स्थायिनो लोके तानि चेन्नाट्यकाव्ययोः।
विभावानुभावास्तावत् कथान्ते व्यभिचारिणः।
व्यक्तः स तैर्विभावाद्यैः स्थायीभावो रसः स्मृतः'।।

तथा चाभाणि भरतेन (नाट्यशास्त्रे-६।३१)–

'विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः'।। इति।

एवमेव कविना रसमुख्ये स्थिरीकृते तदाशयमबुद्ध्वा कैश्चिन्नायकस्य शिशुत्वं नायिकायाः प्रौढत्वं शृङ्गारविभावानां भयानकहेतुत्वं पितुश्च निदेश इति व्याहृतम्। तदा कविनिरूपितस्य रसस्यान्यथात्वमुपपद्यते, तेन पूर्वव्याख्यानमेव समीचीनम्। अथवा निदेशो भाषणादेशसामीप्यार्थे वर्त्तत इति

राधा-काव्य न कृष्ण के लिए न राधा के लिए, श्रीकृष्ण-राधा के प्यार की रसवर्षा के किंचित् कण के लिए तरस जगाता है, एक प्यास जगाता है, जहाँ तृप्ति नहीं माँगी जाती, केवल अतृप्ति माँगी जाती है। तृप्ति या प्राप्ति में कुछ नहीं, अतृप्ति में ही सब कुछ है और सनातन प्रयास में है। और ऐसे बड़े रास की (रस के विस्तार की) आयोजना शरद् काल की तृप्ति में नहीं होती, शरद् के प्रसन्न, निर्मल आकाश में रस से छलकते हुए चन्द्रमा की चाँदनी में नहीं होती, वह यमुना के छायाहीन बलुहे तट को महामण्डप बनाकर महाविलय में नहीं होती। उसके लिए आवश्यकता होती है, वसन्त की उत्कण्ठा की। वसन्त का सबसे सही प्रमाण चित्त की उत्कण्ठित में है, न आमों में बौर आने में है, न कोयल के कूकने में है, उसकी सही पहचान चित्त के अकारण उत्कण्ठित होने में है। किसके लिए उत्कण्ठित है, यही नहीं पता रहता है। क्यों उत्कण्ठित है, यही नहीं पता रहता है, बस उत्कण्ठित है। इस उत्कण्ठा में इतनी आकुलता है कि समय से रास में पहुँचा भी नहीं जाता है और रास में न पहुँच पाने पर यह होता है कि रास हुआ क्यों, मेरे बिना रास हुआ क्यों? और रास रचनेवाले के प्रति एक ओर क्रोध होता है, दूसरी ओर उनसे मिलने की उत्कण्ठा और भी तीव्र हो जाती है। पूरा एक दिन, पूरी रात और फिर दूसरे दिन इसी उत्कण्ठा

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नन्दनिदेशतो नन्दसमीपात् नन्दनिदेशतो व्रजाद्वा अथवा उभयोर्यत्र सङ्गमो जातः, तदेवाह्लादकारी श्रीवृन्दावनान्तरदेशविशेषस्तस्मात्, पक्षत्रयेऽपि कृष्णोक्तेरनुचलितयोरित्यर्थः। तत्र कातर्येण सोच्छ्वासं सम्बोधयति–हे राध इति। इमं मल्लक्षणो जनो भीरुस्त्वत्पार्श्वं त्यक्तुमसमर्थ इति। अत्रानुकूलो नायकः, स्वाधीनपतिका नायिका, तयोर्लक्षणञ्च वक्ष्यतेऽग्रे (गो. १६.७९)। पूर्वार्द्धेऽभिलाषलक्षणो विप्रलम्भः। अपरार्द्धे सम्भोगश्च शृङ्गारः।।१।।

वाग्देवताचरितचित्रितचित्तसद्मा
पद्मावतीचरणचारणचक्रवर्ती।
श्रीवासुदेवरतिकेलिकथासमेत-
मेतं करोति जयदेवकविः प्रबन्धम्।।२।।

में, इसके चढ़ाव-उतार में बीत जाता है और मिलन दूसरी रात के अन्तिम प्रहर में होता भी है, तो वह मिलन जैसा नहीं है। वह अपने को सदा के लिए पराया बनानेवाला मिलन है। वह अपने से ही बिछोह है। श्रीराधा श्रीकृष्ण को ले जाती हैं, रास में पहुँचाती हैं, और स्वयं रास में नहीं पहुँचतीं। श्रीकृष्ण पहुँचते हैं तो उन्हें झिड़क देती हैं, जाओ-जाओ। मेरे पास न आओ। और फिर उनसे नहीं रहा जाता। श्रीकृष्ण स्वयं उनके पास आते हैं और राधा देखती हैं कि श्रीकृष्ण तो राधामय हो गये हैं। अंग-अंग में श्रीराधा का उज्ज्वल गौरवर्ण कहीं-न-कहीं से झाँकता है। श्रीराधा उनके मस्तक पर केसर-तिलक बन करके विराजमान हैं। राधा का पूरा अंग ऐसा लग रहा है जैसे यमुना नदी में ज्वार आया हो और यमुना की घनी नीलिमा सफेद फेन में परिवर्तित होकर पूरा-का-पूरा पीताम्बर बनकर श्रीकृष्ण के ऊपर छा गयी हो। राधा अष्टपदी में श्रीकृष्ण से मिलती हैं। मिलना तो खैर अष्टपदी में नहीं होता है, उससे पूर्व होता है, पर अष्टपदी में मिलन के बाद की याचना है कि प्यारे यदुनन्दन! मुझे तुम राधा होकर जाने न दो, मुझे अपने हाथों से श्रीकृष्ण बना दो। तुम मेरी आँखों में काजल बनकर अँजो, तुम मेरे माथे पर कस्तूरी की तिलक बन करके रचो, तुम मेरे नील-वसन बनकर मुझे चारों ओर से आवृत कर लो और तब मुझे यहाँ से लौटाओ। ऐसा पागलपन केवल वसन्त में सम्भव है, वर्षा में नहीं। वसन्त में रास की इच्छा पूरी होती है। भरपूर पूरी होती है। और वर्षा में इच्छा इच्छा ही रह जाती है, कुछ भी पूरा नहीं होता, अधूरा ही बने रहने की चाह रह जाती है, क्योंकि अधूरेपन में सम्भावना है, पूरेपन में सम्भावना कहाँ?।।१।।

मंगल की स्थापना अभी नहीं हुई, अभी कवि को अपना परिचय देना है, अपने समय का परिचय देना है और अपने श्रोता का परिचय देना है। गीतगोविन्द के मंगल

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कविरिदानीं सकलरसज्ञजनमनोहारिहरिचरितानुवर्णनेन समुचितेष्टदेवताभावितान्तःकरणः श्रृङ्गारोत्तरं प्रबन्धं कर्तुं प्रतिजानीते—वाग्देवतेति। *जयदेवकविः* जयः श्रीकृष्णस्तं द्योतयति, महाभाग्यवतां तद्रहस्योपासने प्रवर्त्तकत्वेन प्रकाशयत्यसौ जयदेवस्तेन प्रकाशमानो वा, अत एव *कविः*। अथवा जयश्चासौ देवश्च, जयदेवो भगवान् स्वयमेवास्मिन् ग्रन्थे जयदेवव्यपदेशेन कविरित्यर्थः। जयेन श्रीराधिकाविजयेन दीव्यतीति जयदेवः स चासौ कविश्चेति वा। एतं गीतगोविन्दाख्यं प्रबन्धं प्रकर्षेण वध्यतेऽस्मिंच्छ्रोतॄणां हृदयमिति प्रबन्धस्तं करोति। तत्र हेतुगर्भं विशिनष्टि—कीदृशम्? श्रीर्वराङ्गना राधा, अथवा श्रिञ् सेवायाम्, 'क्विप् च' (पा० ३।२।७६) इति क्विप् दीर्घः सम्प्रसारणञ्च। श्रयत एतां कृष्णे रसार्थमिति श्रीः। श्रीयत अनेनेति वा सा श्रीः राधैव। वसुषु दीव्यतीति वसुदेवो नन्दः। उक्तञ्च (भाग० १०।८।४८) 'द्रोणो वसूनां प्रवरः' इत्यादि। वसुभिर्दीव्यतीति वा, तस्यापत्यं वासुदेवः कृष्णः, अनेन धनाढ्य इति नायकगुणः कथितः। अथवा वसु निवासे वसत्यस्मिन् वृन्दावने श्रीराधागणो वा इति वासुः, अथवा धातूनामनेकार्थत्वाद् वासयति सर्वमिदं स्वविलासपरिमलेनेति वासुः, औणादिक उण्-प्रत्ययः, स्वसौन्दर्यादिगुणैर्दीव्यतीति देवः, द्योतयति सर्वमिदमिति वा निजकौशलेन सर्वान् विजयते इति वा, अथवा श्रृङ्गाररसेन रुचिमान् प्रियजनान् रोचयतीति वा, स्वविलासेन प्रियजनान् मदयतीति वा, तैर्हर्षवानिति वा देवः। 'दिव् क्रीडा-विजिगीषा-व्यवहार-द्युति-स्तुति-मोद-

---

के बाद के तीन श्लोकों में यह बात कही गयी है। अपना परिचय जयदेव ने इस प्रकार दिया है कि मेरे चित्त का भवन वाग्देवता की अनेक प्रकार की यात्राओं और लीलाओं की चित्रशाला है, अर्थात् इस चित्र में वाणी है, जिसे गाकर चित्रलिखी-सी रह जाती है, ठगी-सी रह जाती है। यह कवि ऐसा है, जिसने निरन्तर ऐसे काव्य का अनुसन्धान किया है, जो कविता की चरम सार्थकता की खोज में लिखा गया है, अर्थात् श्रीमद्भागवत के शब्दों में जो लीला के वर्णन के लिए लिखा गया है, जो वाग् विसर्ग नहीं है, जो केवल चित्रपट नहीं है, शब्दों में सजावट नहीं है, जो निष्काम कर्मयोग की प्रशंसा नहीं है, जो निरे ज्ञानयोग की स्थापना नहीं है, जो इस प्रकार के भक्ति-भाव और भक्तिभाव के द्वारा एक चुनौती-भरा आमन्त्रण है कि हे प्रभु! यदि तुम्हें अपनी सार्थकता पानी है, तो इस क्षुद्र जीव में पाओ। ऐसे काव्यों का अभ्यास करनेवाला यह कवि है। वाग्देवता के ऐसे काव्य सजीव चित्र के रूप में उनके चित्तभवन में सजे पड़े हैं। उसका चित्त जैसे लीला-काव्य की चित्रशाला हो और भगवान् जगन्नाथ की उत्कण्ठित पत्नी पद्मावती के चरणों की वन्दना

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मद-स्वप्न-कान्ति-गतिष्विति। विलासवान् गुणवान् सर्वातिशायी शृङ्गारवान् मोदमाँश्चेत्यर्थः। वासुश्चासौ देवश्चेति वासुदेवः, तयोः श्रीवासुदेवयो रतिकेलिकथया सुरतक्रीडानुवर्णनेन समेतं युक्तम्, रतिरनुरागस्तेन केलिषु यन्नागरयोः संवादस्तत्सहितमिति वा।

ननु तयोरत्यद्भुतानुरागिणोः श्रियादिभिर्दुर्वितर्क्यालापज्ञाने कथमधिकारः? तत्राह–किंलक्षणः कविः? वाक् चासौ देवता चेति, वाचां देवतेति वा वाग्देवता परा सरस्वती तस्याश्चरितेन प्रसादमाधुर्यादिगुणसम्पन्न-लोकोत्तरकाव्यरचनाविशेषरूपेण चित्रितं चित्ररूपं सद्म यस्य तादृशः, अत्र विचित्रभगवद्गुणवर्णनेन विचित्रकवितारूपमहाधननिधानत्वेन समस्तभक्तजन-विश्रामसुखाश्रयत्वेन च चित्तस्य गृहसाम्यम्। अथवा (तैत्तिरीयोप. २।८।१) 'यतो वाचो निवर्त्तन्ते' इति श्रुतेः तदगोचरत्वादयमर्थः–वाग् वर्णनीयभगवद्-गुणरूपा वाणी, सैव परमपुरुषार्थत्वेन देवता तस्याश्चरितेनाविर्भावेन नित्यानन्दरूपात् चित्रितम् आश्चर्ययुक्तं कृतं चित्तमेव सद्म गृहं यस्य तादृशः, वाक् परा सरस्वती तस्या देवता सर्वोत्तमत्वेन सर्वोपास्यतया श्रीराधाप्रियः, तच्चरितेन विलासेन चित्रितमालेख्ययुक्तं कृतं चित्तं सद्म च यस्येति वा। अपरमपि गृहं विविधालेख्यैर्मण्डितं भवतीति ध्वनितम्। तथा चास्य गृहमपि भगवता साक्षादाविर्भावेन परमगोप्यमपि स्वहस्तलिखनेन च मण्डितमिति भागवतैः प्रसिद्धम्।

करनेवाले लोगों में सबसे ऊपर यह उल्लेखनीय है कि भगवान् जगन्नाथ अपने भाई और बहन के साथ मन्दिर में विराजते हैं और बालरूप में ही सदा रहते हैं। उसी रूप में वे तरह–तरह की लीला करते हैं। कभी वे गोचारण के लिए निकलते हैं और सबेरे–सबेरे माखन–मिश्री के लिए पुकारते हैं और कभी माँ के प्रेम से पेट नहीं भरता तो अपनी मौसी के यहाँ चले जाते हैं। कभी उन्हें ज्वर हो जाता है तो उन्हें आयुर्वेद की दवा दी जाती है और केवल खिचड़ी खाने को मिलती है, कभी उन्हें छप्पन भोग मिलते हैं। मजे की बात यह है कि वे स्वयं अधूरे हैं, काठ का जो शिल्प बना, वह पूरा नहीं हो सका, केवल पूरा–पूरा मुँह बन पाया है और सब कुछ अनभिव्यक्त रह गया है। ऐसे अधूरे व्यक्ति के साथ भला पद्मावती कहाँ रहनेवाली हैं। वे अलग मन्दिर में विराजमान हैं। उन्हें एक दिन प्रभुत्व का अवसर मिलता है। भगवान् अपनी मौसी के यहाँ से लौटते हैं, तो मन्दिर का द्वार भीतर से बन्द हो जाता है। पद्मावती कहती हैं– 'जाओ। तुम अभी नाबालिग हो, अभी जंगल में विचरो।' बहुत मनाने पर कहीं कपाट खुलते हैं और प्रभु को अपने भाई–

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ननु कथं तादृशं प्रसादभाजनत्वमस्येत्यत आह–पुनः कीदृशः? पद्मं करे यस्याः सा पद्मावती 'शरादीनाञ्च' (पा० ६।३।१२०) इति दीर्घः, सर्वसौभाग्यलक्षणान्विता श्रीराधा, पद्मा भगवद्वशीकरणकान्तिर्विद्यते यस्याः सा पद्मावतीति वा, तस्याश्चरणयोश्चारणेन परिचर्यया चक्रवर्ती सर्वाधिकः प्राप्ततादृशप्रसादपात्रत्वमित्यर्थः। अथवा चरणयोर्विषयभूतयोरेव चारण-चक्रवर्त्ती नर्त्तकश्रेष्ठः, नृत्यादिना सदा तत्पादाराधनपरः, अथवा पद्मावती तस्य पत्नी तस्याश्चरणयोर्यच्चारणं नर्त्तनं तेन चक्रवद् वर्त्तितुं शीलमस्यासौ तादृशः, एतेन तद्भक्त्याधिक्यं कवेः सूचितम्। यथाह–'तद्योगयुक्ता हि गणयन्ति न लौकिकम्' इति। लौकिकश्चायमर्थः–चरणयोश्चरति परिचरतीति चरणचारणः पद्मावत्येव चरणचारणा चरणसेविका यस्य स चासौ चक्रवर्ती मुख्यश्च स इति तस्य शृङ्गारित्वं कथितम्, तेन च सरस-काव्यकरणेऽधिकारः[1]। उक्तञ्च–

'शृङ्गारी चेत् कविः काव्ये जातं रसमयं जगत्।
स एव चेदशृङ्गारी सर्वं विरसतां व्रजेत्'।। इति।

'आलेख्याश्चर्ययोश्चित्रम्' इत्यमरः। 'चारणस्तु कुशीलवाः' इत्यपि। 'कविः काव्यकरे सूरौ' इति विश्वः।।२।।

बहन के साथ पुनः प्रवेश मिलता है। ऐसी चिर उत्कण्ठिता लक्ष्मी के चरणों के उपासकों में जयदेव का स्थान सबसे ऊपर बनता है। इसका तात्पर्य यह है कि वे ऐसी लक्ष्मी की आकांक्षा का ही तो काव्य रच रहे हैं, इसलिए उन्हीं की कृपा उनके ऊपर है, अन्यथा ऐसे परम रहस्य की बात कहाँ से वे दे पाते। ऐसे जयदेव प्रबन्ध रच रहे हैं, यह प्रबन्ध सर्वात्मा भगवान् वासुदेव की रतिकेलि की कथा है। इसका अर्थ यह भी निकाला जा सकता है कि यह सब कहानी है। श्रीराधा के मन में उठी हुई कल्पनाओं का आकलन है। कल्पनाओं का अर्थ न वसन्त है, न रास है, न मिलना है, न बिछुड़ना है। सब कुछ श्रीराधा के मन में रचा गया उत्कण्ठा का रूपायन है। वसन्त ऋतु की अधीर रातों का और उससे भी अधिक उन्मादी व्याकुलतावाले दिनों का जागता हुआ सपना है।।२।।

---

१. ध्वन्यालोकवृत्तौ (३) शृङ्गारी चेत् कविः काव्ये जातं रसमयं जगत्।
स एव वीतरागश्चेन्नीरसं सर्वमेव तत्'।। इति पाठान्तरम्।
सरस्वतीकण्ठाभरणे (५।३)– स एव चेदशृङ्गारी नीरसं सर्वमेव तत्।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

यदि हरिस्मरणे सरसं मनो यदि विलासकलासु कुतूहलम्।
मधुरकोमलकान्तपदावलीं शृणुत तदा जयदेवसरस्वतीम्।।३।।

हे सज्जनगण! यदि हरिस्मरणे कृष्णानुचिन्तने मनः अखिल-व्रजजनयुवतिचित्तचौरेऽन्यविग्रहव्यावृत्त्या श्रीमत्कमनीयकिशोरव्रजेन्द्रनन्दने भक्तिरित्यर्थः। उक्तञ्च (भाग० १०।४७।५८) 'गोविन्द एव निखिलात्मनि रूढभावाः' इति। किञ्च (गोपालता० १।१५) 'भक्तिरस्य भजनं तदिहामुत्रोपाधिनैराश्येनैवामुष्मिन् मनसः कल्पनमेतदेव नैष्कर्म्यमिति' तापन्याम्। तत्रापि सरसं रसः शृङ्गारः, तत्सहितम्; यदि च विलासकलासु विलासः स्त्रीणां भगवत्प्रेयसीनां राधादीनां हावविशेषस्तत्सत्सम्बन्धिनीषु कलासु क्रीडासु कुतूहलमौत्सुक्यम्, (दशरूपके–२।३८) 'तात्कालिको विशेषस्तु विलासोऽङ्गक्रियादिषु' इति। तदुक्तम्–

'स्खलति बहुलं पादन्यासे विलोकिनी.....न्यतः,
स्थिरमपि तदाम्भोजं प्रयाति विधूननम्।
स्मितमपि मुधा व्यर्थः क्रोधो वृथैव चमत्कृति-
र्दयितसविधं यान्त्यास्तन्व्या विलासरसोऽप्ययम्'।। इति।

एतेन भगवत्परिजनेषु भक्तिरुच्यते। 'कला स्याच्चन्द्रकलायां कला स्यात् क्रीडनादिषु' इति विश्वः। तदा जयदेवकवेः सरस्वतीम्, अथवा तदा बहुदानेन पुष्णातीत्यतिशयवन्तः शृणुत अत्यादरेणावधारयत। कलासु चतुःषष्टिरूपासु रतिकलासु। चतुःषष्टिश्चेत्थम्–

......हसितं गीतं पठितं नृत्यं तथा।
वीणा वेणुवाद्यं तालः पुस्तकज्ञानमायुषो वेदः।।१।।
धनुर्वेदश्च शिक्षा च राजशिक्षा च रत्नयोः।
कल्पो व्याकरणं शिक्षा छन्दो ज्योतिर्निरुक्तकम्।।२।।

वसन्त का रस वृन्दावन में नहीं हुआ, वसन्त का रस या तो जयदेव के काव्य में हुआ या फिर भगवान् जगन्नाथ के भीतर समायी हुई और अलग होकर उनके लिए छटपटानेवाली श्रीराधा के चित्त में हुआ; पर यह किसी घटित घटना से कम सच नहीं है। किसी लौकिक जगत् में घटित घटना से अधिक सच घटना है। ऐसी घटना को भीतर घटाने की क्षमता जिसमें हो, वह इस काव्य को पढ़े, वह इस काव्य का आस्वाद ले। इसलिए इस श्लोक में जयदेव ने कहा कि मेरी कोमलकान्तपदावली, श्रीराधा के नूपुर की तरह रुनझुन बजती पदावली को सुनना चाहते हो तो अपने भीतर जाँचो कि कहीं हरि के इस स्मरण के लिए मन में रस

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

परभाषा पुराणञ्च स्मृती रामायणस्तथा।
महाभारतमाख्यानं राजलक्षणवेदनाम्।।३।।
नियुद्धयुद्धोत्तरणं भूततन्त्रप्रहेलिका।
सर्पाशीविषसंरोधो भूमिदृष्टीष्टसाधनम्।।४।।
शकुनेङ्गितयोर्ज्ञानं तथा द्रव्यापकर्षणम्।
चिन्तानिवर्त्तनं पुष्टिवर्त्तनं पिण्डकर्षणम्।।५।।
देशभाषा-परिज्ञानं शुभाङ्गीकरणं तथा।
विद्वेषणोच्चाटने च मणिवस्त्रादिमण्डनम्।।६।।
विकल्पोच्चारकरणं विचित्रकरमर्दनम्।
लिखितं चित्रकविता राजनीतिस्तथा परा।।७।।
सभापाण्डित्यवक्तृत्वं दुर्गसेनारिवीक्षणम्।
अङ्गसंवहनञ्चारुदर्शनं चोपलक्षणम्।।८।।
प्रासादनन्तु रुष्टस्य स्त्रीचित्तहरणं तथा[१]।। इति।

कीदृशीं जयदेवसरस्वतीम्? मधुरकोमलकान्तपदावलीं शृङ्गाररस-प्राचुर्यान्मधुरा, झटिति बोध्यत्वात् कोमला सुकुमारा, गेयत्वात् कान्ता कमनीया, मधुरा चासौ कोमला चासौ कान्ता च पदपरम्परा यस्यास्तादृशीमित्यर्थः। तत्र मधुरा यथा–

मधुरं रसवद्वाचि वस्तुन्यपि रसस्थितिः।
येन माद्यन्ति धीमन्तो मधुनेव मधुव्रताः।।१।।इति दण्डी ।

(काव्यादर्शे–१।५१)

है भी तुम्हारे भीतर या नहीं? हरि का स्मरण करते हुए तुम्हें स्वाद मिलता है या नहीं? केवल यान्त्रिक रूप से हरि का स्मरण करते हो या हरि का स्मरण करते-करते कहीं भींगते भी हो? और यही काफी नहीं है। तुम हरि का स्मरण करो और मन से स्मरण करो। तुम्हारे भीतर संसार में प्यार के कितने रूप होते हैं– ईर्ष्या, मोह, खीझ, उत्कण्ठा, प्रतीक्षा, मिलना और एकदम लय हो जाना, लय हो जाने के बाद भी ऐसा लगना कि मिलना हुआ नहीं, फिर कब ऐसा मिलना होगा, या ऐसा मिलना नहीं होगा, इस प्रकार की चिन्ताओं की अनन्त शृंखला को जानने, समझने के लिए मन में तुम्हारे कुछ कुतूहल हैं, कुछ उत्सुकता है, कुछ अपने को

---

१. खिलशुक्रनीतिशास्त्रे तु (द्वितीयाध्याये) अन्यविधा उक्ताः (भा. १०।४५।३६) श्रीधरस्वामिभिरपि प्रकारान्तरेणोक्ताः सन्ति। तत्र तत्र द्रष्टव्यमिति।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सुप्रयोगैर्महच्छब्दैर्युक्तमस्पष्टसन्धिभिः।
सुकुमारार्थसंयुक्तं सुकुमारं प्रचक्षते।।२।।इति लीलारविन्दे।।
जन्मनः श्रोतृविशदं प्रह्लादजनकं भवेत्।
शब्दबन्धानुयोगेन तत् कान्तमिति कीर्तितम्।।३।।

तथा च *मधुरत्वं द्विविधम्–शब्दाश्रितमर्थाश्रितञ्च, तत्र शब्दकोमलत्वमर्थकोमलत्वञ्च परुषेऽप्यर्थेऽपरुषत्वञ्च,* तद्यथा–मृते 'यशःशेषः' इति। एवं कान्तत्वमपि। बन्धविशेषादि नाम न श्रोत्रप्रीतिप्रदत्वमुज्ज्वलत्वं शब्दाश्रितम्। अर्थाश्रितं प्रदीप्तरसवत्त्वम्। 'शृङ्गारादौ रसे वीर्ये गुणे रागे द्रवे रसः' इत्यमरः। एभिः पद्यैर्विषयप्रयोजनसम्बन्धाधिकारिणो दर्शिताः। रहःकेलयो जयन्तीति विषयो दर्शितः, उक्तगुणवतोः श्रीराधामोहनयोः उक्तलक्षणासक्तिः प्रयोजनम्, प्रतिपाद्यप्रतिपादकभावलक्षणः सम्बन्धः, उक्तलक्षण एतद्रसभावितान्तःकरणोऽधिकारी। एवं चत्वारो निरूपिताः।।३।।

वाचः पल्लवयत्युमापतिधरः सन्दर्भशुद्धिं गिरां
जानीते जयदेव एव शरणः श्लाघ्यो दुरूहाद्धुते।
शृङ्गारोत्तरसत्प्रमेयरचनैराचार्यगोवर्धन-
स्पर्धी कोऽपि न विश्रुतः श्रुतिधरो धोयी कविक्ष्मापतिः।।४।।

इदानीं ग्रन्थनिर्दोषत्वाय प्रामाण्यापादनाय च केनचिन्महाभागवतेन महाकविसभायां वर्णितं पद्यं संगृह्यते–वाच इत्यादि। उमापतिधरनामा कविः

ऐसी निरन्तर चलनेवाली लीला में झोंक देने की तैयारी है कि जहाँ इसका जोखिम बना हुआ है, वहाँ तुम न रहोगे। यदि ये दोनों तैयारियाँ तुम्हारे मन में हों, तो यह काव्य तुम्हारा ही है।।३।।

इस श्लोक में जयदेव ने अपने समय का वर्णन किया है। अपने समकालीन कवि–समाज का वर्णन किया है और उनकी खूबियों का वर्णन किया है। उन्होंने कहा है कि मेरे समय में उमापतिधर हैं, जो जानते हैं कि वाणी में कैसे नयी–नयी कोपलें आती हैं, जो वाणी के वसन्तावतार के मर्मज्ञ हैं, नयी उद्भावनाओं के आचार्य हैं। एक दूसरे कवि हैं, उन्हीं के साथ मैं हूँ, जिसे वाणी को शुद्ध करने का सन्दर्भ आता है, सामान्य प्यार को, लौकिक प्यार के व्यापार को बड़ा सन्दर्भ देना आता है। मैं इस ऐन्द्रिय अनुभव को इतना मथना जानता हूँ कि उसके भीतर से अतीन्द्रिय का माखन झलक आए। मेरे साथी हैं–शरण। मुझे बड़ी स्पृहा होती है कि कैसे वे दुरूह रचना को भी ऐसा बना देते हैं कि वह रचना प्रवाहमयी हो जाती है और

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

लक्ष्मणसेनामात्यो वाचः पल्लवयति विस्तारयति। व्यङ्ग्यार्थशून्यं शब्दार्थगुणशून्यञ्चास्य कवित्वमिति ध्वनितम्; शरणः शरणनामा कविः दुरूहस्य विषमार्थकाव्यस्य शीघ्ररचने श्लाघ्यः स्तुत्यः, गूढार्थत्वादिदोषयुक्तं प्रसादादिगुणरहितञ्च तस्यापि काव्यञ्चेति; तथा च शृङ्गाररस एवोत्तरः श्रेष्ठो यत्र, शृङ्गारेण उत्तरं प्रधानं वा यत् सत्प्रमेयं तस्य स्वनैः कवितायाः ग्रथनैराचार्यगोवर्द्धनस्पर्धी गोवर्धनाचार्येण सह स्पर्धावान् कोऽपि न विश्रुतो न ख्यातः, रसान्तरप्रवेशेन माधुर्यादिगुणसम्पन्नपदरचनायां सोऽप्यशक्त एवेति भावः। इतरविधाध्यापनादिना न तु सत्कवितायामाचार्यत्वमिति सोपहासमुक्तमाचार्येति। धोयी कविक्ष्मापतिः धोयीनामा कविराजः श्रुतिधरः श्रुतिः श्रवणं तन्मात्रादेब ग्रन्थादिग्राही, न तु तस्य कवितायां कौशलमिति भावः। क्ष्मापतिपदेनाहङ्कारित्वं जाड्यञ्चेति ध्वनितम्। गिरां वचसां सन्दर्भशुद्धिं गुणालङ्कारसम्पन्नग्रथनविशेषं जयदेव एव जानीते, नान्यः। तथा च गिरां सन्दर्भशुद्धिं जयदेव एव जानाति, भगवद्गुणवर्णनाकरत्वात्, तदुक्तं श्रीभागवते (१।५।१०-११)–

'न यद्वचश्चित्रपदं हरेर्यशो जगत्पवित्रं प्रगृणीत कर्हिचित्।
तद्वायसं तीर्थमुशन्ति मानसा न यत्र हंसा निरमन्त्यशिक्षया।।
तद्वाग् विसर्गो जनताघविप्लवो यस्मिन् प्रतिश्लोकमबद्धवत्यपि।
नामान्यनन्तस्य यशोऽङ्कितानि यच्छृण्वन्ति गायन्ति गृणन्ति साधवः'।।

इति विशिष्टशब्दार्थवत्तया च महाकाव्यत्वं दर्शितम्।

उसके प्रवाह में दुरूहता खप जाती है। मेरे वरेण्य मित्र हैं– आचार्य गोवर्धन, जिनके साधारण शृंगार के परे भी प्रेम का कोई अस्तित्व है, इसकी रचना करने में वे बेमिसाल हैं, उनका कोई प्रतिस्पर्धी नहीं है और कविराज धोयी भी कम नहीं हैं। वे जो भी उत्कण्ठा का स्वर सुनते हैं, उसे तत्काल ग्रहण कर लेते हैं। वे वास्तविकता के अंकन में अप्रतिम हैं। मैं उन्हीं ऐसे लोगों का साथी हूँ, ऐसे लोगों के बीच में रहता हूँ, लेकिन मैं नहीं रहता हूँ; क्योंकि मुझे शुद्ध सन्दर्भ की तलाश है। वह शुद्ध सन्दर्भ इन सबकी परिधि से बिलकुल बाहर है। इसी भूमिका के साथ चौथे श्लोक में जयदेव पाठक से अपेक्षा करते हैं।

चार मंगल श्लोकों के बाद प्रथम दो अष्टपदियों में क्रमशः दशावतार वर्णन और विष्णु के राम और कृष्ण के रूप में अवतरण का वर्णन है। समझ में नहीं आता कि इन दोनों का उद्देश्य क्या है? दशावतारों में श्रीकृष्ण नहीं हैं; परन्तु अष्टपदी के अन्त में जो श्लोक सबको समेटनेवाला है, उसमें श्रीकृष्ण को ही नमस्कार किया

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वैशिष्ट्यं विषयनिर्दोषवत्त्वे गुणवदलङ्कारयोगित्वे सति रसवत्त्वम्। तदुक्तम् (सरस्वतीकण्ठाभरणे - १।२)–

'निर्दोषं गुणवत्काव्यमलङ्कारैरलङ्कृतम्।
रसान्वितं कविः कुर्वन् कीर्तिं भक्तिञ्च विन्दति'।।

इति, 'पल्लवः स्यात् किसलये विटपे विस्तरे बले' इति विश्वः, 'लघु क्षिप्रतरं द्रुतम्' इत्यमरः। 'उत्तरं प्रतिवाक्ये स्यादूर्ध्वोदीच्योत्तमेऽन्यवत्' इति च।।४।।

गया है और कहा गया है कि उन्हीं के ये दस रूप हैं। इसका तात्पर्य यह है कि कृष्ण सर्वांगपूर्ण हैं और दश अवतार उनकी अभिव्यक्तियाँ हैं। श्रीमद्भागवत में श्रीकृष्ण को पूर्णावतार कहा गया है, षोडश कलाओं से सम्पन्न अवतार कहा गया है। षोडश कलाएँ चन्द्रमा की सोलह कलाओं के समानान्तर कलाएँ हैं। प्रतिपदा से पूर्णिमा तक पन्द्रह कलाएँ और अमावास्या की एक अतिरिक्त कला। चन्द्रमा बढ़ते-बढ़ते पूर्ण होता है, पुनः क्रमशः घटते-घटते बिलकुल निष्कल हो जाता है। निष्कल कला अमृता कला कही जाती है। अमृता का एकत्व प्रत्यक्ष है–सुधा, लेकिन उसमें दूसरा गहरा अर्थ भी समाविष्ट है, न मरने का भाव, मर करके भी जीने की क्षमता। अमावस्या में लगता है कि चन्द्रमा आकाश से विदा हो गया। पुनः वह ऊपर नयी ऊर्जा लेकर उदित होता है, इसलिए उस नव उदित चन्द्रमा का बड़ा महत्त्व है। उसकी आराधना विश्व के अनेक कोनों में होती है, पर अमावस्या में सूर्य के प्रकाश में पूरी तरह अपने को डुबा देना और फिर ऊर्जा लेकर पुनः उदित होना, यही अमृता कला का तात्पर्य है, अमृता कला की शक्ति है। श्रीमद्भागवत में श्रीकृष्ण में अमृता कला इस रूप में है कि वे सबको छोड़ते ही रहते हैं। उनके पास राज्य नहीं, राज्य देने-दिलाने की क्षमता है, पर वे स्वयं राज्य नहीं भोगते। वे स्वयं छोटी भूमिका में ही अपने को रखना चाहते हैं। साधारण जनों के बीच में रखना चाहते हैं, साधारण से साधारण कार्य करना चाहते हैं, गौओं की सेवा जैसे कार्य की बात तो छोड़ दीजिए, वे यज्ञ में पाँव पखारने का और जूठी पत्तल बटोरने का काम भी करते हैं। अपने को इस प्रकार शून्य या रिक्त बनानेवाले प्रभु ही इतने पूर्ण हैं। उनके दश अवतारों के वर्णन का उद्देश्य उनकी विभिन्न छटाओं को सामने रखना है, उनके विक्रम का परिचय देना है। ऐसे श्रीकृष्ण को वश में करना,वश में करनेवाली राधा का महत्त्व होगा। साधारण प्रेमी को वश में किया तो क्या किया? राधा ने तो इतने रूपों में सृष्टि के भीतर खेल-खेल में इतना पराक्रम दिखलानेवाले महापुरुष को जब अपने वश में कर लिया हो, तब उस शक्ति का, आनन्दमय शक्ति का कुछ महत्त्व होगा।।४।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गीतम्- १

[मालवरागेण रूपकतालेन च गीयते]

प्रलय-पयोधि-जले धृतवानसि वेदं
विहित-वहित्र-चरित्रमखेदं
केशव! धृतमीनशरीर जय जगदीश हरे।।१।।

ननु पूर्वमुक्तं राधामाधवयोः रहःकेलयो जयन्ति, तेन परकीयत्वेन (भाग. १०।२९।२६)–

'अस्वर्ग्यमयशस्यञ्च फल्गु कृच्छ्रं भयावहम्।
जुगुप्सितञ्च सर्वत्र ह्यौपपत्यं कुलस्त्रियाः'।।

इति भयादिनिन्दाक्रान्तत्वात्तुच्छत्वाच्च कथं रसनिष्पत्तिः? कथं वा जयन्तीत्युक्तम्, तदेव निरतिशयात्यद्भुतशक्तिमत्त्वनिरूपणेन सर्वनियामकतया महात्यद्भुतैश्वर्येणानियम्यगोपकिशोराखिलचिन्मयरसास्वादलीलामयमूर्त्तेरवतार-गुणैर्नायकश्रेष्ठत्वापादनेन सर्वविघ्ननिवर्त्तये नमस्क्रियया मङ्गलमप्या-चरन्नित्यानन्दरूपताञ्चापादयन् उक्तदोषं परिहरति–प्रलयेत्यादिना।

उक्तञ्चास्मिन्नेवार्थे राज्ञा पृष्टेन शुकेनापि (भा. १०।३३।३५-३६)–

'गोपीनां तत्पतीनाञ्च सर्वेषामपि देहिनाम्।
योऽन्तश्चरति सोऽध्यक्ष एष क्रीडनदेहभाक्।।
अनुग्रहाय भूतानां (?) मानुषं देहमाश्रितः।
भजते तादृशीः क्रीडा याः श्रुत्वा तत्परो भवेत्'।। इति।

पहली अष्टपदी मत्स्यावतार से प्रारम्भ होती है। इस अवतार की कथा यह है कि ऋषि के एक कमण्डलु में नदी से एक छोटी-सी मछली चली आयी। उन्होंने उसे एक अलग छोटे-से पात्र में रख दिया। मछली बढ़ी, आकार में बढ़ी और फिर उसे दूसरे और बड़े पात्र में रखा, फिर उसे छोटे-से गड्ढे में रखा, फिर तालाब में रखा, किन्तु मछली बढ़ती चली गयी। उसे नदी में रखा, नदी भी उसके लिए छोटी पड़ गयी। अन्त में उसने आज्ञा माँगी कि अब मैं समुद्र में जा रही हूँ, जब प्रलय उमड़ेगा और प्रलय का सागर लहराएगा, तब मैं तुम्हारी पुकार पर आ जाऊँगी और तुम एक नौका मेरे मोटे-मोटे केशों में बाँध देना, उसी में सृष्टि के बीज रख देना, उसी में वेद रख देना और प्रलय समाप्त होने पर मैं तुम्हें कहीं ठिकाने पर पहुँचा दूँगी। इसकी कहानी विभिन्न रूपों में विभिन्न कथारूपों में मिलती है। एक प्रकार से

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तासां माहात्म्यमपि भगवतैवोक्तं तत्रैव (भाग. १०।३२।२१)–

'एवं मदर्थोज्झितलोकवेदः स्वानां हि मय्यनुवृत्तयेऽबलाः।
मया परोक्षं भजता तिरोहितं, मासूयितुमर्हथ तत्प्रियं प्रियाः।।
न पारयेऽहं निरवद्यसंयुजां, स्वसाधुकृत्यं विबुधायुषापि वः।
या मा भजन् दुर्जरगेहशृङ्खलां, संवृश्च्य तद्वः प्रतियातु साधुना।।' इति।

एतदुक्तं भवति–नायकोऽयं पुरुषोत्तमः, तास्तु नित्यप्रियाः प्रेमरसैकमूर्त्तयः, अतो निःसीमरसास्पदत्वं सर्वोत्कृष्टत्वमपि सिद्धमिति सिद्धान्तः। अस्वर्ग्यमित्यादि यदुक्तं भगवता, तत्तु प्राकृतविषयम्, रसनिष्पत्त्यै वक्रोक्त्या तद्भावपरीक्षार्थमेवेति। गीतस्यास्य मालवरागो रूपकतालः, तयोर्लक्षणम्–

नितम्बिनीचुम्बितवक्त्रपद्मः, शुकद्युतिः कुण्डलवान् प्रमत्तः।
सङ्गीतशालां प्रविशन् प्रदोषे, मालाधरो मालव-रागराजः।। इति।

'रूपके स्याद्द्रुतं लघु' इति।

गीतार्थस्तु–हे केशव! जय। कः ब्रह्मा ईशो रुद्रस्तौ वशयतीति केशवस्तादृश! भक्तसुखकारितया सर्वोत्कर्षेण वर्तस्व। ननु मम भक्तसुख-सम्पादने कुतः सामर्थ्यमित्यत आह–जगदीशेति। जगतां चतुर्दशभुवनानामीश नियन्तः। तथा च चतुर्दशभुवननाथस्य ते तत्र कथं सामर्थ्यमिति भावः।

सृष्टि का आरम्भ जल में होता है। यह जल व्यक्त रूप में भी है, अव्यक्त रूप में भी है। अव्यक्त रूप में जल भी ब्रह्माण्ड का रूप है,. जिसमें सारा प्रकाश एक निराकार पिण्ड के रूप में रहता है। उसी में एक क्षणिक उद्वेलन होता है, एक क्षणिक स्पन्दन होता है, वह स्पन्दन भी सृष्टि का मूल है। स्पन्दन इतना चंचल होता है, इतना प्रसारशील होता है कि उसकी उपमा बड़े. मत्स्य से दी जाय, तो वह उचित ही है। उसी के द्वारा सृष्टि का वितान सम्भव होता है। व्यक्त-रूप में वों जल-जन्तुओं की उत्पत्ति पहले होती है। उसमें मछली भी है। स्वर्गीय रामदास गौड़ ने अपने 'हिन्दुत्व' नामक मोटे ग्रन्थ में दशावतारों के विकास की दस सीढ़ियाँ मानी हैं, पर मैं उसमें कोई विशेष तत्त्व नहीं देखता। मुझे यह लगता है कि पुराणकथाओं के अनुसार सृष्टि का बीज वहन करनेवाला यह महामत्स्य, परात्पर ब्रह्म का एक अवधारणात्मक रूप है। उसी के द्वारा समस्त सृष्टि का मूल पूर्वसंचित अनुभवों की राशि बीजरूप में प्रलय के समुद्र के एक छोर से दूसरे छोर तक पहुँचायी जाती है। वह राशि वेद ही तो है। वेद का अर्थ मन्त्रराशि भी है और अलौकिक ज्ञानराशि

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तत्र हेत्वन्तरमप्याह–हे हरे! हरति भक्तानां क्लेशमिति हरिः, तदेव अकृत्यकरणेनापि भक्तकार्यपरत्वं भगवतो दर्शयति–धृतमीनशरीरेत्यादिना। कीदृश धृतमीनशरीर, धृतं परिगृहीतं स्वेच्छयाविष्कृतं मीनस्य मत्स्यस्य शरीरं येन तादृश। एतत्तु ध्रुवपदं प्रतिपदमनुवर्त्तमानत्वात्, तदुक्तम् (रत्ना. ५।२८।५७)–

'उद्ग्राहः प्रथमो भागस्ततो मेलापकः स्मृतः।
ध्रुवत्वाच्च ध्रुवः पश्चादाभोगश्चातिशोभनः'।।

इति चतुर्भिरवयवैः प्रबन्धो भवतीति। यद्यपि क्वचिद्धृतमीनशरीरेति क्वचिद्धृतकच्छपरूपेत्यादि-भिन्नमेव पदमस्ति, तथापि 'जय जगदीश हरे' इत्यस्य प्रतिपदमनुवर्त्तमानत्वाद् ध्रुवत्वम्।

ननु किमिति मीनशरीरं मया परिगृहीतमित्यत आह–त्वं प्रलयपयोधिजले प्रलयकालीनाः परस्परं मिलिता ये पयोधयः समुद्रास्तेषां जले वेदं निमज्जन्तं मीनशरीरमुपादाय धृतवानसि! कथं तथा स्यात्? विहितवहित्रचरित्रं विहितं कृतं वहित्रस्य पोतस्य चरित्रं यथा स्यात्, अखेदं खेदरहितं यथा स्यात्तथा परमानन्दनिदानत्वात्। अथवा वेदं ज्ञानं धृतवानसि सत्यव्रतायार्पितवानसि इत्यर्थः। अतो भक्तानुरागेणागणितखेदत्वादखेदमित्युक्तम्। अत्र पयोधिपदेनैव जलवत्त्वे प्राप्ते पुनः जलपदोपादानमन्तर्द्वीपविरहितत्वेन विश्रामस्थलाभावं सूचयितुम्। तथा च निरालम्बेऽपि पयोधौ वेदं धृतवानसीति वेदधारणार्थमेव ते शरीरपरिग्रह इति भक्तकार्यपरत्वं दर्शितम्। 'पृथु-रोमा झषो मत्स्यो मीनो वैसारिणोऽण्डजः' इत्यमरः।।१।।

क्षितिरतिविपुलतरे तव तिष्ठति पृष्ठे
धरणिधरणकिणचक्रगरिष्ठे।
केशव! धृतकच्छपरूप जय जगदीश हरे।।२।।

भी है। साथ-ही-साथ ज्ञान की प्रक्रिया भी है, ज्ञान की निरन्तरता भी है। प्रलय समुद्र की लहरों की चपेट में कुशलता से महामत्स्य ने नौका किनारे लगायी है और उसी के द्वारा सम्भव हुआ है कि परमतत्त्व मनुष्य को थाती में पुनः मिल गया है, वह लुप्त भी नहीं होने पाया। मनुष्य का लक्षण है सोचना, सोचने का तार कहीं टूटने नहीं पाया।।१।।

दूसरा अवतार है कच्छप-अवतार या कूर्म-अवतार, इसमें धरती कहीं टिकती नहीं है, इधर-उधर पिण्ड के रूप में दौड़ती रहती है। उसको कच्छप बनकर भगवान्

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

क्षितिरित्यादि। हे केशव धृतकच्छपरूप धृतं कच्छपस्वरूपं येन तादृश जय। कूर्मावतारेऽपि हेतुमाह-तव पृष्ठे क्षितिः पृथ्वी तिष्ठति। तिष्ठतीति वर्त्तमानकालनिर्देशेनाधुनापि तिष्ठतीति प्रसिद्धमेवेति भावः। ननु पञ्चाशत्कोटियोजनविस्तृता मम पृष्ठे कथं स्थितेत्यत आह-अतिविपुलतरे इति। अतिशयेन पृथिव्यपेक्षयाप्यधिकविस्तीर्णे। पुनः कीदृशे? धरणिधरणकिणचक्रगरिष्ठे धरण्याः पृथिव्याः धारणेन यत् किणचक्रं चक्राऽतिरुधिरमण्डलं तेन गरिष्ठे गौरवयुक्ते, तच्छोणितग्रन्थिरूपं चक्रं गरिष्ठं यस्मिन् तादृश इति वा। 'कूर्मे कमठकच्छपौ' इत्यमरः। 'व्रणचिह्ने घुणकिणौ' इति हारावली। तथा च भक्तकृते पृथिव्यादिधारणकर्मणा भगवतो भारवहनमप्युक्तमिति भावः।।२।।

वसति दशन-शिखरे धरणी तव लग्ना
शशिनि कलङ्ककलेव निमग्ना।
केशव! धृतशूकररूप जय जगदीश हरे।।३।।

वसतीत्यादि। हे केशव धृतं शूकरस्य रूपं येन तादृश जय। वाराहावतार परिग्रहप्रयोजनमाह-तव दशनशिखरे दन्ताग्रे लग्ना संश्लिष्टा धरणी लोकधारणकर्त्र्यपि पृथ्वी वसति। कुत्र केव? शशिनि चन्द्रे निमग्ना लीना कलङ्ककलेव लाञ्छनलेश इव। अत्र निमग्नेति पदोपादानेन बालचन्द्रस्य दीर्घतया सादृश्यमपि सङ्गच्छते, निमग्नेति पदवैयर्थ्यमपि न। किञ्च,

---

पीठ पर धारण करते हैं। इतनी बड़ी पृथ्वी को कहीं पीठ में टिकाते हैं, तो निश्चय ही उसका कोई-न-कोई निशान हमेशा के लिए पड़ जाता है। पृथ्वी के चंचल स्वभाव के कारण वह निशान चक्र के रूप में दिखाई पड़ता है। भगवान् श्रीकृष्ण कच्छप-रूप में चंचल को स्थिर करते हैं, मनुष्य के लिए ही नहीं, समस्त जीवों के लिए एक आधार देते हैं, पर प्रतिलोम शक्तियाँ भी काम करती रहती हैं, फिर हिरण्याक्ष नाम का असुर उस पृथ्वी को चुरा करके ले जाता है और फिर सागर में ले जाकर एक तरह से अपनी कैद में रख लेता है।।२।।

भगवान् तीसरा अवतार वराह-रूप में लेते हैं और अपने दाँतों से पहले ढूँढ़ लेते हैं, हिरण्याक्ष से युद्ध करके उसका वध करते हैं और फिर उसके कब्जे में गयी पृथ्वी को अपने दाँत की नोक पर ऐसे उठाते हैं, जैसे एक छोटा-सा फूल हो, जैसे चन्द्रमा के अपने बीच में टँका हुआ कोई कलंक हो। ऐसे वराह का पराक्रम इस रूप में भी उल्लेखनीय है कि वे पंक से, कीचड़ से शस्यसम्पत्ति वहन करने में समर्थ पृथ्वी का उद्धार करते हैं और सोने की आँखवाले असुर की उपभोगी कुदृष्टि

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दन्तश्लिष्टायास्तस्याः पोषणमप्युक्तमिति भावः। 'रदना दशना दन्ता रदाः' इत्यमरः। 'अग्रं शिखरमित्याहुरद्रिशृङ्गे च तन्मतम्' इति धरणिः।

'कला स्यान्मूलवृद्धौ शिल्पादावंशमात्रके।
षोडशांशे च चन्द्रस्य कलना कालयोः कला'।। इति विश्वः।।३।।

तव करकमलवरे नखमद्भुतशृङ्गं
दलित-हिरण्यकशिपु-तनुभृङ्गं
केशव! धृतनरहरिरूप जय जगदीश हरे।।४।।

तव करेत्यादि। हे केशव! धृतं नरहरेः नरसिंहस्य रूपं येन तादृश जय। नृसिंहावतारप्रयोजनमाह–तव करकमलवरे करो हस्तः स एव कमलवरः पद्मश्रेष्ठः, तत्र नखं तिष्ठति, कीदृशम्? अद्भुतमाश्चर्यभूतं शृङ्गमग्रभागो यस्य तादृशम्। अद्भुतत्वमेवाह–दलितो विदारितो हिरण्यकशिपोर्दैत्यस्य तनुर्देहः स एव भृङ्गो भ्रमरो येन तादृश। भृङ्गो हि पुष्पदलविदलनार्थं प्रवर्त्तते, विदलयति च तत्, अनेन पुनर्दलरूपनखेन भृङ्ग एव विदारित इत्यद्भुतत्वम्। तथा च बृहतोऽपि हिरण्यकशिपुकायस्य भृङ्गत्वनिरूपणेन श्रीनृसिंहकराम्बुजा-पेक्षयातिसूक्ष्मत्वं ध्वनितम्; भक्तद्रुहो हिरण्यकशिपोर्वित्रासायात्र च सिंहवपुराविष्करणीयेति भावः।

से उसका उद्धार करते हैं। इसलिए वह उद्धरित पृथ्वी भगवान् की श्री हो जाती है। वह भूदेवी और श्री हमारी कला में एक ही हैं। भगवान् इसीलिए समुद्र और पृथ्वी के पति के रूप में माने जाते हैं। पृथ्वी का दूसरा नाम ही विष्णु-पत्नी है। रूपक की भाषा थोड़ा हटा दें, तो वास्तविकता यही है कि पंक को, दलदल को कृषियोग्य उर्वरता देने का कार्य भगवान् ने किया है और ऐसे किया है जैसे उन्हें कुछ परिश्रम ही नहीं हुआ हो, न हिरण्याक्ष को मारने में हुआ और न पृथ्वी को दाँतों की नोक पर टिकाने में हुआ।।३।।

भगवान् का चौथा अवतार है–नृसिंह-अवतार। हिरण्याक्ष का ही दूसरा भाई था हिरण्यकशिपु, सोने की सेज पर सोनेवाला। उसने पृथ्वी पर अनेक उत्पात शुरू किये, सामंजस्य स्थापित करनेवाली यज्ञ की प्रक्रिया बन्द कर दी, ऋषि और देवताओं को सताने लगा, ज्ञान की प्रक्रिया बन्द कर दी और अपने को सबसे बड़ी शक्ति के रूप में पुजवाने लगा। उसके पुत्र थे प्रह्लाद। प्रह्लाद पुत्र ही नहीं थे, उसके लिए चुनौती भी थे। वे पिता के आदेश के बावजूद भगवद्भक्ति में स्वयं लगे रहे, दूसरों को लगाते रहे। पिता को क्रोध आया, उनको तरह-तरह के दण्ड दिये, किन्तु प्रह्लाद को कुछ नहीं हुआ। अन्त में प्रह्लाद से कहा, 'बुलाओ अपने भगवान् को,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

'यमानिलेन्द्रार्कविष्णुसिंहाम्बुवाजिषु।
शुकाहिकपिभेकेषु हरिर्ना कपिले त्रिषु'।। इत्यमरः।
शृङ्गं प्रभुत्वे शिखरे चिह्ने क्रीडाम्बुयन्त्रके।
विषाणोत्कर्षयोश्चाग्रे शृङ्गे स्यात् कूर्चशीर्षके'।। इति विश्वः।

'पुनर्भवः कररुहो नखरो नखमस्त्रियाम्' इत्यमरः। 'तनुः काये कृशे चाल्पे विरले चापि वाच्यवत्' इति च। 'द्विरेफपुष्पलिड्भृङ्गषट्पदभ्रमरालयः' इत्यमरः।।४।।

छलयसि विक्रमणे बलिमद्भुतवामन
पदनखनीरजनितजनपावन।
केशव! धृतवामनरूप जय जगदीश हरे।।५।।

छलयसीत्यादि। हे केशव! धृतं वामनस्य स्वरूपं येन तादृश जय। वामनावतारप्रयोजनमाह–हे अद्भुतवामन आश्चर्यरूप वामन! विक्रमणे पदाक्रमणनिमित्तमुपादाय बलिं दैत्यराजं छलयसि वञ्चयसि। भगवानुपेन्द्रो वामनरूपं धृत्वा बलेः सकाशात् पदत्रयपरिमितां भूमिं प्रार्थ्य पश्चाद्बृहद्रूपं

कहाँ है तुम्हारा भगवान्?' उन्होंने कहा, 'सामने खम्भे में है' और खम्भे को तोड़ करके भगवान् नृसिंह अवतीर्ण हुए, शरीर मनुष्य का और मुख सिंह का। उन्होंने अपने नखों से हिरण्यकशिपु को अपनी गोद में लिया, क्योंकि उसकी मृत्यु न तो पृथ्वी में होनी थी, न आकाश में और उसे अपने नखों से चीर दिया। सोना जब शक्ति बनकर आता है, तो ऐसा ही अहंकार होता है। इस अहंकार का ही विदारण भगवान् ने किया। सोने की सम्पत्ति हमेशा लोगों को विभक्त करती है और भक्ति लोगों की साझेदारी सुनिश्चित करती है, लोगों का भाव सुरक्षित रखती है और अपने को आराध्य देवता के भाव के रूप में ही देखती है। इस प्रकार नृसिंह-अवतार के उग्र रूप में, भक्त के भावुक के रूप में एक ऐसी कृपा और करुणा दिखाई पड़ती है, जो भगवान् का स्वभाव है।।४।।

पाँचवाँ अवतार है–वामन का। प्रह्लाद के पौत्र बलि ने अपने सत्कर्मों से इन्द्र को जीत लिया और जिस लोक में रहता था, उसी को स्वर्ग बना दिया। उसको उग्र रूप धारण करके वश में नहीं किया जा सकता था। उससे त्रिभुवन का राज्य, याचक बनकर ले लिया जा सकता था और भगवान् याचक बनकर गये। जब याचक बनकर जाना होता है, तो छोटा होना ही पड़ता है। बिलकुल बौने होकर गये। बलि के परदादा को सोने की सम्पत्ति का घमण्ड था, तो बलि के भीतर भी एक अभिमान जाग गया था कि मैं इतने यज्ञ कर रहा हूँ और मैं इतना लुटा रहा हूँ, सम्पत्ति बाँट

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रकटीकृत्य चतुर्दशभुवनैरपि पदत्रयापूरणे तं बलिं गृहीत्वा त्रिलौकीमिन्द्राया-ददादिति पुराणप्रसिद्धेरद्भुतत्वम्। स चात्मनो भगवतो भक्तपरवशत्वेन छद्मनापि भक्तकार्यसाधनमिति चाद्भुतवामनेत्युक्तं वस्तुतस्तु तद्वशो भूत्वा द्वारपालो बभूवेत्यद्भुतत्वं ध्वनितम्।

अन्यच्चाद्भुतत्वं दर्शयति– पदनखसम्बन्धि यन्नीरं गङ्गाजलं तेन जनितमुत्पादितं जनानां पावनं पावित्र्यं येन तादृश। अत्रापि प्रवर्द्धमानस्य भगवतस्त्रिविक्रमस्य चरणाङ्गुष्ठनखाग्रेण विदीर्णे ब्रह्माण्डस्य प्रथमे पार्थिवा-वरणे तेनैव वर्त्मना तच्चरणारविन्दं प्रक्षालयदेवागतं यद्द्वितीयावरणजलं ब्रह्मदत्तार्थजलेनैकीभूतं क्रमेण मर्त्यलोकं प्राप्तं गङ्गेति लोकान् प्लावयतीति पुराणप्रसिद्धेः। तथा च भूर्लोकस्थितेनातिवृद्धेन वामनेन ब्रह्माण्ड-जलस्यात्रानयनादाश्चर्याच्छद्मवतः चरणनखस्पृष्टजलेनापि शेषलोकपावनत्व-मित्यद्भुतमहिमयोगेनात्याश्चर्यमित्यपि ध्वनितम्।

किञ्च छलयसीति भूतेऽप्यद्यापि बलिसमीपे वर्त्तमानत्वाद् वर्त्तमान-प्रयोगः। पावन इति नायकगुणश्च कथितः। 'अम्भोऽर्णस्तोयपानीय-नीरक्षीराम्बुशम्बरम्' इत्यमरः।

'बलिश्चामरदण्डे स्याज्जरया श्लथचर्मणि।
उदरावयवे दैत्ये करे पूजोपहारयोः।।
गृहदारुविशेषे च गन्धके च क्वचिन्मतः'।। इति विश्वः।।५।।

रहा हूँ। भगवान् अहंकार पुण्य का भी नहीं सहते। इस अहंकार को दूर करने के लिए वे बस इतना माँगते हैं कि हमें तीन पग जमीन दे दो, तीन पग नाप की जमीन दे दो। बलि हँसता है कि क्या छोटी चीज माँगी है और भगवान् तीन पग के नाप की पृथ्वी बताने के लिए विराट् हो जाते हैं और विराट् रूप में सारा त्रिभुवन माप लेते हैं। अभी एक पग बाकी है, बलि अपनी पीठ सामने कर देते हैं– 'मेरी पीठ नाप लीजिए।' भगवान् उनके इस विनय से प्रसन्न होते हैं और उन्हें वरदान देते हैं कि आनेवाले मन्वन्तर के तुम्हीं इन्द्र होगे और तुम्हारे परिवार में भक्ति अचल रहेगी। भगवान् अपने भक्त को भी छलते हैं और उसके हित में उसे छलते हैं, सात्त्विक रूप के द्वारा छलते हैं; क्योंकि सात्त्विक रूप से ही सात्त्विक अभिमान दूर किया जा सकता है और इस रूप के द्वारा वे कई बातें दिखलाते हैं। एक तो यह कि छोटे-से-छोटे में एक बहुत बड़ी शक्ति कहीं रहती है और दूसरी बात यह कि छोटी याचना का उपहास महँगा पड़ता है। उस उपहास की दवा छल है। इसलिए यह छल बलि का कल्याण करता है और जो सन्तुलन सृष्टि में बिगड़ गया था, उसे पुनः स्थापित करता है।।५।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

क्षत्रियरुधिरमये जगदपगतपापं
स्नपयसि पयसि शमितभवतापं
केशव! धृतभृगुपतिरूप जय जगदीश हरे।।६।।

क्षत्रियेति। **हे केशव धृतं भृगुपतेः परशुरामस्य रूपं येन तादृश जय। तत्प्रयोजनमाह–क्षत्रियाणां यद्रुधिरं तन्मये तद्विकारे पयसि कुरुक्षेत्राख्य-तीर्थजले जगत् प्राणिजातमपगतपापं नष्टकलुषं यथा स्यादेवं स्नपयसि स्नानं कारयसि। यदवधि परशुरामेणैकविंशतिवारान् क्षत्रियान् हत्वा तद्रुधिरैः कुरुक्षेत्रे पञ्चह्रदान् विधाय पितृतर्पणं कृतम्, तदवधि तन्महातीर्थं जातमिति पुराणप्रसिद्धेः। कीदृशं जगत्? शमितभवतापं शमितो नाशितो भवस्य संसारस्य तापः सन्तापो यस्य तादृशम्। प्राणिनां पापसम्बन्धादेव तापस्तत्तीर्थस्नानेन तु सर्वपापनाशे स तापनाश इति भावः। जले मज्जतः सन्तप्तस्य तापनाश उचित एवेति ध्वनिः। 'रुधिरोऽङ्गारके प्रोक्तो रुधिरं कुङ्कुमसृजोः' इति विश्वः। 'भवः संसारसम्प्राप्तिश्रेयःशङ्करजन्मसु' इति च। अनेनापि धर्मरक्षणाय तद् विरोधिक्षत्रकुलसंहरणरूपं भक्तकार्यं दर्शितम्, तथा च रुधिररूपे जले मज्जतां साधनकोटिसंसाध्यध्वंसलक्षणपावनत्वापा-दनेनाद्भुतपावनत्वं वीर्यञ्च कथितमिति भावः।।६।।**

भगवान् का छठाँ अवतार, परशुराम अवतार है। अब तक जिस प्रभुत्व के मद को भगवान् ने चुनौती दी, वे सभी मद आसुरी मद थे, लेकिन मनुष्य के भीतर भी प्रभुता का मद हो सकता है और ऐसा मद हो सकता है कि ऋषि की गाय पर भी लोभ हो जाय और वह उसे जबर्दस्ती छीन ले जाय और विरोध करने पर आश्रम को तहस नहस कर दे, तपस्या के वातावरण को नष्ट कर दे, एक तरह से पर्यावरण को ही नष्ट कर दे, पर्यावरण को शुद्ध करनेवाले उपाय को ही नष्ट कर दे। भगवान् हाथ में फरसा लेकर परशुराम अवतार लेते हैं और फरसे से क्षात्रमद का नाश करते हैं। वे ऐसे दुर्मद राजाओं से छीनकर सारी पृथ्वी बाँट देते हैं। अपने लिए, अपने रहने के लिए भी कोई ठौर नहीं रखते, तो समुद्रतट से छीनकर एक कोना निकालते हैं। वही कोना आज केरल कहा जाता है। जिस जगह महाभारत का युद्ध हुआ था, उस कुरुक्षेत्र में परशुराम के द्वारा फरसे से काटे गये दुर्मद राजाओं के रुधिर का कुण्ड है, जिसे समन्तपंचक तीर्थ कहा जाता है। मनुष्य के रूप में भगवान् का एक तरह से यह पहला अवतार है। वामन तो देवसन्तति हैं, देवरूप हैं और परशुराम ऋषिसन्तान हैं, क्षत्रिय माता और ऋषि पिता की सन्तान हैं। उस रूप में भगवान् का अवतरण क्रोध की अंकुश-शक्ति का प्रदर्शन है।।६।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वितरसि दिक्षु रणे दिक्पतिकमनीयं
दशमुखमौलिबलिं रमणीयं
केशव! धृतरघुपतिरूप जय जगदीश हरे।।७।।

वितरसीत्यादि। हे केशव! धृतं रघुपतेः रामचन्द्रस्य रूपं येन तादृश जय। श्रीरामावतारकृत्यमाह–रणे सङ्ग्रामे दिक्षु दशदिशासु दिक्पदेनैव दशसङ्ख्योपस्थितिर्ज्योतिषि। दशमुखस्य रावणस्य ये मौलयो मस्तकानि तान्येव बलिम् उपहारं वितरसि ददासि। कीदृशम्? दिक्पतिकमनीयं दिशां ये पतय इन्द्रादयस्तेषां कमनीयमभीष्टम्, तत्र हेतुः–रमणीयं रावणवधद्वारा लोकाभिरामत्वात्; प्रत्येकं विभागकथनाय दशमुखपदोपादानं 'किरीट-मूर्धचूडासु मौलिः केशे च सज्जने'। अत्रापि लोकपालानां स्वभक्तानां कार्यपरत्वं तैरपि सेव्यमिति चाद्भुतवीर्यकौशलञ्च दर्शितं प्रत्येकं तन्मौल्यर्पणात्।।७।।

वहसि वपुषि विशदे वसनं जलदाभं
हलहतिभीतिमिलितयमुनाभं
केशव! धृतहलधररूप जय जगदीश हरे।।८।।

वहसीति। हे केशव! धृतं हलधरस्य बलभद्रस्य रूपं येन तादृश जय। तल्लीलामाह–विशदे शुभ्रे वपुषि देहे जलदाभं सजलमेघनीलं वसनं वस्त्रं वहसि धारयसि। कीदृशम्? हलहतिभीतिमिलितयमुनाभं हलेन हतिर्हननं तद्भीत्या तद्भयेन मिलिता या यमुना तस्या इव आभा दीप्तिर्यस्य तादृशम्। इयञ्च मलयानिलवशात् कम्पमानस्य वस्त्रस्य भययुक्तयमुनया उत्प्रेक्षागर्भोपमा। भीरूणां विकम्प उचित एवेति भावः। कदाचिद्वृन्दावने वारुणीं पीत्वा

सातवाँ अवतार, जिसे हमारी परम्परा पूर्णावतार मानती है, श्रीराम का है। उनका वर्णन इस रूप में किया गया है कि वे दसों दिक्पालों को, दसों दिशाओं के अधिपतियों को रावण के दस सिरों की बलि दे रहे हैं। दसों दिशाओं के प्राणी रावण के बारे में भयाक्रान्त थे। जब रावण मारा जाता है, तो उसके सिर दसों दिशाओं में पहुँचते हैं तथा लोगों को भीतर-भीतर बड़ी राहत मालूम होती है, आतंक से और सन्त्रास देनेवाले के अहंकार से बहुत शान्ति मिलती है।।७।।

आठवाँ अवतार, कृष्ण के बड़े भाई हलधर बलराम का है। यहाँ इनका अस्त्र है हल और मूसल। यह गोरे हैं। इनकी देह पर नीला वस्त्र खिलता है। ये यमुना के ऊपर एक बार क्रुद्ध हुए थे। हल की नोक इन्होंने घुसायी और भय से यमुना

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गोपीभिः सह विहरता बलभद्रेण जलक्रीडार्थमाहूता मत्तप्रलापोऽयमिति मत्वा गर्वेणान्तिकमनागच्छन्ती कालिन्दी रोषतो हलाग्रेण कृष्टेति पुराणप्रसिद्धेः। अस्मिन्नप्यवतारे ताभिः प्रेयसीभी रममाणस्य तत्सुखार्थं यमुनाकर्षणालीलाविष्करणात् तत्परत्वमिति। किञ्च हलधरपदेन दुष्टनिग्रहार्थमेव हलं धृतवानिति भक्तकार्यपरत्वमवतारप्रयोजनञ्च ध्वनितम्। 'गात्रं वपुः संहननं शरीरञ्च कलेवरम्' इत्यमरः। 'शुक्ल-शुभ्र-शुचि-श्वेत-विशद-श्येत-पाण्डुराः' इति च। वस्त्रमाच्छादनं वासश्चेलं वसनमस्त्रियाम्' इति च। 'भीतिः साध्वसकम्पयोः' इति विश्वः।।८।।

निन्दसि यज्ञविधेरहह श्रुतिजातं
सदयहृदयदर्शितपशुघातं
केशव! धृतबुद्धशरीर जय जगदीश हरे।।९।।

निन्दसीति। हे केशव! धृतं बुद्धशरीरं येन तादृश जय। ननु वेदनिन्दकस्य कथं स्तुतिरित्यत आह–यज्ञविधेः श्रुतिजातं क्रतुविधानसम्बन्धिवेदवाक्यसमूहं निन्दसि, न तु सर्वमित्यर्थः। सोऽपि किमिति निन्द्यते? इत्यत आह–अहह कष्टं दर्शितो बोधितः पशूनां घातो येन तादृशम्, वेदोऽपि पशूनां घातं बोधयतीत्यहह कष्टमित्येवं निन्दसीति भावः। एतादृशनिन्दायामपि हेतुमाह–सदयहृदयेति। दया कृपा तत्सहितं हृदयं यस्य तादृश। अयं भावः–रागवशान्निरङ्कुशान् दृष्ट्वाऽग्नीषोमीयं पशुमालभेतेत्यादिविधिवाक्यैः स्वर्गादिफलप्रदर्शनपुरस्कारेण गुडजिह्विकया वैदिकमार्गे प्रवर्त्त्य पश्चान्नश्वर-स्वर्गादिफलजनकं निरपराधिबहुप्राणिवधसाध्यं यागादिकं युक्तिविरोधित्वान्न तेषामत्यन्तहितमिति विचार्य परमपुरुषार्थसाधने निवृत्तिमार्गे तान् प्रवर्त्तयितुं 'न हिंस्यात् सर्वभूतानि' इत्यादिना यज्ञादिबोधकवेदस्य निन्दां करोषि, न तु सर्वथा वेदनिन्दायामेव तव तात्पर्यम्। अत एव गूढं तवैतत्तात्पर्यमज्ञात्वा दुरात्मनां वैदिकमार्गे अविश्वासः, तेषां मोहनायैव तदवतारपरिग्रह इति। स्वजनार्थं तद्विरोधिनां श्रेयसि वञ्चनरूपमवतारप्रयोजनमप्युक्तमिति।

काँप उठीं। ऐसा अवतार है भगवान् का–एक अपार बलशाली। ऐसे अवतार का नाम ही बलराम है।।८।।

नौवाँ अवतार भगवान् बुद्ध का है, जो उन श्रुतियों की निन्दा करते हैं, जो यज्ञ में पशुमेध का विधान करती हैं और इसके द्वारा दयाशील हृदय में पशुघात, पशु को मारने के प्रति, पशु को मारते समय करुणा की सृष्टि करते हैं और वे

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अहहेत्यद्भुते वा। 'अहहेत्यद्भुते खेदे' इति विश्वः। 'वेदे श्रवसि च श्रुतिः' इत्यमरः। 'जातं जात्योघजन्मसु' इति विश्वः।।९।।

म्लेच्छनिवहनिधने कलयसि करवालं
धूमकेतुमिव किमपि करालं
केशव! धृतकल्किशरीर जय जगदीश हरे।।१०।।

म्लेच्छनिवहेति। हे केशव! धृतं कल्किनः शरीरं येन तादृश जय। तच्चेष्टितमाह–त्वं म्लेच्छनिवहनिधने म्लेच्छानां निवहाः समूहास्तेषां निधने नाशनिमित्तं करवालं खड्गं कलयसि धारयसि। कीदृशम्? किमपि करालम् अतिशयेन भयङ्करम्। कमिव धूमकेतुमिव औत्पातिकरणे उदितं तत्करवाले पश्यतां म्लेच्छानां नाशो भवतीति करवालस्य धूमकेतुसाम्यं धूमकेतौ ग्रहविशेषमिव, औल्पातिकग्रहविशेषेऽप्युदिते तं पश्यतां प्राणिनां विपदो भवन्तीति भावः। यद्वा धूमः केतुश्चिह्नं यस्य स धूमकेतुर्वह्निस्तमिव, अत्र खड्गस्य नीलत्वाद्धूमसाम्यं मुष्टेश्च सुवर्णमयत्वादग्निसाम्यम्। 'म्लेच्छः पापरतौ जातिभेदे स्यादपभाषणे' इति विश्वः। 'समूह-निवह-व्यूह-सन्दोह-विसर-व्रजाः' इत्यमरः। 'निधनं स्यात् कुले नाशे' इति विश्वः। 'खड्गे तु निस्त्रंशचन्द्रहासासिरिष्टयः। कौक्षेयको मण्डलाग्रः करवालः कृपाणवत्' इत्यमरः। 'धूमकेतुः स्मृतो वह्नावुत्पातग्रहभेदयोः' इति विश्वः। 'करालो भीषणेऽन्यवत्' इति च।।१०।।

श्रीजयदेवकवेरिदमुदितमुदारं
शृणु सुखदं शुभदं भवसारं
केशव! धृतदशविधरूप जय जगदीश हरे।।११।।

धृतवानसीत्यादिभिर्वर्त्तमानप्रयोगैरवताराणां भगवतश्च लीलाया नित्यत्वं दर्शितम्। एवं तत्तदवतारगुणैः स्तुतिं कृत्वा सम्प्रत्यवतारिणं स्तुवन् प्रार्थयते–

करुणामय हैं। दूसरी ओर वे एक लम्बी परम्परा का विखण्डन करने वाले और तोड़नेवाले भी हैं।।९।।

अन्तिम अवतार, जो अभी होनेवाला है, को कल्कि कहा है, जो लम्पटों को मारने के लिए, उनकी सफाई के लिए तलवार रखते हैं। ऐसा लगता है कि कई धूमकेतु भयंकर रूप लेकर आये हैं।।१०।।

इस प्रकार उनके दस अवतार हैं, जिसका गायन श्री जयदेव ने किया है। सीखने को सीख देते हैं, शुभ है और इस जन्म-मृत्यु के संसार का सार है; क्योंकि

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्रीजयदेवेति। हे केशव! धृतानि दशविधानि रूपाणि येन तादृश त्वं जय। के अखण्डानन्दसुखे शेते इति केशवः, तादृशस्यापि दशविधमत्स्यादि-रूपाण्यङ्गीकृत्यापि तादृशैः कृत्यैरपि स्वभक्तकार्यसाधनेन तादृशमहिम्न उद्घोषेण तव भजने मम महती रुचिर्जाता, अतो भक्तसुखसम्पादनेन जय। मम चेदमिति– इदं जयदेवकवेः उदितं भाषितं शृणु। कीदृशम्? सुखदं श्रोत्रमनः सन्तोषप्रदम्, पुनः कीदृशम्? शुभदं मङ्गलप्रदम्। तत्र हेतुः–भवसारं जन्मरहस्यं वर्णनीयत्वेन यत्र तादृशम्, अथवा भवे सारं श्रेष्ठं परमपुरुषार्थसाधनत्वेन जन्मसाफल्यकरत्वात्। अत एव उदारं परमार्थप्रदम्; अथवा उदारं महत्, झटिति पदार्थार्पकमिति वा, कृष्णकीर्त्तनत्वात्तत् प्रियजन-कथान्वितत्वाच्च एतानि विशेषणानि। 'उक्तं भाषितम् उदितम्' इति, 'सारो बले मज्जनि च स्थिरांशे, न्याय्ये च नीरे च धने च सारम्। वेदेऽव्ययवत् सारमुदीरयन्ति' इति विश्वः।।११।।

वेदानुद्धरते जगन्निवहते भूगोलमुद्बिभ्रते
दैत्यं दारयते बलिं छलयते क्षत्रक्षयं कुर्वते।
पौलस्त्यं जयते हलं कलयते कारुण्यमातन्वते
म्लेच्छान्मूर्छयते दशाकृतिकृते कृष्णाय तुभ्यं नमः।।५।।

अंशावतारान् स्तुत्वा वर्णनीयं पूर्वतममखिलनायकशिरोरत्नं श्रीकृष्णाख्यं प्रणमति–वेदानित्यादि।

'कृषिर्भूवाचकः शब्दो नश्च निर्वृतिवाचकः।
तयोरैक्यं परं ब्रह्म कृष्ण इत्यभिधीयते'।।

इति सर्वमयोखिलपरिपूर्णमहाशक्तिमाँश्च कृष्ण इति स्वानन्यमाधुर्येण प्रियजनाकर्षणाच्च कृष्ण इति तद्रूपाच्चेति कृष्णस्तस्मै निरवधिपरमानन्द-घनरूपाय स्वप्रियजनै रममाणाय श्यामसुन्दराय शृङ्गाररससर्वस्वमूर्त्तये तुभ्यं नमः। तथा च श्रुतिः (मुण्डक. २।१।२) 'अक्षरात् परतः परः' इति, (श्वेताश्व. १।६।८) 'परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च' इति, (गीता–१५।१८) 'अक्षरादपि चोत्तमः' इति

इस संसार में उत्पन्न होकर ही यह लीला हुई है। यह लीला ही इस नश्वर होनेवाले संसार की सहभागी है।।११।।

इस अष्टपदी के अन्त में एक श्लोक दिया है, जिसमें सब का समाहार करते हुए कहा गया है कि ऐसे कृष्ण, जिन्होंने वेदों का उद्धार किया है, जगत् को अपनी पीठ पर ढोया है, जिन्होंने पृथ्वी को फूल-से निकालकर पुनः स्थापित किया, इस

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भगवद्गीतायाम्। 'नराकृति परं ब्रह्म सच्चिदानन्दविग्रहः' इति च (पाद्मोत्तरे बृहद्विष्णुसहस्रनाम्नि)।

'आनन्दचिन्मयरसप्रतिभाविताभिर्य एष निजरूपतया कलाभिः।
गोलोक एव निवसत्यखिलात्मभूतो गोविन्दमादिपुरुषं तममुं भजामि'।।

इति ब्रह्मसंहितायाम् (५।३१)। वक्ष्यति च (गो. १२) 'शृङ्गारः सखि! मूर्त्तिमानिव मधौ मुग्धो हरिः क्रीडति' इति। उक्तञ्च शुकेनापि (भाग. १०।३२।२) 'साक्षान्मन्मथमन्मथः' इति। ननु मीनाद्यवतारवानीश्वरः केशवः, के जले शेते, 'पृषोदरादीनि यथोपदिष्टानि' (पा. ६।३।१०९) यथास्थितान्येव स्युरिति केशव आदिनारायणः। उक्तञ्च (भा. १।३।६) 'एतन्नानावताराणां निधानं बीजमव्ययम्' इति, तस्य स्तुतिः कृतैवेदानीं गोपकिशोरं वनविहारिणं मां किमिति स्तौषीत्यत आह–दशाकृतिकृते तुभ्यमिति। मीनादिदशरूपधारिणे तुभ्यं नमः। अयमर्थः–तत्तद्दशावतार-वानीश्वरो नारायणस्तवैवांशः, तदुक्तं ब्रह्मणा (भा. १०।१४।१४) 'नारायणोऽङ्गम्' इति, श्रीभागवते (१०।४१।१) अक्रूराय वैकुण्ठदर्शने 'नटो नाट्यमिव' इति शुकोक्तिश्च। 'एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्' इति प्रथमस्कन्धे (भा. १।३।२८) अवतारनिर्णये। ब्रह्मसंहितायाञ्च (५।४८) 'विष्णुर्महान् स इह यस्य कलाविशेषः' इति। अतः परमेश्वरत्वात्त्वामेव स्तौमीति। इत्थं निश्चित्य उक्तावतारकर्मभिः संक्षेपेण पुनराह–किंलक्षणाय? मीनस्वरूपेण वेदोद्धारं कुर्वते। पुनः कीदृशाय? जगन्ति भुवनानि कच्छपरूपेण वहते धारयते। भूगोलं पृथ्वीमण्डलं वाराहरूपेण उद्बिभ्रते ऊर्द्ध्वं प्रापयते। दैत्यं हिरण्यकशिपुं दारयते नृसिंहरूपेण विदारयते। बलिं दैत्यं वामनरूपेण छलयते वञ्चयते। क्षत्रक्षयं दुष्टानां क्षत्रियाणां नाशं परशुरामरूपेण कुर्वते। पौलस्त्यं रावणं श्रीरामरूपेण जयते। हलं दुष्टनिग्रहाय आयुधत्वेन कलयते बलभद्ररूपेण धारयते। कारुण्यं कृपामातन्वते बुद्धरूपेण विस्तारयते। म्लेच्छान् कल्किरूपेण मूर्च्छयते नाशयत इत्यर्थः। एवं तत्तदवतारकर्मकर्तृत्वेन भगवतः पूर्णत्वमखिलशक्तिमत्त्वञ्च प्रतिपादितम्। 'आकृतिः कथिता रूपसामान्यवपुषोरपि' इति विश्वः।।५।।

कृष्ण ने अनेक दैत्यों का दमन किया, बलि को छला, क्षात्रमद को चूर-चूर किया, बलिष्ठ, बलशाली रावण के ऊपर विजय पायी, हल चलाकर एक नयी संस्कृति का बीज बोया, बुद्ध होकर करुणा का प्रसार किया, करुणा का सन्देश दिया और अन्त में जो म्लेच्छों के विनाश का कारण बननेवाले हैं, ऐसे दस प्रकार के रूप धारण करनेवाले श्रीकृष्ण को हमारा नमस्कार।।५।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गीतम्- २

[गुर्जरीरागेण मण्ठतालेन गीयते]

श्रितकमलाकुचमण्डल धृतकुण्डल हे।
कलितललितवनमाल जय जय देव हरे।।१।।

एवं तावत्तत्तदवतारचरितैस्तान् तान् नायकगुणाननुवर्ण्य इदानीं समस्तनायकचूडामणेः पुरुषोत्तमस्य प्रथमपद्ये 'रहःकेलय' इत्यनेन संक्षेपतः क्रीडां सूचयित्वा सम्प्रति सख्युक्त्या स्वाधीनभर्त्तृकावर्णनेन भगवतस्तस्य लोकोत्तरधीरललितशृङ्गारित्वादिगुणान् वर्णयन्नेव मङ्गलान्तरमप्याचरति– श्रितेत्यादिना। **किञ्च सर्वपूर्णशक्तिमत्त्वेऽप्यत्रानन्दविलासरसमय्याः शक्तेरेवोद्रिक्तत्वमन्यत्र त्वन्यासाम्, क्वचिदत्रापि तत्पोषणाय तासामप्यूह्यम्। तत्रैवं क्रमः–धीरोद्धता वामनपरशुरामादयः, तल्लक्षणम्–**

'मात्सर्यदर्पभूयिष्ठः छद्म्यहङ्कारवान् बली।
चण्डो विकत्थमानश्च धीरोद्धत उदाहृतः'।।

तद्गुणाश्च–यशस्विता दक्षता धार्मिकत्वञ्चेति। धीरोदात्तः, तल्लक्षणम्–

'क्रियावानतिगम्भीरो विनीतश्च विकत्थनः।
धीरोदात्तः स विज्ञेयो रामो दाशरथिर्यथा'।। इति।

शान्तो विनीतो धीरश्चेति धीरशान्तो मीनबुद्धादिः।

'विदग्धो नवतारुण्यः परिहासविशारदः।
निश्चिन्तो धीरललितः स्यात् प्रायो प्रेयसीवशः।।

इस अष्टपदी का आशय वह है जो पहले लिखा जा चुका है। जिसमें ऐसे भिन्न-भिन्न रूपों को धारण करने की क्षमता है, उसे अपनी लीला में ले जाना और उसे विवश करना कितना कठिन होगा और वही कठिन काम श्रीराधा के प्यार से सम्भव होता है। श्रीकृष्ण श्रीराधा के अनुवर्ती होते हैं। दूसरी अष्टपदी में विष्णु का स्मरण करते हुए श्रीराम का विशेष स्मरण किया गया है। यह पूर्व अष्टपदी का पूरक है। विष्णु के रूप में स्मरण इस टेक के रूप में है कि वे लक्ष्मी के स्तनों पर अपने को टिकाये हुए हैं, कानों में कुण्डल बाँधे हुए हैं और गले में सुन्दर वनमाला धारण

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्रृङ्गारी नायकस्त्वन्यः पञ्चमः कथ्यते यथा।
विलासवान् वामशीलः सुभगः स्थिरवाक् युवा।।
पतिः सधैर्या दृष्टिश्च सविलाससस्मितं वचः'।।

इति सङ्गीतराजे (?)। इत्यादिवर्णनीयगुणवान्नायकः श्रीराधाप्रियः। तद्गीतेन वर्णयति—श्रितकमलेति। **गीतस्यास्य गुर्जरीरागः, मण्ठश्च तालः। तयोर्लक्षणम्**—

'श्यामा सुकेशी मलयद्रुमाणां मृदूल्लसत्पल्लवतल्पमध्ये।
श्रुतिस्वराणां दधती विभागं तन्त्रीमुखा दक्षिणगुर्जरीयम्'।। इति।
'गुरुर्लघुद्वयं यत्र भृङ्गतालः स कथ्यते।
मङ्गलो मण्ठके ज्ञेयो रसे चाद्भुतसंज्ञके'।। इति।

अद्भुतकेलिप्रकटनादद्भुतत्वम्; गीतार्थस्तु–हे देव दीव्यतीति देवः तत्सम्बोधनम्, श्रीराधया सह विलासासक्तेति वा। हरे स्वसौन्दर्यादिनाखिल-भुवनयुवतीचित्तचोर जय जय, आदरे द्विरुक्तिः। इदञ्च ध्रुवपदम्। अथ पदानि–श्रितमाश्रितं कमलायाः कामयत इति कमु कान्तौ पचादित्वादच्, तं लाति गृहणाति स्वगुणैर्वशीकरोतीति सा कमला, 'ला आदाने' इति। यद्वा–कमला श्रीराधैव तस्याः कुचमण्डलं स्तनरूपमेव दुर्गं कामभयादिव येन तादृश; अनेन सकलनायिकामुकुटमणेर्गुणाधिक्यं कथितम्। तथा चानेन केलिकौशलेन रतिकौशलरूपो नायिकागुणश्चोक्तः। स्वाधीनभर्तृका नायिका चेयम्, तल्लक्षणं वक्ष्यतेऽग्रे (गो. ७९)। धृतकुण्डल धृते मकराकृतिकुण्डले कर्णाभरणे येन तादृश। अथवा तदाज्ञया धृते तस्या एव श्रुत्योः कर्णाभरणे येन, अथवा पुष्पादिना तत्कर्णभूषणार्थं निर्माय उपहारीकृते कुण्डले येन तादृश। पुनः कीदृश? कलितललितवनमाल–कलिता धृता ललिता मनोहरा वनमाला चरणपर्यन्तावलम्बिनी माला येन तादृश। एतद्विशेषणद्वयेन भव्यत्वमुक्तम्। 'वनमम्भसि कानने' इत्यभिधानात् पद्ममाला वा। 'आपाद-प्रमितां मालां वनमालेति तां विदुः' इति शाश्वतः। अथवा–कलिता धृता

किये हुए हैं। अगर हम यहाँ लक्ष्मी से पृथ्वी का, लक्ष्मी से भूदेवी का तात्पर्य लें और कल्पना करें कि पर्वत-रूप में स्तनों पर जो विष्णुरूप सूर्य की सीधी किरणें पड़ती हैं, तो ऐसा लगता है कि सूर्य का प्रकाश-बिम्ब पर्वतों की चोटियों पर ही टिका हुआ है, आराम से पड़ा हुआ है और उनके कानों के दोनों कुण्डल हिमालय के बायें और दायें बाजू से सुनहरी चोटियों का आकार ले रहे हैं, तो इसका अर्थ विशेष रूप से मनोरम और व्यापक हो जाता है। एक दूसरा अर्थ यह भी है कि

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ललिता मनोहरा वनमाला पुष्पमाला पद्ममाला वा प्रेयायाः कण्ठे येन तादृश। अथवा कलिताऽवगाहिता प्रियामण्डनार्थं वनमाला चम्पकादि-वनश्रेणी येन तादृश। अथवा—कलिता धृता ललिता मनोहरा प्रियाया मण्डनस्पर्शोत्था सात्त्विकविकारेण वनमाला स्वेदजलबिन्दुसन्ततिर्येन तादृश। अथवा धृता सम्भोगश्रमजलश्रेणी येन तादृश। व्यभिचारीभावोऽयम्। प्रियामण्डनार्थं कलिता बहुविधनिर्मिता वनमाला येनेति वा। एभिर्व्याख्यानैः कुशलः कलाविद्विलासीत्यादिगुणाश्च कथिताः। 'स्यान्मण्डलं द्वादशराजके च, देशे च बिम्बे च कदम्बकेऽपि। कुष्ठप्रभेदेऽप्युपसूर्यके च, भुजङ्गभेदे शुनि मण्डलः स्यात्'।। इति विश्वः।।१।।

दिनमणिमण्डलमण्डन भवखण्डन हे।
मुनिजनमानसहंस जय जय देव हरे।।२।।

दिनमणीत्यादि। दिनमणिः सूर्यस्तस्य मण्डलमिव ततोऽपि श्रेष्ठः कौस्तुभाख्यो मण्डनमलङ्कारो यस्य तादृश। दिनमणिमण्डलवत् मण्डनं यस्येति वा। अनेन धनाढ्य इति नायकगुणः कथितः। भवखण्डनेति-व्रजराजकुले स्वजन्मना देवादीनां भवो जन्म तं खण्डयसि तिरस्करोषीति तथाभूत। देवा अपि गोपीकुले जन्म वाञ्छन्तीति भावः। भवो रुद्रस्तं गान्धर्वविद्यया खण्डयसि पराजयं प्रापयसीति तादृश। उक्तञ्च (भा० १०।३५।१४-१५)–

'विविधगोपचरणेषु विदग्धो वेणुवाद्य उरुधा निजशिक्षाः।
तव सुतः सति यदाधरबिम्बे दत्तवेणुरणयत् स्वरजातीः।।
सर्वनरास्तदुपधार्य सुरेशाः शत्रुशर्व-परमेष्ठि-पुरोगाः।
कवय आनत-कन्धर-चित्ताः कश्मलं ययुरनिश्चिततत्त्वाः'।। इति।

लक्ष्मी स्वयं अपनी देह का भार उनके ऊपर डालकर लेटी हुई हैं। भगवान् के वक्षःस्थल पर लक्ष्मी ही तो रहती हैं। तीसरा अर्थ यह भी लिख सकते हैं कि विश्व की शोभा, विश्व की सुन्दरता का जो घनीभूत तत्त्व है, उसी पर भगवान् आश्रित हैं। उसके समस्त कार्यकलापों में निस्संग सुन्दरता है।।१।।

सूर्य के व्यापक रूप में जो विष्णु की आराधना होती है, अर्थात् जो रूप प्रातः से सन्ध्या तक छानेवाला है, व्याप्त करने वाला है, वह प्रकाश और ताप के द्वारा सृष्टि को आगे बढ़ानेवाला है, पौधों को, प्राणियों को ऊपर की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करनेवाला है। वह रूप श्रीकृष्ण ही है। इसमें सूर्यमण्डल शृंगार बन जाता है

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रियजनानां विरहदुःखादीनामुद्धवविदारणेति वा। एतेन कुलीनः कलाविच्चोक्तः। मुनिजनेति। मुनिवृत्तिर्मौनं तद्युक्तो जनः गोपीलक्षणस्तस्य मानसं चित्तं तदेव मानसं सरोवरविशेषस्तत्र हंसो मरालः। सौभाग्यमदलीलया मानादिना वा मौनयुक्तायाः श्रीराधायाश्चित्ताभिप्रायावगाहेऽत्यासक्तानन्यगत्या तत्रैव कृतस्थितिमरालेत्यर्थः। अथवा हे मुनिजनेति पृथक्पदम्, मननशीलो मुनिः स चासौ जनश्च, तस्याः प्रियायाः सौन्दर्यादिगुणगणनस्वभावेत्यर्थः। हे मानसहंस त्यक्तान्यसमस्ततद्धदि कृतनिवास। मुनीत्यारभ्यैकपदं वा- मुनिश्चासौ जनश्च स चासौ मानसहंसश्चेति; इदञ्च परम्परितरूपक-मलङ्कारः। तदाहुः (काव्यप्रकाशे-१०।९)-

'नियतारोपणोपायः स्यादारोपः परस्य यः।
तत्परम्परितं श्लिष्टे वाचके भेदभाजि वा'।। इति।

'मानसं सरसि स्वान्ते' इति विश्वः। 'हंसो विहङ्गमेऽपि स्यात् परमात्मनि योगिनि' इति च।।२।।

कालियविषधरगञ्जन जनरञ्जन हे।
यदुकुलनलिनदिनेश जय जय देव हरे।।३।।

कालियेति। कालियनाम्नो विषधरस्य गञ्जन तिरस्कारक। अनेन चतुःषष्टिकलाकुशलत्वं दर्शितम्। जनान् मधुरवचनादिना रञ्जयसीति जनरञ्जनेति। अनेन शुभवचनत्वं कथितम्। अथवा सखीजनान् श्रीराधानुकूल्येनानुरक्तं करोषीति। तामेव रागादिना मण्डयसीति वा। यदुकुलेति। यदुकुलमेव नलिनं पद्मं तस्य दिनेश सूर्य, तत्प्रकाशकत्वात्। 'यादवानां हितार्थाय धृतो गोवर्धनो मया' इति वचनाद् यदुकुलमिति

और इसमें मुनियों के मन के मानसरोवर में तैरनेवाले हंस बन जाते हैं। सूर्य भी हंस ही है और वह भी प्रकाश के आराधकों का आराध्य है। इसी सूर्य-स्वभाववाले श्रीकृष्ण का कार्य है- कमलों को खिलाना, अन्धकार के बीज को दूर करना, आसुरी वातावरण को स्वच्छ करना और इनके द्वारा लोगों को प्रसन्न करना। इसी रूप में वे यमुना में घुसे हुए हैं।।२।।

कालिय को यमुना से निकालने के लिए उसके सिर पर पैर रखकर नाचते हैं और उसके सौ-सौ फन चोट खाते-खाते झुक जाते हैं। वह दीन-हीन होकर प्रार्थना करता है कि मैं स्वयं यहाँ से चला जाऊँगा। उसके जाने से यमुना का जल पुनः स्वच्छ और पेय हो जाता है। खेल-खेल में भगवान् ऐसा बड़ा काम करते

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गोपकुलमेव। 'आशीविषो विषधरश्चक्री व्यालः सरीसृपः' इत्यमरः। 'वा पुंसि पद्मं नलिनमरविन्दं महोत्पलम्' इति च। 'रञ्जनो रागजनने रञ्जनं रक्तचन्दने' चेति विश्वः।।३।।

मधुमुरनरकविनाशन गरुडासन हे।
सुरकुलकेलिनिदान जय जय देव हरे।।४।।

मधुमुरेत्यादि। मधु-मुर-नरकादीनां विनाशकारिन्! गरुडासन गरुडः पक्षिराजः स एवासनमुपवेशनं यस्य तादृश। अथवा मधुः मधुराख्यरसस्तं मुरयति वेष्टयति स्वजनार्थमावृत्य रक्षतीति मधुमुरः, 'मुर वेष्टने' इगुपधेति कप्रत्ययः। तेन च नरकं नराणामितरसुखं विनाशयतीति तत्तुच्छीकरोतीत्यर्थः; उक्तञ्च (भा० १०।३१।१४) 'इतररागविस्मारणं नृणाम्' इति। गरुडवद्बन्धविशेष आसनं यस्येति च; अनेन रतिकौशलं कथितम्। सुरकुलेति। सुरकुलकेलीनामादिकारण। 'देवा हि क्रीडाचतुराः' इति प्रसिद्धिः, तैरपि तत्त्व एव शिक्षिता इति भावः। अनेन विलासित्वं सामर्थ्यञ्चोपपादितम्। 'सजातीयगणे गोत्रे देहेऽपि कथितं कुलम्' इति।।४।।

अमलकमलदललोचन भवमोचन हे।
त्रिभुवनभवननिधान जय जय देव हरे।।५।।

अमलेति। अमलं निर्मलं यत् कमलं तस्य यद्दलं पत्रं तत्सदृशे लोचने यस्य तादृश। अनेनापि भव्यत्वमेवोक्तम्। हे भवमोचन भवं जन्म तस्मात् प्रपन्नान् मोचयतीति तादृश। भक्तानां नित्यविग्रहप्रदानेन तस्य नित्यपरमानन्दरूपत्वाद् भजनत्वमुक्तम्। अथवा भवो रुद्रस्तं महाविपद्रूपाद् वृकासुरान्मोचयतीति तत्तथा। अथवा कमलदललोचनादिसौन्दर्येणाकृष्य रुद्रं

हैं कि इससे बड़ा कौतुक होता है और पूरे यदुकुल में हार्दिक प्रसन्नता उसी प्रकार होती है, जिस प्रकार सूर्य के उदित होने पर कमल को होती है।।३।।

श्रीकृष्ण-रूप में भी जब कभी उन्हें आवश्यकता होती है; वे गरुड़ को सवारी के लिए बुलाते हैं और इसी सवारी पर चढ़कर वे मधु, मुर और नरक जैसे तीन बड़े राक्षसों का विनाश करते हैं।

एक मधु, जो मधु और कैटभ की जोड़ी में एक है, दूसरा मुर नाम का असुर भी ऐसे विश्व को व्याकुल करने वाला है और नरक तो प्रसिद्ध ही है। उसने सोलह हजार राजाओं को बन्दी किया था, उनकी पत्नियों का अपहरण किया था, उनसे बलात् विवाह किया था। भगवान् ने उसे भूमि के गर्भ से पैदा किया था और वह

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

समाध्यादियोगव्रतान्मोचयतीति स्वप्रवणं करोतीत्यर्थः। त्रिभुवनभवननिधान त्रिभुवने भवनं गृहं श्रीवृन्दावनाख्यं तदेव निधानं वासस्थानं महानिधिरिति वा यस्य तादृश। 'निधानं त्वालये निधौ' इति विश्वः। 'भवनं भाववेश्मनोः' इति च। 'पत्रं पलाशं छदनं दलं छदः पुमान्' इत्यमरः।।५।।

जनकसुताकृतभूषण जितदूषण हे।
समरशमितदशकण्ठ जय जय देव हरे।।६।।

जनकेति। हे जनकसुताकृतभूषण व्रजजनानां कं सुखं यस्मात् स जनको व्रजजनेषु प्रधानो वा श्रीवृषभानुः, तस्य सुता श्रीराधा तस्याः कृतानि भूषणान्यलङ्करणानि मकरिकापत्रादीनि येन तादृश। जितदूषण जितानि निजगुणैः स्वस्मिन् तिरस्कृतानि दूषणानि दोषा येन तादृश। अनेन सकल-कलाकौशलरूपस्तारुण्यरूपश्च नायकगुण उक्तः। समरेति। समरे रतिरणे शं कूजिताख्यं सुखमितं प्रापितं दशसंख्यातानां नायिकानां कण्ठे येन तादृश। अनेन रतौ सामर्थ्यं कथितम्। अथवा समरे सुरतसंग्रामे यत् शं तेन इता प्रापिता कूजिताख्या दशाऽवस्था नायिकायाः कण्ठे येन।।६।।

अभिनवजलधरसुन्दर धृतमन्दर हे।
श्रीमुखचन्द्रचकोर जय जय देव हरे।।७।।

भूमि का ही शत्रु हो गया था। उस नरक का विनाश करके उन्होंने राजाओं को मुक्ति दी और राजकन्याओं को भी, जिन्हें बन्दी बना लिया था। श्रीकृष्ण ने उस राक्षस को मार कर सोलह हजार राजाओं को मुक्ति दिलायी और सोलह हजार राजकन्याओं को अपनी पत्नियों के रूप में स्वीकार किया।।४-५।।

यही श्रीकृष्ण श्रीराम के रूप में जानकी जी के आभूषण या यूँ कहें कि खरदूषण-दो भाइयों को मारनेवाले और यही दूषण हरनेवाले हैं। यही दस शीशवाले रावण को युद्ध में मारकर विजयी हुए। ऐसे श्रीकृष्ण का सौन्दर्य पावस के बादल की तरह हमेशा नया रहता है और यही श्रीकृष्ण कभी मन्दराचल को मथानी बनाने के लिए, कभी समुद्र-मन्थन में मथानी के रूप में अपने ऊपर धारण करते हैं, टिकाते हैं कि मथानी खिसकती नहीं और असंख्य-असंख्य साँपों को रस्सी बनाकर देवता और असुर उस समुद्र का मन्थन करते हैं। यही पुनः श्रीकृष्ण बन करके एक दूसरे पर्वत गोवर्धन को और हल्के तरीके से अपनी उँगलियों के ऊपर उठा लेते हैं। हमारी आँखें सीधे मुखचन्द्र पर पड़ती हैं।।६।।

समुद्र-मन्थन के बाद यही श्रीकृष्ण वामनावतार के विराट् रूप को धारण

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अभिनवेति। अभिनवो नूतनो यो जलधरः सजलो मेघस्तद्वत् सुन्दर महारसवर्षिन्, अनेनास्य महासौन्दर्यमेवोक्तम्। अत्र मन्दरपदेन गोवर्द्धन एव, यथा गोपालस्तवे शङ्कराचार्येणोक्तं 'धृतैकहस्तमन्दर' इति। श्रीमुखचन्द्र-चकोर श्रीयुक्तः शोभावान् श्रीराधाया मुखमेव चन्द्रः आह्लादकरत्वात् तस्य चकोर तदास्वादसर्वस्व! अत्र तस्या आननचन्द्राधरसुधापानसोत्कण्ठत्वेन भगवतश्चकोरत्वेन निरूपणम्। अनेनापि रतिकौशलमेव उक्तम्। 'प्रत्यग्रोऽभिनवो नव्यो नवीनो नूतनो नवः' इत्यमरः।।७।।

एवं सप्तभिः पदैर्नायकगुणाः कथिताः, तदुक्तम्–

'त्यागी कुलीनः कुशलो रतेषु
कल्पः कलावित् तरणो धनाढ्यः।
भव्यः क्षमी स्थिररुचिः सुभगोऽभिमानी
स्त्रीणां मतः शुभवचा इह नायकः स्यात्'।।

इति शृङ्गारतिलके (१।२३)। इदानीं कविः सर्वनायकोत्कृष्टत्वेन श्रीकृष्णं स्तुत्वा प्रार्थयते–

तव चरणे प्रणता वयमिति भावय हे।
कुरु कुशलं प्रणतेषु जय जय देव हरे।।८।।

तव चरणे वयं प्रणताः, हे कृष्ण इति भावय चिन्तय जानीहीति। प्रणतेषु अस्मासु कुशलं कुरु विघ्नराहित्यं कुर्वित्यर्थः।।८।।

श्रीजयदेवकवेरिदं कुरुते मुदम्।
मङ्गलमुज्ज्वलगीतं जय जय देव हरे।।९।।

श्रीजयदेवेति। इदं जयदेवकवेः सङ्गीतविशेषं मुदं कुरुते, कीदृशम्? मङ्गलमुज्ज्वलं दोषरहितं गानं यस्य तादृशम्। गीतदोषास्तु भरते–

करके तीनों लोकों को तीन पग में नाप लेते हैं। जिनकी आँखें ताजा खिले हुए कमल के दल की तरह हैं, चमकती हुई आँखोंवाले वे स्वयं इतने रूप बदलते हैं कि उनका स्मरण करते ही अनेक जन्मों में आने-जाने का व्यापार समाप्त हो जाता है। उन्हीं में ध्यान लगता है, तो यह विवशता नहीं रहती कि हम कभी यह सोचकर नाचें, कभी वह सोचकर नाचें। हमें मुक्ति मिल जाती है।।७-८।।

श्री जयदेव ने श्रीकृष्ण को इस रूप में स्मरण करते हुए कहा कि वे ऐसे प्रभुत्वशाली होते हुए भी श्रीलक्ष्मी के मुखचन्द्र के लिए चकोर ही बने रहते हैं,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

'शङ्कितं भीतमुद्‌घृष्टमव्यक्तमनुनासिकम्।
काकस्वरं शिरःकम्पं तथा स्थानविवर्जितम्।।
विस्वरं विरसञ्चैव विश्लिष्टं विषमाहतम्।
व्याकुलं तालहीनञ्च गीतदोषान् विदुर्बुधाः।।'

अथवा मङ्गलमिष्टप्रणतिरूपं मङ्गलाख्यतालो वेति–मङ्गलमिति।।९।।

पद्मापयोधरतटीपरिरम्भलग्न-
काश्मीरमुद्रितमुरो मधुसूदनस्य।
व्यक्तानुरागमिव खेलदनङ्गखेद-
स्वेदाम्बुपूरमनुपूरयतु प्रियं वः।।६।।

पुनर्नायिकायाः सौभाग्योद्रेकं निरूपयन्नाशीरूपं मङ्गलमाचरति–पद्मेति। मधुसूदनस्य उरुः हृदयं वो युष्माकं प्रियं वाञ्छितमनुपूरयतु सम्पूर्णं करोतु प्रतिक्षणं ददात्वित्यर्थः। नित्यविलासासक्तत्वात् तद्विशेषणविशिष्टस्य तस्य दातृत्वसामर्थ्यम्। वाञ्छितमपि तत्प्रियाणां तदेव रसानुभवमिति ध्वनितम्। मधुररसास्वादनलाभाय पद्येन मधुसूदनपदोपादानम्। कीदृशमुरः? पद्मानि विद्यन्ते यस्यात् सा पद्मा 'अर्श आदिभ्योऽच्' (पा. ५।२।१२७) इत्यच्, पद्मगुणयोगाच्च पद्मेति पद्मकोटिसौगन्ध्यवती पद्मा सौभाग्यपरिमलख्यापनात् सौकुमार्यसौन्दर्यादिगुणैरपीति तस्याः पद्मायाः पद्मिन्याः श्रीराधायाः पयोधरतटी स्तनप्रान्तदेशस्तस्याः परिरम्भेणालिङ्गनेन लग्नं यत् काश्मीरं कुङ्कुमं तेन मुद्रितं मुद्रा चिह्नविशेषः (तं प्रापितमित्यर्थः), इदं मधुसूदनस्य हृदयं ममैव, न त्वन्यस्येति ख्यापनाय निजस्तनतटीलिप्तकाश्मीरेण मुद्रेव

निरन्तर लक्ष्मी का मुख जोहा करते हैं। कभी उनके सौन्दर्य से उनकी आँखें तृप्त नहीं होतीं। इस प्रकार दूसरों को छकानेवाले कैसे एक छोटे से सुन्दर मुखड़े के प्रवाह में आ जाते हैं। यही गीत जयदेव गाकर अपने प्रबन्ध का मंगल स्थापित कर रहे हैं।।९।।

इस अष्टपदी के अन्तिम दो श्लोकों में से पहले में तो उनका मधुर रूप इस रूप में व्यंजित है कि श्रीकृष्ण का वह वक्षःस्थल जो लक्ष्मी के स्तनों के चन्दनचर्चित तटों के आलिंगन से केसर के रंग में रँग गया है और उस वक्षःस्थल पर खिलते हुए जो कामदेवता पसीना-पसीना हो गया हो, उस पसीने के झिलमिलाते कणों से ही उनका अनुरागी रूप व्यक्त हो रहा है। ऐसा वक्षःस्थल हमारे प्रिय की पूर्ति करे। इस श्लोक का तात्पर्य यह जान पड़ता है कि श्रीकृष्ण स्वभाव से ही

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दत्तेति भावः। तथा च पयोधरयोस्तटीपरिरम्भेण नायिकाया वामताख्यापनेन तस्या वैदग्धी प्रतिपाद्यते। पुनः कीदृशम्? खेलन् क्रीडां कुर्वन् अनङ्गः कन्दर्पस्तस्मात् खेद आयासः सुरतश्रमस्तेन यत् स्वेदाम्बु प्रस्वेदजलं तस्य पुरः प्रवाहो यत्र तादृशम्। एतेन काश्मीरस्य स्वेदसम्बन्धेन मुद्रायोग्यत्वं सम्भोगातिशयत्वञ्च ध्वनितम्। कीदृशमिव–व्यक्तानुरागमिव, व्यक्तः प्रकटीभूतोऽनुरागः स्नेहो यत्र तादृशमिव। तद्विषयकानुरागाधिक्यादभ्यन्तरे समावेशाभावात् कुङ्कुमरागव्याजेन बहिर्निःसृत इवेति भावः। मुद्रा सञ्जाताऽस्येति मुद्रितमिति तारकादित्वादितच्। 'पुरो जलप्रवाहे स्याद्व्रणसंशुद्धिखाद्ययोः' इति विश्वः। 'स्त्रीस्तनाब्धौ पयोधरौ' इति। 'कन्दर्पो दर्पकोऽनङ्गः' इत्यमरः। पद्मिनीलक्षणम् (रतिरहस्ये)–

'कमलमुकुलमृद्वी फुल्लराजीवगन्धिः,
सुरतपयसि यस्याः सौरभं दिव्यमङ्गे।
चकितमृगदृशाभे प्रान्तरक्ते च नेत्रे,
कुचयुगलमनर्घ्यं श्रीफलश्रीविडम्बि।।

तिलकुसुमसमानां बिभ्रती नासिकाञ्च,
द्विजगुरुसुरपूजां श्रद्दधाना सदैव।
कुवलयदलकान्तिः कापि चाम्पेयगौरी,
विकचकमलकोशाकारकामातपत्रा।।

व्रजति मृदु सलीलं राजहंसीव तन्वी,
त्रिवलिकलितमध्या हंसवाणी सुवेषा।
मृदु-शुचि-लघु भुङ्क्ते मानिनी गाढलज्जा,
धवलकुसुमवासा वल्लभा पद्मिनी स्यात्'[1]।। इति।

मधुर हैं। उनकी लीला में जो कुछ पौरुष व्यापार आये हैं, इस माधुर्य के ही कारण हैं। ऐसे वज्र की तरह कठोर छाती के भीतर ही मधुर हृदय रहता है। ऐसे हृदयवाला व्यक्ति जितना तपता है, जितना प्रकाशित होता है, उतना ही द्रवित होता है, उतना ही कहीं भीतर प्रवेश करके बस जाता है। जितना ही वह सूर्य है, उतना ही वह चन्द्र है। बल्कि यूँ कहें कि सूर्य-चन्द्र दोनों है और दोनों से कुछ अधिक है। वह एक ऐसी अवस्था है, जिसमें इन दोनों में विरोध नहीं रहता। इसमें सूर्य या ताप

---

१. द्वात्रिंशत्पुत्तलिकायां किञ्चिद् विलक्षणं वर्त्तते।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तस्या अलौकिकगुणानां वर्णनाशक्याद् एते लोकग्राह्यत्वेनैव कथ्यन्त इति सिद्धान्तः।।६।।

एतावता ग्रन्थेनाभिधेयप्रयोजनकेलिवर्णनोपयुक्तनायकगुणप्रतिपादन-पुरःसराणि मङ्गलानि विधाय कविः शृङ्गाररसप्रधानभगवत्केलिवर्णनं चिकीर्षुस्तत्र प्रथमावसरसंक्षिप्तकेलिं निवाह्य विशेषक्रीडामारब्धुमिच्छतोः परमप्रियतमयोः कदापि निमेषमात्रमपि विप्रलम्भमनिच्छतोः श्रीराधामोहनयोः सम्भोगरसपोषणाय रसयोगादेव विप्रलम्भाख्यशृङ्गाररसाविर्भावे जाते प्रथमं तावच्छृङ्गाररससर्वस्वभूताया नायिकायाश्चरितानि वर्णयितुं प्रस्तारयति–

वसन्ते वासन्तीकुसुमसुकुमारैरवयवै-
र्भ्रमन्तीं कान्तारे बहुविहितकृष्णानुसरणाम्।
अमन्दं कन्दर्पज्वरजनितचिन्ताकुलतया
बलद्बाधां राधां सरसमिदमूचे सहचरी ।।७।।

वसन्त इत्यादि। तत्र सम्भोगोत्कर्षं प्रति विप्रलम्भस्योपादाने आलङ्कारिकाः (उज्ज्वले-१५।३ धृतः)–

'सम्भोगो विप्रलम्भेण न विना पुष्टिमश्नुते।
कषायिते हि वस्त्रादौ भूयान् रागोऽभिजायते।।' इति।

दष्टा बिम्बाधरश्रीः कुचकलशरुचा हारिता हारयष्टिः।
काञ्ची काञ्चिद्गताशां स्तनजघनपदं पाणिनाच्छाद्य सद्यः
पश्यन्ती सत्रपं मां तदपि विलुलितस्रग्धरेयं धिनोति।।८४।।

यदुक्तं पत्युर्मनः कीलितम्, तदेव प्रकटयति—व्याकोश इत्यादिना। इयं राधा विलुलितस्रग्धरा खण्डितमालाधारिणी तदपि मां धिनोति प्रीणयति। किं कुर्वती? सद्यस्तत्कालं स्तनजघनपदं पाणिना हस्तेनाच्छाद्य तिरोधाय सत्रपं लज्जासहितं यथा स्यादेवं मां पश्यन्ती कथं सलज्जा? इत्याह–केशपाशः कबरी व्याकोशः शिथिलो जातः, अलकैश्चूर्णकुन्तलैस्तरलितम्, कपालौ स्वेदलोलौ घर्मजलव्याप्तावभूताम्। अनु. च दष्टा बिम्बाधरश्रीः खण्डिताधरलक्ष्मीः। कुचकलशरुचा स्तनघटदीप्त्या हारयष्टिर्हारिता कुत्रापि त्यक्ता। अथवा हारश्रीः शरीरशोभयैव हारिता चोरिता, अपि च काञ्ची क्षुद्रघण्टिका काञ्चिदनिर्वचनीयामाशां गता। अनेन सम्भोगावेशो ध्वनितः। तथा च भूषणादिरहितापि भूषणाङ्गलक्ष्म्या पत्युर्मनोहारिण्यभूदित्यर्थः। अनेन रूपमाधुर्यं निरूपितम् (उ. १०।२५,२७)–

'अङ्गान्यभूषितान्येव केनचिद्भूषणादिना।
येन भूषितवद्भान्ति तद्रूपमिति कथ्यते'।। इति।

तद्यथा–'नीतं पुनरुक्ततां भ्रमरकैः कस्तूरिकापत्रकम्, नेत्राभ्यां विफलीकृतः, किं राधे! तव मण्डनेन नितरामङ्गैरसि द्योतिता'। शोभा वा (उ. ११।१३-१४) 'सा शोभा रूपभोगाद्यैर्यत् स्यादङ्गविभूषणम्' इति। यथा–

धृत्वा रक्ताङ्गुलिकिसलयैर्नोपशाखां विशाखा
निष्क्रामन्ती व्रततिभवनात् प्रातरुद्घूर्णिताक्षी।
वेणीमंसोपरि विलुठतीमर्द्धमुक्तां वहन्ती
लग्ना स्वान्ते मम न हि बहिः सेयमद्याप्ययासीत्'।। इति।

स्रग्धरानामकं छन्दश्चेदम्।।८४।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मीलद्दृष्टिमिलत्कपोलपुलकं शीत्कारधारावशा-
दव्यक्ताकुलकेलिकाकुविकसद्दन्तांशुधौताधरम्।
श्यामोत्तुङ्गपयोधरोपरि परिष्वङ्गी कुरङ्गीदृशो
हर्षोत्कर्षविमुक्तनिःसहतनोर्धन्यो धयत्याननम्।।८५।।

मीलदित्यादि। हर्षोत्कर्षविमुक्तनिःसहतनोः हर्षोत्कर्षेण नानाविधरत-जनितानन्दातिशयेन विमुक्ता श्लथा निःसहा व्यापारासहा तनुर्यस्या एवम्भूतायाः कुरङ्गीदृशो मृगवधूनयनाया आननं मुखं धन्यो श्लाघ्यगुणवान् कृष्णः 'धयति पिबति निर्निमेषं पश्यतीत्यर्थः। अधरपानेन वा मुखं पिबतीत्युक्तम्। कीदृशः? श्यामाया उत्तुङ्गौ रसोन्नतौ यौ पयोधरौ कुचौ तयोरुपरि परिष्वङ्गी आलिङ्गितः। अनेन स्पर्शतृष्णा ध्वनिता। किम्भूतमाननम्? मीलद्दृष्टि मुद्रिते अक्षिणी, मिलत्कपोलपुलकञ्च सरोमोद्गमौ गण्डौ च यथा स्यादेवम्। शीत्कारधाराः शीत्काराणां श्रेणयः, तद्वशाद् अव्यक्ता अप्रकटा आकुलाश्च केलिकाकवः क्रीडाकाकवो ध्वनिविकारास्तैर्विकसन्तो ये दन्तांशवस्तैः धौतः प्रक्षालितोऽधरो यत्र तत्तथा। मीलद्दृष्टिमिलत्कपोलमित्याननस्य विशेषणं वा।।८५।।

अथ सहसा सुप्रीतं[१] सुरतान्ते नितान्तखिन्नाङ्गी।
राधा जगाद सादरमिदमानन्देन गोविन्दम्।।८६।।

अथेत्यादि। अथशब्दो मङ्गलार्थः, आनन्तर्ये वा। सा प्रसिद्धा वशीकृत-कान्ता राधा आनन्देन सहसा इदं वक्ष्यमाणं गोविन्दं प्रति जगाद उक्तवती। किंलक्षणा सा? सुरतान्ते सम्भोगावसाने नितान्तमतिशयेन खिन्नाङ्गी

बन जायेगा। श्रीकृष्ण ने भले ही उन्हें पुंभाव में आने का आमन्त्रण दिया, पुरुष के रूप में आने का आमन्त्रण दिया, पर उन्होंने घबराते-घबराते प्रिय पर रति-संग्राम में विजय प्राप्त करने के लिए रति-क्रीड़ा शुरू की, बड़े साहस के साथ, लेकिन थोड़ी ही देर में जाँघें निःस्पन्द हो गयीं, बाँहें ढीली हो गयीं, वक्षःस्थल काँप गया, आँखें मुँद गयीं और वे श्रीकृष्ण की भूमिका में अपने को स्थापित नहीं कर सकीं।।८०-८५।।

श्रीकृष्ण भी रति-केलि से क्लान्त हो गये। श्रीराधा के आभरण इधर-उधर अस्त-व्यस्त हो गये। सब कुछ उलट-पुलट गया और प्रिय को अपने वश में

---

१. पाठान्तरे—'इति मनसा निगदन्तं'।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सुरतायासयुक्तं शरीरं यस्यास्तादृशी। किंलक्षणं गोविन्दम्? सादरं किमपि सा मामाज्ञापयिष्यति, तदैव धन्यो भविष्यामीत्यादरेण सह वर्त्तमानम्। सुप्रीतं तत् प्राप्तुं मुखेन स्निग्धम्।।८६।।

गीतम्- २४

[रामकरीराग-रूपकतालाभ्याम्]

कुरु यदुनन्दन! चन्दनशिशिरतरेण करेण पयोधरे।
मृगमदपत्रकमत्र मनोभवमङ्गलकलशसहोदरे।।१।।
निजगाद सा यदुनन्दने क्रीडति हृदयानन्दने।।ध्रुवम्।।

तदेव गीतेनाह—कुर्वित्यादि। गीतस्यास्य रामकरीरागः, रूपकतालः। गीतार्थस्तु–सा राधा यदुनन्दने निजगाद उक्तवती। कीदृशी यदुनन्दने? क्रीडति रममाणे, पुनः कीदृशे? हृदयानन्दजनके। ध्रुवपदम्। किं निजगादेत्याह—कुर्विति। हे यदुनन्दन गोपकुलकुमुदचन्द्र! अत्र मम पयोधरे स्तने करेण मृगमदपत्रकं कस्तूरिकापत्रावलीं कुरु रचय। कीदृशेन करेण? चन्दन-शिशिरतरेण चन्दनादप्यतिशीतलेन। अथवा यदुनन्दने जगादेति पूर्वमेवोक्तम्, तदा यदुनन्दनश्चन्द्रः, चन्द्रादपि चन्दनादपि शीतलेन करेणेत्यर्थः। शीतलतरेण करेणेत्यनेन पुनः कामतप्तेनेति स्वाङ्गस्पर्शात् कामोद्बोधो दर्शितः, उक्तिवैचित्र्येणेति भावः। कीदृशे पयोधरे? मनोभवस्य कामस्य यो मङ्गल-कलशो माङ्गल्याय कामस्य अभ्युदयाय स्थापितः पूर्णकुम्भस्तस्य सहोदरे सदृशे। केचित्तु मङ्गलपदं हेमपरमाचक्षते। 'मङ्गलो भूमिपुत्रे स्यान्मङ्गलं हेमहाटकम्' इति विश्वकोषः।।१।।

देखकर पूरी तरह स्वाधीनभर्तृका होकर श्रीराधा ने ढिठाई से भर कर निर्देश दिया।।८६।।

अन्तिम सर्ग में जब राधा श्रीकृष्ण से कहती हैं–मुझे फिर से सजा दो और मैं जैसी थी, वैसी मुझे अपने हाथों से रच दो, तो उनका पूरा आग्रह इस बात पर है कि तुम काजल बनकर आँखों में अँजो, कस्तूरी का तिलक बनकर भाल को आलोकित करो, सौभाग्य के केन्द्र-बिन्दु बनो और कुसुम-गुम्फित केशपाश बनकर महको, अपने हाथों के शीतल स्पर्श से चन्दन और कस्तूरी का लेप बनकर उरोजों पर आलिप्त हो, हृदय के आनन्दन बनो।।१।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अलिकुलगञ्जनसञ्जनकं रतिनायकसायकमोचने।
त्वधरचुम्बनलम्बितकज्जलमुज्ज्वलय प्रियलोचने।।२।।

अलिकुलेत्यादि। हे प्रियलोचने! त्वदधराभ्यां यच्चुम्बनं तेन लम्बितं गलितं यत् कज्जलं तद् उज्ज्वलय पुनरुद्दीपय। नयनयोः कज्जलं पुनरर्पयेत्यर्थः। कीदृशे लोचने? रतिनायकस्य कामस्य सायकान् बाणान् मुञ्चतीति रतिनायकसायकमोचनं तस्मिन्? कीदृशं कज्जलम्? अलिकुलस्य भ्रमरसमूहस्य यद् गञ्जनं तिरस्कारस्तस्य सञ्जनकं विधाय। 'उज्ज्वलो दीप्ति-शृङ्गारविशदेषु विकाशिनि' इति विश्वः। 'गञ्जनोऽभिभवो नाशः' इति रत्नकोषः।।२।।

नयनकुरङ्गतरङ्गविकाशनिरासकरे श्रुतिमण्डले।
मनसिजपाशविलासधरे शुभवेश निवेशय कुण्डले।।३।।

नयनेत्यादि। हे शुभवेश कल्याणमूर्त्ते! शुभः शोभनो वेशोऽलङ्करणं यस्य तादृशेति वा। मम श्रुतिमण्डले कर्णप्रदेशे कुण्डले विनिवेशय स्थापय। कीदृशे श्रुतिमण्डले? नयने एव यौ कुरङ्गौ मृगावतिवेगवत्त्वात्तयोस्तरङ्गस्य वेगस्य यो विकासः प्रसरणं तस्य निरासकरे निरोधकारिणि। पुनः कीदृशे? मनसिजस्य कामस्य यः पाशो बन्धनविशेषस्तस्य विलासधरे तल्लीलाभृति। यदि कर्णमण्डले कामव्याधपाशर्वौ न स्यात्तर्हि कियद्दूरं नयनकुरङ्गयोर्गतिः स्यादिति लोचनयोर्विशालत्वं व्यङ्ग्यम्। तथा च कुरङ्गविकाश इत्यनेन कटाक्षाणां चाञ्चल्यमिति भावः।।३।।

भ्रमरचयं रचयन्तमुपरि रुचिरं सुचिरं मम सम्मुखे।
जितकमले विमले परिकर्मय नर्मजनकमलकं मुखे।।४।।

भ्रमरचयमित्यादि। हे कृष्ण! मम मुखे अलकं चूर्णकुन्तलं परिकर्मय भूषय! कीदृशमलकम्? रुचिरं मनोहरम्। पुनः कीदृशम्? नर्मजनकं क्रीडाजनकम्। कीदृशे मुखे? विमले निर्मले। पुनः कीदृशे? जितकमले जितं

मुख पर लटकते हुए कुन्तल बनकर कमल के ऊपर घिर आयी भौरों की भीड़ का भ्रम उत्पन्न करो। पूरी अष्टपदी राधा-भाव की एक सुनिश्चित योजना है।।२।।

कुछ दूसरा होने की, श्रीकृष्ण से मिलकर ऊपर से नीचे तक श्रीकृष्ण से भावित होने की; क्योंकि यही राधा की प्रकृति है।।३।।

यही राधा के प्यार की चरम परिणति है कि वह जब तक नहीं मिलती हैं,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तिरस्कृतं निजशोभया सौरभेण च कमलं येन तादृशे? सम्मुखे प्रसादवति, अभिमुखे वा। किम्भूतमलकम्? सुचिरं चिरादुपरि वदनारविन्दस्योपरिष्टाद् भ्रमरचयं रचयन्तं भ्रमरमण्डलीशोभां जनयन्तमित्यर्थः। सम्मुख इति मुखस्यातुलितलावण्यास्पदत्वम्, सुचिरमिति नित्यमेवाव्यभिचारिशोभा-प्रदत्वञ्चालकानां कथितम्। सुचिरं विविधरचनया रुचिरं यथा स्यात्तथा परिकर्मयेति वा। जिता वशीकृता स्वासाधारणगुणैः कमला श्रीर्येन तस्मिन्, जितकमल इति वा। अत एव सर्वातिशायि, विमले विख्यात इत्यर्थः। किञ्चालकानामपि नर्मजनकमिति विशेषणं युक्तम्, तादृशशोभया तस्या मण्डनेनापि सर्वमेव परिहसतीति तादृशमित्यर्थः। नर्मयुक्तो जनः सखीजनस्तस्य कं सुखस्वरूपमिति वा, क्रीडागलितालकदर्शनात् सखीनां नर्मसम्भवात्। सुचिरमित्यनेनालकभ्रमराणां मुखमकरन्दपानेऽतृप्तिर्मकरन्दस्य वाक्षयत्वमिति ध्वनितम्।।४।।

मृगमदरसवलितं ललितं कुरु तिलकमलिकरजनीकरे।
विहितकलङ्ककलं कमलानन विश्रमितश्रमशीकरे।।५।।

मृगमदेत्यादि। हे कमलानन पद्ममुख! अलिकरजनीकरे ललाटचन्द्रे ललितं मनोज्ञं तिलकं विशेषकं कुरु। कमला मुखे यस्येति वा, उभयतः चन्द्रेण मैत्री ध्वनिता। कीदृशं तिलकम्? मृगमदरसवलितं मृगमदरसेन कस्तूरीरसेन वलितं निर्मितम्। पुनः कीदृशम्? विहितकलङ्ककलं विहिता कलङ्कस्य लाञ्छनस्य कला शोभा येन तादृशम्। अत्र तु श्यामरूप-शोभासादृश्यात् कलङ्कशोभाग्रहणमिति भावः। कीदृशे अलिके? विश्रमितो विश्रमं प्रापितो यः श्रमस्तज्जनितः शीकरोऽम्बुकणो यत्र तादृशे। अनेन व्यजनादिना अनुभूतानां प्रस्वेदबिन्दूनामतिशीततया हिमकणत्वमाक्षिप्यते, तेन चालिकस्य चन्द्रत्वरूपणं साङ्गं निर्दहतीति ध्वनितम्। 'ललाटमलिकं गोधिः' इत्यमरः। अथवा विश्रामं प्रापितः श्रमजनितशीकरो यस्मात्तत्तादृश इत्यर्थः। प्रथमं व्यजनादिना प्रस्वेदमपहर, पश्चात्तिलकं रचय, स्वेदजले तिलकस्यासम्भवात्।।५।।

तब तक श्रीकृष्ण को आमने-सामने निरन्तर ध्यान में पाती रहती हैं।।४।।

वह दो रहती हैं और पा लेने के बाद उसका राधापन एकदम विगलित हो जाता है, विलीन हो जाता है, वह श्रमवारि बनकर ढुर जाता है।।५।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मम रुचिरे चिकुरे कुरु मानद मनसिजध्वजचामरे।
रतिगलिते ललिते कुसुमानि शिखण्डिशिखण्डकडामरे।।६।।

ममेत्यादि। अन्यमानिनीमानखण्डनोऽपि बहुमानप्रद! सौन्दर्याद्यभिमानिनां स्वसौन्दर्यादिभिर्गर्वनाशनेति वा, मम रुचिरे मनोहरे चिकुरे जात्यैकवचनम्, केशपाशे इत्यर्थः। कुसुमानि पुष्पाणि कुरु रचय। कीदृशे चिकुरे? रतिगलिते रतौ मुक्तबन्धने, सम्भोगावेशात् स्रस्त इत्यर्थः। ललिते मनोहरे, पूर्वं रुचिरपदेन सुरतपूर्वकालीनसौन्दर्यमुक्तम्, अत्र ललितपदेन रतिगलितत्वेऽपि सौन्दर्याधिक्यं कथितम्, न तु पुनरुक्तिप्रसङ्गः। पुनः कीदृशे? शिखण्डिनो मयूरस्य शिखण्डकस्य पिच्छस्येव डामर आटोपो यस्य तादृशे।।६।।

सरसघने जघने मम शम्बरदारणवारणकन्दरे।
मणिरसनावसनाभरणानि शुभाशय वासय सुन्दरे।।७।।

सरसेत्यादि। हे शुभाशय शोभनहृदय! अथवा शुभः आ सामस्त्येन शयः करो यस्य तादृश। रसनादीनां करसाध्यत्वादयमर्थो युक्तः। मम सुन्दरे जघने मणिरसनावसनाभरणानि मणिमयी या रसना क्षुद्रघण्टिका वसनं वस्त्रमाभरणानि च वासय परिधापय। कीदृशे जघने? सरसघने सरसे शृङ्गाररससहिते स्निग्धे वा घने निविडे। पुनः कीदृशे? शम्बरनामानं दैत्यं दारयतीति शम्बरदारणः कामः स एव वारणो महाबलत्वान्मत्तमातङ्गस्तस्य कन्दरे। अपरोऽपि हस्ती गिरिकन्दरायां तिष्ठतीति भावः। 'कुञ्जरो वारणः करी' इत्यमरः। 'दरी तु कन्दरो वा स्त्री', 'वस आच्छादने' इत्यस्य ण्यन्तस्य प्रयोगः।।७।।

श्रीजयदेववचसि जयदे हृदयं सदयं कुरु मण्डने।
हरिचरणस्मरणामृतनिर्मितकलिकलुषज्वरखण्डने।।८।।

फिर वह श्रीकृष्ण के हाथों से श्रीकृष्ण की ही एक आकृति के रूप में पुनर्निर्मित हो जाती हैं। राधा यही होना चाहती थीं।।६।।

वसन्त पावस बनने के लिए ही उत्तपित होता है, निपतित होता है, कंटकित होता है, पुष्पित होता है, पल्लवित होता है। काव्य वर्षा की स्मृति में मंगल से प्रारम्भ होता है, इसलिए कि पूरे काव्य की वसन्ती जमीन रस-वृष्टि का संकल्प बन जाय।।७।।

यहाँ श्री जयदेव के वचनों के द्वारा कहा गया है कि हे राधे! हे कृष्ण! तुम

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्रीजयदेवेत्यादि। श्रिया सौन्दर्यादिवैभवेन जयेन सर्वकलाकौशलेन विजयेन च दीव्यतीति श्रीजयदेवः कृष्णस्तत्सम्बोधनम्। हे नागर! मम वचसि मण्डने मण्डननिमित्तं हृदयं कुरु परमावदानेन भूषां रचयेत्यर्थः। किंलक्षणे मण्डने? जयदे सपत्नीसकाशादुत्कर्षप्रदे। हरेस्तव चरणं स्वाधीनतया मण्डनरूपाचरणं तस्य स्मरणं मनस्यवगाहस्तदेवामृतं तेन कृतं कलिकलुष-ज्वरस्य मानादिषु कलहकालुष्यसन्तापस्य खण्डनं नाशनं येन तादृशे पूर्व-रोषविस्मारक इत्यर्थः। अथवा श्रीजयदेवस्य कवेर्वचसि वाक्ये सदयं दयासहितं यथा स्यादेवं हृदयं कुरु। किंलक्षणे वचसि? मण्डने सकल-भक्तजनालङ्काररूपे। जयदे सर्वोत्तमभक्तिप्रदानेन सर्वोपरि विराजमानतया विजयप्रदे। पुनः कीदृशे? हरिचरणस्मरणमेव यदमृतं परमानन्दरूपमहौषधं तेन निर्मितं कलिकलुषज्वरस्य खण्डनं नाशनं येन तादृशे। कृतकलुषज्वरसंज्वरेति पाठे कृत आचरितो यः कलुषज्वरः पापरूपसन्तापः स एव संज्वरः तस्य खण्डने छेदके, पापसन्तापविदारणे वचसीत्यर्थः।।८।।

रचय कुचयोः पत्रं चित्रं कुरुष्व कपोलयो-
र्घटय जघने काञ्चीमञ्च स्रजा कबरीभरम्।
कलय वलयश्रेणीं पाणौ पदे कुरु नूपुरा-
विति निगदितः प्रीतः पीताम्बरोऽपि तथाकरोत्।।८७।।

रचयेत्यादि। हे प्रिय! कुचयोः पत्रं मकरपत्रिकां रचय, कपोलयोश्चित्रं चित्रकाख्यं रचनाविशेषं कुरुष्व, अथ च जघने काञ्चीं क्षुद्रघण्टिकां घटयार्पय। कबरीभरं ग्रथितकेशसमूहं स्रजा पुष्पमालया अञ्च पूजय, केशपाशे माल्यं प्रापयेत्यर्थः। अञ्चेत्यञ्च गतिपूजनयोरित्यस्य, लोट्-मध्यमपुरुषैकवचनम्। वलयश्रेणीं कङ्कणपङ्क्तिं पाणौ हस्ते कलयार्पय, पदे चरणे नूपुरौ कुरु। इत्यनेन प्रकारेण राधया निगदित उक्तः पीताम्बरस्तदा पीतवसनः श्रीकृष्णोऽपि तथैवाकरोत्। यथा यथा सा कथितवती, बहुमानेन तथैवाकरोदिति सन्तताश्रयवल्लभेयमित्युक्तम्। तद्यथा (उ. ४।४८)-

---

मेरे हृदय को, मुझे सजाओ। अपने अस्तित्व की लाज रखो, तुम मेरे मण्डन बनोगे, तो मण्डन बनाने की यह कहानी तुम्हारा स्मरण बन, तुम्हारा स्मरण करने वालों के लिए एक अद्वितीय कहानी बन जायेगी, उनके भीतर का सारा दुराव, छल-कपट कथा के प्रवाह में बहकर धुल जायेगा।।८।।

अब इस अष्टपदी में गीतगोविन्द को समेटते हुए सूत्रधार के रूप में कवि कह

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

'षडङ्घ्रिभिरमर्दितान् कुसुमसञ्चयान्नाचिनोद-
खण्डमपि राधिके! बहुशिखण्डकं त्वद्गिरा।
अमुञ्च नवपल्लवव्रजमुदञ्चदर्कोज्ज्वलं
करोतु वशगो जनः किमयमन्यदाज्ञापय'।।

किञ्च (भाग. ९।४।६३)–'अहं भक्तपराधीनो ह्यस्वतन्त्र इव' इति तद्वशे दारुयन्त्रवदिति, (गीता. ४।११) 'ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्' इति च, (भाग. १०।१९।१६) 'क्षणं युगशतमिव यासां येन विनाऽभवत्' इति निःसीमानुरागभरेण वशीकृतः। उक्तञ्च श्रीमुखेनैव (भाग. १०।३२।२२) 'न पारयेऽहम्' इति। भगवान् पुरुषोत्तमः सच्चिदानन्दैक-रसापारैश्वर्यमहिमगुणाप्रच्युतस्वरूपस्तद्रूपैर्भावैस्तादृशैरेव प्रियजनैर्नित्यानन्द-रूपचरितो नित्यमेव रममाण एवास्ते। आत्मारामयोगिभिर्भजनीयगुणत्वात्। यथा (भाग. १।७।१०) 'आत्मारामाश्च मुनयः' इति। उक्तञ्च (भाग. ३।२५।३८) 'न कर्हिचिन्मत्पराः शान्तरूपे नङ्क्ष्यन्ति नोऽनिमिषो लेढि हेतिः। येषामहं प्रिय आत्मा सुतश्च सखा गुरुः सुहृदो दैवमिष्टः' इति। व्याकृतं स्वामिचरणैः–ननु अन्यवद् मदीयानां भोक्तृभोग्यानां विनाशः स्यात्तत्राह–हे शान्तरूपे शान्तं शुद्धं तद्रूपे मल्लोके वा मत्पराः कदाचिदपि न नङ्क्ष्यन्ति भोग्यहीना न भवन्ति, अनिमिषो मे हेतिः कालचक्रं च नो लेढि तांन्न ग्रसति। तत्र हेतुः–येषामिति। सुत एव स्नेहविषयः, सखेव विश्वासास्पदम्, गुरुरिवोपदेष्टा, सुहृदिव हितकारी, इष्टं दैवमिव पूज्यः। एवं सर्वभावेन मां ये भजन्ति, तान् मदीयं कालचक्रं न ग्रसतीत्यर्थः। अथवा प्रियः पतिः आत्मा स्वरूपः, सुतः पुत्रः, सखा मित्रम्, गुरुः पिता, सुहृत् सम्बन्धी, दैवमिष्टं सेव्यम्। एवं सति दासपुत्रबन्धुमित्रपितृपत्न्यश्च भक्ता निरूपिताः। ये त्वत्र प्राकृतत्वं निरूपयन्ति, ते मन्दमतयो ज्ञेयाः। उक्तञ्च भगवता (गीता-७।२४)–

'अव्यक्तं व्यक्तिमापन्नं मन्यन्ते मामबुद्धयः।
परं भावमजानन्तो मामव्ययमनुत्तमम्'।। इति।।८७।।

रहे हैं कि श्रीराधा ने श्रीकृष्ण से कहा कि मेरे स्तनों पर पत्रलेखा अंकित करो, मेरे गालों पर चित्र रचो, मेरी जाँघों पर करधनी के रूप में विराजो, मेरे केशों में कुसुम गूँथों, हाथों में फिर से कलँगी पहनाओ, पैरों में नूपुर पहनाओ। राधा के इस आदेश को पीतवसनवाले ने पूरा किया, जो उन्होंने कहा, वही किया।।८७।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

यद्गान्धर्वकलासु कौशलमनुध्यानञ्च यद्वैष्णवं
यच्छृङ्गारविवेकतत्त्वमपि यत् काव्येषु लीलायितम्।
तत् सर्वं जयदेवपण्डितकवेः कृष्णैकतानात्मनः
सानन्दाः परिशोधयन्तु सुधियः श्रीगीतगोविन्दतः।।८८।।

यद्गान्धर्वेत्यादि। हे सुधियः! पण्डिताः सानन्दाः समाधानस्फुरणेन गत-शङ्कयानन्दसहिताः, भगवद्गुणानामानन्दरूपत्वाच्च सानन्दाः सन्तः। जयदेवपण्डितकवेर्यद्यपि पण्डितः कविरित्येकार्थपर्यवसायित्वम् तथाप्यत्र विचारक्षमयुक्तिवक्ता पण्डितः, सरसयुक्तिमात्रवक्ता कविरिति भेदः। यज्ञः क्रतुरित्यादाविव सयूपाः क्रतवः, अयूपा यज्ञा इति। श्रीगीतगोविन्दतस्तत् सर्वं परिशोधयन्तु सर्वतोभावेन जानन्तु। तत् किमित्याह–यद्गान्धर्वकलासु कौशलं गानविद्यासु यन्नैपुण्यं तत् सर्वं जयदेवपण्डितकवेर्नैपुण्यम्; गन्धर्वो मार्गदेशवित्, मार्गस्य स्वरपदात्मकत्वात्, कला अङ्गविन्यासवैलक्षण्यादिका-स्तत्र नैपुण्यमिति पूर्वोक्तमेवार्थः। अथ च वैष्णवं विष्णुसम्बन्धि यदनुध्यानमनुक्षणं चिन्तनम्, यच्च शृङ्गाररसस्य यो विवेकः संयोग-विप्रलम्भादिरूपेण विवेचनम्, तस्य तत्त्वं यथार्थज्ञानम्, यदपि काव्येषु कविकर्मसु कवित्वनिर्माणरूपेषु लीलायितं विलसितमिति तत् सर्वमित्यर्थः। कीदृशस्य जयदेवस्य? कृष्णैकतानात्मनः कृष्णैकतानस्तत्पर आत्मा मनो यस्य तादृशस्य। 'एकतानोऽनन्यवृत्तिरेकाग्रैकायनावपि' इत्यमरः।।८८।।

पर्यङ्कीकृतनागनायकफणाश्रेणी मणीनां गणे
सङ्क्रान्तप्रतिबिम्बसम्बलनया बिभ्रद्विभुप्रक्रियाम्।
पादाम्भोरुहधारिवारिधिसुतामक्ष्णां दिदृक्षुः शतैः
कायव्यूहमिवाचरन्नुपचितीभूतो हरिः पातु वः।।८९।।

कविर्ग्रन्थसमाप्तौ श्रोतृणामाशिषं प्रयुङ्क्ते—पर्यङ्कीति। हरिः स्मृतिमात्र एव वृजिनपुञ्जभञ्जनः। वो युष्मान् पातु रक्षतु। भक्तप्रणयिताख्यापनेन रक्षण-व्यसनतामाह–किंलक्षणः? कायव्यूहं शरीरसमूहमाचरन्निव कुर्वन्निव उपचितीभूतो वृद्धिं प्राप्तः। तत्र हेतुः–पादाम्भोरुहं चरणसरोजं धारयितुं शीलं यस्यास्तादृशीं वारिधिसुतां लक्ष्मीम् अक्ष्णां शतैर्नेत्राणां सहस्रैर्दिदृक्षुः

गीतगोविन्द की रचना वह सब कुछ है, जो गान्धर्व कलाओं में मिलता है, गीत का कौशल मिलता है, किसलय के रूप में वह सभी है, जो वैष्णव साधना में मिलता है, वह सभी है, जो श्रीधर के उत्तम रूप के विवेक करने में मिलता

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

द्रष्टुमिच्छुः। कथं तथा भवेदत आह–पर्यङ्कीकृतः शय्यीकृतो यो नागनायकः शेषस्तस्य फणाश्रेणीनां पङ्क्तीनां ये मणयस्तेषां गणे समूहे सङ्क्रान्तप्रतिबिम्बसंवलनया सम्बद्धप्रतिकृतिप्रसरेण विभुप्रक्रियां विस्तार-प्रकारं बिभ्रद् दधत्। प्रतिबिम्बार्पकमणीनामनन्ततया देहानामनन्तत्वम्, देहानामनन्ततया तादृशनेत्रलाभोऽभूदित्यर्थः।।८९।।

त्वामप्राप्य मयि स्वयंवरपरां क्षीरोदतीरोदरे
शङ्के सुन्दरि! कालकूटमपिबन्मूढे मृडानीपतिः।
इत्थं पूर्वकथाभिरन्यमनसो निक्षिप्य वक्षोऽञ्चलं
पद्मायाः स्तनकोरकोपरि मिलन्नेत्रो हरिः पातु वः।।९०।।

अन्यच्च—त्वामित्यादि। हरिः श्रीकृष्णो वः पातु। किंलक्षणः? हे सुन्दरि! मूढो मृडानीपती रुद्रः क्षीरोदतीरोदरे क्षीरसमुद्रतटमध्ये मयि स्वयंवरपरां मदेकपतिकां त्वामप्राप्यालब्ध्वा कालकूटं हालाहलमपिबत् पीतवानित्यहं शङ्के तर्कयामि। इत्थमनेन प्रकारेण पूर्वकथाभिः पूर्वकथनैरन्यमनसोऽन्यमनस्काया राधाया वक्षोऽञ्चलं स्तनावरकं निक्षिप्या-पसार्य स्तनौ कोरकाविव तदुपरि मिलन्नेत्रो नूतनोद्भवत्वे कोरकोपमा सौन्दर्यादिना च। अनेन सकाशादपि सौन्दर्याधिक्यं ध्वनितम्।।९०।।

साध्वी माध्वीकचिन्ता न भवति भवतः शर्करे कर्करासि
द्राक्षे द्रक्ष्यन्ति के त्वाममृत मृतमसि क्षीरनीरं रसस्ते।
माकन्द क्रन्द कान्ताधरधरणितलं गच्छ गच्छ यच्छन्ति यावद्
भावं शृङ्गारसारस्वतमिह जयदेवस्य विष्वग्वचांसि*।।९१।।

बालबोधिनी–अथ (भा. १०।३३।३९) 'हृद्रोगमाश्वपहिनोत्यचिरेण धीरः' इति शुकोक्तप्रायत्वाद् एतच्छ्रवणकीर्त्तनस्मरणानुमोदनप्रभावमाह–साध्वीति। हे माध्वीक! इह लोके यावत् जयदेवस्य वचांसि विष्वक् सर्वतः शृङ्गारसारस्वतं भावं ददति, भवद्भवतः चिन्ता साध्वी न भवति, मधुरत्वेऽपि मादकत्वादित्यर्थः। हे शर्करे! त्वं कर्करासि; मादकत्वाभावेऽपि कठिनत्वादित्यर्थः। हे द्राक्षे! के त्वां द्रक्ष्यन्ति, कोमलत्वेऽपि निन्द्यदेशोद्भवत्वादित्यर्थः। हे अमृत! त्वं मृतमसि, मरणान्तरप्राप्यत्वादित्यर्थः। हे क्षीर! ते रसो नीरं नीरवद् आवर्त्तनाद्यपेक्षत्वात्। हे माकन्द आम्र! त्वं

* इतः परमन्तिमश्लोकयुग्मस्य टीका त्रुटितास्ते, अतस्तत्पूरणार्थं 'बालबोधिनी'-टीकातः समाह्रियते चात्रेति विज्ञापनीयम्।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

क्रन्द। हे कान्ताधार! त्वं पातालमसुरालयं याहि, अधोदातृनामत्वात् तवात्र स्थितिरपि न युक्तेत्यर्थः। श्रीजयदेववर्णितमधुराख्यभक्तिरसास्वादनिर्वृतजनास्ते घृणामेव करिष्यन्तीति भावः।।९१।।

श्रीभोजदेवप्रभवस्य रामादेवीसुतश्रीजयदेवकस्य।
पराशरादिप्रियबन्धुकण्ठे श्रीगीतगोविन्दकवित्वमस्तु।।९२।।

बालबोधिनी–अथ स्वपितृमातृस्मरणपूर्वकं पराशरादिमतज्ञातार एवाधिकारिण इति तान् प्रति आशिषयति—श्रीभोजेति। भोजदेवनामा अस्य पिता, वामादेवी-नाम्नी जननी, तस्याः सुतस्य श्रीजयदेवकस्य पराशरादीनां ये प्रियास्तन्मतज्ञातारस्तेष्वपि ये बान्धवास्तन्मतानुसारेण श्रीराधामाधवरहः-केलिज्ञानेन बन्धुत्वं प्राप्तास्तेषामेव कण्ठे भूषणवत् सदा श्रीगीतगोविन्दाख्यं कवित्वमस्तु। अनेनास्य प्रबन्धस्य सर्ववेदेतिहासपुराणादिवक्तॄणां सम्मत्या सर्वसारत्वं दुरूहत्वञ्च बोधितम्। अत्रायं क्रमः–आदौ श्रीकृष्णस्य श्रेष्ठताप्रतिपादनं (गी. १), 'प्रलय पयोधिजले' इत्यादि 'वसन्ते वासन्ती' इत्यन्तेन। ततः श्रीराधायाः समधिकलालसावर्णनं (गो. १९) 'कंसारिरपि' इत्यन्तेन। तत्रैव साधारणलीला, तस्या उत्कण्ठावर्णनञ्च, ततः श्रीकृष्णस्यापि उत्कण्ठा 'यमुनातीरे' इत्यन्तेन। ततः श्रीकृष्णे राधिकोत्कण्ठा अहमित्यन्तेन। ततस्तस्यां श्रीकृष्णोत्कण्ठितावर्णनं 'पूर्वं यत्र' इत्यन्तेन, ततोऽभि-सारिकावस्थावर्णनम् (गो. ४१) अथ तामित्यन्तेन। ततो वासकसज्जा (गो. ४५) 'अत्रान्तरे' इत्यन्तेन। ततश्चन्द्रोदयात् पुनरुत्कण्ठिता (गो. ४८) 'अथागताम्' इत्यन्तेन। ततो विप्रलब्धा (गो. ५५) 'अथ कथमपि' इत्यन्तेन। ततः खण्डिता (गो. ५८) 'तामथ' इत्यन्तेन। ततः कलहान्तरिता (गो. ६१) 'अत्रान्तरे मसृणरोष' इत्यन्तेन। ततो मानिनीवर्णनं (गो. ६९) 'सुचिरम्' इत्यन्तेन। ततो मेघावृते चन्द्रे सखीप्रार्थना (गो. ७५) 'सा ससाध्वस' इत्यन्तेन। ततोऽन्योन्यावलोकनं (गो. ७९) 'गतवति' इत्यन्तेन। ततः श्रीकृष्णप्रार्थना (गो. ८०) 'प्रत्यूहः' इत्यन्तेन। ततो रहकेलयः (गो. ८६)

है, वह सभी है जो कवि के लीला-वर्णनों में रूपायित हुआ है। इसलिए श्री जयदेव ने यह रचना कृष्ण का एकाग्र ध्यान करके की है। सुधीजन इसको आनन्दपूर्वक अपनी तरह से समझें, समझायें।।८८-९१।।

श्री भोजदेव और श्रीरामा देवी के पुत्र श्री जयदेव ने पराशर आदि प्रिय मित्रों के कण्ठ में मुखरित होने के लिए और प्रखरित होकर गगन में अनुगुंजित होने के लिये यह पदावली रची है। रसरूप श्रीकृष्ण के स्मरण के ये मेरे चित्र साझीदार

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

'इति मनसा' इत्यन्तेन। ततः स्वाधीनभर्तृका (गो. ८९) 'पर्यङ्कीकृत' इत्यन्तेन। अतः सर्गोऽयं समृद्धिमदाख्यसम्भोगरसानन्दितः पीताम्बरो यत्र सः प्रियाधीनत्वेन तद्वर्णवसनप्रियः श्रीकृष्णो यत्र सः।।९२।।

।।इति श्रीजयदेवकृतौ श्रीगीतगोविन्दमहाकाव्ये सुप्रीतपीताम्बरो नाम द्वादशः सर्गः।।१२।।

।।समाप्तमिदं काव्यम्।।

बनें, मेरी रचना इनके माध्यम से प्रियतर हो, इस भाव से बड़े मन से यह रचना रची।।९२।।

।।इति द्वादशः सर्गः।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

परिशिष्टम्–१

गीतगोविन्द : नया युगारम्भ

'गीतगोविन्द' एक नाट्यप्रबन्ध है, जिसकी प्रबन्ध-योजना इस प्रकार है—

इसमें कुल बारह सर्ग हैं। एक सर्ग में कम-से-कम एक, अधिक-से-अधिक चार अष्टपदियाँ हैं। प्रत्येक अष्टपदी के पूर्व और अन्त में कथायोजक सूत्र के रूप में अथवा आशीर्वचन के रूप में श्लोक हैं। अष्टपदी की योजना इस प्रकार है कि वह गायी जाए और उसके सात-साथ अभिनय भी प्रस्तुत हो। गेयता और अभिनेयता के साथ-साथ चलने के तनाव में भाषा बहुत तरल और पारदर्शी हो गयी है। किन्तु इसका यह अर्थ नहीं है कि उसमें अर्थगर्भता नहीं है। एक-एक टुकड़े में संगीत और नृत्य की उद्भावना की दृष्टि से असीम सम्भावनाएँ निहित हैं; क्योंकि एक-एक टुकड़ा किसी-न-किसी संचारी, किसी-न-क़िसी अनुभाव, विभाव को व्यंजित करता है और वह पक्ष अर्थों की पर्तों में लिपटा हुआ रहता है। धीरे-धीरे एक-एक पर्त खुलती है और बार-बार खोलने का प्रयत्न करने पर भी कुछ-न-कुछ अनकहा रह ही जाता है।

सर्गों के नाम भी अपने-आप में बहुत व्यंजक हैं। पहला सर्ग '**सामोद-दामोदर**' है। इसमें चार अष्टपदियाँ हैं। पहली अष्टपदी 'दशावतार-वन्दना' है। दूसरी अष्टपदी 'श्रीपति-वन्दना' है। तीसरी-चौथी अष्टपदियों में श्रीकृष्ण के वसन्त-रास का वर्णन है। इस रास में राधा अनुपस्थित हैं। रास का वर्णन ईर्ष्या के माध्यम से राधा के मन में अभिलाषा उकसाता है। ध्यान देने की बात है कि श्रीकृष्ण का 'दामोदर' नाम से स्मरण किया गया है, अर्थात् श्रीकृष्ण का प्रेमाबद्ध रूप ही प्रमुख है। दामोदर का अर्थ ही है—जिसका उदर रस्सी से बँधा हुआ हो, जो भयभीत हो। एक ओर वे सामोद हैं क्योंकि वसन्त—रस-रूप-गन्ध-सम्भार उन्हें चारों ओर से घेरे हुए है, दूसरी ओर वे आतंकित हैं रासेश्वरी की अनुपस्थिति से। सामोद-दामोदर में एक साथ दो व्यंजनाएँ हैं। इसमें श्रीकृष्ण का अन्तर्द्वन्द्व प्रकट रूप में है और अप्रकट रूप में राधा का अन्तर्द्वन्द्व है, जो देर से रास के लिए चलीं। देर हो गयी और उन्हें रास की झंकार ही सुनाई पड़ी। तब ठिठककर, नाराज होकर अलग चली गयीं। एक सघन प्रेम का बीज बोया जाता है। इस सर्ग में राधा का स्मरण राधा के वलद्बाधा विशेषण

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

से किया गया है, जिसका तात्पर्य यह है कि मन की विकलता लहर की तरह मोड़ लेने लगी है।

ऐसी स्थिति में राधा हैं और सर्ग का 'सामोद-दामोदर' नाम व्यंग्य बनकर रह जाता है, कैसा आमोद जो दोनों और एक आग सुलगाता है।

दूसरे सर्ग का नाम है—**'अक्लेशकेशवः'**। इसमें दो अष्टपदियाँ हैं। पहली में राधा अपने मन को रास के भीतर पहुँचा देती हैं और कहती हैं मेरा मन बार-बार इस रास में चला जाता है, रास से अधिक मेरे मन का परिहास करनेवाले मन के मीत में चला जाता है। दूसरी अष्टपदी में जब वह दीन होकर सखी से प्रार्थना करती हैं कि कुछ ऐसा करो कि आकुल होकर मेरे साथ वे रमण करें। वैसे ही जैसे प्रथम समागम के समय मिले थे। मैं वैसे ही उनकी भाँति-भाँति की केलियों से उद्वेलित होना चाहती हूँ। राधा के भीतर एक उत्कण्ठा जगे, यही तो केशव के क्लेश को काटने का साधन है। आमोद-प्रमोद के बीच जो उन्हें क्लेश हुआ कि इस रास में राधा नहीं है; चिन्ता हुई कि मैं नाचता रहा, खेलता रहा, राधा को कैसा लगा होगा; उसकी शान्ति इसी से तो होगी कि राधा मिलने के लिये उत्कण्ठित हों। राधा की उत्कण्ठता ही केशव को, घुँघराले बालों वाले श्रीकृष्ण को भीतर से परिपूर्ण और तृप्त करती है।

तीसरे सर्ग में जब श्रीकृष्ण राधा को खोजने निकलते हैं और यहाँ-वहाँ कहीं नहीं पाते तो अनुताप से भर जाते हैं। मुझे गोपियों में घिरा देखकर वह चली गयी, मैं उसे रोक नहीं सका। मैंने उसको सम्मान नहीं दिया। उसके बिना रास किया। इस प्रकार मधु अर्थात् वसन्त को मथने, प्यार को मथनेवाले श्रीकृष्ण स्वयं मोहित हो जाते हैं। इस सर्ग का नाम **'मुग्धमधुसूदनः'** है। द्वितीय और तृतीय सर्गों को यदि हम एक साथ देखते हैं तो दोनों की परस्पर उत्कण्ठा के अंकुरण का वृत्त पूरा हो जाता है। तीसरे सर्ग में केरल एक अष्टपदी है।

और अब चौथे सर्ग की भूमिका बनती है, जिसमें सखी राधा की उत्कण्ठा का चित्र खींचती है; तब श्रीकृष्ण को आभास होता है कि मैं केवल उत्कण्ठा करनेवाला नहीं हूँ, उत्कण्ठा का विषय भी हूँ। मैं केवल वेधक नहीं हूँ, वेध्य भी हूँ। और यह अनुभव उन्हें स्निग्ध कर देता है। वसन्त को उन्मन करनेवाला रूखा भाव इस अनुभव से आपूरित होकर स्निग्ध हो जाता है, मन को कहीं और ठौर मिल जाती है। इस **'स्निग्धमधुसूदनः'** सर्ग में दो अष्टपदियाँ हैं। दोनों में राधा को उन्मत्त करनेवाले विरह के द्रावक चित्र हैं।

पाँचवें सर्ग का नाम है—**'साकांक्षपुण्डरीकाक्षः'**। विष्णु के रूप की सबसे बड़ी विशेषता उनका कमलनयन होना है। कमलनयन होने का अर्थ साकांक्ष

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

होना है, क्योंकि कमल निराकांक्ष नहीं है। यह सूर्य के प्रकाश की आकांक्षा रखता है। इस सर्ग में विरह-व्याकुल श्रीकृष्ण राधिका का दुःख निवेदन करनेवाली सखी से कहते हैं कि मैं यहीं बैठा हूँ, तुम अनुनय-विनय करके राधा को ले आओ। इसमें दो अष्टपदियाँ हैं। पहली में श्रीकृष्ण की विरह-व्यथा का वर्णन है, दूसरी में राधा से मिलने के लिए अनुरोध है कि 'तुम साकांक्ष श्रीकृष्ण की आकांक्षा की पूर्ति करो'।

छठाँ सर्ग है—'**कुण्ठवैकुण्ठः**'। इसमें केवल एक ही अष्टपदी है। राधा ने सखी से निवेदन किया। राधा चलने में अशक्त थीं। विरह से इतनी असहाय हो गयी थीं कि वह लताकुंज से उत्कण्ठा रखते हुए भी चल नहीं पा रही थीं। सखी राधा की दशा का वर्णन कर रही है कि 'वह तुममें खो गयी हैं और वहीं निकुंज में अनेक कल्पनाएँ कर रही हैं। कभी वह सोचती हैं कि तुम वहाँ हो, कभी चल पड़ती हैं, फिर लड़खड़ाकर गिर पड़ती हैं, कभी सोचती हैं मैं ही श्रीकृष्ण हूँ, कभी अन्धकार को ही श्रीकृष्ण मान लेती हैं और तुम्हारे मिलने की तैयारी किये मन में लज्जित होती हैं कि इतनी देर हो गयी, नहीं आये'। कुण्ठवैकुण्ठ का अर्थ है कुण्ठारहित। निर्द्वन्द्व श्रीकृष्ण हो गये हैं—'राधा नहीं आ पायीं। मैंने सन्देश दिया और वे तैयारी किये बैठी रहीं, आ नहीं पायीं। कहीं मेरी आकांक्षा में कमी थी'। इस सर्ग का नाम उत्कण्ठ या सोत्कण्ठ भी है। एक स्थान पर 'धन्यवैकुण्ठ' भी है। परन्तु 'कुण्ठ-वैकुण्ठ' पाठ अधिक सटीक लगता है।

रात बढ़ गयी है और चन्द्रमा जब सिर पर आ जाता है, तो राधा को लगता है कि ठगी गयी। सखी ने जब कहा—'प्रिय तुम्हारे लिए उत्कण्ठित हैं'। तो राधा बोलीं—'मैंने तैयारी की, वे नहीं आये। उन्होंने पीड़ा नहीं समझी कि मैं प्रतीक्षा कर रही हूँ। मेरा मान उन्हें रखना चाहिए, स्वयं आ जाना चाहिए। जब प्रिय ने मेरा मान नहीं रखा, तब किसकी शरण में जाऊँ! सखी ने धोखा देकर मुझे वासकसज्जा बना दिया और प्रिय नहीं आये। इस वंचित भाव में अनेक कल्पनाएँ आती हैं। लगता है प्रिय इसलिए नहीं आये कि वे किसी दूसरी बड़भागिनी के साथ आराम कर रहे हैं और इस कल्पित बड़भागिनी के सुख की ईर्ष्या के दाह में राधा जलने लगती हैं। उसके सुख की अनेक प्रकार से कल्पना करने लगती हैं, फिर सोचती हैं कि उसे कोई विरह-व्यथा नहीं है। उसे चन्द्रमा नहीं जलाता। उसे मलय-पवन अनुतप्त नहीं करता। इस सर्ग में चार अष्टपदियाँ हैं और विप्रलब्धा नायिका के रूप में राधिका का मर्मस्पर्शी चित्रण है। यह वासकसज्जा और विरहोत्कण्ठिता की अवस्था के बाद विप्रलब्धा

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भाव की उत्थापना विरह को और भी उद्दीप्त करने के उद्देश्य से की गयी है। ठगे जाने का यह भाव सबसे अधिक उद्दीप्त करनेवाला भाव होता है। इस सर्ग का नाम जो **'नागरनारायणः'** रखा गया है, उसका अभिप्राय यही है कि अनेक व्यष्टि-चित्तवृत्तियों में एक-साथ रमनेवाले नारायण कितने चतुर हैं कि एक चित्तवृत्ति को दूसरी चित्तवृत्ति का पता नहीं चल पाता। वे जल में रहनेवाले जड़ नारायण नागर के छल-छन्द से परिचित हो गये हैं, यह सर्ग के शीर्षक का दूसरा अभिप्राय है। रात ढल रही है और वंचित होने का भाव और तीखा होता जा रहा है, क्योंकि पूरी रात व्यर्थ हुई जा रही है। इस सर्ग में चार अष्टपदियाँ हैं।

भोर होते-होते श्रीकृष्ण का अभिमान टूटता है। वे राधा के निकुंज में स्वयं आते हैं और राधा के चरणों में पड़ जाते हैं। आठवें सर्ग में प्रारम्भ इसी सूचना से होता है कि वे चरणों में पड़े हुए मना रहे हैं और आर्त्त राधा उन्हें झिड़क रही हैं, वह कह रही हैं—'चले जाओ, मुझसे छल-छन्द की बातें न करो। उसी के पास जाओ जो तुम्हारा दुःख हरती हो। तुम्हारा अंग-प्रत्यंग गवाही दे रहा है कि तुम मेरे पास नहीं आये, इसका कारण यहीं था कि तुम उसके साथ खेलते रहे'। इस सर्ग में विप्रलब्धा की स्थिति खण्डिता के रूप में स्पष्ट हो जाती है। पहले कल्पना थी, किन्तु अब राधा को स्पष्ट प्रमाण मिल जाते हैं कि प्रिय को मनाने आये हैं, उसमें कहीं खोट है। यह मेरे रहे नहीं, किसी दूसरी के हो गये हैं। खण्डिता की यह योजना भी व्यष्टि चित्त के विराट् के साथ एकाकार होने की प्रक्रिया को और तीव्रतर बनाने के उद्देश्य से है। टूटने का भाव होता है तो प्रेम में प्रकर्ष का वह क्षण आता है जब पूरे आक्रोश के बाद समर्पित चित्तवृत्ति विगलित होकर श्रीकृष्णमय हो जाती है, उसका अपना अस्तित्व नहीं रहता है। इस सर्ग का नाम इसीलिए **'विलक्ष्यलक्ष्मीपतिः'** है। लक्ष्मीपति होते हुए भी जब लख लिये जाते हैं तो वे विलक्ष्य हो जाते हैं। वे अलक्षित नहीं रह पाते क्योंकि अनेक लक्ष्य, अनेक चिह्न उभर आते हैं कि वे लक्ष्मीपति हैं, राधा के प्रिय नहीं हैं। उस लक्ष्मी के पति हैं जो राधा की छाया है। इस सर्ग में एक अष्टपदी है।

अब सखी बीच में पड़ती है और कलह के लिए तुली हुई राधा को मनाती है—श्रीकृष्ण तुम्हारे पास आये हुए हैं और तुम मान कर रही हो, यह ठीक नहीं है। सारी युवति-सभा इस पर हँस रही है। किसको इतना बड़ा सौभाग्य कि श्रीकृष्ण आकर पैरों पर पड़ें और मनाएँ। इस सर्ग का नाम है 'मन्द-मुकुन्द'। इस सर्ग में एक अष्टपदी है। बहुत बुद्धिमान् बनते थे, अब सारी अकल गुम

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हो गयी है। और श्रीकृष्ण को कुछ सूझता नहीं, कैसे मनाएँ? वे सखी को बिचवई बनाते हैं। एकाएक अपनी व्यापकता के उघर जाने से वे हक्का-बक्का हो जाते हैं। कहीं-कहीं सर्ग का नाम 'मुग्ध-मधुसूदन' भी मिलता है। इतने फूलों का रस चखनेवाले एकाएक बड़े निरीह बन जाते हैं और सारा दिन इस कलहान्तरिता राधा को मनाने में बीत जाता है। दिन में राधा से कुछ कहने की हिम्मत नहीं होती। जब दिन ढलता है तो राधा का क्रोध शिथिल होता है, तब श्रीकृष्ण को अपनी चतुराई का परिचय देने का अवसर मिलता है। वे राधा की चाटुकारी करते हैं कि तुम चारुशीलवाली हो, अकारण क्यों मान कर रही हो, मेरे प्रति यदि इतनी नाराजगी है तो मुझे दण्ड दो। इस प्रकार बड़ी चतुराई से राधा के जरा-जरा पसीजते चित्त को वश में करते हैं और मानिनी का मान शिथिल करते हैं। इसलिए इस सर्ग का नाम **'चतुरचतुर्भुजः'** है। इस सर्ग में एक अष्टपदी है।

ग्यारहवें सर्ग के प्रारम्भ में सूचना मिलती है कि श्रीकृष्ण ने मनाया और फिर अपने कुंज में चले गये। राधा का मन भी उनके पास चलने को हुआ; क्योंकि तब तक राधा अपना राधापन खो चुकी थीं और श्रीकृष्ण राधामय होकर अपने कुंज में चले गये हैं। अब सखी को मौका मिलता है कि वह राधा से कहे कि—'इस अनुगत प्रियतम का अनुसरण करो। अब तुम श्रीकृष्ण को जगाओ'। इस सर्ग में तीन अष्टपदियाँ हैं। पहली अष्टपदी में श्रीकृष्ण के पीछे-पीछे चलने का अनुरोध है। दूसरी अष्टपदी में कुंज में प्रवेश करने का अनुरोध है और तीसरी अष्टपदी में दोनों की आँखें मिलने का वर्णन है। श्रीकृष्ण को राधा देखती है तो पाती है कि वे अपने साज-शृंगार में राधामय बने हुए हैं, इसीलिए इस सर्ग का नाम **'सानन्ददामोदरः'** है। आनन्द के दाम से बँधे हैं। राधा घनश्याम की आनन्द-दामिनी ही तो हैं। उन्मत्त मेघ को सौदामिनी ही नियन्त्रित करती है। उसी के इशारे पर वह रस-वर्षा करता है। श्रीकृष्ण को इस रूप में देखने पर राधा को अपने प्यार पर और अपने ऊपर पूर्ण विश्वास हो जाता है।

द्वादश सर्ग के प्रारम्भ में सूचना मिलती है कि सखियाँ निकुंज से बाहर चली गयी हैं। अब एकाएक राधा को लज्जा और प्यार दोनों ने घेर लिया है। वे पल्लव-शय्या की ओर दृष्टि किये हुए हैं। श्रीकृष्ण ऐसे में प्रिया से कहते हैं—'अब तक तुम राधिका रही हो, आराधिका रही हो, अब देखो, नारायण स्वयं तुम्हारे अन्दर हैं। इनको प्यार करने की अनुमति दो'। इस बार सूचना मिलती है कि दोनों का मिलन होता है। दोनों का हरि के वांछित रूप में मिलन

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

होता है। इस मिलन के बाद राधा पुनः जैसे आयी थीं कृष्णमय होकर, वैसे ही कृष्णमय होना चाहती हैं और कृष्ण के हाथों रची जाकर होना चाहती हैं, इसलिए ये अनुरोध करती हैं कि तुम मुझे ऐसे सजाओ कि अंग-अंग में तुम छा जाओ, तुम्हारा रंग छा जाए। इस सर्ग का नाम है **'सुप्रीतपीताम्बरः'**। राधिका ही तो श्रीकृष्ण या पीताम्बर हैं, और ऐसे सम्पूर्ण भाव से राधामय श्रीकृष्ण से जब यह कामना की जाती है कि राधा ही अपने को श्रीकृष्ण बनाकर कुंज से लौटना चाहती हैं तो प्रीति की सफलता सुनिश्चित हो जाती है। इस सर्ग में दो अष्टपदियाँ हैं।

'गीतगोविन्द' का प्रारम्भ होता है वर्षा के मंगल से और अन्त होता है वासन्ती रसवृष्टि से, जब प्रिया-प्रीतम एक-दूसरे के रंग में भींगकर सराबोर हो जाते हैं। यह निर्णय करना कठिन हो जाता है कि किसका रंग ज्यादा गहरा है। दोनों के ऊपर एक-दूसरे का रंग उतना ही गहरा है। अन्तिम सर्ग के अन्त से यह ध्वनित है कि सुबह होनेवाली है। एक दिन और एक रात अनुताप और प्रतीक्षा में गये। दूसरा दिन मनाने और कोपने से शुरू हुआ और दूसरी रात में जाकर सम्पूर्ण भाव से मिलना सम्भव हुआ। तीसरे दिन का आरम्भ एक नयी रचना की तैयारी से होता है—राधा की कृष्णमय रचना, और यहाँ पर ग्रन्थ समाप्त हो जाता है।

इस ग्रन्थ का लक्ष्य ही यही था कि नयी राधा रची जाए और स्वयं श्रीकृष्ण के हाथों रची जाए। रची जाकर वह काव्य की, वैष्णव भक्ति की, कला की तथा संगीत की अधिष्ठात्री हो जाए।

'गीतगोविन्द' नाट्य-प्रबन्ध का मंगल भी अत्यन्त नाटकीय है। पूरा काव्य वसन्त का काव्य है और मंगल वर्षा का। पूरे काव्य में श्रीकृष्ण अत्यन्त चतुर और विदग्ध नायक के रूप में चित्रित हैं और इस मंगल में एक अबोध और निरीह किशोर के रूप में। इस वैषम्य के दो नाटकीय उद्देश्य हो सकते हैं। एक तो यह संकेत देना कि इस काव्य में वर्णित अनुराग-लीला का बीज ऐन्द्रिय और शारीरिक नहीं है। यह अनुराग अनायास अंकुरित हो गया था, जैसे उस उद्दाम ऋतु ने सारे बन्धन खोल दिये हों। वसन्त के आते-आते वह अनुराग निर्बन्ध और उत्कट प्रेम का स्वरूप ले चुका है। दूसरा प्रयोजन यह हो सकता है कि मंगल में राधा का उत्कर्ष दिखाकर यह इंगित किया गया है कि यह काव्य नायिकाप्रधान है, नायकप्रधान नहीं। एक तीसरा प्रयोजन भी हो सकता है कि वर्षा ऋतु के इस चित्र में सब-कुछ श्याममय है—आकाश, धरती, सब-कुछ। और श्याम को इतनी श्याममयता से घबराहट है। अपने स्वरूप के ऐसे

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

असीम विस्तार से आकुलता है। इस विराट् अकेलेपन का भय है। उन्हें इस अकेलेपन से मुक्ति चाहिए। जो-जो श्याम है, उसे एक विशेष स्वर्णिम आभा से मण्डित करने की आकांक्षा है, जिससे एक सामरस्य, एक चराचर-पूरकता स्थापित हो सके। विराट् के उन्मथित चित्र और व्यष्टि के अत्यन्त विश्वस्त चित्र के बीच सह-भाव जगाना है कि अब मेरे हो गये, यह विराट् अनुभव मेरा हो गया। इस सामरस्य की परिणति एकाएक सहायक नहीं होती। कई सोपानों से होते हुए शिखर पर पहुँचना सम्भव होता है। उन सोपानों का वर्णन ऊपर किया जा चुका है।

मेघैर्मेदुरमम्बरं वनभुवः श्यामास्तमालद्रुमै-
र्नक्तं भीरुरयं त्वमेव तदिमं राधे गृहं प्रापय।
इत्थं नन्दनिदेशतश्चलितयोः प्रत्यध्वकुञ्जद्रुमं
राधामाधवयोर्जयन्ति यमुनाकूले रहःकेलयः।।

आकाश पहले से ही श्यामल है। काले मेघों के कारण उसकी श्यामलता और बढ़ जाती है। वह प्रगाढ़ श्यामल हो जाता है। वृन्दावन की भूमि वैसी ही बनी छाया के कारण श्यामल है, पर वर्षा में अपना पत्रजाल फैलाये और अपनी डालियों को जमीन तक लटकाये तमाल वृक्षों की सघनायमान छाया के कारण निपट श्यामा बन जाती है। अवनि और अम्बर की इस दोहरी श्यामता को और अधिक गहरी रंगत देने के लिए रात घिर आती है और इस रात में भीतर का अन्धकार भी घिर आता है। दशों दिशाएँ श्याम हैं। इस श्यामता में श्याम कहाँ जाएँ, कहाँ रहें। इस श्याम को गति कहाँ से मिले। इस श्याम को तो अपना घर भी भूल जाए, अपनी सुधि भी भूल जाए। अपने को अलग वह पहचान न पाएँ। नन्द को लगता है बस, ऐसे अपनी ही असीमता से घबराये हुए श्याम को यदि कोई रूप-विमर्श करा सकता है तो उसकी आह्लादिनी शक्ति ही करा सकती है। वह आह्लादिनी शक्ति राधा है। वे राधा से कहते हैं कि इस डरे हुए बालक को तुम्हीं घर पहुँचा सकती हो। इसे पहुँचा दो। इसका घर मनुष्य-मन के वे झुरमुट हैं जहाँ मन निरन्तर छिपने का स्वप्न देखा करता है। इसका घर भानुसुता यमुना की उजली बालू है, जो वृषभानुसुता राधा के चरणों में पड़ने से और उजली हो गयी। उस घर में पहुँचने पर ही श्याम को अपना बोध हो सकता है; क्योंकि तभी वे केवल सच्चिद्घन न रहकर सच्चिदानन्दघन हो सकते हैं। नन्द के निदेश पर आगे-आगे राधा, पीछे-पीछे माधव चल पड़ते हैं और रास्ते में जितने कुंज पड़ते हैं, उनमें प्रत्येक में निभृत एकान्त में सत् और चित् का आनन्द में, आनन्द का सत्-चित् में सम्पूर्ण

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

विलयन बार-बार घटित होता रहता है। इस प्रकार यह घटना कभी भी समाप्त नहीं होती, निरन्तर घटती रहती है। इसलिए यह एकान्त केलि केवल इसलिए एकान्त है कि एक के सिवा दूसरे को रहने नहीं देती, अन्यथा यह केवल एक कुंज में नहीं घटित होती। एक वृक्ष की छाया में नहीं घटित होती। असंख्यासंख्य कुंजों में, असंख्यासंख्य वृक्षों की छाया में, असंख्यासंख्य अभिलाषाओं के वितान में, असंख्यासंख्य चित्तों के गह्वर में, असंख्यासंख्य एकान्तों में, असंख्यासंख्य निभृत अवकाशों में बार-बार घटित होती रहती है, इसलिए 'रहःकेलयः' बहुवचन का प्रयोग हुआ है और 'प्रत्यध्वकुञ्जद्रुमं' कहा गया है, किसी विशेष तक इसे सीमित नहीं किया गया है। इस प्रकार की अनन्त केलियाँ अपूर्वता, उत्कृष्टता और रसमयता के कारण कुल की कुल अनन्त मंगलविधायिनी हैं।

कुछ टीकाकारों ने नन्द का अर्थ भीतर का आनन्द भाव लिया है और कहा है कि भला नन्द ऐसा निदेश क्यों देने लगे, इसमें औचित्य प्रतीत नहीं होता। पर काव्य की मनोरमता अभिभावक के द्वारा श्रीकृष्ण को राधा के हाथों सौंपे जाने में ही अधिक प्रस्फुटित होती है।

इस मंगल के तुरन्त बाद तीन छन्दों में कवि अपनी और अपने काव्य की ओर ध्यान आकृष्ट कराना चाहता है। दूसरे श्लोक में जयदेव सूचना देते हैं कि एक ओर तो यह रचनाकाव्य ऐसा है, जिसके चित्त का गृह वाग्देवी के चरित्र से चित्रित है, अर्थात् चित्त शुद्ध रचनामय है। पर इसके साथ ही कवि पद्मावती राधा के चरण उपासकों में सर्वश्रेष्ठ है, चक्रवर्ती है। इस प्रकार यह कवि समर्थ है कि सर्वव्यापी वासुदेव के प्यार की लीला से युक्त प्रबन्ध की रचना कर सके; क्योंकि रचना की अधिष्ठात्री देवी उसके भीतर निवास करती हैं और उसे श्रीराधा की सेवा का अखण्ड सौभाग्य प्राप्त है।

तीसरे श्लोक में कवि अपने समकालीन रचनाकारों का स्मरण करता है और उनसे अपने को अलग भी करता है। एक उमापतिधर हैं, जो वाणी को पल्लवित करना जानते हैं। एक शरण हैं, जो सूक्ष्म और प्रवाहयुक्त ध्वनि-प्रवाहों के मर्मज्ञ हैं। एक गोवर्धनाचार्य हैं, जिनका शृंगार रस की रचना में कोई प्रतिस्पर्धी नहीं सुना गया। एक धोयी हैं, जो श्रुतिमाधुर्य में कवियों के सिरमौर हैं। इन सबमें विशिष्ट हैं जयदेव, जो अकेले जानते हैं—शब्द का सही सन्दर्भ क्या है, प्रत्येक शब्द के भीतर निहित मार्मिक अर्थ क्या है और यह जानकर ही शब्दों का विन्यास करते हैं। उनके काव्य में न ध्वनि-प्रवाह ही मुख्य है, न सूक्ष्म अर्थों की खोज ही मुख्य है, न शृंगार ही मुख्य है और न वाग्विलास

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ही मुख्य है। इन सबको समेटनेवाला एक विशेष प्रयोजन ही मुख्य है, जो केवल क्रम की विलक्षणता के द्वारा विशिष्ट अर्थ का उद्‌भाव करा सकता है। वह अर्थ इस लोक में रहता हुआ भी इस लोक का नहीं है। वह अपने-आप में कितव है। कितव एक बड़े बारीक मुहावरे का शब्द है। जो बहुत ही कुशल ठग होता है, वह सामान भी लेता है और उल्टे कहता है—यह क्या तुम्हारा है, 'किं तव'? भोजपुरी में एक इसी प्रकार की कहावत प्रसिद्ध है 'बटुलिया तोर कि मोर'? (बटलोई तुम्हारी है कि मेरी?)

चौथे श्लोक में कवि अपने पाठक का चयन करता है। ऊपर से तो यह कहता है कि यदि आप का मन हरिस्मरण में सरस है और यदि आपके भीतर विलास-कलाओं के लिए कौतूहल है, तब आप जयदेव की इस सरस्वती को सुनें, जो मधुर कोमलकान्त पदावली से युक्त है। किन्तु वस्तुतः कवि का अभिप्राय यह है कि यदि केवल आप भक्तिरस में डूबे हुए हैं अथवा यदि केवल आप श्रृंगार में डूबे हुए हैं तो आप मेरे काव्य के अधिकारी नहीं हैं। इसका अधिकारी वही हो सकता है जो श्रृंगार का भी और भक्ति का भी अतिक्रमण कर चुका हो। जिसकी भक्ति लौकिक न रह गयी हो, जिसका प्यार लौकिक या परिमित न रह गया हो, ऐसा ही व्यक्ति इस काव्य का सच्चा अधिकारी है। जयदेव यह अच्छी तरह जानते हैं कि कोरे भक्त इस काव्य से उद्विग्न हो सकते हैं, और श्रृंगार तथा प्रेम को विलास समझनेवाले इस काव्य का अनर्थ कर सकते हैं। इस काव्य में दृश्य और श्रव्य का, मूर्त्त और अमूर्त्त का, भाव और विभाव का, उद्दीपन और आलम्बन का, संचारी और स्थायी का एकीकरण है, यह ऊँची रसमयी भूमिकावाले चित्त में ही ठीक तरह प्रतिबिम्बित हो सकता है।

इस प्रारम्भिक वक्तव्य के अनन्तर दो अष्टपदियों में दशावतार-चरित के वर्णन के द्वारा मंगलाचरण किया गया है। अष्टपदी की रचना मूलतः अभिनय के लिए है। इसलिए ये दोनों अष्टपदियाँ अभिनय से प्रायोजित हैं। पहली में दशावतारों का क्रम-वर्णन है, दूसरी में केवल राम और कृष्ण का। श्रीकृष्ण पूर्णावतार हैं, षोडश कलाओं में पूर्ण। उनके पूर्ववर्ती और परवर्ती अवतारों में उनके पूर्ण व्यक्तित्व के कुछ-कुछ पक्ष व्यंजित हैं। पहली अष्टपदी में मत्स्य अवतार से लेकर कल्कि अवतार तक दश अवतारों का वर्णन है; किन्तु इसमें श्रीकृष्ण अवतार सम्मिलित नहीं है। इसका प्रयोजन स्पष्ट है कि श्रीकृष्ण अवतार समस्त अवतारों में ओतप्रोत है। यही दिखलाना कवि को अभीष्ट है।

दशों अवतारों के वर्णन में एक समानता है, वह यह कि प्रत्येक वर्णन कुछ-न-कुछ नाटकीयता लिये हुए है। प्रलयकालीन समुद्र के उद्वेलन के विरुद्ध

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

एक मत्स्य का प्रयत्न है कि हम जीवन के मुख्य तन्तुओं के प्रज्ञा के बीज वहन करनेवाले पोत बन जाएँ। दूसरे चरण में कच्छप एक डगमगाती हुई पृथ्वी को अपनी पीठ पर धारण करके स्थिरता और गति का सन्तुलन प्रस्तुत करता है। तीसरे में लीला भाव से एक दाँत की नोक पर पृथ्वी सुनहली माया की कैद से मुक्त करके सुरक्षित रख दी जाती है। ऐसा लगता है जैसे चन्द्रमा की गोद में कलंक-कला आकर धँस गयी हो। चौथे में एक आधा पुरुष और आधा सिंह का रूप सोने की शय्यावाले हिरण्यकशिपु दैत्य के काले शरीर को अपने तेज नखों से ऐसे चीरता है जैसे किसी भौंरे को बीच से कोई चीर दे। इनमें हाथों के संचालन पर बल है। इसके बादवाले चरण में पैरों के संचालन पर बल है, जब तीन पग में वामन त्रिभुवन नाप लेते हैं और नापते समय जब विराट् रूप धारण करते हैं, तो उनके पद-नखों की धोवन में ही गंगा का प्रवाह उमड़ आता है। पाँचवें में एक दूसरे प्रकार की सत्ता के मद का निराकरण है। उस मद के प्रभाव में लोग जल रहे हैं और भृगुपति रूप धारण करके भगवान् विष्णु सत्ताधीशों के रुधिर जल से उस ताप का शमन करते हैं। इसके बादवाले चरण में रामावतार में वे दस दिशाओं में रावण के दस सिरों की अलग-अलग बलि बाँटते हैं, जैसे वे दिशाएँ रावण के मदोन्मत्त अहंकार की प्यासी रही हों। आठवाँ अवतार बलराम हैं जो गौरवर्ण हैं और नीले घने बादल जैसा नीला वस्त्र पहनते हैं। अपने हल की नोक से पूरे हस्तिनापुर को उलटने के लिए यमुना को वह उद्वेलित करते हैं तो लगता है वह भयभीत यमुना ही उनके अंगों से लिपट गयी है। नौवाँ अवतार भावी अवतार है, बुद्ध का, जिसमें एक दूसरा उद्वेलन होता है, वह होता है मन में और बुद्धि में। यज्ञ-विधि के बारे में एक दूसरी समझदारी प्रस्तुत की जाती है। पशु-बलि के प्रति करुणा का उद्वेग उमड़ाया जाता है। अन्तिम अवतार है कल्कि अवतार, जो कलियुग की बर्बर संस्कृति का दलन करते हैं, एकाएक चमकते हुए धूमकेतु तारे की तरह सारे भूमण्डल में छा जाते हैं। इन सभी रूपों में अनेक नाटकीय भाव, जो एक-दूसरे के विरोधी रहते हैं, दर्शाये गये हैं। कहीं अतुलित धैर्य है, कहीं असीम क्रोध। कहीं छल है, कहीं सीधा आक्रोश। कहीं कठोरता है, कहीं करुणा। कहीं लीलाभाव है, तो कहीं प्रयत्न का संकल्प।

श्रीकृष्ण के रूप में सभी गुण किसी-न-किसी तरह एक नया सौन्दर्य पा जाते हैं। इसलिए दशावतार-कीर्तन के ब्याज से श्रीकृष्ण का सम्पूर्णत्व ही व्यंजित किया गया है। ऐसे सम्पूर्ण का असम्पूर्ण, खण्डित, व्यष्टि चित्त राधा के आगे और विशिष्ट हो जाता है। उद्दाम रसवर्षी घनश्याम का क्षणदा सौदामिनी के आगे, भरी हुई प्रकृति का निपात वसन्त के आगे, श्यामरस सम्भार का गौर रस बिन्दु

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

के आगे समर्पण सार्थक हो जाता है, असीम इसी में अर्थ पाता है, और यही असीम का अपना विशिष्ट स्पृहणीय सौभाग्य है। यहीं से राधायुग का शुभारम्भ होता है। प्रपञ्चसार में श्री शंकराचार्य ने कहा है 'पुंनपुंसकयोस्तुल्या चाङ्गनासु विशिष्यते'। चैतन्य की लीला पुंस्तत्त्व और नपुंसकतत्त्व में सामान्य होती है, पर अंगनातत्त्व, नारीतत्त्व में विशिष्ट होती है। श्रीकृष्ण का भाव नारी की भावप्रतिमा राधा में ही रसत्व पाता है, और जब पाता है तो विराट् लघु की ओर अभिमुख हो जाता है, लघु का विराट् के आगे समर्पण कम महत्त्वपूर्ण है, विराट् का समर्पण अधिक महत्त्वपूर्ण और सार्थक है। यह होता है, तभी बिन्दु में सिन्धु को खोजने का नया प्रयत्न शुरू होता है। यह प्रयत्न 'गीतगोविन्द' की रचना से शुरू होता है। यह प्रयत्न 'गीतगोविन्द' की रचना से शुरू हुआ और इसके बाद तो शृंखला ही प्रयत्नों की बढ़ती जा रही है। कला में, संगीत में, काव्य में, दर्शन में, सामाजिक आचार में, सर्वत्र। कैसे बाँध दिये गये हैं श्रीकृष्ण प्रेम के दाम में, कितना सुख मिलता है मुक्तिदाता को बन्धन में पड़ा देखकर।

'गीतगोविन्द' और भागवत में अद्वितीय तादात्म्यभाव है। 'गीतगोविन्द' भागवत का पूरक है, एक तरह से उसकी फलश्रुति है। भागवत का प्रारम्भ सब कामनाओं के श्रीकृष्ण-भाव में विसर्जन से होता है और परिणाम होता है श्रीकृष्ण-भाव से भक्तजन में श्रीकृष्ण के भरने से। भागवत के केन्द्र में श्रीकृष्ण हैं। भागवत एक तरह से श्रीकृष्ण का वाङ्मय विग्रह है। 'गीतगोविन्द' के केन्द्र में श्रीराधा हैं, अत: वह राधा का, श्रीकृष्णमय राधा का गीतमय विग्रह है।

पहली बार पढ़ने पर 'गीतगोविन्द' समझ में नहीं आता। वह रस निर्झर की तरह केवल एक आप्लावित करनेवाले निनाद के रूप में गृहीत होता है। एक तो इस कारण समझ में नहीं आता कि हमारी समझ के ऊपर एक परदा टँगा हुआ है, १९वीं शताब्दी के पश्चिमी मसीही चिन्तन के अधूरे विचारदर्शन का। हम पूरे शब्दों को नहीं पढ़ते हैं, बीच-बीच में कुछ शब्दों को पढ़ते हैं और इस अधूरे वाचन के कारण 'गीतगोविन्द' को इन्द्रियविलास का काव्य मान लेते हैं, उसी रूप में उसका मूल्यांकन भी करते हैं। हम यह भी नहीं देखते कि अपने ही देश में 'गीतगोविन्द' को दृश्य और श्रव्य रूप में देखने-सुनने की अविच्छिन्न परम्परा रही है और वह परम्परा ही 'गीतगोविन्द' को एक जीवनरस-सृष्टि के रूप में सामने परसे हुए है। मध्ययुग की चित्रकला, मध्ययुग से लेकर अब तक का अभिनय, मध्ययुग की कविता, उन सबके केन्द्र में यदि एक ग्रन्थ है तो वह 'गीतगोविन्द' है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

'गीतगोविन्द' की विशेषता यही है कि वह बहुत ही सीधे शब्दों में लय की वर्तुलता और रूपायमानता की सम्भावनाओं का ऐसा घनीभवन है कि कभी भी उसकी नवीनता चुकती नहीं। केवल ऐन्द्रिय भोग का काव्य इतनी सघनता का भाव कभी नहीं सँभाल सकता था, न वह पूरी भारतीय भावधारा को ऐसा शक्तिशाली मोड़ दे सकता था, जिसमें सिन्धु बिन्दु में समाने के लिए आकुल हो उठे। जयदेव का गीतगोविन्द भारत के सर्जनात्मक इतिहास की ऐसी महत्त्वपूर्ण घटना है, जो अभी और आगे भी निरन्तर वर्तमान के रूप में, आवर्तमान के रूप में, विवर्तमान के रूप में प्रत्यक्ष अनुभव की जाती रही है, रहेगी। आवश्यकता है उसे ठीक-ठीक उसके चौखटे में रखकर देखने की, भारतीय विश्वदृष्टि के आलोक में देखने की और अध्यात्म के संसार को इन्द्रियगोचर संसार से अविलग देखने की।

श्रीराधा-तत्त्व

श्रीराधा के नाम के बारे में ऐतिहासिक दृष्टि रखनेवालों के भाँति-भाँति के विचार प्रचलित हैं। कोई कहता है कि 'राधा' नाम और राधाकृष्ण के प्रेम का आख्यान पहली-दूसरी शताब्दी में आभीरों के युग में प्राप्त होता है और वही आभीर-भूमि उत्तरकाल में श्रीकृष्ण की लीलाकेन्द्र बनी। कुछ दूसरे लोग कहते हैं कि यह नाम नक्षत्रवाचक 'अनुराधा' से उद्भूत है। सूर्य का जब 'अनुराधा' नक्षत्र के साथ योग होता है, तो मार्गशीर्ष मास आरम्भ होता है और मार्गशीर्ष मास से तभी वर्ष प्रारम्भ होता था। इसी कारण भगवान् श्रीकृष्ण ने श्रीमद्भगवद्गीता में अपने को मार्गशीर्ष महीना बताया है।

भगवान् श्रीकृष्ण ने अपनी विभूतियों के विभिन्न स्वरूपों का वर्णन करते समय अपने को महीनों में मार्गशीर्ष महीना बताया है। पहले शरद् ऋतु ही वर्षान्त होती थी, इसलिए वेदों में सौ शरद् जियें, सौ शरद् सुनें जैसी कामनाएँ की गयी हैं।

शरद् सम्पात से वसन्त सम्पात तक आकर वर्षा आरम्भ करना खगोल के परिवर्तन के कारण हुआ है और इसी परिवर्तन में भारतीय ज्योतिषियों के अनुसार कई हजार वर्ष लगे हैं। ऋग्वेद में विशाखा और अनुराधा युग नक्षत्रों को आलंकारिक भाषा में सूर्य की क्रिया के रूप में देखा गया है। कुछ लोगों ने यह समझा कि राधा नाम केवल नक्षत्र से जुड़ा हुआ था तथा श्रीमद्भागवत-पर्यन्त वैष्णव पुराणों में राधा का नाम उल्लिखित न होने से यह अनुमान किया है कि राधा का महत्त्व भारतीय साहित्य और कला में आठवीं-नौवीं शताब्दी के बाद से दिखाई पड़ने लगता है। जयदेव के 'गीतगोविन्द' से राधा काव्य

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

को नया उत्कर्ष मिलता है और यह उत्कर्ष बांग्ला, मैथिली, ब्रजभाषा में और गुजराती के काव्यरूपों में निखरता ही चला गया। इन सबसे अलग एक समग्र दृष्टि है, जो श्रीकृष्णतत्त्व और राधातत्त्व को दो नहीं मानती, एक मानती है। श्रीकृष्ण को अपनी समग्र पहचान के लिए अपने ही आत्मीय अंश के रूप में श्रीराधा की आवश्यकता है। श्रीराधा को अपने समग्र की पहचान के लिए अपने ही आत्मरूप श्रीकृष्ण की आवश्यकता है। यह आवश्यकता शिव के अर्द्धनारीश्वर रूप से इस मायने में विलग है कि शिव का अर्द्धनारीश्वर रूप अविभक्त होता हुआ भी विभक्त है और श्रीराधा-कृष्ण का स्वरूप विभक्त होता हुआ भी अविभक्त है। वृन्दावन में 'बाँकेबिहारी' की मूर्ति के बारे में लोक-श्रद्धा यही है कि उसमें श्रीराधा और श्रीकृष्ण स्वामी हरिदास की दो हथेलियों पर नाचते-नाचते दोनों हथेलियों के मिलने से एक ऐसे रूप में प्रतिष्ठित हुए, जिसे कभी कोई ध्यान से देखता है तो उसमें कभी श्रीराधा की छवि झलकती है तो कभी श्रीकृष्ण की छवि। एक ही क्षण में श्रीराधा और श्रीकृष्ण की छवियों का विनिमय होता रहता है। अनेक देवी-पुराणों में, अनेक कथानकों में श्रीराधा श्रीकृष्ण के प्रति एकनिष्ठ प्यार का विग्रह हैं और वे इस प्यार की साकार प्रतिमा होने के कारण श्रीकृष्ण से नित्य संयुक्त हैं। एकाएक ऐसा लगने पर कि श्रीकृष्ण तो कहीं चले गये, शरीर से या मन के ध्यान से चले गये लेकिन चले गये, यह एक क्षण का विरह ऐसा व्याकुल करनेवाला होता है कि ऐसे अनन्त क्षणों के कारण, ऐसे अनन्त क्षणों के अन्तराल आने के कारण वे नित्य वियुक्त भी हैं। वे नित्य संयोग-वियोगमय श्रीकृष्ण की आकांक्षा ही नहीं करतीं, वह आकांक्षा करती हैं, श्रीकृष्ण के प्यार में, श्रीकृष्ण के भाव में निरन्तर निमज्जन और उन्मज्जन की गाथा में, जो रसखान के शब्दों में केवल चाह बनी रहना चाहती है। यह न श्रीकृष्ण की प्राप्ति है, न अप्राप्ति है, यह दोनों है। श्रीकृष्ण के ध्यान की प्राप्ति की अभिलाषा नहीं है, श्रीकृष्ण के गोलोकधाम की प्राप्ति-अभिलाषा नहीं है, यह सनातन रूप से लीला है जो अतिप्रिय, अतृप्त अभिलाषा है। लीला में भाग लेने की या लीला में भाग न ले सकने की छटपटाहट की व्याकुलता की परिणति है श्रीराधा। श्रीमद्भागवत के बारे में यह भी कहा जाता है कि उसमें श्रीराधा का नाम नहीं है। केवल 'अनयाराधितो नूनं भगवान् हरिरीश्वरः' के द्वारा तो कुछ अन्य संकेतों के द्वारा यह इंगित है कि कोई एक मुख्य गोपी श्रीकृष्ण की प्रीतिभाजन थी, जिसे श्रीकृष्ण ने अपने कन्धों पर चढ़ाया। इसी श्रीकृष्ण ने जब उनके पाँव दुखने लगे, उसमें काँटे गड़ने लगे तो अपने कन्धे पर चढ़ाया और फिर एकाएक उस गोपी के मन में प्रेमाभिमान जाग्रत् हो जाने के कारण उन्हें कन्धे से उतार दिया और अन्तर्धान हो गये।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वह गोपी अकेले श्रीकृष्ण के विरह में बिलखती रही। दूसरी गोपियाँ श्रीकृष्ण को खोजती-खोजती आती हैं तो उन्हें यह मुख्य गोपी दिखाई देती है। रास के (प्रथम) दिन उसी गोपी का नाम लिये बिना संकेत है जिसमें कहा गया है कि 'पुलकाङ्गमुपगुह्यास्ते योगीवानन्दसम्प्लुता। सर्वास्ताः केशवालोक-परमोत्सवनिर्वृताः'।। (श्रीमद्भागवत महापुराण, दशम स्कन्ध पूर्वार्ध, अध्याय-३२, श्लोक, ८।९)

अर्थात् जहाँ गोपियों ने अंगस्पर्श के द्वारा विविध प्रकार से श्रीकृष्ण के साथ सम्बन्ध जोड़ा, वहीं एक गोपी ऐसी है जो आँखों के सम्पुट में उन्हें भरती है और उन्हें हृदय के भीतर पहुँचा देती है और वहीं पर उनसे एकात्म होती है। यही भाव स्थापित करनेवाली श्रीराधा हैं। ऐसा अनुमान किया जा सकता है। श्रीराधा के नाम का उल्लेख श्रीमद्भागवत में नहीं है, इसके लिए एक भक्तिभाव का तर्क दिया गया है, श्रीराधा का नाम पूरा लेते ही श्री शुकदेव को छः महीने की समाधि लग जाती थी, उन्हें सात दिन के भीतर श्रीमद्भागवत-कथा परीक्षित् को सुनानी थी, इसीलिए उन्होंने श्रीराधा का नाम जानबूझकर नहीं लिया, केवल संकेत किया। ब्रह्माण्ड-पुराण की कथा के अनुसार श्रीललिता ने शक्ति के पूर्णभाव का प्रत्यक्षीकरण कराने के लिए रूप धारण किया और शिव श्रीराधा बन गये। आज भी नन्दगाँव की पहाड़ी ब्रह्मा जी का रूप, गोवर्धन की पहाड़ी विष्णु का रूप और बरसाने की पहाड़ी शिव का रूप मानी जाती है।

एक दूसरी कथा भी है, जिसमें श्रीराधा का ब्रजभूमि में कैसे आविर्भाव हुआ, यह वर्णित है। इस आख्यान में पहले राधा ने गंगा को शाप दिया कि मेरे प्रिय के चरणों में क्यों लिपटी रहती हो, जाओ तुम मर्त्यलोक में जड़ नदी बन जाओ। गंगा ने उलटकर शाप दिया कि मेरी सेवा-भावना भी तुम्हें चुभती है तो तुम भी मर्त्यनारी बनकर संयोग में भी वियोग के दुःख अनुभव करो। इन दोनों के अवतरण से भूमि धन्य हो जाती है और देवता भी इस भूमि से स्पृहा करते हैं। इस प्रकार के अनेकानेक आख्यानों में दो और महत्त्वपूर्ण हैं। पहले में तो यह कहा गया है कि रामावतार में सीता के निर्वासन के बाद अश्वमेध यज्ञ करते समय भगवान् रामचन्द्र को सीता की स्वर्णमूर्ति यजमान-पत्नी के रूप में स्थापित करनी पड़ी, जब यज्ञ सम्पन्न हो गया तो उन्होंने उस मूर्ति का विसर्जन करना चाहा तब उस प्राणप्रतिष्ठित मूर्ति ने विसर्जित होने से इनकार कर दिया और कहा कि मैंने तुम्हारा इतने प्रयोजन में साथ दिया, तुम मुझे विसर्जित कैसे करोगे? तब रामचन्द्र को उसे तत्काल सन्तुष्ट करने

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

के लिए यह वादा करना पड़ा कि इस जन्म में तो नहीं, लेकिन अगले अवतार में तुम श्रीराधा होगी और तुम्हारा हमसे नित्य संयोग बना रहेगा। किन्तु हमसे तुमने बड़ा दुराग्रह किया, इसलिए मैं इस वरदान के साथ-साथ यह शाप भी देता हूँ कि तुम नित्य यह समझती रहोगी कि मैं तुमसे बिछुड़ा हुआ हूँ। इस प्रकार नित्य संयोग और वियोग ही राधा की नियति है।

दूसरे आख्यान में श्रीराधा के ललिता के रूप में अलग से स्थापित होने की कहानी है। श्रीराधा ने भगवान् से मिलने के लिए शृंगार किया, भगवान् को प्रिय लगने के लिए शृंगार किया, तब दर्पण में देखना चाहा कि मैं कैसी लग रही हूँ? दर्पण की ओर देखते समय उन्हें ऐसा लगा कि कहीं पीछे से भगवान् उनका ही रूप देख रहे हैं। दूसरे शब्दों में उन्हें लगा कि भगवान् मेरा प्रतिबिम्ब निहार रहे हैं और अपने प्रियतम, अपने भगवान् द्वारा निहारे गये प्रतिबिम्ब को देखकर इतनी उल्लसित हुईं कि उन्हें मूर्च्छा आ गयी; क्योंकि अपने को पहचानना तभी पहचान बनता है, जब अपना प्रिय उसे पहचान ले। प्रिय के द्वारा पहचाना गया, प्रिय की दृष्टि से आलोकित अपना रूप स्पृहा का विषय बन गया, राधा मोहित हो गयीं। वह दर्पण में बस गया और वही रूप श्रीललिता के रूप में प्रतिष्ठित हो गया। यदि इन आख्यानों का आकलन किया जाय, तो यही स्पष्ट होता है कि श्रीराधा भारतीय वाङ्मय की अद्वितीय विभूति हैं। वे दूसरी सहचारिणी देवियों से भिन्न हैं। उनमें शुद्ध प्रियातत्त्व है। वे जगन्माता न होकर जगदीश्वर की आह्लादशक्ति होने के कारण, दूसरे शब्दों में आनन्दतत्त्व की आनन्दशक्ति होने के कारण सबसे अलग हैं। वे स्वयं जन्म लेनेवाली हैं और किसी को जन्म देनेवाली नहीं है। सनातन प्यार की अधिष्ठात्री हैं और ऐसी अधिष्ठात्री हैं जो लीला के नायक को उसमें से बाहर जाने नहीं देतीं। वे लोक के परे होते हुए भी इस लोक की सनातन नागरिक हैं। श्रीराधा का प्यार ही श्रीकृष्ण के सम्पूर्ण चरित्र का सबसे बड़ा सम्बल है। ऐसा समर्पण, और ऐसा इस तरह से एक-दूसरे का ढूँढ़ना, किसी दूसरे प्रेमाख्यान में दिखाई नहीं पड़ता है।

श्रीकृष्ण और श्रीराधा पृथक् नहीं हैं, जैसे भाव और रस पृथक् नहीं हैं। भाव का उच्छलन ही रस है, श्रीकृष्ण का राधामय होना ही सच्चिदानन्दसागर का ज्वार है। ब्रह्म अतिक्रामी ही नहीं होता, अतिक्राम्य भी होता है, ब्राह्मी स्थिति सबके भीतर होती हुई सबके परे भी जाती है तो ब्राह्मी स्थिति के परे भी एक स्थिति होती है, मोहरूप द्वैत को पार करके अद्वैत की जड़ता तोड़ने वाली भी एक गति होती है, उसी का नाम राधा है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ध्यान साँवरे के रंग में रँगा है, आँखों में साँवरे का रस आँसू बनकर उमड़ा चला आ रहा है, कहीं नाभि से स्वर उठ रहा है—कृष्ण-कृष्ण, गोविन्द-गोविन्द, दामोदर-दामोदर, माधव-माधव। श्रीकृष्ण को इसी रस की तरस है, अतृप्य तरस है। सबसे अधिक तरस है शिवस्वरूप श्रीराधा के शान्तनिर्धूम तप के ताप पर खौलाये सात्त्विक वाणी के रस से धैर्य के जेमन से जमाये दही के स्वाद की। सूर की राधा ने कहा—'मेरे दधि को हरि स्वाद न पायो'। हरण करनेवाले लुटेरे ने मेरे दही का स्वाद कहाँ पाया। वह लूटने से नहीं मिलेगा। वह मिलेगा निःशेष समर्पण से, भूमिका-परिवर्तन से, पीताम्बर देकर नीली ओढ़नी लेने से; वंशी देकर मोर मुकुट देकर, बेंदी सिर पर धारण करने से, वास-परिवर्तन से, आगे जाकर चित्त-परिवर्तन से, पुनः स्वभावज नारीरूप में अपना शृंगार कराके और अपने हाथ से शिवरूप राधा को पुरुष में प्रतिष्ठित कराके प्राणों के विनिमय से। श्रीकृष्ण राधा होकर बेचारी राधा के लिए अकुला उठे, उसे बहुत सताया, कैसी होगी, श्रीकृष्ण राधा होकर रूठ जाएँ और मनाये न मानें, कृष्ण हुई राधा थक जाएँ, खीझ जाएँ, क्या अपराध मुझसे हुआ। यह वैचित्त्य, चित्त का अपना चित्त न रह जाना, अपना विशिष्टचित्त हो जाना, सामान्य चित्त की तरह आत्मचित्त न रह जाना, परकीय हो जाना, श्रीकृष्ण-भाव का उच्छलन है। तभी श्रीकृष्ण रस बनते हैं। मैंने उन्हें अन्यत्र भावपुरुष कहा है, उस होने की अधिकारिणी तो केवल उनकी आह्लादिनी शक्ति है, उनका राधामय रूपान्तर है।

राधा न शरीर हैं, न इन्द्रिय, न पत्नी, न पुत्री, वे केवल प्यार हैं। राम में पन्द्रह कलाएँ हैं, सोलहवीं कला तो वह राधा हैं, जिसको अमृता कहें, जिसे राधने का व्यापार कहें, जिसे चाहत कहें, जिसे अपने को मिटाकर विराट् का वरण कहें या सब अधिकारियों को छोड़कर, सुविधाओं, ऐश्वर्यों को छोड़कर केवल आराधिका के अधिकार का वरण कहें, कुछ भी कहें, श्रीकृष्ण के जीवन की जीवनमूरि राधा हैं।

श्रीकृष्ण के श्यामल रूप से पहले उनका वह प्रभामण्डल राधा है। उनके श्याम ललाट पर जो सबसे पहले झलकता है वह है गोरोचन का तिलक, जो राधा है। श्रीकृष्ण के प्राणों की पुकार भी राधा ही हैं। श्रीकृष्ण के रास की ईश्वरी भी राधा ही है। राधा मानव-मन की आदिम वृत्ति है। जो सम्पूर्ण सत्ता को अपनी तरह से बेचैन पाता है, समरस पाता है, वह छोटे मानस में रससिन्धु को भरने की न पूरी होनेवाली कोशिश है। हाँ, राधा पत्नी नहीं, माँ नहीं, बहन नहीं, सखी नहीं, बस केवल प्रिया हैं। भारतीय साहित्य में एकनिष्ठ

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पातिव्रत की प्रतिमा सीता हैं, रुक्मिणी हैं, सख्य की प्रतिमा द्रौपदी हैं, बहन के दुलार की प्रतिमा हैं सुभद्रा, ऐसी प्रतिमा कि जगन्नाथ जी से लक्ष्मी रूठ गयीं, बेचारे भाई बहन के साथ ही काठ होकर विराजमान हैं, लक्ष्मी मन्दिर में हैं पर प्रिया तो केवल राधा हैं। राधा एक सर्वस्वनाशी प्यार का विग्रह हैं, जहाँ कामनाएँ क्षार हो गयी हैं, प्राप्ति ठुकरा दी गयी है। मिलन छोटा हो गया है, बस केवल प्यार रह गया है।

मुझे बराबर यही लगता है कि श्रीकृष्ण का निर्मोही रूप, योगीश्वर रूप, दार्शनिक रूप, मदविनाशक रूप, ये सभी राधा के प्यार से उद्भुत हैं। राधा के प्यार की धूपछाँही व्यंजना ही श्रीकृष्ण का दुरवगाह चरित है। इतनी अविचल शक्ति, इतना निरुद्वेग भाव और इतनी निर्मम कर्मसम्पृक्तता बिना किसी बड़े आलम्बन के एक व्यक्ति से, चाहे वह समष्टि का एकीकृत रूप ही क्यों न हो, सध नहीं सकता।

इसे यों भी कह सकते हैं, श्रीकृष्ण के स्मरण का कुसुमित परिणाम है राधा का स्मरण, श्रीकृष्ण रूप में कोई गन्ध नहीं, पर राधा के अंग के वे जब शृंगार बनते हैं, तो काले रंगमात्र नहीं रहते, वे मृगमदरस (कस्तूरी के रस) बन जाते हैं और रस बनकर राधा के रोम-रोम में खिले आकांक्षाओं के असंख्य कुसुम-स्तवकों में रस की तरह आपूरित हो जाते हैं। श्रीकृष्ण का घनश्याम-रूप वसन्त का आभरण पाता है और राधा का मधुमय यौवन श्रीकृष्ण की कस्तूरी-गन्ध का आमोद। पर अकेले श्रीकृष्ण न वर्षा हैं, न राधा वसन्त हैं। अकेले श्रीकृष्ण एक विशाल और उज्ज्वल अन्धकार हैं, राधा के अभिभावकत्व में वे वर्षा हैं, पर राधा कभी अकेली हैं ही नहीं, वे श्रीकृष्ण की असंख्य सुधियों के बीच हैं, वे नित्य वसन्त हैं, नित्य नूतन की आकांक्षा हैं, नित्य ताप हैं, नित्य मरण हैं और इसलिए महाकाली के पुरुषावतार श्रीकृष्ण की नित्यलीला का अधिष्ठान हैं।

राधा माधव हो गयी

हमारी शिक्षा ने बचपन में कुछ बड़े ही अस्वस्थ संस्कारों के बीज बोये और मैं तो अपने को भाग्यशाली मानता हूँ कि श्रीमद्भागवत पर शोध का कार्य इन संस्कारों की छाया में शुरू तो किया, पर कई कारणों से वह कार्य अधूरा रह गया और जो उस समय मैं लिखता, वह पाप होता, उससे मैं बच गया। उस जमाने में दो भूत बड़े जबर्दस्त थे। एक तो ब्रह्म का, जिसके कारण भागवत में 'बिलकुल ब्रह्मवाद' देखने के लिए आँखें फोकस कर दी गयी थीं,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दूसरा था पश्चिमी छूँछी नैतिकता के आग्रह का, जिसके कारण सनातनी 'कल्याण' भी यह सफाई देता था कि श्रीकृष्ण तो केवल पाँच-सात वर्ष के थे, उस समय रासलीला में कोई वैसी बात सोची नहीं जा सकती। 'गीतगोविन्द' को भक्ति का ग्रन्थ मानने के लिए पढ़ा-लिखा तर्क-बुद्धि आदमी तैयार नहीं होता था। इसीलिए एक निर्जीव और भावहीन चिन्तन के गुंजलक में हम सभी लोग गिरफ्त थे और गोपी-प्रेम को हम लोग या तो प्रतीक मानकर ही किसी तरह भक्ति का दामन बचा सकते थे या फिर ऐतिहासिक पाण्डित्य का लबादा ओढ़कर आभीर-कृष्णवाली लीलाओं को बाद का क्षेपक मानकर एक शुद्ध गीतावादी कृष्ण को इतिहासपुरुष के रूप में प्रतिष्ठित करके अपना सांस्कृतिक अभिमान सुरक्षित रख सकते थे।

पता नहीं, कैसे इस गुंजलक से मुक्ति मिली, पर आज भक्ति की पात्रता अपने में पाऊँ, न पाऊँ, इतना तो है ही कि चाहे 'गीतगोविन्द' मणिपुरी और ओडिसी नृत्यरूपान्तर का प्रभाव हो, चाहे काँगड़ा गुलेर के चित्रों का, चाहे विदेश में रहकर अपने देश को पहचानने की नयी कोशिश का, अब भयंकर आधि-व्याधि में भागवत का पारायण उस आधि-व्याधि को जीवन के महनीय क्षण में, जीवन के स्पृहणीय क्षण में जरूर रूपान्तरित कर देता है; क्योंकि तब वह क्षण-क्षण (उत्सव) बन जाता है। अपनी श्यामलता में अशेष अन्धकार को आकृष्ट करनेवाले मेघमेदुर कृष्ण के साक्षात्कार हों न हों, अपना अन्धकार भी प्रिय हो जाता है; क्योंकि वह अन्धकार ही प्रकाश का एकमात्र झरोखा मेरे-जैसे साधारण आदमी के लिए हो सकता है; प्रकाश की पूँजी पर जो इतराएँ, उनकी बात अलग है, क्योंकि देखता हूँ, उस कृत्रिम प्रकाश ने जिस जली काली छाया को जन्म दिया है, उससे यह स्निग्ध अन्धकार लाख गुना प्रेय है, और साथ ही साथ श्रेय भी।

अब, जब भागवत पढ़ता हूँ तो उसका पहला स्कन्ध बड़ा सार्थक लगता है। अर्जुन के शोकगीत को पढ़ते-पढ़ते ऐसा लगता है जैसे भगवान् अभी-अभी मुझे ही धोखा देकर चले गये और उनके जाते ही मेरा कहा जा सके, ऐसा कुछ भी नहीं रहा। यह भी लगता है कि राधा नाम भागवत में आया या नहीं, राधाभाव ही भागवत की पराभूमिका है; यह न होता तो भीष्म, शुकदेव, नारद, उद्धव जैसे तत्त्वज्ञानी को भी यह स्पृहा क्यों होती—'राधा की कौन कहे, सामान्य गोपी की भी चरण-धूलि जहाँ लगी हो, उन झाड़ियों, वनौषधियों, लताओं का भी कुछ हो पाता तो भक्ति के परमफल का कुछ स्वाद तो मिल जाता'।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आसामहो चरणरेणुजुषामहं स्याम्,
वृन्दावने किमपि गुल्मलतौषधीनाम्।
या दुस्त्यजं स्वजनमार्यपथं च हित्वा
भेजुर्मुकुन्दपदवीं श्रुतिभिर्विमृग्याम्।।

मैं भागवत धर्म को एक पोथी में बँधा धर्म नहीं मानता, मैं इसे मनुष्य की अनन्त भावयात्रा का प्रक्रिया-धर्म मानता हूँ और यहाँ इसी रूप में इसे प्रस्तुत करने का प्रयत्न कर रहा हूँ।

भागवत का सूत्रपात उचाट से होता है। अठारह पुराण, महाभारत और वेद की संहिताओं के सम्पादन के बाद भी व्यासदेव को लगता है, जो करना चाहिए था, वही नहीं किया है और सरस्वती के किनारे अनमने भाव से सोचते हैं—अपने ही किये से ऐसी उचाट क्यों? नारद समाधान देते हैं—अभी असली बात आपने कही कहाँ? जो वास्तव में वेद्य है, जानने योग्य है और जो शिवप्रद है, जिसमें सहज निष्कपट धर्म भावरूप में लीलायित है, जिसमें जगत् को, मायापाश से बाँधनेवाले को भी बाँधने का विधान है, ऐसी हरिलीला की बात अभी आपने की ही नहीं, जिस निष्काम कर्मयोग की बात आपने की, जिस ज्ञानयोग की बात आपने की, वह कर्मयोग अपनी सार्थकता अच्युत भाव से प्राप्त करता है, और वह ज्ञानयोग श्यामदृगों में अंजित होकर ही निरंजनमल न रहकर ज्योति बन जाता है—

'नैष्कर्म्यमप्यच्युतभाववर्जितं न शोभते ज्ञानमलं निरञ्जनम्'।

आपने अभी तक काकपेय तीर्थों का निर्माण किया, हंसों के एकान्तभाव से रमने के लिए कोई घर आपने बनाया ही नहीं। आपको ऐसी प्यास ही नहीं लगी, जिसके लगते ही सारी तृषाएँ तृप्ति बन जाती हैं, पर जो स्वयं तृप्ति होते हुए कभी भी तृप्त नहीं होती। आपने केवल चार पुरुषार्थों को साधने के जतन बताये पर चारों पुरुषार्थ साधने में जहाँ से नया-नया स्वाद आता है, उसे तो आपने अभी तक साधा ही नहीं। जीवन्मुक्त भी जिस बन्धन को मुक्ति से बड़ा मानकर वरण कर सकें और विषयों में फँसे लोग जिसे विषय के रूप में स्वीकार करके विषयी होते हुए भी विषयातीत हो सकें, ऐसी शाश्वत लीला का आख्यान आपने शुरू ही नहीं किया। शायद इसीलिए आप एक कुहासे से ढँके द्वीप में अँधियारे में पैदा होकर भी उस उपेक्षा की पीड़ा से वंचित रह गये, जो इस लीला का अर्थ समझने के लिए सबसे जरूरी शर्त है। मैं उस पीड़ा से गुजर चुका हूँ, एक दासी के पेट से जनमा, केवल हर तरह

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

की जूठन बटोरता रहा निरभिमान भाव से, भोजन मुझे जूठन के रूप में ही मिलता रहा, न पेट भरता रहा, न मन भरता रहा। उसी अतृप्ति में मैंने पाया कि पूर्णकाम नारायण भी अतृप्त हैं, वे सगुण-लीला केवल भक्त के लिए नहीं करते, अपने लिए अपनी बेकली दूर करने के लिए सगुण लीला रचते हैं और उस लीला को फिर समेट नहीं पाते, क्योंकि जो कोई भी उस लीला में अपने को कभी भी, स्मृति में ही सही, कहीं खड़ा कर देता है, लीला उसकी आँखों में बस जाती है और लीलामय उन आँखों में सदा के लिए बस जाते हैं।

भागवत नारद की इस सीख का परिणाम है और भागवत के पहले गृहीता इसीलिए जन्म-जात परमहंस शुकदेव हैं, जो सब ओर से निराकांक्ष होने के बाद भी भागवत लीला के लिए सतत साकांक्ष हैं और शुकदेव इस लीला को सबसे पहले सुनाते हैं परीक्षित् को, जिनकी मृत्यु सात दिन बाद होनेवाली है, इसलिए इन सात दिनों में अपने उस त्राता की कथा सुन लेना चाहते हैं, जिन्होंने गर्भ में अश्वत्थामा की शक्ति से रक्षा की थी और जिनकी कथा की उत्कण्ठा में मृत्यु जीवन की अतृप्त लालसा बन गयी है।

शौनक ने सूत को यहीं पर टोका—

भगवत्परायण परीक्षित् ने शरीर-त्याग का निश्चय किया कैसे? भगवत्परायण व्यक्ति का शरीर दूसरे के लिए है, उस शरीर पर उसका अपना स्वत्व ही कहाँ, इस भगवदर्पित, इस लोकार्पित शरीर से निर्वेद मोक्षाभिलाषी को हो तो हो; भगवद्भक्त को क्यों हो?

शिवाय लोकस्य भवाय भूतये य उत्तमश्लोकपरायणा जनाः।
जीवन्ति नात्मार्थमसौ पराश्रयं मुमोच निर्विद्य कुतः कलेवरम्।।

वह शंका ही भागवत-धर्म की दूसरी भूमिका है। उत्तमश्लोक भगवान् में निरन्तर जीने का अर्थ है लोक-कल्याण के लिए जीना, लोक के अभ्युदय के लिए जीना और सबसे अधिक लोक के दुःख की साझेदारी के लिए जीना, जब तक एक भी कोना उल्लसित होने से रह गया है, जब तक एक भी दुःख का कण अपनाने से रह गया है, जब तक जिन्दगी एक निरन्तर बेचैनी की उन्मदान्ध यात्रा है, कभी उद्धारक बनकर, कभी उद्धृत बनकर, कभी मोहन बनकर, कभी मोहित बनकर, कभी माधव बनकर, कभी राधा बनकर और कभी-कभी एक ही राधाशरीर में त्वरित क्रम से राधा और माधव बनकर। इस बेचैनी की भी एक शर्त है, दूसरी बेचैनियाँ इसकी धार में बह चलें, केवल यही एक बेचैनी रहे, जैसे—अनउगे पंखवाले चिरौटे चोंच फैलाये माँ के लिए आकुल

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हो जाते हैं, माँ चारा लेकर आती होगी, उस समय शीत-घाम, आँधी-पानी कुछ भी मालूम नहीं पड़ता, पास के कोटर में महाव्याल की जीभ लपलपा रही है, इसका भी ध्यान नहीं रहता, बस माँ आ रही होगी, इसी का बेसब्री से इन्तजार रहता है, या जैसे सुबह के बँधे बछड़े को शाम होते ही दूध से भरे हुए थन की याद विह्वल कर देती है, कब हुमच-हुमच कर वह अमृत पीने को मिलेगा, दिन कितना लम्बा खिंचेगा, कब मेरी आतुरता देखते ही दूर से रँभाती हुई माँ के थन मेरे मुँह लगाने के पहले ही पेन्हा उठेंगे; या जैसे दूर अवधि देकर गये प्रियतम के लिए अवधि समीप आते ही आशा-निराशा का निविड संघर्ष छिड़ जाता है, एक छन होता है, दो दिन बाकी हैं तो क्या आज शाम आ जाएँगे, सबेरे कागा उचरा था, फिर दूसरे छन ही डर लगता है कहीं बिलम तो नहीं गये, कहीं बिंध तो नहीं गये और विषाद साँझ की प्रतीक्षा किये बिना गहरा हो जाता है। वैसी बेचैनी हो, तब जिसे दर्शन देना है, जिसे प्यास मिटानी है, जिसे उपासी आँख को रूप का पारण देना है, वह स्वयं बेचैन हो जाएगा, वह 'दीर्घ-दर्शन बनकर आएगा', पर शर्त है— आकुलता ऐसी हो—

अजातपक्षा इव मातरं खगाः,
स्तन्यं यथा वत्सतराः क्षुधार्त्ताः।
प्रियं प्रियेव व्युषितं विषण्णा,
मनोऽरविन्दाक्ष दिदृक्षते त्वाम्।।

वैसी बेचैनी के बारे में लोगों का खयाल आजकल सम्भव नहीं, उस आदिम जमाने में जब संचार-साधन नहीं थे, तब यह आकुलता कुछ माने रखती थी, आज तो दुनिया सिकुड़ गयी है, दर्शन-श्रवण का सुख लाखों-लाखों कोस की दूरी से भी सुलभ है; पर दर्शन की लालसा का क्या अर्थ? पर सच तो यह है कि अर्थ आज ही सबसे ज्यादा रखता है; क्योंकि देखना-सुनना सिर्फ आँख-कान से नहीं होता, ऐसा होता तो एक ही साथ लोग रहते हैं, दिन-रात एक-दूसरे को देखते-सुनते रहते हैं, पर न वह देखना होता है, न सुनना होता है। एक ही घर में लगता है लोग एक-दूसरे के लिए प्रवासी हो गये हों, परिचय ही दीवार बन गया हो और आँख से देखना कान से सुनना हो भी, पर सर्वात्म भाव से देखना-सुनना दूभर हो गया है; क्योंकि बेचैनियाँ इतने प्रकार की इतनी सारी बढ़ गयी हैं कि हर नयी बेचैनी पहलीवाली बेचैनी को काटती चलती है, पता ही नहीं लगता, कौन बेचैनी सचमुच की बेचैनी है। बेचैनियों की इसी अनवच्छिन्न शृंखला में तो एक दिन ऐसी बेचैनी जुड़ेगी,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जिसके आगे कोई बेचैनी न रह पाएगी, रह जाएगा एक कगार और कगार के नीचे एक खड्ड—काला और डरावना खड्ड। तब बेचैनी जो भी शक्ल लेगी, बेचैनी के जो सबसे बड़े सौदागर हैं, बेचैनी खरीदना और बेचना ही जिनका धन्धा है, वे बनजारे दरवाजे पर अपने-आप आ जाएँगे। वे बेचने की बेबसी भर देखते हैं, और जान जाएँ कि मन की कलौंस बेचने की लाचारी आ गयी है तो उसे भी खरीद लेंगे और उस कलौंस को अपनी कलौंस बना लेंगे। पर बेबसी ऐसी हो कि कुछ सूझे नहीं, किसी भी कीमत पर दे देने की, यहाँ तक कि एक दृष्टिपात पर ही बिक जाने की बेबसी हो। बिकने का सौदा पूरा होने के पहले ही मन से बिककर तैयार हो जाय, ऐसी उन्मदान्धता हो, ऐसी बेखबरी हो, ऐसी बेसुधी हो कि खरीदनेवाला आए तो बेचने की सुधि न रह जाए।

बेचनेवाला रहा ही नहीं, वह तो बेच-खरीद की लीला करते-करते खुद खरीदार हो गया है। ऐसी बेसुधी ही जीवन की सबसे बड़ी साध है, अपनी इच्छा से मृत्यु को रोक रखने वाले भीष्म भी मृत्यु के क्षण एक ओर श्रीकृष्ण के धूलि-सने, अस्तव्यस्त, क्षुब्ध और रोषाकुल रूप का ध्यान करते हैं, पैताने सौम्य प्रसन्न मुद्रा में वे ही श्रीकृष्ण खड़े हैं, पर वह रूप मृत्यु की वेला में ध्यान में क्यों लाया जाए, ध्यान में वह रूप लाया जाए कि वे अकुला उठे हों मारने के लिए और ऐसे मरते हुए मेरी अकुलाहट सब शान्त हो गयी हो और अन्त में जब स्वयं अकुला उठे हों प्रभु की अकुलाहट से, तो अकुलाहट की उस चरम साधना का ध्यान करते हैं—

ललितगतिविलासवल्गुहास-प्रणयनिरीक्षणकल्पितोरुमानाः।
कृतमनुकृतवत्य उन्मदान्धाः प्रकृतिमगन् किल यस्य गोपवध्वः।।

प्रिय सामने हैं, उनके आगे उनके साथ ललित गति से नाचना, उनकी ओर देख-देखकर सहज भाव से मुसकराना, उन्हें प्रेम से निहारना, उनको जरा भी इधर-उधर मुड़ते देखकर रूठ जाना और फिर मान जाना; क्योंकि अभी फिर उन्होंने मनाने के लिए हाथ भी जोड़ लिये, जैसे-जैसे वे विहरें, वैसे-वैसे उनकी छाया बनकर विहरना, होश खो देना कि कोई और सत्ता है, कोई देश है, कोई काल है, बस वे हैं और अलग-अलग 'मैं' बनी हम हैं, ऐसी उन्मदान्धता में ही पूरा तादात्म्य सम्भव है। ज्ञान, प्रकाश, अच्छाई तो हर एक दे सकता है और बड़े सच्चे भाव से दे सकता है पर अपना मोह, अपना अन्धकार और अपने भीतर की बुराई अपने प्रिय को देने का साहस नहीं होता, प्रिय से भी कुछ चीजों का दुराव रह ही जाता है। कितनी भी इच्छा क्यों न हो कि प्रिय मेरे हृदय में छिपे रहें, पर यह मन से नहीं जाता कि मेरे कोने-

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अँतरे में छिपे पुराने पाप की पूँजी कहीं टटोलने न लगें। पर अपने को बिलकुल पराया मानकर और उनको अपना मानकर जब दिया जाएगा तो फिर उससे दुराव नहीं रह पाएगा, दुराव तो उससे होता है जिसके लिए एकदम अपनी होने का अभिमान हो, जिसके लिए परायी हैं उससे क्या छिपाना, वह हमारा भीतर-बाहर सब देख सकता है; क्योंकि भीतर तो वही-वही है, बाहर कोई भी तो उसी के रंग में सराबोर होकर है। इसीलिए भागवत धर्म ने सबसे ऊँचा आसन इस मोहान्ध घोर तामस प्रेम के मार्ग से प्रभु की प्राप्ति को दिया है।

इसका भी चरम उत्कर्ष है—'राधा भेलि मधाई' वाला भाव। अनुखन माधव-माधव रटते-रटते राधा माधव हो गयी और माधव के रूप में अपने को स्थापित करते ही बेचैनी कम होने के बजाय और बढ़ गयी, बेचैनी राधा के लिए, जो अब वह नहीं रही और फिर माधव बनी राधा राधा बनकर माधव को सान्त्वना का सन्देश भेजती है, सन्देश पहुँचा नहीं कि विह्वल होकर पुनः माधव बन जाती है और एक ही विजड़ित चित्त के दो पाट चिर जाते हैं : एक राधा दूसरा माधव, दोनों ओर आग पकड़ चुकी है, बीच में प्राण एक कीड़े की तरह फँसा हुआ अकुला रहा है, वही प्राण तो इस विजड़ित काष्ठीभूत द्विभक्त चित्त का संयोजक है, नगण्य चाहे कितना हो, पर वह दोनों पाटों की जलन का साक्षी है, चित्त बेखबर है, प्राण जाग रहा है—

दुहुँ दिसि दारु दहन जइसे, दगधदू आकुल कीट परान।।

आज की दुरन्त मानवीय द्विभक्तता की स्थिति में बस आग की कमी है और अकुला उठनेवाले 'कीट परान' की कमी है, नहीं तो उस बेकली के लिए जैसी तैयारी आज है, वैसी कभी नहीं थी।

मनुष्य के हाथ ने जिसे छुआ वह सोना हो गया, मनुष्य का हाथ पारस पत्थर है न! पर अपने स्पन्दन, अपने स्नेह, अपनी ममता, अपनी वेदना, अपनी हुलास को भी छूकर उसने सोना बना दिया, एकदम ठोस। हाथ से छूते ही जीती-जागती लड़की सोना हो गयी, हाथ में लगा जैसे बिजली की करेण्ट मार गयी हो। अब हाथ उठने से डरता है। अपनी छुवन से सिरजाये सुनहले वैभव के बीच मनुष्य एकाएक काठ हो गया है, उसका लोभ उसे खाने दौड़ रहा है और उसे बचानेवाला कोई प्राण नजर नहीं आता। इसी डर में कहीं भीतर से प्राण छटपटा उठेगा और कहीं बाहर का भय भीतर देनेवाले और लेनेवाले के बीच एक भूमिका की अदला-बदली की जरूरत महसूस कराएगा। बाहर कोई लेनेवाला नहीं रहेगा तो भीतर का लेनेवाला अकुला कर देनेवाले की भूमिका ले लेगा और गुहार लगाएगा कि ओ लेनेवाले मन, लो कितना

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

लोगे, लो मेरा लो, मेरा अभिमान, मेरा कर्तृत्व, मेरा भोक्तृत्व लो, इनकी गाँठें एक के ऊपर दूसरी पटी हुई हैं। ले जाओ, मेरा गोदाम खाली करो और जब कोई मन उस भूमिका में उतरने को तैयार नहीं होगा, और जल्दी-जल्दी में आगेवाला पर्दा डालने की उपहसनीय स्थिति आ जाएगी, तभी नाटक का सूत्रधार आएगा। माधव-माधव रटते रहो, माधव होना, राधा के शरीर से माधव होना कठिन साधना है। राधा सुख दे दे, सरबस दे दे, पर अपना राधात्व, अपना दुरन्त अकेलापन, अपना चिरन्तन विरह कैसे दे? वही तो मूलधन है, उसी के कारण राधा का अस्तित्व है। पर राधात्व देने की भी एक बेचैनी की जबर्दस्त बहिया आती है, अपने सँजोये निपट अकेलेपन को उसमें विसर्जित करके माधव की धारा बनने का भी क्षण आता है। वह क्षण चाहे ज्यादा देर तक न ठहर पाए पर वह क्षण आते ही विरह की साधना दु:खी होने के कारण तींव्रतर भूमिका में पहुँच जाती है, ऐसी भूमिका जो अब तक सुनने में न आयी हो, देखने में न आयी हो, उस 'श्रुतिभिर्विमृग्याम्' भूमिका की कामना ही भागवत धर्म की चरम कामना है।

श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद के कृष्णपक्ष की अष्टमी को होता है, समस्त जगत् का अन्धकार पीकर आधी रात में कृष्णचन्द्र का उदय होता है और राधा का जन्म भाद्रपद के शुक्लपक्ष की अष्टमी को होता है, अपनी समस्त उज्ज्वलता, अपनी पूरी प्रभा श्यामल रंग में घोल देने के लिए।

राधा माधव के केलिनिकुंज के अन्धकार में घटित होकर उतनी सार्थक नहीं जितनी राधा के मनोमन्दिर में एक राधाचित्त के दो राधा-माधव भावों की एक-दूसरे को पाने की उत्कट विह्वलता में भावित होकर सार्थक है। भागवत धर्म की चरम सार्थकता परपीड़ा की ज्वाला के वरण से शुरू करके अपनी पीड़ा की ज्वाला को प्रिय की ओर मोड़ने के बजाय पुन: अपनी ओर मोड़ देने में है। यही उसका आज के पर्याकुल सन्दर्भ में सबसे बड़ा अवदान हो सकता है, बशर्ते कि इस पराभूमिका को ग्रहण करनेवाले हम जो सोंठियाये शुद्धिवादी अधूरे और अश्लील संस्कारों के शिकार हो गये हैं, पहले अपने को इस खोखली शिक्षा द्वारा नैतिकता के नाम पर फैलाये गये विषाक्त अनैतिकता के नागपाश से मुक्त कर सकें।

जयदेव : वृष्टि और सृष्टि के कवि

पावस से अपने मंगल श्लोक को अभिषिक्त कर, वसन्त के रस से अपनी रचना के शब्द-शब्द को रच देनेवाले श्री जयदेव वृष्टि और सृष्टि के महाकवि हैं। 'गीतगोविन्द' के मंगल श्लोक में वर्षा है; किन्तु उसके बाद कहीं वर्षा नहीं

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

है, सिर्फ सृष्टि ही सृष्टि है—वासन्ती रास की, आकुल मन के आस की, राधा के मान की, कोयल के तान की और अन्ततः राधा के इस उद्गान की कि वे कृष्ण से कहें कि तुम अपनी तरह रच दो। यह समूचा काव्य वृष्टि से आरम्भ होता है और नयी सृष्टि की मनुहार पर विराम पाता है। 'गीतगोविन्द' के रचनाकार जयदेव भारतीय मनीषा के उस उत्कर्ष के प्रतिनिधि हैं, जो प्रीति के गीत तो रचती है; लेकिन ये गीत ऐसे हैं, जिनमें अध्यात्म की अनुभूति के स्वर निरन्तर गुंजित होते रहते हैं। 'गीतगोविन्द' को केवल घोर शृंगारिक काव्य कहना हमारी मनीषा परम्परा के मूल तत्त्व की पहचान को ही नकारना है। यह कथन इस काव्य के सन्दर्भ में बिलकुल उपयुक्त है; 'ऐसा नहीं कि इसके पूर्व राधा, माधव नहीं थे, राधा माधव की केलि का रस वर्णित नहीं हुआ था, न ऐसा ही कि रागाकुलता और भगवद्भक्ति को एक बिन्दु में, श्याम-बिन्दु में, पहले समाहित नहीं किया गया था। बस, इतना ही कि जयदेव के पहले किसी भी कवि ने श्याम-बिन्दु को अपने में समाहित नहीं देखा था, गौर छवि के चारों ओर नाच-नाच कर वृत्त बनते नहीं देखा था। यही 'गीतगोविन्द' की अपूर्वता है। 'गीतगोविन्द' में प्रत्येक गीत गोविन्द है, गोचर रूप-सम्भार के लिए, गोचर प्राणकार के लिए, गोचर निःश्वास सुरभि के लिए विश्वमोहन की बेचैन तलाश है। 'गोतगोविन्द' एक चिर अभिलाषा का, सनातन आकुलता का काव्य है। यह मोक्ष का भी मोक्ष है। (डॉ. विद्यानिवास मिश्र : 'अंगद की नियति', संग्रह का निबन्ध–वासन्ती रस वृष्टि का काव्य, पृष्ठ–९६)।

'गीतगोविन्द' की अष्टपदियों की जो व्याख्या डॉ. मिश्र ने की है, उसका निष्कर्ष है कि अपनी आन्तरिकता में यह शृंगारिक नहीं है। शृंगारिकता मात्र प्रतीकात्मकता है, प्रतीति नहीं है।

श्री जयदेव का जन्म 'किन्दुबिल्व' अथवा केंदुली नामक ग्राम में हुआ था। यह स्थान पश्चिम बंगाल के वीरभूमि जिले के बोलपोर थाने के अन्तर्गत आता है। जयदेव के जीवन-चरित के सम्बन्ध में नाभादास ने भक्तमाल (लगभग १५७८ ई.) में विवरण दिया है। उनके प्रारम्भिक जीवन के विषय में बहुत कम जानकारी मिलती है; किन्तु यह स्पष्ट है कि उन्हें अपने जीवन के आरम्भिक काल में ही संस्कृत का बहुत अच्छा ज्ञान हो गया था। नाभादास उन्हें गीतात्मकता का अवतार कहते हैं।

जयदेव के जन्म-स्थान के सम्बन्ध में भी विवाद की स्थिति बनी रही है। बंगाल, उड़ीसा और मिथिला के विद्वान् उन्हें अपने-अपने क्षेत्र का मानने के लिए तर्क देते रहे हैं। 'किन्दुबिल्व' का उल्लेख 'गीतगोविन्द' के तीसरे सर्ग में इस तरह आता है—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वर्णितं जयदेवकेन हरेरिदं प्रणतेन।
किन्दुबिल्वसमुद्रसम्भवरोहणीरमणेन।।

इस नाम का एक गाँव पुरी (उड़ीसा) के निकट भी है तथा बंगाल में भी। इसी नाम का एक गाँव जेरिहारपुर के निकट भी है, इसलिए मिथिला के पास के इस गाँव में जन्म लेने सम्बन्धी तर्क भी दिया गया है। इस सम्बन्ध में डॉ. सुनीति कुमार चटर्जी ने विस्तार से अपने आलेख 'जयदेव : मेकर्स ऑफ इण्डियन लिट्रेचर' (नयी दिल्ली, साहित्य अकादमी) में विचार कर यह अन्ततः प्रामाणिक रूप से सिद्ध कर दिया है कि जयदेव का जन्म बंगाल में हुआ था। मिलर ने अपने ग्रन्थ में विस्तार से इस सम्बन्ध में उपलब्ध सामग्री के बारे में विवरण दिया है।

हिन्दी में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने जयदेव (चरितावली) नामक अपने निबन्ध में यह स्पष्ट किया है कि बाबू रजनीकान्त गुप्त ने 'जयदेवचरित्र' नामक ग्रन्थ लिखा था। इसी ग्रन्थ के बहुतेरे निष्कर्षों से असहमति होने के बावजूद भारतेन्दु का यही मानना है कि वीरभूमि से प्रायः दस कोश दक्षिण अजयनद के उत्तर किन्दुबिल्व गाँव में श्री जयदेव जी ने जन्म ग्रहण किया था।

एक मत यह भी है कि श्री जयदेव गुजरात के निवासी थे। गुजरात के शार्ङ्गदेव के शिलालेख में, जो १२०१ ई. का है, 'गीतगोविन्द' के प्रथम सर्ग की एक पंक्ति उत्कीर्ण है—

'वेदानुद्धरते जगन्निवहते भूगोलमुद्‌बिभ्रते'।

यह शिलालेख अनवाड़ा से प्राप्त हुआ है और इसके आधार पर यह स्थापित होता है कि 'गीतगोविन्द' की कितनी लोकप्रियता सुदूर गुजरात में रही; किन्तु इसके आधार पर यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि 'गीतगोविन्द' की जन्मभूमि गुजरात में कहीं रही होगी। उड़ीसा के विद्वान् जैसे के.एन. महापात्र और सिद्धेश्वर हाट ने यह सिद्ध करने का प्रयास किया है कि जयदेव केन्दुली शासन के पाटन के निवासी थे। यह स्थान पटना प्राची, कुशभद्रा और धना नदियों के निकट है। उनका यह भी तर्क है कि चैतन्य महाप्रभु ने जयदेव की कविताएँ तो गायीं; किन्तु जयदेव के जन्म-स्थान का उल्लेख नहीं किया। किन्तु इन तर्कों के आधार पर कहीं प्रमाणित नहीं होता कि जयदेव उड़ीसा के इस स्थान पर जन्मे होंगे।

जयदेव जहाँ जन्मे, वहाँ जनवरी के मध्य में आज भी जयदेव की स्मृति में एक मेला लगता है, जिसको जयदेव स्मारक मेला कहा जाता है। इसमें हजारों

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वैष्णव यात्री आते हैं तथा 'गीतगोविन्द' की अष्टपदियों का गान करते हैं। अजय नदी के किनारे एक मन्दिर भी बना हुआ है, जिसमें एक चौकोर पत्थर सुरक्षित है; यह कहा जाता है कि प्रार्थना करते समय जयदेव इस चौकी पर बैठा करते थे। इस मेले की परम्परा काफी प्राचीन है। राधा-कृष्ण के लीलागान की परम्परा प्राकृत में जयदेव से पूर्व से ही विद्यमान रही; अतः यह स्वाभाविक था कि जयदेव-जैसी महान् प्रतिभा इस लीला का गान अपनी माधुरी शैली में उसी भूमि पर करती।

इस तरह अब यह असन्दिग्ध रूप से प्रमाणित होता है कि जयदेव का जन्म बंगाल में ही हुआ। कालिदास की तरह ही जयदेव की स्थिति में प्रत्येक ख्यात मनीषी को अपने-अपने क्षेत्र के लोग अपना सिद्ध करने का यत्न करते हैं। ऐसे महान् मनीषियों के समक्ष इतिहास भी असहाय हो जाया करता है; क्योंकि वे कहीं भी यह उल्लेख नहीं करते कि वे कब जन्मे। जयदेव के जन्म के समय को लेकर कोई पुष्ट ऐतिहासिक साक्ष्य नहीं है। जयदेव के वंश में १५वीं पीढ़ी में जन्मे रामराय गोस्वामी के अनुसार जयदेव संवत् ११६५ (११०८ ई.) में वसन्तपंचमी को जन्मे थे। उनके पिता का नाम भोजदेव तथा माता का नाम रामादेवी अथवा राधादेवी था।

श्री सनातन गोस्वामी ने नवद्वीप में लक्ष्मणसेन की सभा के द्वार पर निम्नांकित श्लोक एक शिलालेख पर उत्कीर्ण देखा था—

'गोवर्धनश्च शरणो जयदेव उमापतिः।
कविराजश्च रत्नानि समितौ लक्ष्मणस्य च'।।

इस शिलालेख से स्पष्ट होता है कि जयदेव राजा लक्ष्मण सेन की सभा में थे। गोवर्द्धनाचार्य, उमापतिधर, शरण, श्रुतिधर (धोयी) आदि उनके समसामयिक थे। इन कवियों का उल्लेख भी जयदेव ने 'गीतगोविन्द' में किया है। किन्तु भारतेन्दु ने इस सम्बन्ध में गहराई से विचार करते हुए यह माना है कि जयदेव लक्ष्मण सेन की सभा में नहीं थे। वस्तुतः लक्ष्मण सेन को लेकर ही विवाद की स्थिति निर्मित होती है। मुस्लिम इतिहासकार मिनहाज उल सिराज ने 'तबकान्त ए नासरी' में यह उल्लेख किया है कि जब बख्तियार खिलजी ने बंगाल फतह किया, तब लछमनिया नाम का राजा बंगाल में राज करता था। भारतेन्दु ने विभिन्न ऐतिहासिक प्रमाणों के आधार पर बंगाल के सेन वंश के राजाओं का तिथिक्रम तय किया है तथा यह निष्कर्ष निकाला है कि उमापतिधर, जिन्हें जयदेव का समकालीन माना जाता है, ने विजय सेन की

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रशस्ति लिखी तथा विजय सेन बल्लाल सेन के पूर्ववर्ती थे। बल्लाल सेन का काल (१०६६ ई.) है। बल्लाल सेन के बाद लक्ष्मण सेन (११०१ ई.), माधव सेऩ (११२१ ई.), केशव सेन (११२२ ई.) व लछमनिया (११२३ ई.) हुए। बंगाल के इतिहासकारों ने किसी लछमनिया नामक राजा का उल्लेख भी नहीं किया है। मुसलमान इतिहासकारों ने लछमनिया के पूर्व नारायण आदि नाम के राजाओं का उल्लेख किया है। इस प्रकार बल्लाल सेन का काल और भी पीछे जा पड़ता है। इस आधार पर भारतेन्दु का यह मानना है कि सेन वंश के बल्लाल सेन के पूर्ववर्ती विजय सेन के समय में व उससे कुछ ही पूर्व सन् १०२५ से १०५० तक के किसी वर्ष में जयदेव जी का जन्म हुआ होगा।

यह मत भी है कि बल्लाल सेन के पुत्र लक्ष्मण सेन थे, इसलिए सम्भवत: मिनहाज ने लक्ष्मण सेन को ही लछमनिया लिख दिया हो। यह तथ्यसंगत प्रतीत होता है। इस सन्दर्भ में यह आवश्यक है कि विभिन्न राजाओं और उनके काल में हुए साहित्यिक व सांस्कृतिक उन्नयन का विहगावलोकन किया जाए। जब मुहम्मद बिन बख्तियार ने बंगाल पर आक्रमण किया, तब बंग प्रदेश का राजा लक्ष्मण सेन था तथा नदिया उसकी राजधानी थी। उसके आक्रमण का समय ११९७ ई. का है। इस तरह जयदेव का समय भी १२वीं सदी का निर्णीत होता है। बल्लाल सेन एक पराक्रमी राजा था, इसके साथ ही विद्वान् भक्त भी था। दानसागर, अद्‍भुतसागर तथा वेदार्थस्मृतिसंग्रह आदि ग्रन्थ उसी की प्रेरणा से लिखे गये। लक्ष्मण सेन ११७८ ई. में गद्दी पर बैठा। लक्ष्मण सेन ने अपने पिता के समय आरम्भ किया गया ग्रन्थ 'अद्‍भुतसागर' पूरा किया। लक्ष्मण सेन के काल में ही 'सदुक्तिकर्णामृत' शीर्षक काव्य-ग्रन्थ श्रीधरदास ने १२०५ ई. में लिखा। यद्यपि लक्ष्मण सेन गद्दी पर सन् ११७८ ई. में बैठा, किन्तु बल्लाल सेन के वृद्ध होने के कारण उनके ही समय में उसने राज्य सँभाल लिया था। लक्ष्मण सेन के अनुरोध पर ही जयदेव ने ११४८ ई. में 'गीतगोविन्द' की रचना की। श्री रामराय गोस्वामी ने इस सम्बन्ध में स्पष्ट उल्लेख इन पंक्तियों में किया है—

'बंग मध्य चालीस से रचे गीतगोविन्द।
दशों दिशा उद्धारहित नव नव भाव अमन्द'।।

भारतेन्दु ने भी लक्ष्मण सेन का काल ११०१ ई. दिया है। इस प्रकार यदि लछमनिया को ही लक्ष्मण सेन मान लिया जाए, जो तर्कसंगत व इतिहास-संगत है, तो फिर यह स्पष्ट हो जाता है कि जयदेव का जन्म सन् ११०८ ई. में हुआ तथा चालीस वर्ष की आयु में उन्होंने 'गीतगोविन्द' की रचना की।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जयदेव के जीवन की घटनाओं के सम्बन्ध में कोई विशद तथा प्रामाणिक जानकारी नहीं मिलती। यह ज्ञात होता है कि उनके माता-पिता की मृत्यु उनके बचपन में ही हो गयी थी तथा अत्यन्त विपन्न अवस्था में उनका बचपन निरन्तर भटकते हुई बीता। डॉ. एम.एस. रन्धावा ने लिखा है कि केवल एक पीतल का कटोरा उनकी सम्पत्ति थी और यह यायावर कवि कभी किसी पेड़ के नीचे दो रात्रि से अधिक का समय व्यतीत नहीं कर पाता था।

जयदेव के जन्म के सम्बन्ध में यह किंवदन्ती प्रचलित है कि पण्डित भोजदेव जयदेव के पिता के पास प्रचुर धन था, किन्तु सन्तान के अभाव में वे सदैव दुखी रहते थे। राधादेवी (रामादेवी) पुत्र-प्राप्ति के लिए निरन्तर व्रत-उपवास रखा करती थीं। एक दिन साधु के वेश में प्रकट होकर भगवान् ने उन्हें आज्ञा दी कि तीर्थयात्रा करो। तब पण्डित भोजदेव ने जगन्नाथपुरी की यात्रा की तथा रथयात्रा के समय जगन्नाथ की स्मृति में एक अष्टक रचा तथा उसका गान किया। अष्टक की टेक थी 'जगन्नाथ स्वामी नयनपथगामी भवतु मे'। जब अष्टक का पाठ समाप्त हो गया, तब एक आश्चर्यजनक घटना घटी। भगवान् श्री पुरुषोत्तम के श्रीअंग से एक तेजपुंज प्रकट हुआ और वह भोजदेव जी के शरीर में समा गया। इसके बाद एक निश्चित समय पूर्ण होने पर उनके यहाँ एक पुत्र की प्राप्ति हुई, जिसका नाम जयदेव रखा।

मातृ-पितृ-विहीन होने के पश्चात् जयदेव का भटकना आरम्भ हुआ। वे मथुरा-वृन्दावन घूमे और राधा-माधव की प्रचलित कहानियों को सुना। अन्ततः वह जगन्नाथपुरी आये। जगन्नाथपुरी में देवशर्मा नामक एक ब्राह्मण सपत्नीक भगवान् जगन्नाथ की आराधना कर रहा था; उसने भगवान् जगन्नाथ से प्रार्थना की कि यदि उसे कोई सन्तति होगी तो वह उसे उनकी सेवा में समर्पित कर देगा। कालान्तर में उसके यहाँ एक कन्या का जन्म हुआ, जिसका नाम उसने पद्मावती रखा। पद्मावती अत्यन्त रूपवती व नृत्यनिपुणा थी। जब वह विवाह योग्य हुई, तो भगवान् जगन्नाथ ने देवशर्मा को स्वप्न में आदेश दिया कि इसे तुम मेरे ही स्वरूप जयदेव को समर्पित कर दो। जयदेव यद्यपि इच्छुक नहीं थे; किन्तु पद्मावती के यह कहने पर कि मैं अब आपकी दासी हूँ, आप चाहें तो मुझे साथ रखें या मेरा परित्याग करें, मैं आपके दासत्व का त्याग नहीं करूँगी; जयदेव ने पद्मावती से विवाह कर लिया।

जयदेव ने पद्मावती का उल्लेख 'गीतगोविन्द' के प्रथम सर्ग में ही किया है—

'वाग्देवताचरितचित्रितचित्तसद्मा, पद्मावतीचरणचारणचक्रवर्ती'।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जयदेव की एक पत्नी श्री रोहिणी देवी का उल्लेख भी मिलता है। वे पंजाब के सारस्वत गोस्वामी पूर्णचन्द की कन्या थीं। यह प्रख्यात है कि जयदेव मृदंग बजाते थे और पद्मावती 'गीतगोविन्द' की अष्टपदियों पर नृत्य करती थीं। 'दशावतार' पर पद्मावती के द्वारा मोहक नृत्य किये जाने का भी उल्लेख है। जयदेव और पद्मावती का वैवाहिक जीवन सुखी था। यह उल्लेख भी मिला है कि जयदेव को ब्रजयात्रा के समय यमुना की तरंगों के बीच राधा-माधव का विग्रह मिला था, जिसे वे सदैव अपने साथ रखते थे।

'गीतगोविन्द' और जयदेव से जुड़ी प्रचलित अनेक किंवदन्तियों में से एक यह भी है कि जब वे दशम सर्ग पर पहुँचे, तब एक व्यवधान उत्पन्न हुआ, जिसके कारण उस श्लोक को पूर्ण करने में हिचके। जयदेव लिखना चाहते थे, हे राधिके! मेरी ताप-शान्ति के लिए अपना चरणकमल मेरे सिर पर रख दीजिए—

'स्मरगरलखण्डनं मम शिरसिमण्डनं देहि पदपल्लवमुदारम्।
ज्वलति मयि दारुणो मदनकदनानलो हरतु तदुपाहितविकारम्'।।

लेकिन वे यह लिख नहीं पाये। अपने प्रभु के बारे में ऐसा लिख पाने का साहस उनमें नहीं हुआ। वे इस श्लोक को अधूरा छोड़कर स्नान करने चले गये। जयदेव के जाने के कुछ देर बाद कृष्ण स्वयं जयदेव का वेश धारण कर जयदेव के घर पहुँचे। पद्मावती ने जो भोजन तैयार किया था, वह भोजन उन्होंने किया, फिर पद्मावती से ग्रन्थ माँगकर इस श्लोक को पूर्ण कर, शय्या पर विश्राम करने चले गये। इसी समय जब जयदेव लौटे, तो उन्होंने पद्मावती को भोजन करते देखा। दोनों ही विस्मय से पूर्ण थे। जयदेव चकित थे कि पद्मावती बिना उन्हें भोजन कराये कैसे भोजन कर रही है और पद्मावती विस्मित थी कि ये कौन से जयदेव हैं? पद्मावती ने जब समूचा वृत्तान्त सुनाया, तो जयदेव ने पोथी माँगी। पोथी पर श्लोक पूर्ण था और वह शय्या खाली थी। तब जयदेव ने उस प्रसाद को ग्रहण किया जो भगवान् उस थाली में छोड़ गये थे।

एक और किंवदन्ती यह है कि एक माली की कन्या पुरी में जगन्नाथ मन्दिर के पास बैगन की बाड़ी में बैगन तोड़ती जा रही थी और पाँचवें सर्ग की अष्टपदी विभोर हो गा रही थी—

'रतिसुखसारे गतमभिसारे मदनमनोहरवेशम्।
न कुरु नितम्बिनि! गमनविलम्बनमनुसर तं हृदयेशम्'।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इसे सुनकर स्वयं जगन्नाथ उस कन्या के पीछे-पीछे हो लिये; वे उसका अनुसरण करने लगे, उनके वस्त्र झाड़ियों में उलझकर फट गये; लेकिन वे तब तक उस कन्या का अनुसरण करते रहे, जब तक कि वह गीत समाप्त नहीं हो गया। दूसरी सुबह जब पुरी के राजा मन्दिर गये और उन्होंने जगन्नाथ जी के फटे वस्त्र देखे, तभी से उन्होंने प्रतिबन्ध लगा दिया कि 'गीतगोविन्द' स्वच्छ व पवित्र स्थान पर ही गाया जाना चाहिए। पुरी में आज भी यह गीत जगन्नाथ जी की मूर्ति के सम्मुख उनके विश्राम करने के पूर्व गाया जाता है।

एक किंवदन्ती यह भी है कि एक बार पद्मावती ने निश्चय किया कि वह जगन्नाथ जी को अत्यन्त पवित्र वस्तु अर्पित करेगी। उसने यह प्रण किया कि वह एक माह में तुलसी के पत्रदलों पर चन्दन व इत्र से 'गीतगोविन्द' को लिखेगी तथा उन पत्रदलों को भगवान् को समर्पित करेगी, अन्यथा प्राण त्याग कर देगी। समय कम था, किन्तु अचानक दो रहस्यमय साधुओं ने आकर यह कार्य पूर्ण कर दिया। पद्मावती निश्चित दिन उन पत्रदलों को लेकर मन्दिर गयी; लेकिन पुजारियों के अनुमति न देने के कारण उसने उन पत्रदलों को समुद्र में प्रवाहित कर दिया। दूसरे दिन जब पट खुले, तो देखा कि जगन्नाथ जी की मूर्ति उन्हीं तुलसी के 'गीतगोविन्द' रचित पत्रदलों से आवेष्टित है।

एक और कथा यह है कि उड़ीसा के कवि तथा विद्वान् राजा पुरुषोत्तम देव गणपति ने 'गीतगोविन्द' की प्रशंसा सुन 'अभिनवगीतगोविन्द' नामक ग्रन्थ की रचना की। उसने चाहा कि इस ग्रन्थ को 'गीतगोविन्द' से श्रेष्ठ माना जाए; किन्तु पण्डितों ने यह अस्वीकार कर दिया, तब दोनों ग्रन्थ भगवान् के कक्ष में रख दिये गये। दूसरे दिन जब द्वार खुले, तो देखा कि जयदेव का 'गीतगोविन्द' भगवान् के वक्षस्थल पर रखा हुआ था तथा राजा का ग्रन्थ फर्श पर पड़ा था। तब से राजा 'गीतगोविन्द' का भक्त हो गया।

कहा जाता है कि चैतन्य 'गीतगोविन्द' की प्रत्येक अष्टपदी को मन्त्र मानते थे और उन्हें गाते-गाते चैतन्य की समाधि लग जाती थी।

एक कथा यह भी है कि अत्यन्त वृद्ध होने के बावजूद, जयदेव नित्य पैदल गंगा-स्नान को जाते थे; किन्तु स्वयं गंगा ने कहा कि वे जयदेव के घर के निकट एक बावड़ी में रहेंगी। जयदेव जब पद्मावती के साथ भोजन-सामग्री लेकर स्नान करने गये, तब वहाँ गंगा प्रादुर्भूत हो उठीं।

जयदेव के बारे में यह भी कहा जाता है कि वे अद्भुत संगीतज्ञ थे। एक बार बुधन मिश्र नामक एक गायक राजा लक्ष्मण सेन की सभा में आया। उसके

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गायन के कारण समीपवर्ती वृक्ष की पत्तियाँ नीचे गिरने लगीं तथा वह वृक्ष पत्र-विहीन हो गया; किन्तु पद्मावती ने आपत्ति की कि जयदेव ही सर्वश्रेष्ठ संगीतज्ञ हैं। तब जयदेव ने राग वसन्त गाया और जो पत्तियाँ नीचे गिर गयी थीं, वे फिर उस वृक्ष पर लग गयीं।

इसी प्रकार की अनेक किंवदन्तियाँ जयदेव के चरित्र और 'गीतगोविन्द' से जुड़ी हैं। निश्चय ही इनका कोई ऐतिहासिक आधार नहीं है; किन्तु इन किंवदन्तियों, आख्यानों और कथाओं का जन्मते जाना ही यह प्रमाणित करता है कि जयदेव और 'गीतगोविन्द' दोनों की कितनी अपूर्व लोकप्रियता अपने समय में और बाद के आने वाले समय में रही होगी।

जयदेव की मृत्यु के स्थान के सम्बन्ध में विवाद की स्थिति है। एक धारणा के अनुसार केन्दुली ग्राम में ही उनकी मृत्यु हुई तथा वहीं उनकी देह को समाधि दी गयी; किन्तु एक मान्यता यह भी है कि वह समाधि किसी तान्त्रिक साधु की है, जिसे जयदेव की समाधि समझ लिया गया है। वस्तुतः अपने अन्तिम दिनों में जयदेव अपने राधा-माधव-विग्रह को लेकर वृन्दावरन चले गये थे तथा वहीं उनका अवसान हुआ। उनके अवसान की सुनिश्चित तिथि की पुष्टि नहीं होती।

चैतन्य सम्प्रदाय व सहजिया सम्प्रदाय के लोग जयदेव को अपने-अपने सम्प्रदायों का प्रमुख मानते हैं, जबकि वैष्णव उन्हें अपने सम्प्रदाय का उत्तम पुरुष मानते हैं। इस सम्प्रदाय की मध्य अवस्था में जयदेव का नाम मुख्य रूप से लिया गया है—

'विष्णुस्वामिसमारम्भां जयदेवादिमध्यमाम्।
श्रीमद्वल्लभपर्य्यन्तां स्तुमो गुरुपरम्पराम्'।।

यह भी उल्लेखनीय है कि जयदेव नाम के कई अन्य कवि भी हुए तथा कई ग्रन्थों के रचनाकार के रूप में राजा लक्ष्मण सेन के सभारत्न जयदेव का नाम लिया जाता है। भारतेन्दु का यह निष्कर्ष है—'लोग कहते हैं कि जयदेव ने 'गीतगोविन्द' के अतिरिक्त एक ग्रन्थ 'रतिमंजरी' भी बनाया था, किन्तु यह अमूलक है। गीतगोविन्दकार की लेखनी से रतिमंजरी जैसा जघन्य काव्य निकले, यह कभी सम्भव नहीं। गंगा की स्तुति में एक सुन्दर पद जयदेव जी का बनाया हुआ हो तो हो'।

'सदुक्तिकर्णामृत' में जयदेव के नाम से कतिपय पद्य मिलते हैं; किन्तु इनके बारे में यह सुनिश्चित नहीं है कि ये जयदेव के ही हैं। 'गुरुग्रन्थ-साहिब' में भी दो पद ब्रज-भाषा के जयदेव के नाम से मिलते हैं; किन्तु इनके सम्बन्ध

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

में भी सन्दिग्धता की स्थिति है। एक ग्रन्थ 'चन्द्रालोक' के रचयिता भी जयदेव हैं; किन्तु यह जयदेव 'गीतगोविन्द' के जयदेव से सर्वथा भिन्न हैं; क्योंकि इसी ग्रन्थ में रचनाकार का अपर नाम 'पीयूषवर्ष' दिया हुआ है। 'प्रसन्नराघव' नामक एक नाटक भी जयदेव द्वारा रचित कहा जाता है; किन्तु विद्वानों ने इसके सम्बन्ध में भी सिद्ध किया है कि यह नाटक 'गीतगोविन्दकार' जयदेव द्वारा रचित नहीं है।

जयदेव के सम्बन्ध में संस्कृत, हिन्दी, बांग्ला, उड़िया और अंग्रेजी के विद्वानों ने बहुत शोध कर काफी सामग्री जुटायी है। उपर्युक्त विवरण उसकी एक सहज झाँकी भर है।

जयदेव वास्तव में वृष्टि और सृष्टि के कवि हैं। उनके इस गीतिकाव्य का माधुर्य-जल अपने रचे जाने के बाद से ही हर युग की मानस पगडण्डियों पर छलका है, ये पगडण्डियाँ भीगी हैं और इस निरन्तर भीगते रहने के कारण हमारे मानस के आर्द्र धरातल ने रचाव के नित नये अध्याय लिखे, उसकी सृजन-यात्रा कभी थमी नहीं, रचनाशीलता ने कभी विराम नहीं पाया। जयदेव जैसे महाकवियों का यही वैशिष्ट्य है कि वे किसी एक युग में जन्मते हैं; लेकिन हर आनेवाले युग को 'गीतगोविन्द' बना देते हैं।

गीतगोविन्द : कला एवं परम्पराओं के परिप्रेक्ष्य में

सार्थक सृजन को सदैव के लिए समेट लेने की अद्‌भुत इच्छा-शक्ति भारतीय मानस के संस्कारों में सदैव से है। इस उर्वर मानस ने शब्दों का रूपान्तरण विभिन्न कलाओं में कुछ इस तरह से किया कि शब्द बजे, थिरके, रूपायित हुए और ठुमक उठे। जयदेव की कालजयी कृति 'गीतगोविन्द' शब्द के विभिन्न कलाओं में रूपान्तरित होते रहने और होते जाने का ऐसा अनोखा उदाहरण है, जो इस तथ्य की पुष्टि करता है कि शब्द की व्याप्ति निस्सीम हुआ करती है और परिधि नाम की संज्ञा का कोई अर्थ इस व्याप्ति के लिए है ही नहीं।

'गीतगोविन्द' के मंगलश्लोक से लेकर प्रत्येक अष्टपदी की प्रत्येक पंक्ति इतनी व्यंजनात्मक, गीतात्मक, बिम्बात्मक और रूपात्मक है कि कला की हर विधा उसे अंगीकृत करने को तत्पर ही उठी। 'गीतगोविन्द' के रचनाकाल के बाद से ही उसके सस्वर गान की परम्परा प्रारम्भ हुई, जो आज तक विद्यमान है। बदरिकाश्रम में यदि नारायण की शयन-आरती 'दशावतारचरित' के गायन के साथ होती है, तो खानदेश के सुदूर अंचल में बसे एक गाँव कुकुरमुण्डा के खण्डोजी आश्रम में ये अष्टपदियाँ गायी जाती हैं। 'गीतगोविन्द' की अष्टपदियों

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

का खानदेशी में रूपान्तरण कर वहाँ के ग्रामीण बड़े भक्तिभाव से विभोर हो इन्हें गाते हैं। जगन्नाथपुरी में ही 'गीतगोविन्द' के गायन की परम्परा नहीं है, वह तो उत्तर से दक्षिण तक बड़े सघन रूप में व्याप्त है। नवद्वीप के वैष्णव अभी भी धार्मिक कृत्यों के समय गीतगोविन्द के पदों को गाते हैं। बंगाल के पेशेवर कीर्तनिये बांग्ला 'अखारस' के साथ कीर्तन की शास्त्रीय शैली में गाते हैं। मनोहर शाही घराने में 'गीतगोविन्द' के गेय प्रस्तुतीकरण की एक शैली भी विकसित हुई है।

'गीतगोविन्द' के आधार पर जो संगीत और नाट्य के क्षेत्र में परम्पराएँ पल्लवित हुईं, वे समय के अनुसार निरन्तर परिमार्जित होती जा रही हैं और आज भी विद्यमान हैं। संगीत, नाट्य, नृत्य और चित्रांकन की परम्पराओं का भारतीय कला परिदृश्य के सन्दर्भ में आकलन करने का प्रयास भी पौर्वात्य और पाश्चात्य के विद्वान् मनीषी और कलाविद् कर रहे हैं तथा करते रहे हैं और बड़ी बारीकी के साथ विस्तार से यह कार्य निरन्तर होता रहा है। इस सम्बन्ध में डॉ. कपिला वात्स्यायन निरन्तर, पैंतीस वर्षों से एक प्रोजेक्ट 'गीतगोविन्द एण्ड दि आर्टिस्टिक ट्रेडिशन्स ऑफ इण्डिया' पर कार्य कर रही हैं तथा हाल ही में एक सी.डी. कैसेट भी उनके द्वारा तैयार की गयी है। उनका यह महनीय कार्य हमारी एक विलक्षण विरासत को सहेजने का श्लाघनीय प्रयास है।

'गीतगोविन्द' एक गीतिकाव्य है। काव्य की इस विशिष्ट विधा में संगीत प्रधान होता है। काव्य और संगीत का सहज सामंजस्य ही गीतिकाव्य है। यों संगीत की व्यंजना में नाट्य और नृत्य समाहित हैं। किन्तु 'गीतगोविन्द' की अष्टपदियों में यह विलक्षण विशेषता है कि गेयता और अभिनय की दृष्टि से इनका मनोहारी गीतमय प्रस्तुतीकरण स्वयमेव होता रहता है। 'गीतगोविन्द' की अष्टपदियों की योजना इस प्रकार है कि वह गायी जाए और उसके साथ-साथ अभिनय भी प्रस्तुत हो। इस दृष्टि से वह गीतिनाट्य भी है।

संस्कृत काव्य में गीतिकाव्य की परम्परा वेदों से रही है। ऋग्वेद की उषा-स्तुति से लेकर कालिदास के 'ऋतुसंहार' तक और उसके बाद भी यह परम्परा निरन्तर विकसित होती रही है। 'गीतिकाव्य' के प्रायः सभी मौलिक तत्त्व 'गीतगोविन्द' में समाहित हैं। पदों की गेयता, भाव की तीव्र अनुभूति तथा शैली की कोमलता इस काव्य में विशेष रूप से विद्यमान है। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि गेयपदशैली का प्रादुर्भाव सर्वप्रथम अपभ्रंश में हुआ और 'गीतगोविन्द' का रचनाकार इससे गहरा प्रभावित भी रहा, इसलिए यह अनुमान भी लगाया गया कि 'गीतगोविन्द' अपभ्रंश या बांग्ला की रचना है; किन्तु यह अपने-आप

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

में इतना मौलिक काव्य है कि तमाम कसौटियाँ पर कसे जाने के बाद और सहज रूप में इसके मूल स्वरूप में ही इसके समादृत होने के कारण प्रायः अधिकांश विद्वानों ने श्री एस.के. चटर्जी के इस मत को मान्यता नहीं दी कि वह अपभ्रंश अनूदित काव्य है। पिशेल जैसे विद्वानों के भी इसी प्रकार के अनुमान स्थापित नहीं हो पाये। स्थापित तथ्य यह है कि 'गीतगोविन्द' महाकवि श्री जयदेव की मौलिक रूप से रची गयी संस्कृत रचना है।

'गीतगोविन्द' संगीत-प्रधान गीतिकाव्य है। संगीत में गायन, वादन तथा नर्तन इन तीनों कलाओं का बोध सम्मिलित है। 'गीतगोविन्द' का उपसंहार करते हुए श्री जयदेव ने लिखा है—

'यद्गान्धर्वकलासु कौशलमनुध्यानं च यद्वैष्णवं
यच्छृङ्गारविवेकतत्त्वरचनाकाव्येषु लीलायितम्।
तत्सर्वं जयदेवपण्डितकवेः कृष्णैकतानात्मनः
सानन्दाः परिशोधयन्तु सुधियः श्रीगीतगोविन्दतः'।।३।।

शास्त्रीय ग्रन्थों में गानविधा, संगीतकला तथा वाद्यशिल्प आदि के विषय में जितना भी विवेचन-विश्लेषण उपलब्ध है, वैष्णव-भक्तिपरक ग्रन्थों में भगवान् के ध्यान, चिन्तन तथा स्मरण आदि के जितने रूपों का विधान हुआ है, काव्यशास्त्र में मधुर (शृंगार) रस के जितने भेदों-प्रभेदों का वर्णन तथा कवियों द्वारा उन भेदों पर विवेचन किया गया है, भगवान् श्रीकृष्ण को समर्पित तथा उनके भक्तिभावपरक मेरे 'गीतगोविन्द' काव्य में रसिक पण्डितों को वह रस एक ही स्थान पर मिल जाएगा।

इस श्लोक में 'गान्धर्व-कला-कौशल' शब्द संगीत की दृष्टि से अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है। शार्ङ्गदेव गान्धर्वसंगीत को मार्गसंगीत का पर्याय मानते हैं। 'गीतगोविन्द' की अष्टपदियों की विशेषता यह है कि कवि का आशय शास्त्रीय संगीत की साधना नहीं, वरन् काव्य को संगीतमय बनाना है। गहराई से विचार करें, तो यह स्पष्ट होगा कि जयदेव ने सर्वसाधारण को ग्राह्य संगीत को ही अपने काव्य का आधार बनाया। उनका यह अनुभव रहा होगा कि पदबद्ध पद्धति जन-साधारण को अधिक प्रभावित करेगी तथा टेक व ध्रुवक आदि के प्रयोग से साधारण व्यक्ति भी इस गीति-काव्य के संगीत का आस्वादन कर सकेंगे, इसलिए उन्होंने उस समय के सुगम संगीत को प्राथमिकता दी। जयदेव का यह प्रयोग बड़ा सफल रहा और यही कारण है कि संस्कृत न जाननेवाले लोग भी इन अष्टपदियों का गान सुनकर विभोर हो उठते हैं। 'गीतगोविन्द' में पदों के साथ संगीत और नृत्य सम्बन्धी रागों और तालों के भी नाम दिये गये हैं। यों

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

विभिन्न विद्वानों में राग व ताल के सम्बन्ध में मतमतान्तर हैं; किन्तु मोटे रूप में इनकी पहचान निम्नानुसार की जा सकती है:

सर्ग	प्रबन्ध	राग	ताल
१.	१	मालवगौड़	रूपक
	२	गुर्जरी	प्रतिमठ
	३	वसन्त	रूपक
	४	रामकरी	यति
२.	५	गुर्जरी	यति
	६	मालवगौड़	एकताली
३.	७	गुर्जरी	यति
४.	८	कर्णाट	एकताली
	९	देशाङ्क	एकताली
५.	१०	देशीवराडी	रूपक
	११	गुर्जरी	एकताली
६.	१२	गुणकारी	रूपक
७.	१३	मालव	यति
	१४	वसन्त	यति
	१५	गुर्जरी	एकताली
	१६	देशाख	रूपक
८.	१७	भैरवी	यति
९.	१८	गुर्जरी	यति
१०.	१९	देशीवराडी	अष्टताली
११.	२०	वसन्त	रूपक
	२१	वराडी	प्रतिमठ
	२२	वराडी	यति
१२.	२३	विभास	आदि
	२४	रामकरी	यति

यहाँ यह उल्लेखनीय तथ्य है कि जिस रूप में अष्टपदियाँ जयदेव के समय गायी जाती रहीं, वह रूप उत्तर व दक्षिण भारत में इतना परिवर्तित हो गया है कि वह पहचाना नहीं जाता। अब ये अष्टपदियाँ विशिष्ट रागों में गायी जाने लगी हैं। 'दशावतारचरित' का संगीतमय गायन बेहद लोकप्रिय है। यह

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तथ्य भी अपने स्थान पर उपयुक्त प्रतीत होता है कि जयदेव ने अपने समय में संगीत की रूढ़ शास्त्रीयता को नूतन परिधान पहनाये। यही कारण है कि इन पदावलियों का सांगीतिक प्रभाव आज भी मौजूद है तथा विभिन्न लोक-अंचलों में इन्हें अनूदित कर भी गाया जाता है। 'गीतगोविन्द' की अष्टपदियों की यह विशिष्टता भी है कि ये मात्रावृत्तों में रची गयी हैं तथा सहज संगीत से पूर्ण हैं। ये गणवृत्त में भी हैं, इसलिए इनका सस्वर पाठ भी किया जाता है। इसमें समाहित नाट्य तत्त्व भी अत्यन्त प्रभावकारी है, इसलिए यह दृश्यकाव्य एवं श्रव्यकाव्य, दोनों के रूप में समादृत है। सरस्वती महल पुस्तकालय, तंजौर में दो हस्तलिपियाँ मिली हैं, जिनमें प्रत्येक शब्द के लिए अभिनय है। किन्तु ये अधूरी हैं तथा सत्रहवीं अष्टपदी के बाद कथा समाप्त हो जाती है।

'गीतगोविन्द' के संगीत पक्ष पर विचार कर अनेक ग्रन्थ प्रकाशित हुए हैं। भारत और नेपाल में अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से, ग्रन्थों के माध्यम से प्रचार व प्रसार पाकर इस ग्रन्थ की संगीतात्मकता ने अद्‌भुत लोकप्रियता प्राप्त की है तथा आज भी जब पूरे भाव में डूबकर ये अष्टपदियाँ गायी जाती हैं, तो स्वर, ताल और लय अमूर्त नहीं रहते, वे मूर्त होकर जीवन्त हो उठते हैं।

भारतीय परम्परा 'नाद' को ब्रह्म के रूप में प्रतिष्ठा देती है। कण्ठ और वाद्य नाद को उत्पन्न करते हैं। नृत्य वाद्य तथा गीत के आधार पर होता है। इस तरह गीत, वाद्य और नृत्य ये तीनों कलाएँ नाद के अधीन हैं। 'गीतगोविन्द' की अष्टपदियों पर आधारित विभिन्न नृत्य-शैलियों के भावप्रवण नृत्य जब कभी प्रस्तुत होते हैं, तब लगता है जैसे नाद का ब्रह्म रूप साकर हो उठा हो।

साक्ष्यों के आधार पर तो कुछ भी पुष्ट नहीं; लेकिन यह अनुमान लगाया जा सकता है कि जयदेव के समय में किस प्रकार के नृत्य प्रचलित रहे होंगे। प्रो. अरविन्द मंगरूलकर का अनुमान है कि पूर्वी भारत में दो प्रकार के लोक-नृत्यों की परिणति शास्त्रीय नृत्यों में हुई है; ओडिसी एवं कुचिपुडी। भरतनाट्यम् का इतिहास अपेक्षाकृत पुराना नहीं है। वे सम्भवत: यह मानते हैं कि जयदेव के समय में 'गीतगोविन्द' में जिस नृत्य-शैली का प्रयोग किया गया, उसके साथ ओडिसी नृत्य-परम्परा का बीज रूप में सम्बन्ध रहा होगा। यह तथ्य एक स्थापित तथ्य है कि चाहे ओडिसी हो या कुचिपुडी, जयदेव की अष्टपदी का एक अंश उसमें सामान्यत: शामिल किया ही जाता है। केरल में १६२ पृष्ठों की एक मलयालम अभिनय/नाट्य पुस्तिका है, जो पाम्परिक शैली में 'गीतगोविन्द' के अभिनय पर केन्द्रित है। इसके आधार पर कथकली नृत्य-शैली में 'गीतगोविन्द' की अष्टपदियों का नर्तन किया जाता है। इसी प्रकार मणिपुरी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नर्तन-शैली पर 'गीतगोविन्द' का अद्भुत प्रभाव है। गुरु विपिनसिंह के अनुसार मणिपुर में विविध प्रसंगों पर जयदेव के 'गीतगोविन्द' के मूल पदों का प्रयोग होता आया है। मणिपुर में राधा-कृष्ण की प्रणय-लीला चार प्रकार की रास-लीला से प्रदर्शित की जाती है। उसमें वासन्त रास या वासन्ती रास में 'गीतगोविन्द' के मूल पद तथा उसकी प्रेरणा से रचित ब्रजबुली के पद गाये जाते हैं। वासन्ती रास में राधा का मान साधारण होने के कारण उसके उपयुक्त पद 'गीतगोविन्द' से लिये जाते हैं। 'गीतगोविन्द' के मूल पद कथा-रूप में न होने के कारण गुरुजनों ने अपने पदों की रचना कर उसे कथा-रूप में परिणत किया है।

मणिपुरी नृत्य-शैली में ज्यादातर अभिनय 'गमक' से किया जाता है। मणिपुरी नृत्य-शैली की यह विशिष्टता है कि इसमें सांकेतिकता, मर्यादा तथा संस्कारिता अधिक है। इसमें मुखाभिनय बड़ा स्वाभाविक होता है। सुप्रसिद्ध नृत्य-समीक्षक डॉ. सुनील कोठारी का मत है कि 'गीतगोविन्द' की रचना अभिनय के उद्देश्य से ही हुई थी और इसका अभिनय जयदेव की पत्नी पद्मावती द्वारा किया गया था। उनका यह भी मानना है कि इस ग्रन्थ ने न केवल अनेक संस्कृत अनुकृतियों के लिए प्रेरक तत्त्व का काम किया, बल्कि देश के विभिन्न भागों की स्थानीय भाषाओं में संगीतात्मक नृत्य-नाटक में विशिष्ट वर्ग की असंख्य कृतियों की रचना में सहायता की। डॉ. वी. राघवन का मत है कि सारे संसार में संगीत और नृत्य के सम्पूर्ण इतिहास में जयदेव के 'गीतगोविन्द' से बढ़कर कोई विशिष्ट कृति नहीं है। डॉ. राघवन का यह मत कदापि अतिरंजनापूर्ण नहीं है। यदि मणिपुरी, कथक, कुचिपुडी और भरतनाट्यम् जैसी स्थापित शैलियों में 'गीतगोविन्द' की अष्टपदियों पर आधारित नर्तन अपरिहार्य बना है, तो वहीं दूसरी ओर इसकी व्याप्ति लोक-शैलियों में भी हुई है। सुदूर खानदेश में 'हल्लासिक' नाम से एक लोकनृत्य वहाँ के आभीर आदिवासी आज भी करते हैं, जो रास का ही एक लोकरूप है।

'गीतगोविन्द' की अष्टपदियों में नृत्य, गीत, अभिनय और रागात्मकता के तत्त्व सिमटे हैं, उनके सम्बन्ध में विद्वान् मनीषियों ने निरन्तर शोध किया है। तथा उनके बहुआयामी स्वरूप को विश्व के सामने रखा है, किन्तु यह ऐसा काव्य है कि जिसकी नवीनता सदैव उजागर होती रहती है और डॉ. विद्यानिवास मिश्र का यह कथन पूरी तरह उपयुक्त प्रतीत होता है—'गीतगोविन्द की विशेषता यही है कि वह बहुत ही सीधे शब्दों में लय की वर्तुलता और रूपायमानता की सम्भावनाओं का ऐसा घनीभवन है कि कभी भी उसकी नूतनता चुकती नहीं'।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

चिरनवीन बने रहना ही 'गीतगोविन्द' की आत्मा है। चिरनवीन बने रहने का आह्वान भारतीय संस्कृति का मूल स्वर है और भारतीय मानस की यह विशिष्टता है कि सृजन के प्रत्येक पक्ष को वह सहेजता है और वह फिर विरासत के रूप में उसे सौंपता है।

'गीतगोविन्द' की यह विरासत आज भी विद्यमान है, अपने मौलिक रूप में। राधा-माधव की मनोरम छवियों, लीलाओं और भंगिमाओं को अभिव्यक्त करनेवाला यह महान् काव्य निरन्तर शिल्पियों को भी अपनी ओर खींचता रहा। 'गीतगोविन्द' के पूर्ण उत्कीर्णन के प्रमाण यद्यपि वर्तमान में उपलब्ध नहीं है; लेकिन यत्र-तत्र जो भी शिल्प या शिलालेख मिले हैं, वे इस तथ्य की पुष्टि करते हैं कि समूचे उत्तर व दक्षिण भारत में 'गीतगोविन्द' की लोकप्रियता प्रत्येक अंचल में रही। भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने 'जयदेव' (चरितावली) नामक अपने निबन्ध में यह उल्लेख किया है, "उदयन की टीका जयदेव जी के समय में बन चुकी थी और इसमें कोई सन्देह नहीं कि 'गीतगोविन्द' जयदेव जी के जीवन-काल से ही सारे संसार में प्रचलित हो गया था। 'गीतगोविन्द' दक्षिण में बहुत गाया जाता है और बाला जी में सीढ़ियों पर द्रविण लिपि में खुदा हुआ है"। श्री नीलमणि मिश्र के अनुसार, पुरी के श्रीमन्दिर के मुख्यद्वार के ऊपर, भुवनेश्वर तथा अन्य स्थानों में निर्मित मन्दिरों में भी 'गीतगोविन्द' में वर्णित अवतारों के खोदने से यह स्पष्ट होता है कि उत्कलीय मूर्ति-कला पर श्रीगीतगोविन्द का अखण्ड प्रभाव सदियों से चला आ रहा है। विशेषकर भुवनेश्वर के राज्य संग्रहालय में संगृहीत दशावतारी श्रीकृष्ण की भव्य मूर्ति से यह स्पष्ट हो जाता है कि शिल्पी ने—

'वेदानुद्धरते जगन्निवहते भूगोलमुद्बिभ्रते'।

श्लोक के आधार पर उस मूर्ति की परिकल्पना की है। अपहिलपट्टम् के महाराजा सारंगदेव वाघेला के १२९१ ई. (१३४८ विक्रमी संवत्) के एक शिलालेख के प्रारम्भ में जयदेव दशमावतार के रूप में कृष्ण का आह्वान कर रहे हैं।

यह तथ्य भी अपने स्थान पर स्थापित तथ्य है कि राधा-माधव के जिस रूप की छवि हमारे मन-मानस में पैठी है, वह वास्तव में 'गीतगोविन्द' की देन है। भागवत के दशम स्कन्ध की कृष्णलीला में कहीं भी राधा का उल्लेख नहीं है। राधा का जो मनभावन स्वरूप हमारे मनों में बसा है, उसका उत्स 'गीतगोविन्द' है तथा इसी ग्रन्थ को आधार मानकर कृष्णकाव्य के प्रणयन की परम्परा निरन्तर चली, जिससे शिल्पी और चितेरे दोनों ही अछूते नहीं रहे। इसलिए १२वीं सदी के बाद जितने भी राधा-माधव के शिल्प बने, चित्र बने,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

उनके मूल में 'गीतगोविन्द' ही रहा। सुप्रसिद्ध पुरातत्त्ववेत्ता प्रो. कृष्णदत्त वाजपेयी के अनुसार, 'उत्तर-मध्य-काल (१२०० ई. से १७०० ई.) में श्री राधा की अनेक प्रतिमाएँ भारत के विभिन्न भागों में पाषाण, मिट्टी, धातु, हाथीदाँत तथा लकड़ी की बनी हुई मिली हैं। इस काल में नेपाल के मन्दिरों में भी श्री राधा की अनेक सुन्दर मूर्तियाँ बनायी गयीं'।

यह भी उल्लेखनीय है कि 'गीतगोविन्द' के राधा-माधव जब लोक-जीवन में समाये तो लोकमानस ने उन्हें देश के सुदूर अंचलों में अपने-अपने ढंग से स्थापित कर उनकी आराधना आरम्भ कर दी। मुझे हाल ही में खानदेश के एक दूरस्थ गाँव देवमोगरा में, जो महाराष्ट्र की शहादा तहसील में है, एक मन्दिर मिला, जिसमें मटकी लिये राधा हैं, और साथ में हैं बालकृष्ण। हालाँकि इस मूर्ति को वे राधा नहीं कहते, मोगादेवी कहते हैं, लेकिन ये दोनों शिल्प राधा-कृष्ण के ही हैं।

'गीतगोविन्द' के प्रणयन के बाद राधा के माधुर्य भाव में भारतीय मानस ऐसा डूबा कि कृष्ण जैसा अवतार व्यक्तित्व पीछे रह गया और राधा आगे। राधावल्लभ, राधेश्याम, राधामोहन और ऐसे ही अनेक नाम जनम गये, जो राधा के महत्त्व को स्थापित करते थे। 'गीतगोविन्द' के पूर्व भी राधा रहीं; किन्तु उस रूप में नहीं थीं, जो हमारे मन-मानस में विराजा है और जो वस्तुतः 'गीतगोविन्द' की देन है। मधुरा भक्ति की प्रतिनिधि राधा ने भक्ति के इस रूप को विलक्षण भव्यता और ऊँचाई दी। 'गीतगोविन्द' के अन्त में राधा की कृष्ण से यह मनुहार कि 'उसे अपनी तरह तुम रच दो' का सीधा आशय यही है कि कृष्णभाव को प्राप्त करने के लिए राधाभाव का वरण करो। रहस्यवाद और मधुरा भक्ति के इस भाव में घनिष्ठ साम्य है। मधुरा भक्ति के तत्त्व को पूरी तरह न समझ पाने के कारण यह भावना भी पनपी कि 'गीतगोविन्द' केवल घोर शृंगार का काव्य है, जबकि वस्तुस्थिति भिन्न है तथा इस तथ्य को भलीभाँति अपनी टीका में डॉ. विद्यानिवास मिश्र ने स्थापित भी कर दिया है।

जहाँ तक राधा शब्द का प्रश्न है, इसका उल्लेख ऋग्वेद से ही मिलता है। उसे विशाखा नक्षत्र, कार्य सिद्ध करनेवाली, वैशाख-पूर्णिमा, वृषभानु गोप की कन्या, कृष्णप्रेयसी, विष्णुकान्ता आदि भी कहा गया है। यास्क ने अपने निरुक्त में वैदिक शब्दों की व्याख्या करते हुए राधः शब्द का अर्थ धन दिया है। श्रीमद्भागवत में राधा का कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं है, केवल एक पंक्ति है—

'अनया राधितो नूनं भगवान् हरिरीश्वरः'।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

उपनिषदों में भी राधा शब्द का उल्लेख है; किन्तु उनकी प्राचीनता सन्दिग्ध है। प्राकृत और अपभ्रंश के प्राचीन ग्रन्थों में भी राधा उस रूप में नहीं है, जिस रूप में 'गीतगोविन्द' में विद्यमान है। हाल की 'गाथासप्तशती', 'पंचतन्त्र', धनंजय के 'दशरूपक', आनन्दवर्धन के 'ध्वन्यालोक' (८५० ई.) भट्टनारायण के 'वेणीसंहार' (७५० ई.) में श्री राधा के उल्लेख हैं। मालवा के राजा भोज ने 'सरस्वतीकण्ठाभरण' में राधाविषयक आठ श्लोक उद्धृत किये हैं। इसी तरह क्षेमेन्द्र के 'दशवतार' (१०६६ ई.) तथा जयदेव के पूर्ववर्ती विल्हण के 'विक्रमांकदेवचरित' में भी राधा का उल्लेख है। बज्जालग्ग नामक महाराष्ट्री प्राकृत के श्वेताम्बर शाखा के एक जैनग्रन्थ में कृष्ण की दो प्रियाओं—राधा और विशाखा का सन्दर्भ है। जैनाचार्य हेमचन्द्र ने अपने व्याकरण ग्रन्थ (१०८९ ई.) में राधा के विरह का वर्णन किया है। दसवीं शताब्दी में त्रिविक्रम भट्ट ने 'नवचम्पू' नामक एक ग्रन्थ की रचना की, इस चम्पू काव्य में भी राधा का उल्लेख आता है। इस तरह वाङ्मय की परम्परा में जयदेव के पूर्व भी राधा का उल्लेख प्रमाणित होता है; किन्तु 'गीतगोविन्द' के अलावा इनमें से कोई भी ग्रन्थ जनमानस के बीच इतना लोकप्रिय नहीं हो पाया, जितना कि 'गीतगोविन्द'। 'गीतगोविन्द' में जो राधा प्रकट हुईं, वहस इतनी भावमय थीं कि उन्होंने आनेवाले हर युग को अपने भाव से आपूरित कर दिया। भारतीय मानस ज्यों-ज्यों भावमय हुआ, राधा त्यों-त्यों और रूपमय, रसमय, प्राणमय, अर्चनामय और आनन्दमय होतीं चली गयीं।

'राधा' भाव से ध्वनि में और ध्वनि से रूप और रस में परिणत हो जाने वाला एक ऐसा महान् चरित्र है, जिसे जयदेव ने शब्द देकर हमारे मानस में सदैव के लिए स्थापित कर दिया। यह ग्रन्थ अपने प्रणयन-काल में ही बेहद लोकप्रिय हुआ और समूचे भारत में कालान्तर में इसकी लोकप्रियता बढ़ती गयी। इसके अनेक भाषाओं में अनुवाद भी हुए।

बारबरा स्टोलर मिलर ने अपने शोध-ग्रन्थ में यह उल्लिखित किया है कि तेरहवीं सदी के आरम्भ में गुजरात के एक मन्दिर के शिलालेख पर इसे उत्कीर्ण किया गया तथा इसकी व्याख्याओं की स्थापित परम्पराएँ सदैव विद्यमान रहीं। उड़ीसा, बंगाल तथा दक्षिण भारत में इसके गीत पूरे भक्तिभाव के साथ गाये गये तथा सोलहवीं सदी में केरल के मन्दिरों में ये गीत गाये जाने लगे।

'गीतगोविन्द' का प्रथम अंग्रेजी अनुवाद विलियम जोन्स ने किया, जो सर्वप्रथम सन् १७९२ में प्रकाशित हुआ। इसी को आधार बनाते हुए जर्मनी में एफ.एच. वॉन डेल्बर्ग ने 'गीतगोविन्द' का अनुवाद जर्मन में किया। जर्मन

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कवि फ्रेडरिक स्कर्ट ने भी सन् १८२९ में 'गीतगोविन्द' का जर्मन में अनुवाद किया। लैटिन में सी. लॉसेन ने सन् १८२६ में इसे अनूदित किया।

अंग्रेजी में एड्विन अर्नाल्ड ने 'दि इण्डियन सांग ऑफ सांग्स' (सन् १७७५), जार्ज क्रेट्स ने 'श्री जयदेवाज़ गीतगोविन्द : दि लव्हज़ ऑफ कृष्णा ऐण्ड राधा' (सन् १९४०), एस. लक्ष्मी नरसिम्हा शास्त्री ने 'दि गीतगोविन्द ऑफ जयदेव' (सन् १९५६), डंकन ग्रीनलीज़ ने 'थियोसॉफिकल रेण्डरिंग दि सांग ऑफ डिवाइन लव' (१९०२ ई.) तथा मोनिका वर्मा ने 'दि गीतगोविन्द ऑफ जयदेव' (१९६८ ई.) उल्लेखनीय अनुवाद किये। इसी तरह फ्रेंच में 'गीतगोविन्द' का सुन्दर अनुवाद कोर्ट टिलर ने १९०४ ई. में किया। पूरनसिंह ने (१९२६ ई.) केवल पद्यानुवाद अंग्रेजी में 'स्प्रिट ऑफ ओरिएण्टल पोयट्री' नामक ग्रन्थ में किया। भारतीय भाषाओं में भी गीतगोविन्द के अनेक गद्यानुवाद तथा पद्यानुवाद हुए। अकेले उत्कल (उड़ीसा) में ही 'गीतगोविन्द' की हजारों पुरानी प्रतियाँ मिलती हैं तथा लगभग ३०० प्रतियाँ भुवनेश्वर के राज्य संग्रहालय में संरक्षित हैं। इनमें चित्रित, माला की तरह बनी, हाथी दाँतों से बने पट्ट तथा लिखित प्रतियाँ अनेक हैं। इसी तरह अनेक भारतीय भाषाओं तथा लोक-भाषाओं में 'गीतगोविन्द' के अनुवाद हुए हैं। हिन्दी में जिस प्रथम छन्दोबद्ध अनुवाद की सूचना भारतेन्दु ने दी है, वह है राजा डालचन्द की आज्ञा से रायचन्द नागर कृत, द्वितीय अमृतसर के प्रसिद्ध भक्त स्वामी रत्नहरिदास कृत और तृतीय हरिश्चन्द्र कृत। आधुनिक युग में रमेशनन्दन शरण, आचार्य विनयमोहन शर्मा तथा नागार्जुन ने भी 'गीतगोविन्द' के अनुवाद किये हैं। अभी तक लगभग १४-१५ पद्यानुवाद व गद्यानुवाद की जानकारी मिली है। नवीनतम टीका सहित गद्यानुवाद (१९९७) डॉ. रामचन्द्र वर्मा शास्त्री का है। इसी तरह अनेक टीकाएँ भी संस्कृत व हिन्दी में की गयी हैं। इन सारी टीकाओं की संख्या लगभग ३५ है। इनमें से सभी प्रकाशित नहीं हैं। कुछ प्रमुख टीकाकारों व टीकाओं के नाम इस प्रकार हैं—उदायनाचार्य, कृष्णदास गोपाल, नारायणदास, भावाचार्य, रामतारण, रामदत्त, रूपदेव, विट्ठल, विश्वेश्वराचार्य, शान्तिनाथ, शेषकमलाकर, शंकरमिश्र, चैतन्यदास, मानकसंग्रहदीपिका और बालबोधिनी आदि।

'गीतगोविन्द' की सारी अष्टपदियाँ इतनी बिम्बात्मक और सहज लालित्य से भरपूर हैं कि उन्होंने चितेरों को, विशेषकर मध्यकालीन चितेरों को बेहद आकृष्ट किया। मुगल, राजस्थानी, पहाड़ी और अनेक आंचलिक शैलियों में 'गीतगोविन्द' के प्रसंगों पर मनोरम रूपायन किये गये। 'गीतगोविन्द' के प्रसंगों पर आधारित सर्वप्रथम चित्र गुजरात शैली में मिलते हैं, जिनका अंकन-काल लगभग १४५० ई. है। राय आनन्दकृष्ण ने उल्लेख किया है कि १६वीं सदी से 'गीतगोविन्द' के चित्र मिलने

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

लगते हैं। इसके पूर्व की ३-४ सदियों में चित्र बने होंगे, लेकिन वे मिलते नहीं। उड़ीसा में मध्य १८वीं सदी से 'गीतगोविन्द' की सचित्र प्रतियाँ मिलने लगती हैं। इनके अंकन परम्परागत होते हुए भी बड़े चारु हैं। पश्चिम भारतीय अपभ्रंश शैली में दशावतार अंकन के साधारण कोटि के चित्र मिले हैं। १६वीं सदी में ही सचित्र 'गीतगोविन्द' की दो चित्रावलियाँ इसी परम्परा में मिली हैं। इनमें से एक राष्ट्रीय संग्रहालय नयी दिल्ली में है। आरम्भिक राजस्थानी शैली की एक सुन्दर चित्रमाला प्रिन्स ऑफ वेलस म्यूजियम, मुम्बई में है। यह प्रायः १५५० से १५७५ ई. के बीच चित्रित हुई होगी। इस चित्रमाला की विशेषता निसर्ग व मनोभावों का सूक्ष्म अंकन है। १६वीं सदी के अन्त की एक चित्रावली एन.सी. मेहता संग्रह, अहमदाबाद में है। इसमें १०१ चित्र हैं तथा यह गुजरात शैली में है। इस चित्रमाला के चित्रों पर नाट्य प्रभाव भी स्पष्ट दीख पड़ता है। १७वीं सदी के आते-आते राजस्थान और पहाड़ की विभिन्न रियासतों में लघुचित्र परम्परा खूब फूली-फली और राजस्थान में मुख्यतः निम्न शैलियाँ व उपशैलियाँ रहीं—मेवाड़, उदयपुर, नाथद्वारा, देवगढ़, शाहपुरा, बनेड़ा, नागौर, बेगूँ, केलवाँ, जोधपुर, बीकानेर, किशनगढ़, अजमेर, सिरोही, जैसलमेर, घाणेराव, रियाँ, भिगाय, जूनियाँ, बूँदी, कोटा, झालावाड़, आमेर, जयपुर, शेखावटी, अलवर, उणियारा, करोली, भरतपुर आदि।

इसी तरह पहाड़ की प्रमुख शैलियाँ हैं—काँगड़ा, गुलेर, बसोहली, गढ़वाल, चम्बा, बिलासपुर, नूरपुर, कश्मीर (जम्मू), कुल्लू, मण्डी, अमृतसर (सिलन) आदि। इन दोनों क्षेत्रों के अलावा भी काफी राधामाधव-केन्द्रित रूपायन हुए। मालवा शैली के मध्यकाल में प्रमुख केन्द्र थे—नरसिंहगढ़, माण्डू, राघौगढ़ और चन्देरी। इनके अलावा ओरछा, ग्वालियर, नागपुर और बंगाल के कालीघाट में तथा दक्षिण भारत तथा बिहार में भी लघु चित्र बने।

इन तमाम शैलियों में से मेवाड़, बीकानेर, किशनगढ़, बूँदी, कोटा तथा काँगड़ा, गुलेर, बसोहली व मण्डी में 'गीतगोविन्द' पर आधारित मनोरम रूपायन हुए। मेवाड़ में साहिबदीन और बीकानेर में रुकनुद्दीन ने बेहद मनभावन लघु चित्र बनाये। किशनगढ़ कलम में निहालचन्द की तूलिका ने अपना कमाल दिखाया और उसकी कूँची से 'बणीठणी' जैसी महान् राधा रूपायित हुईं। कपिला जी ने ऐसे सचित्र पाँच 'गीतगोविन्द' के मोनोग्राफ प्रकाशित कराये हैं। मेवाड़ी 'गीतगोविन्द' इनमें सर्वाधिक प्रशंसनीय है। सत्रहवीं शताब्दी के अन्त तक 'गीतगोविन्द' के प्रभाव के कारण स्थिति यह बनी कि यदि कृष्ण के साथ कोई भी गोपी हो तो चित्रकार उसे राधा ही मानते। जहाँ कई गोपियाँ हों, उनमें से प्रमुख को राधा के रूप में स्वीकार करते। यह मनोभूमि केवल चितेरे की ही

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नहीं, बल्कि तत्कालीन समाज की भी थी। इस प्रभाव में राधा-कृष्ण (नायक-नायिका) के चित्र बनते आ रहे थे। राजस्थान के शैलियों में यह अभिनव प्रयोग भी हुआ कि चित्रों के भीतर नाट्य अभिव्यक्ति के द्वारा राधा-कृष्ण का प्राय: यही रूप मिला, जो स्वतन्त्र चित्रों में था।

पहाड़ी शैलियों में सर्वाधिक समादृत शैली काँगड़ा की रही, जहाँ मानक नामक चितेरे ने 'गीतगोविन्द' की चित्रावली रची। मानक के संरक्षण में बसोहली व काँगड़ा में 'गीतगोविन्द' पर केन्द्रित रूपायन बने। डॉ. एम.एस. रन्धावा जैसे प्रख्यात कलाविद् ने इन चित्रों को खोजा तथा इनके विवरण सहित इन्हें प्रकाशित किया। इसी तरह महाराज संग्राम सिंह द्वितीय के शासनकाल (१७१०-१७३५ ई.) में मेवाड़ में 'गीतगोविन्द' पर आधारित चित्रों की एक लम्बी शृंखला भी चित्रित की गयी। यह अब सरस्वती भण्डार, उदयपुर में संगृहीत व सुरक्षित है। बसोहली शैली में राजा मेदनीपाल के समय (सन् १७३०) में 'गीतगोविन्द' पर आधारित चित्र बने। राजा संसारचन्द (१७५०-१८२३ ई.) का काल न केवल काँगड़ा या पहाड़ की लघुचित्र-कला की शैलियों के इतिहास में, अपितु समूची भारतीय चित्रकला के इतिहास में अद्वितीय है। इस महान् कलाप्रेमी शासक ने चित्रकला को इतना उत्कृष्ट योगदान दिया कि काँगड़ा कलम से निकले चित्र चित्रकला के इतिहास की धरोहर बन गये। 'गीतगोविन्द' के शब्द-शब्द रूपायित हुए और ऐसे रूपायित हुए कि इस रूप की झंकार से इतिहास की गलियाँ गूँज उठीं। प्रिन्स ऑफ वेल्स म्यूजियम, मुम्बई में राधा के 'मानभाव' का एक सुन्दर चित्र काँगड़ा शैली का है। इस चित्र में नाट्य तत्त्व भी स्पष्ट दीख पड़ते हैं।

इसका आकार ३५.५ × २२.५ से.मी. है। इस चित्र में एक ओर कुंज में कृष्ण बैठे हुए हैं, दूती उन्हें सन्देश दे रही है। नाना प्रकार के पुष्पों, लताओं और पक्षियों से भरपूर प्रकृति की समूची शोभा चारों ओर बिखरी है। हरियाली से आच्छादित वृक्षों की पंक्तियाँ स्पष्ट दीख पड़ती हैं। दूसरी ओर राधा एक वृक्ष के नीचे पुष्पदलों से सज्जित शय्या पर मान किये बैठी हैं। उनकी पूरी देह बंकिम हो उठी है, एक हाथ ऊपर उठा हुआ, देह का रोम-रोम तिरछा है, मान के आवेग के कारण वे कृष्ण की ओर देख भी नहीं रही हैं। उनका अप्रतिम सौन्दर्य काँगड़ा शैली की सारी सौन्दर्य-दृष्टि को साकार करता है। राधा को अपने रूप का गुमान भी है; और मान भी लेकिन वे आतुर भी हैं और अधीर भी। विलक्षण लघुचित्र है यह, वे मानिनी भी दीख पड़ती हैं मगर ऐसी भी कि जैसे वे मन जाने को आतुर बैठी हों, यह चित्र एक क्षण की तात्कालिकता का स्थायित्व देने में सदैव के लिए बदल जाने का साक्षी है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

'गीतगोविन्द' के तीनों प्रमुख पात्रों को उनकी अनूठी भंगिमाओं के साथ इस चित्र में साकार कर दिया गया है।

न केवल काँगड़ा, बल्कि गुलेर, नूरपुर, चम्बा और मण्डी में 'गीतगोविन्द' पर आधारित व उससे प्रभावित बहुत से मनभावन चित्र बने।

'गीतगोविन्द' के चित्रों की एक श्रृंखला सन् १५९० में उत्तरप्रदेश के पूर्वी इलाके जौनपुर में बनायी गयी। यह अभी प्रिन्स ऑफ वेल्स म्यूजियम, मुम्बई में है। यह उल्लेख भी मिलता है कि सन् १६१५ में अकबर के समय में एक ऐसा 'गीतगोविन्द' चित्रित किया गया, जिसमें राधा और उसकी सखियों को मुगल वेशभूषा में दर्शाया गया है। जयदेव का एक काल्पनिक चित्र खजांची संग्रह में है, जिसमें उन्हें पाँच अन्य कवियों के साथ दर्शाया गया है। यह आरम्भिक 'चौर-पंचारिका' शैली में है तथा इस पर सन् १५८० अंकित है। 'गीतगोविन्द' १६१० ई॰ में पश्चिमी राजस्थान में भी चित्रित हुआ। इसकी शैली जैन शैली थी। किशनगढ़ शैली में भी सन् १५२० में राजा कल्याणसिंह के काल में एक लम्बी श्रृंखला 'गीतगोविन्द' पर आधारित चित्रों की बनी।

'गीतगोविन्द' के प्रसंगों पर प्राय: प्रत्येक स्थापित शैली में चित्र बने, जिनमें से मेवाड़, बीकानेर, बूँदी, कोटा तथा किशनगढ़ कलमों के चित्रों ने, जो राजस्थान की कलमें थीं, पर्याप्त प्रसिद्धि पायी। इसी तरह काँगड़ा, गुलेर, बसोहली व मण्डी कलमों के चित्र भी पर्याप्त प्रसिद्ध हुए। इनमें उत्कृष्टतम लघु चित्र काँगड़ा कलम के हैं, ये सभी शैलियाँ पहाड़ की थीं। पहाड़ में गढ़वाल कलम भी काफी लोकप्रिय रही। इसके अप्रतिम चित्रकार मोलाराम थे, जिन्होंने मन्दार के फूलों से लदी टहनियों के बीच राधा और कृष्ण की मनोरम प्रणय-भंगिमाएँ रूपायित की हैं।

देश-विदेश के विभिन्न संग्रहालयों तथा व्यक्तिगत संग्रहों में 'गीतगोविन्द' के ये मनोहारी रूपायन सुरक्षित हैं। यह भी एक उल्लेखनीय तथ्य है कि पूरे देश में विभिन्न शैलियों में 'गीतगोविन्द' चित्रित किया गया। डॉ. कपिला वात्स्यायन ने 'जौर गीतगोविन्द' में, जो वर्ष १९८० ई. में प्रकाशित हुआ, कुल १८२ ऐसे ग्रन्थों की वर्षवार तथा भाषावार सूची दी है, जो 'गीतगोविन्द' की व्याख्या से सम्बन्धित हैं। उन्हें ४०-४५ सचित्र 'गीतगोविन्द' की प्रतियाँ भी मिलीं। हाल ही में अक्टूबर १९९७ में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा भारत कला भवन में आयोजित एक अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में कपिला जी ने मुझे अवगत कराया कि अब उनके कम्प्यूटर में लगभग तीन हजार 'गीतगोविन्द' की विभिन्न क्षेत्रों से मिली पाण्डुलिपियों की सूचना संगृहीत है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

यह भी एक उल्लेखनीय तथ्य है कि अभी तक जितने सचित्र 'गीतगोविन्द' प्रकाश में आये हैं, वे स्थापित शैलियों में चित्रित हैं व राजाश्रय में चितेरों ने बनाये हैं, लेकिन मुझे वर्ष १९९५ में धूलिया (महाराष्ट्र) में एक ऐसा सचित्र 'गीतगोविन्द' उपलब्ध हुआ, जो एक समन्वित लोकशैली में चित्रित किया गया है। इस शैली पर खानदेशी प्रभाव है तथा इसके लघुचित्र खानदेश के स्थानीय चितेरों के साथ-साथ सम्भवत: राजस्थान के चितेरों ने भी मिलकर बनाये हैं। इस शैली पर जयपुर, अलवर, मेवाड़ और नाथद्वारा शैलियों का भी प्रभाव है। मैं इसे 'कान्हेरी शैली' कहता हूँ; क्योंकि यह कान्हदेश, जो कालान्तर में खानदेश के नाम से जाना जाने लगा, की देन है। यह 'गीतगोविन्द' सन् १७६५ ई. में पूर्ण हुआ। इसमें कुल २९० लघुचित्र हैं। यह वर्तमान में समर्थ वाग्देवता मन्दिर, धूलिया में है। यह अपने-आप में पूर्ण है। मंगलश्लोक से लेकर प्रत्येक अष्टपदी पर लघुचित्र बने हैं। यद्यपि इस पर मालवा, दकनी व नागपुर कलमों का भी प्रभाव है; किन्तु रंग देशज हैं तथा परिवेश पूर्णत: आंचलिक है। परिधान व प्रतीक भी स्थानीय हैं। राधा किञ्चित् स्थूल लेकिन सुगठित देहवाली नारी के रूप में चित्रित हैं। वे नववारी साड़ी और हरे रंग का काँच का चूड़ा पहने हैं। वह लहँगा-चुन्नी पहने बड़े मनोरम रूप में विभिन्न भंगिमाओं में दीख पड़ती हैं। कृष्ण को विठोबा की तरह चित्रित किया गया है। यह शैली अभी तक प्रकाश में नहीं आ पायी। इसकी विशेषताएँ विलक्षण हैं। इस जीवन्त शैली को 'कान्हेरी' कहना ही उपयुक्त है; क्योंकि यह 'गीतगोविन्द' उस कान्हा को पूरे आस्थाभाव के साथ इन लोक-चितेरों ने समर्पित किया, जिस कान्हा के हृदय के स्पन्दन इस 'कान्हेरी' को ही समर्पित रहे।

उक्त विवरण 'गीतगोविन्द' के बहुआयामी स्वरूप से जुड़े अनेक कलात्मक पक्षों का एक विहंगावलोकन है। 'गीतगोविन्द' की रसात्मक अनुभूति को अपने में समेट लेने का यत्न भर कर लेना भी कभी-कभी स्वयं का गीतमय, गोविन्दमय हो जाना है। जब कभी गहरे घने बादल घिर आएँ, तमाल के वृक्ष अँधेरे को दूना करने लगें, रास्ते की सुध न पड़े, तो अपने मन के नन्द के इस निदेश को मान लेना चाहिए कि किसी राधा के सहारे अपने घर पहुँच जाएँ, यह राधा हमारे लिए 'गीतगोविन्द' ही है और वह घर जहाँ हमें पहुँचना है, वह भी 'गीतगोविन्द' ही है।

'गीतगोविन्द' में समाये इस मार्गदर्शी संकेत के आधार पर अपनी सार्थक यात्रा के नैरन्तर्य को निरन्तर रखा जा सकता है। यही निरन्तरता जीवन की अनबुझी प्यास भी है और वह आस भी, जिसके भरोसे सदैव के लिए तृप्त होने की सफल कामना की जा सकती है।

●

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

परिशिष्टम्–२

संक्षिप्त-ग्रन्थानुक्रमणिका

ग्रन्थ का नाम	लेखक	प्रकाशक/प्रकाशन-वर्ष
१. भारत की चित्रकला	कृष्णदास राय	भारती भण्डार, लीडर प्रेस, इलाहाबाध (१९७४)
२. भावपुरुष श्रीकृष्ण	डॉ. विद्यानिवास मिश्र	प्रभात प्रकाशन, दिल्ली (१९८९)
३. गीतगोविन्द काव्य तथा विवेचन	डॉ. कपिला वात्स्यायन	लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद (१९८८)
४. गीतगोविन्द : साहित्यिक अध्ययन	डॉ. कौशल कुमारी	सुमन प्रकाशन, शाहदरा, दिल्ली (१९९३)
५. रास साहित्य का लोकतात्त्विक अध्ययन	डॉ. शिवाजी देवरे	विद्या प्रकाशन, गोविन्दनगर, कानपुर (१९९५)
६. दि काँगड़ा पेण्टिंग्स ऑफ दि गीतगोविन्द	डॉ. एम.एस. रन्धावा	राष्ट्रीय संग्रहालय, नयी दिल्ली (१९८२)
७. जौर गीतगोविन्द	डॉ. कपिला वात्स्यायन	राष्ट्रीय संग्रहालय, नयी दिल्ली (१९८०)
८. मेवाड़ी गीतगोविन्द	—	(१९८७)
९. श्रीराधा का क्रम विकास	डॉ. शशिभूषण दासगुप्ता	हिन्दी प्रचारक पुस्तकालय, वाराणसी (१९५६)
१०. भारतीय साहित्य में राधा	डॉ. कल्याणमल लोढ़ा	नेशनल पब्लिशिंग हाउस, नयी दिल्ली
११. राजस्थानी चित्रकला	डॉ. जयसिंह नीरज	राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर
१२. भारतीय चित्रकला	वाचस्पति गैरोला	चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान, वाराणसी (१९९०)
१३. कृष्ण ऑफ दि भागवत पुराण, दि गीतगोविन्द एण्ड अदर टेक्स्ट्स		राष्ट्रीय संग्रहालय, नयी दिल्ली (१९८२)
१४. इण्डियन पेण्टिंग	डगलस बैरट एण्ड बेसिलग्रे	रिजोल्ड इण्टरनेशनल पब्लिकेशन (१९७८)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

१५. दि न्यू कैम्ब्रिज हिस्ट्री ऑफ इण्डिया (मुगल एण्ड राजपूत पेण्टिग)	माइलो क्लीवलैण्ड बीच	कैम्ब्रिज युनिवर्सिटी प्रेस (१९९२)
१६. दि डिवाइन कन्सर्ट राधा एण्ड गॉडेस् ऑफ लव	जॉन स्ट्रेटन हावले	बोस्टन (१९८२)
१७. बैठे हैं आस लिये (विशेष–'राधारूपायन' तथा 'तेरी भौंह की मरोर तें ललित त्रिभंगी भए' शीर्षक निबन्ध)	नर्मदाप्रसाद उपाध्याय	प्रवीण प्रकाशन, महरौली नयी दिल्ली (१९९८)
१८. कृष्णा : दि डिवाइन लवर मिथ एण्ड लीजेण्ड थ्रू इण्डियन आर्ट	सम्पादन-प्रोपेशर अन्ना एल. डल्लापिक्कोला	बी.आई. पब्लिकेशन्स ५४, जनपथ, नयी दिल्ली (१९८२)
१९. जयदेवकृत गीतगोविन्द	डॉ. रामचन्द्र वर्मा शास्त्री	ज्ञानगंगा, चावड़ी बाजार, दिल्ली
२०. द गीतगोविन्द ऑफ जयदेव	बारबरा मिलर	मोतीलाल वनमासी
२१. भारतीय वाङ्मय में राधा	बलदेव उपाध्याय	बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

परिशिष्टम्- ३

श्लोकपादानुक्रमणिका

श्लोकपादाः	पृष्ठाङ्काः
अक्ष्णोर्निक्षिपदञ्जनं श्रवणयोः	२२३
अङ्गेष्वाभरणं करोति बहुशः	१५६
अतिक्रम्यापाङ्गं श्रवणपथपर्यन्तगमन.	२३७
अत्रान्तरे च कुलटा.	१५८
अत्रान्तरे मसृणरोषवशामसीम.	२०३
अथ कथमपि यामिनीं विनीय	१८७
अथ तां गन्तुमशक्तां	१५०
अथ सहसा सुप्रीतं	२४८
अथागतां माधवमन्तरेण	१६५
अद्रोत्सङ्गवसद्भुजङ्गकवल.	५५
अधरसुधारसमुपनय भामिनि	२४२
अधिगतमखिलसखीभिरिदं तव	२२०
अनिलतरलकिसलयनिकरेण	२१९
अनिलतरलकुवलयनयनेन	१७९
अनेकनारीपरिरम्भसम्भ्रम.	५७
अन्तर्मोहनमौलिघूर्णनचलन्	१९५
अभिनवजलधरसुन्दर धृतमन्दर हे	३८
अमलकमलदललोचन भवमोचन हे	३७
अमृतमधुरमृदुतरवचनेन	१८०
अलसनिमीलितलोचनया	८९
अलिकुलगञ्जनसञ्जनकं	२५०
अविरलनिपतितमदनशरादिव	११६
अहमिह निवसामि नगणितवनवेतसा	१६३
अहमिह निवसामि याहि राधाम्	१३१
अहह कलयामि वलयादिमणिभूषणम्	१६२
आवासो विपिनायते प्रियसखी.	१२१
आश्लेषादनु चुम्बनादनु नखो.	१४६
इतस्ततस्तामनुसृत्य राधिकाम्	१०१
इति चटुलचाटुपटुचारु मुरवैरिणो	२०९
इह रसभणने कृतहरिगुणने	१७७
उन्मदमदनमनोरथपथिक.	४७
उन्मीलन्मधुगन्धलुब्धमधुप.	५६
उरसि मुरारेरुपहितहारे	१४०
कज्जलमलिनविलोचनचुम्बन.	१९०
कति न कथितमिदमनुपदमचिरम्	१९९
कथितसमयेऽपि हरिरहह न ययौ वनम्	१५९
कनकनिकषरुचिशुचिवसनेन	१८१
कन्दर्पज्वरसंज्वराकुलतनो.	१२८
करकमलेन करोमि चरणमह.	२४०
करतलतालतरलवलयावलि.	६४
कापि कपोलतले मिलिता	६२
कापि चपला मधुरिपुणा	१६६
कापि विलासविलोलविलोचन.	६२
कालियविषधरगञ्जन जनरञ्जन हे	३६
काश्मीरगौरवपुषामभिसारिकाणाम्	२२४
किमिति विषीदसि रोदिषि विकला	१९९
किसलयशयनतले कुरु कामिनि!	२३९
किसलयशयननिवेशितया	८८
कुरु यदुनन्दन! चन्दनशिशिर.	२४९
कुसुमचयरचितशुचिवासगेहे	२२७
कुसुमविशिखशरतल्पमनल्प.	११७
कुसुमसुकुमारतनुमतनुशरलीलया	१६२
केलिकलाकुतुकेन च काचिद्	६३
केशव! धृतकच्छपरूप	२२

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

केशव! धृतकल्किशरीर ३०
केशव! धृतदशविधरूप ३०
केशव! धृतनरहरिरूप २४
केशव! धृतबुद्धशरीर २९
केशव! धृतभृगुपतिरूप २७
केशव! धृतमीनशरीर २०
केशव! धृतरघुपतिरूप २८
केशव! धृतवामनरूप २५
केशव! धृतशूकररूप २३
केशव! धृतहलधररूप २८
कोकिलकलरवकूजितया ९०
कंसारिरपि संसार. १००
किं करिष्यति किं वदिष्यति १०२
किं विश्राम्यसि कृष्णभोगिभवने १५७
क्षणमधुना नारायणमनुगत. २३९
क्षणमपि विरहः पुरा न सेहे १२९
क्षत्रियरुधिरमये जगदपगतपापं २७
क्षम्यतामपरं कदापि १०६
क्षितिरतिविपुलतरे तव तिष्ठति पृष्ठे २२
गणयति गुणग्रामं भामं भ्रमदपि नेहते ८१
गतवति सखीवृन्देऽमन्दत्रपाभरनिर्भर. २३९
गोपकदम्बनितम्बवती. ७६
घटयति सुघने कुचयुगगगने १७३
घनचयरुचिरे रचयति चिकुरे १७२
घनजघनस्तनभारभरे २१८
चञ्चलकुण्डलदलितकपोला १६७
चन्दनचर्चितनीलकलेवर. ५८
चन्द्रकचारुमयूरशिखण्डक: ७५
चरणकमलगलदलक्तकसिक्त. १९१
चरणकिसलये कमलानिलये १७६
चरणरणितमणिनूपुरया ९३
चलमलयवनपवनसुरभिशीते २२७
चिन्तयामि तदाननं १०४
छलयसि विक्रमणे बलिमद्भुतवामन २५
जनकसुताकृतभूषण जितदूषण हे ३८
जनयसि मनसि किमिति गुरुखेदम् २००
जयश्रीविन्यस्तैर्महित इव मन्दारकुसुमैः २३८
जलदपटलवलदिन्दुविनिन्दक. ७८
जितबिसशकले मृदुभुजयुगले १७४
तत्किं कामपि कामिनीयभिसृतः १६४
तन्वि! खिन्नमसूयया १०४
तरलदृगञ्चलवलनमनोहर. २३४
तव विरहे वनमाली १३२
तव करकमलवरे नखमद्भुतशृङ्गं. २४
तव चरणे प्रणता वयमिति भावय हे ३९
तवेदं पश्यन्त्याः प्रसरदनुरागं बहिरिव १९५
तस्याः पाटलपाणिजाङ्कितमुरो २४६
तानि स्पर्शसुखानि ते च·तरलाः ११२
तामथ मन्मथखिन्नां रतिरसभिन्नां १९७
तामहं हृदि सङ्गताम् १०४
तालफलादपि गुरुमतिसरसम् १९८
तिर्यक्कण्ठविलोलमौलितरलो. ११२
त्यजति न पाणितलेन कपोलम् १२४
त्वदभिसरणरभसेन वलन्ती १५१
त्वद्वाम्येन समं समग्रमधुना १४५
त्वमसि मम जीवनं त्वमसि मम भूषणं २०५
त्वरितमुपैति न कथमभिसारम् १५३
त्वामप्राप्य मयि स्वयंवरपरां २५६
त्वां चित्तेन चिरं वहन्नयमति. २३०
दयितविलोकितलज्जितहसिता १६८
दरविदलितमल्लीवल्लिचञ्चत्पराग. ५८
दशनपदं भवदधरगतं मम १९२
दहति शिशिरमयूखे मरणम् १३३
दिनमणिमण्डलमण्डन भवखण्डन हे ३५
दिशि दिशि किरति सजलकणजालम् १२३
दुरालोकः स्तोकस्तबकनवका. ९७
दृशौ तव मदालसे वदनमिन्दुमत्यास्पदं २१३
दृश्यसे पुरतो गतागत. १०५
दोर्भ्यां संयमितः पयोधरभरे. २४५
धीरसमीरे यमुनातीरे १३७
ध्यानलयेन पुनः परिकल्प्य ११९
ध्वनति मधुपसमूहे श्रवणम् १३३

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नयनकुरङ्गतरङ्गविकाश. २५०
नयनविषयमपि किसलयतल्पम् १२४
नवलसदशोकदलशयनसारे २२६
नाथ हरे! जय नाथ हरे! १५१
नामसमेतं कृतसङ्केतं १३८
नायातः सखि निर्दयो यदि शठः १७८
निजगाद सा यदुनन्दने २४९
निन्दति चन्दनमिन्दुकिरण. ११४
निन्दसि यज्ञविधेरहह श्रुतिजातं २९
निभृतनिकुञ्जगृहं गतया ८३
नीलनलिनाभमपि तन्वि! तव लोचनं २०६
पतति पतत्रे विचलति पत्रे १३९
पद्मापयोधरतटीपरिरम्भलग्न. ४०
परिहर कृतातङ्के शङ्कां २१०
पर्यङ्कीकृतनागनायकफणा. २५५
पश्यति दिशि दिशि १५०
पाणौ मा कुरु चूतसायकममुं १०८
पीनपयोधरभारभरेण ६०
पूर्वं यत्र समं त्वया रतिपते. १३५
प्रतिपदमिदमपि निगदति माधव ११९
प्रत्यूहः पुलकाङ्कुरेण निविडा. २४४
प्रथमसमागमलज्जितया ८६
प्रलयपयोधिजले धृतवानसि वेदं २०
प्रविश राधे! माधवसमीपमिह २२५
प्रसरति शशधरबिम्बे १५९
प्रातर्नीलनिचोलमच्युतमुरः १८६
प्रियपरिरम्भणरभसवलितमिव २४२
प्रिये चारुशीले मुञ्च मयि मानमनिदानं २०४
प्रीतिं वस्तनुतां हरिः कुवलया. २१४
बन्धूकद्युतिबान्धवोऽयमधरः २१२
बहिरिव मलिनतरं तव कृष्ण १९२
बाधां विधेहि मलयानिलपञ्चबाण १८५
भजन्त्यास्तल्पान्तं कृतकपट-
कण्डूतिपिहित. २३७
भणति कविजयदेवे १३४
भवति विलम्बिनि विगलितलज्जा १५३
भ्रमति भवानबलाकवलाय १९३
भ्रमरचयं रचयन्तमुपरि २५०
भ्रूचापे निहितः कटाक्षविशिखो ११०
भ्रूपल्लवं धनुरपाङ्गतरङ्गितानि १०९
मञ्जुतरकुञ्जतलकेलिसदने २२५
मणिमयमकरमनोहरकुण्डल. ७८
मदनमहीपतिकनकदण्डरुचि. ५०
मधुमुदितमधुपकुलकलितरावे २२८
मधुमुरनरकविनाशन गरुडासन हे ३७
मधुरतरपिकनिकरनिनदमुखरे २२९
मनोभवानन्दन चन्दनानिल १८३
मम मरणमेव वरमतिवितथकेतना १६१
मम रुचिरे चिकुरे कुरु मानद २५२
माधविकापरिमलललिते ५२
माधवे मा कुरु मानिनि मानमये १९८
मामतिविफलरुषा विकलीकृत. २४३
मामहह विधुरयति मधुरमधुयामिनी १६१
मामियं चलिता विलोक्य वृतं १०१
माराङ्के रतिकेलिसङ्कुलरणा. २४६
मीलद्दृष्टिमिलत्कपोलपुलकं २४८
मुखरमधीरं त्यज मञ्जीरं १४०
मुग्धे! मधुमथनमनुगतमनुसर राधिके २१७
मुग्धे! विधेहि मयि निर्दयदन्तदंशं २११
मुहुरवलोकितमण्डनलीला १५२
मृगमदरसवलितं ललितं कुरु २५१
मृगमदसौरभरभसवशंवद. ४९
मेघैर्मेदुरमम्बरं वनभुवः १
म्लेच्छनिवहनिधने कलयसि करवालं ३०
यदनुगमनाय निशि गहनमपि शीलितम् १६०
यदि हरिस्मरणे सरसं मनो १५
यद्गान्धर्वकलासु कौशलमनु. २५५
यमुनातीरवानीर. ११४
यामि हे कमिह शरणं १६०
रचय कुचयोः पत्रं २५३
रजनिजनितगुरुजागरराग. १८८
रतिगृहजघने विपुलापघने १७५

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

रतिसुखसमयरसालसया ९३
रतिसुखसारे गतमभिसारे १३७
रमते यमुनापुलिनवने १७१
रमयति सुदृशं कामपि सुभृशं १७७
राधामुग्धमुखारविन्दमधुप. १४८
राधावदनविलोकनविकसित. २३१
राधिका विरहे तव केशव १२२
रासे हरिमिह विहितविलासं ७२
रासोल्लासभरेण विभ्रमभृताम् ६९
रिपुरिव सखीसंवासोऽयं १८४
ललितलवङ्गलतापरिशीलन. ४५
वदनकमलपरिशीलनमिलित. २३५
वदनसुधानिधिगलितममृतमिव २४१
वदसि यदि किञ्चिदपि दन्तरुचिकौमुदी २०३
वपुरनुहरति तव स्मरसङ्गर. १९०
वर्णितं जयदेवकेन १०६
वसति दशनशिखरे धरणी तव लग्ना २३
वसति विपिनविताने १३४
वसन्ते वासन्तीकुसुमसुकुमारैरवयवैः ४२
वहति च वलितविलोचनजलधर. ११७
वहति मलयसमीरे मदनमुपनिधाय १३२
वहसि वपुषि विशदे वसनं जलदाभं २८
वाग्देवताचरितचित्रितचित्तसद्मा ११
वाचः पल्लवयत्युमापतिधरः १७
विकसितसरसिजललितमुखेन १८०
विकिरति मुहुः श्वासानाशाः १४४
विगलितलज्जितजगदवलोकन. ५१
विगलितवसनं परिहृतरसनं १४२
विचलदलकललिताननचन्द्रा १६७
विततबहुवल्लिनवपल्लवघने २२८
वितरसि दिक्षु रणे दिक्पतिकमनीयं २८
विपुलपुलकपालिः स्फीतसीत्कारमन्तः १५४
विपुलपुलकपृथुवेपथुभङ्गा १६८
विपुलपुलकभरदन्तुरितं २३६
विपुलपुलकभुजपल्लववलयित. ७७
विरचितचाटुवचनरचनं २१६
विरहपाण्डुमुरारिमुखाम्बुजद्युतिः १६९
विलिखति रहसि कुरङ्गमदेन ११८
विशदकदम्बतले मिलितं ८०
विश्वेषामनुरञ्जनेन जनयन् ६६
विहरति वने राधा साधारणप्रणये हरौ ७१
विहरति हरिरिह सरसवसन्ते ४५
विहितपद्मावतीसुखसमाजे २२९
विहितविशदबिसकिसलयवलया १५२
वृष्टिव्याकुलगोकुलावनरसाद् १३०
वेदानुद्धरते जगन्निवहते भूगोलमुद्बिभ्रते ३१
व्यथयति वृथा मौनं २१२
व्याकोशः केशपाशस्तरलितमलकैः २४७
शशिकिरणच्छुरितोदरजलधर. २३५
शशिमुखि! तव भाति भङ्गुरभ्रू. २११
शशिमुखि मुखरय मणिरसनागुण. २४३
शृणु रमणीयतरं तरुणीजन. २१८
श्यामलमृदुलकलेवरमण्डल. २३३
श्रमजलकणभरसुभगशरीरा १६८
श्रितकमलाकुचमण्डल धृतकुण्डल हे ३३
श्रीजयदेवकवेरिदमद्भुत. ६५
श्रीजयदेवकवेरिदमुदितम् १५४
श्रीजयदेवकवेरिदमुदितमुदारं ३०
श्रीजयदेवकवेरिदं कुरुते मुदम् ३९
श्रीजयदेवभणितमतिललितम् २००
श्रीजयदेवभणितमतिसुन्दर. ८१
श्रीजयदेवभणितमधरीकृत. २२२
श्रीजयदेवभणितमिति गीतम् १२६
श्रीजयदेवभणितमिदमतिशय. ९५
श्रीजयदेवभणितमिदमधिकं १२०
श्रीजयदेवभणितमिदमनुपद. २४४
श्रीजयदेवभणितमिदमुदयति ५४
श्रीजयदेवभणितरतिवञ्चित. १९४
श्रीजयदेवभणितवचनेन १८३
श्रीजयदेवभणितविभव. २३६
श्रीजयदेवभणितहरिरमितम् १६९
श्रीजयदेववचसि जयदे २५२

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्रीजयदेवे कृतहरिसेवे	१४३	स्थलकमलगञ्जनं मम हृदयरञ्जनं	२०७
श्रीभोजदेवप्रभवस्य रामा.	२५७	स्थलजलरुहरुचिकरचरणेन	१८१
शिलष्यति कामपि चुम्बति कामपि	६४	स्निग्धे यत्परुषासि यत्प्रणमति	२०१
शिलष्यति चुम्बति जलधरकल्पम्	१५३	स्फुरतु कुचकुम्भयोरुपरि मणिमञ्जरी	२०७
श्वसितपवनमनुपमपरिणाहम्	१२३	स्फुरदतिमुक्तलतापरिरम्भण.	५३
सकलभुवनजनवरतरुणेन	१८२	स्फुरितमनङ्गतरङ्गवशादिव	२२०
सखि या रमिता वनमालिना	१७९	स्मरगरलखण्डनं मम शिरसि मण्डनं	२०८
सखि हे केशिमथनमुदारं	८३	स्मरशरसुभगनखेन करेण	२२१
सजलजलदसमुदयरुचिरेण	१८१	स्मरसमरोचितविरचितवेशा	१६६
सजलनलिनदलशीतलशयने	१९९	स्मरातुरां दैवतवैद्यहृद्य!	१२८
सञ्चरदधरसुधामधुर.	७२	हरिचरणशरणजयदेवकविभारती	१६३
सत्यमेवासि यदि सुदति मयि कोपिनी	२०५	हरिपरिरम्भणवलितविकारा	१६६
सभयचकितं विन्यस्यन्तीं	१४७	हरिमेकरसं चिरमभिलषितविलासं	२३२
समुदितमदने रमणीवदने	१७१	हरिरभिमानी रजनिरिदानी.	१४३
सरसघने जघने मम शम्बर.	२५२	हरिरभिसरति वहति मधुपवने	१९७
सरसमसृणमपि मलयजपङ्कम्	१२३	हरिरिति हरिरिति जपति सकामम्	१२५
साकूतस्मितमाकुलाकुलगलद्	९८	हरिरिह मुग्धवधूनिकरे	५८
साध्वी माध्वीकचिन्ता न भवति भवतः	२५६	हरिरुपयातु वदतु बहुमधुरम्	२००
सान्द्रानन्दपुरन्दरादिदिविषद्.	२०२	हरिहरि याहि माधव याहि केशव	१८८
सा मां द्रक्ष्यति वक्ष्यति स्मरकथां	२२२	हरि-हरि हतादरतया	१०१
सा रोमाञ्चति सीत्करोति विलपत्यु.	१२६	हस्तस्रस्तविलासवंशमनृजु.	९५
सा विरहे तव दीना	११४	हारममलतरतारमुरसि	२३२
सा ससाध्वसं सानन्दं	२३१	हारावलीतरलकाञ्चनकाञ्चिदाम.	२२५
सुचिरमनुनयेन प्रीणयित्वा मृगाक्षीं	२१६	हृदि बिसलताहारो नायं	
स्तनविनिहितमपि हारमुदारम्	१२२	भुजङ्गमनायकः	१०७

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi